60वीं

वार्षिक रिपोर्ट
2013–2014

1953-2013

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग

बहादुरशाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली–110 002 (भारत)
वेबसाइट : www.ugc.ac.in

वार्षिक रिपोर्ट
2013-2014

ज्ञान-विज्ञान विमुक्तये

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग
बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली–110002 (भारत)
(वेबसाइट : www.ugc.ac.in)

वर्ष 2013–2014 के दौरान आयोग के सदस्यों की सूची

अध्यक्ष

प्रो0 वेद प्रकाश

उपाध्यक्ष

प्रो0 एच0 देवराज#

सदस्यगण

1. श्री अशोक ठाकुर
2. श्रीमती अंजुली चिब दुग्गल
3. प्रो0 अच्युतानन्द सामन्त*
4. प्रो0 (डॉ0) सैयद ई0 हसनैन*
5. प्रो0 मीनाक्षी गोपीनाथ*
6. डॉ0 इन्दु साहनी
7. प्रो0 योगेन्द्र यादव**
8. डॉ0 वी0एस0 चौहान
9. प्रो0 डी0 नरसिम्हा रेड्डी
10. प्रो0 एम0एम0 अन्सारी
11. प्रो0 संजय गोविन्द ढ़ान्डे@
12. प्रो0 मोहम्मद मिंया@@
13. डॉ0 के0एन0 शांति@@
14. श्री पतंजलि(पातु) जी0 केशवानी@@

सचिव

डॉ0 अखिलेश गुप्ता$

प्रो0 (डॉ0) जसपाल सिंह संधु$$

---

25 जून, 2013 से

* 24 फरवरी, 2014 तक

** 18 सितम्बर, 2013 तक

@ 25 सितम्बर, 2013 से

@@ 26 फरवरी, 2014 से

$ 21 नवम्बर, 2013 तक

$$ 03 मार्च, 2014 से

मुद्रक एवं प्रकाशक	:	सचिव, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग बहादुरशाह जफ़र मार्ग, नई दिल्ली–110 002
डिजाईन एवं मुद्रित	:	मैसर्स जीवन ऑफसैट प्रेस 18/36, गली नं. 5, रेलवे लाईन साईड, आनन्द पर्वत इंडस्ट्रियल एरिया न्यू रोहतक रोड़, नई दिल्ली–110005 दूरभाष : 9873870464 | ई–मेल : jewanpress@gmail.com

विषयसूची

	पृष्ठ संख्या
प्राक्कथन	ix
कार्यकारी सारांश 2013–14	1
1. **परिचय**	20
1.1 पृष्ठभूमि	20
1.1(क) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की भूमिका एवं संगठन	20
1.2 बारहवीं पंचवर्षीय योजना के बारे में	23
1.3 विश्वविद्यालय अनुदान आयोग में चल रहे विशेष प्रकोष्ठ	25
(क) सूचना का अधिकार अधिनियम (आर0आई0ए0)प्रकोष्ठ	25
(ख) वेतनमान प्रकोष्ठ	26
(ग) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ	26
(घ) अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ	27
(ङ) सतर्कता प्रकोष्ठ	27
(च) विधिक प्रकोष्ठ	28
(छ) डेस्क : संसद्‌ीय मामले	28
(ज) कदाचार रोधी प्रकोष्ठ	29
(झ) ''कार्यस्थलों पर महिला यौन उत्पीड़न'' रोकने संबंधी प्रकोष्ठ	30
(ञ) रैगिंग–रोधी प्रकोष्ठ	30
1.4 प्रकाशन	32
1.5 विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का बजट और वित्त	33
1.6 केन्द्रीय तथा सम विश्वविद्यालयों के लिए संयुक्त संवर्ग समीक्षा समिति (जे.सी.आर.सी.)	37
1.7 हीरक जयन्ती: विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की स्थापना के 60 वर्ष	38
1.8 वर्ष के दौरान मुख्य निर्णय	43
2. **उच्चतर शिक्षा प्रणाली की वृद्धि : कुछ आँकड़े**	50
2.1 संस्थान	50
2.2 छात्रों का नामांकन	62
2.3 संकाय संख्या	70
2.4 शोध उपाधियाँ	74
2.5 उच्चतर शिक्षा में महिलाओं के नामांकन में वृद्धि	75
2.6 राज्य तथा संकाय के आधार पर महिलाओं के नामांकन का संवितरण	76
2.7 महिला महाविद्यालय	77

2.8	उच्चतर शिक्षा में वृद्धि के संबंध में संक्षिप्त आंकड़े	78
3.	**विश्वविद्यालयों को विकास (योजनागत) तथा अनुरक्षण (गैर–योजनागत) सहायता**	**79**
3.1	विश्वविद्यालयों को सहायता	79
3.1(क)	केन्द्रीय विश्वविद्यालय	79
3.1(ख)	राज्य विश्वविद्यालय	95
3.1(ग)	सम विश्वविद्यालय	104
4.	**महाविद्यालयों को विकास (योजनागत) और अनुरक्षण (गैर–योजनागत) सहायता**	**111**
4.1	बारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान महाविद्यालयों के विकास पर विशेष बल	111
4.2	वित्तीय सहायता के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त महाविद्यालय	111
4.3	विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा महाविद्यालयों को अनुदान	111
4.4	विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा जारी किए गए अनुदानों की योजनावार स्थिति	113
4.5	दिल्ली के महाविद्यालयों तथा बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के संघटक महाविद्यालयों को अनुदान	122
5.	**गुणवत्ता और उत्कृष्टता**	**124**
5.1	उत्कृष्टता की संभाव्यता वाले विश्वविद्यालय (यू.पी.ई.)	124
5.2	उत्कृष्टता की संभाव्यता वाले महाविद्यालय (सी.पी.ई.)	126
5.3	विशिष्ट क्षेत्र में उत्कृष्टता की संभाव्यता वाले केन्द्र (सी.पी.ई.पी0ए0)	126
5.4	नए केन्द्रों/संस्थानों की स्थापना	130
5.5	विशेष सहायता कार्यक्रम (एस.ए.पी.)	130
5.6	नवोन्मेषी कार्यक्रम– कुछ उभरते हुए एवं अंतर्विषयक क्षेत्रों में अध्यापन एवं शोध	132
5.7	स्वायत्त महाविद्यालय	132
5.8	अकादमिक स्टॉफ कॉलेज (ए.एस.सी.)	134
5.9	राजभाषा (हिन्दी) का संवर्धन	134
5.10	द्विपक्षीय सांस्कृतिक और शैक्षिक विनिमय कार्यक्रम	136
5.11	शोध तथा शिक्षण हेतु मानव संसाधन के विकास के लिए राष्ट्रीय शिक्षा परीक्षा	142
5.12	यात्रा अनुदान	149
5.13	अन्तर्विश्वमहाविद्यालय केन्द्र (आई.यू.सी.)	150
5.14	राष्ट्रीय सुविधा केन्द्र	166
5.15	वृत्ति उन्नति योजना (सीएएस)	168
6.	**शोध संवर्धन**	**169**
6.1	शिक्षकों हेतु शोध परियोजनाएँ: बृहद् तथा लघु	169
6.2	शोध अवार्ड	171
6.3	एमेरिटस अध्येतावृत्तियाँ	172

6.4	विभिन्न शैक्षिक और शोध संबंधी क्रियाकलापों के आयोजन हेतु शिक्षकों, विषय/विधा आधारित संघों को प्रोत्साहन	173
6.5	विदेशी नागरिकों के लिए कनिष्ठ शोध अध्येतावृत्तियाँ (जे.आर.एफ.) एवं अनुसंधान एसोसिएटशिप (आर.ए.)	173
6.6	भारतीय नागरिकों के लिए कनिष्ठ शोध अध्येतावृत्तियाँ	174
6.7	अनुसूचित जाति/जनजातियों के लिए राजीव गाँधी राष्ट्रीय अध्येतावृत्तियाँ	175
6.8	अनुसूचित जाति/जनजातियों के लिए पोस्ट–डाक्टोरल अध्येतावृत्तियाँ	178
6.9	पेशेवर पाठयक्रमों में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए स्नातकोत्तर छात्रवृत्तियाँ	180
6.10	शोध वैज्ञानिक (संशोधन–पूर्व)	183
6.11	महिला उम्मीदवारों के लिए पोस्ट–डॉक्टोरल अध्येतावृत्तियाँ	183
6.12	गेट अर्हता प्राप्त एम.ई/एम.टेक./एम.फार्मा छात्रों के लिए स्नातकोत्तर छात्रवृत्तियाँ	184
6.13	एकल बालिका हेतु इंदिरा गाँधी स्नातकोत्तर छात्रवृत्तियां	185
6.14	स्नातकपूर्व स्तर पर विश्वविद्यालय–रैंक धारकों के लिए स्नातकोत्तर मैरिट छात्रवृत्ति	188
6.15	अल्पसंख्यक छात्रों हेतु मौलाना आजाद राष्ट्रीय छात्रवृत्ति	191
6.16	विश्वविद्यालयों में मूलभूत वैज्ञानिक शोध	194
6.17	नेटवर्किंग शोध केन्द्रः समर–विंटर स्कूल	195
6.18	डा0 डी0एस0कोठारी पोस्ट डाक्टोरल शोध अध्येतावृत्ति	196
6.19	मेधावी छात्रों के लिए विज्ञान विषयों में शोध अध्येतावृत्तियाँ	197
6.20	ऑपरेशन फ़ैकल्टी रीचार्ज	198
6.21	वि.अ.आ.–बीएसआर संकाय अध्येतावृत्ति योजना	198
6.22	बीएसआर कार्यक्रम के तहत शिक्षकों को एकमुश्त अनुदान	199
6.23	नए भर्ती हुए संकायों के लिए ''स्टार्ट–अप अनुदान''	200
7.	**लिंग तथा सामाजिक समानता**	201
7.1	भारतीय विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में महिला अध्ययन का विकास	201
7.2	सामाजिक बर्हिवेशन और समावेशन की नीति का अध्ययन करने के लिए विश्वविद्यालयों में केन्द्रों की स्थापना	201
7.3	अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों हेतु विशेष प्रकोष्ठों की स्थापना	203
7.4	विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में समान अवसर प्रकोष्ठ की स्थापना	205
7.5	अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अपिव (असम्पन्न वर्ग) तथा अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों हेतु अनुशिक्षण	206
7.5(क)	उपचारी अनुशिक्षण	206
7.5(ख)	नेट/सेट परीक्षा अनुशिक्षण	206
7.5(ग)	सेवाओं में प्रवेश हेतु अनुशिक्षण कक्षाएं	206

7.6 निशक्त व्यक्तियों हेतु सुविधाएं 207

7.6(क) विशेष शिक्षा हेतु अध्यापकों को प्रशिक्षण प्रदान करना (टीईपीएसई) 207

7.6(ख) निशक्त व्यक्तियों हेतु उच्चतर शिक्षा (एचईपीएसएन) 208

7.6(ग) दृष्टिबाधित शिक्षकों के लिए वित्तीय सहायता 209

8. प्रासंगिक तथा मूल्य आधारित शिक्षा 210

8.1 विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में वृत्ति उन्मुखी पाठ्यक्रमों को आरंभ किया जाना 210

8.2 विश्वविद्यालयों में क्षेत्र अध्ययन केन्द्र 211

8.3 युग प्रवर्तक भारतीय समाज चिंतकों पर विशेष अध्ययन 214

8.4 मानवाधिकार शिक्षा (एच.आर.ई.) 215

9. संचार एवं सूचना प्रौद्योकियों का समेकन 217

9.1 ई–गवर्नेंस 217

9.2 स्नातकोत्तर विषयों हेतु ई–विषयवस्तु पाठय सामग्री तैयार करना 217

10. नई पहल 218

10.1 सामुदायिक महाविद्यालय 218

10.2 दूरस्थ शिक्षा 220

10.3 बी0वोक0 उपाधि कार्यक्रम 222

परिशिष्टों की सूची

I. **दिनांक 31.03.2013 की स्थिति के अनुसार** केन्द्रीय, राज्य, राज्य निजी विश्वविद्यालय तथा राज्य विधान अधिनियम के अन्तर्गत स्थापित संस्थान एवं समविश्वविद्यालय संस्थानों की राज्यवार सूची। 223

II. दिनांक **31.03.2014 की स्थिति के अनुसार** ऐसे राज्य विश्वविद्यालयों की सूची जो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 12(ख) के अन्तर्गत केन्द्रीय सहायता प्राप्त करने के पात्र हैं। 252

III. वर्ष **2013–2014** के दौरान विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से अनुरक्षण अनुदान प्राप्त करने वाले दिल्ली के महाविद्यालयों एवं बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के महाविद्यालयों की सूची। 260

IV. दिनांक **31.03.2014** की स्थिति के अनुसार स्वायत्तशायी महाविद्यालयों की राज्यवार सूची। 263

V. वर्ष **2013–2014** के दौरान अकादमिक स्टॉफ कॉलेजों की राज्यवार सूची। 267

VI. वर्ष **2013–2014** के दौरान देश में वि0अ0आ0–नेट परीक्षा हेतु केन्द्रों की सूची 270

VII. वर्ष **2013–2014** के दौरान वि0अ0आ0–नेट विषयों की सूची 272

VIII. वर्ष **2013–2014** के दौरान विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों को प्रदत्त गैर–योजनागत (मुख्य शीर्ष–वार) अनुदान को दर्शाने वाला विवरण 276

IX. वर्ष **2013–2014** के दौरान विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों को प्रदत्त सामान्य योजनागत (मुख्य शीर्ष–वार) अनुदान को दर्शाने वाला विवरण 290

प्राक्कथन

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (वि.अ.आ.) की वर्ष 1953 में स्थापना के साथ ही की वार्षिक रिपोर्ट का प्रकाशन अनवरत रूप से किया जा रहा है।

वर्ष 2013–2014 की वार्षिक रिपोर्ट न केवल देश में उच्च शिक्षा स्तर को बनाए रखने तथा समन्वय स्थापित करने के लिए शीर्ष संस्था के रूप में वि0अ0आ0 द्वारा की गई महत्त्वपूर्ण पहल को दर्शाती है बल्कि यह रिपोर्ट विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के सामान्य विकास का संवर्धन करने, में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा की गई को पहल पर भी प्रकाश डालती है जिससे शिक्षा तक पहुंच, समता, संगतता और उत्कृष्टता में वृद्धि हुई।

बारहवीं पंचवर्षीय योजना के द्वितीय वर्ष में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने उच्चतर शिक्षा में उत्कृष्टता और समता आधारित विस्तार सुनिश्चित करने के लिए अनेक नई पहल की हैं। मुझे आशा है कि इस वार्षिक रिपोर्ट में दिए गए समस्त आंकड़े/जानकारियां शिक्षकों, छात्रों शोधकर्ताओं, प्रशासकों तथा उच्चतर शिक्षा के क्षेत्र में अन्य हितधारकों के लिए उपयोगी सिद्ध होंगी।

मैं इस अवसर पर आयोग के सभी सदस्यों का वि0अ0आ0 के एजेंडों को आगे ले जाने में उनके उदार सहयोग हेतु अत्यंत आभारी हूँ और कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ ।

मैं इस अवसर पर रिपोर्ट को इसके वर्तमान स्वरुप में तैयार करने के लिए मेरे सहयोगियों द्वारा दिए गए बहुमूल्य योगदान के लिए उनका आभार व्यक्त करता हूँ। मैं प्रो0 एच0 देवराज, उपाघ्यक्ष; डॉ0 (श्रीमती) पंकज मित्तल, संयुक्त सचिव; श्री सुभाष चंद्र, पूर्व समन्वयक; डॉ0 दीक्षा राजपूत, प्रकाशन अधिकारी तथा श्री पीयूष कुमार, परियोजना अधिकारी, इन्फलीबनेट को रिपोर्ट के प्रकाशन का पर्यवेक्षण करने हेतु विशेष रूप से धन्यवाद देता हूं।

वार्षिक रिपोर्ट की विषयवस्तु में सुधार करने के लिए सुझावों का स्वागत है।

नई दिल्ली

प्रो0 वेद प्रकाश
अध्यक्ष

कार्यकारी सारांश 2013–2014

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की वार्षिक रिपोर्ट 2013–14 का कार्यकारी सारांश न केवल विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अनिवार्य उद्देश्यों बल्कि उसकी विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों तथा इन पर हुए व्यय के साथ–साथ आँकड़ों के संदर्भ में हुए विकास और इनके तहत् प्राप्त वास्तविक लक्ष्य को दर्शाते हुए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के क्रियाकलापों को भी समाहित करता है।

1. प्राक्कथन

- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विभिन्न ब्यूरो तथा प्रकोष्ठों के माध्यम से कार्य करता है। रिर्पोटाधीन वर्ष के दौरान विभिन्न क्रियाकलापों की रिपोर्ट निम्नवत उद्धत है।
- जाली विश्वविद्यालयों तथा डिग्रियों की बढ़ती संख्या के खतरे से निपटने के लिए उत्तरदायी कदाचार प्रकोष्ठ ने कुल 21 जाली संस्थानों की पहचान करके उनके विरूद्ध कार्यवाही की है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की ठोस कार्यवाही के आधार पर कतिपय संस्थानों के नामों के जुड़ने/घटने से संस्थानों की संख्या में अंतर होता रहता है। वि0अ0आ0 ने समाचार पत्रों में जनसाधारण/छात्रों की जागरूकता हेतु अकादमिक सत्र के आरंभ में छात्रों को जाली संस्थानों में प्रवेश प्राप्त न करने हेतु आगाह करते हुए एक नोटिस/प्रेस विज्ञप्ति जारी की।
- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के सतर्कता प्रकोष्ठ को रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान 246 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से केन्द्रीय सतर्कता आयोग (25) मानव संसाधन विकास मंत्रालय (33) केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (10) और 178 विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों से प्राप्त हुई और संवेदनशील स्वरुप के कुछ मामलों में जाँच समिति के समक्ष रखा गया है और समिति की सिफारिशों के अनुसार कार्यवाही आरंभ कर दी गई।
- रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के महिला उत्पीडन प्रकोष्ठ को किसी महिला अधिकारी से कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।
- वर्ष 2013–2014 के दौरान विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को भारत के विभिन्न न्यायालयों में दर्ज 1126 मामलों में प्रतिवादी बनाया गया और अधिवक्ताओं के बिल पर पिछले वर्ष के 224.0 लाख रुपये की तुलना में 269.38 लाख रुपये का व्यय हुआ।
- संसद् डेस्क को वर्ष 2013–2014 के दौरान पिछले वर्ष के 553 संसदीय प्रश्नों की तुलना में 505 प्रश्न प्राप्त हुए। 44 तारांकित प्रश्नों में से 9 प्रश्नों पर आश्वासन दिया गया तथा शेष का निपटान कर दिया गया।
- वर्ष 2013–2014 के दौरान विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के आर0आई0ए0 प्रकोष्ठ को सूचना अधिकार अधिनियम के अंतर्गत कुल मिलाकर 14919 आवेदन तथा 776 अपीलें प्राप्त हुई तथा वर्ष 2013–2014 के दौरान आरटीआई शुल्क संग्रहण 1,35,0616/– रु0 रहा तथा अतिरिक्त शुल्क 28,496/– रु0 रहा।
- वेतनमान प्रकोष्ठ जिसे विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के शिक्षकों के वेतनमान एवं सेवा शर्तों से संबंधित मामलों का समाधान करने और अध्यापकों के लिए गठित वेतन समीक्षा समिति के कामों का समन्वय करने के लिए गठित किया गया है– इस प्रकोष्ठ द्वारा मा.सं.वि.मं./विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के शिक्षकों और अन्य अकादमिक कर्मचारिवृंदों की न्यूनतम अर्हता के संबध में विनियमों को परिचालित किया और उपाचार्य से प्राचार्य के पद पर चयन की प्रक्रिया की निगरानी करने के लिए प्रेक्षकों की भी नियुक्ति की।

- विश्वविद्यालयों में प्रवेश पाने तथा नियुक्तियों के प्रति, आरक्षण नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ द्वारा निगरानी की जा रही है।
- वर्ष 2008 में स्थापित अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ द्वारा अल्पसंख्यकों से जुड़े मामलों पर कार्यवाही की जाती है। जैसे कि सम–विश्वविद्यालय दर्जा प्रदान करना और अल्पसंख्यक संस्थानों को सम्बद्धता प्रदान करना आदि। अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की देख–रेखे समूह 'क' एवं समूह 'ख' अधिकरी करते हैं।
- वर्ष 2008 में स्थापित रैगिंग–रोधी प्रकोष्ठ का इस बारे में दायित्व है कि उच्चतर शिक्षा संस्थानों में विद्यमान रैगिंग की समस्या पर नियंत्रण रखा जाये। रैगिंग के बारे में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के जो भी निर्देश है, उनका अनुपालन करने के लिये समस्त उच्चतर शिक्षण संस्थानों को कहा गया है। एक राष्ट्रव्यापी 24X7 निःशुल्क रैगिंग रोधी हेल्पलाइन 1800–180–5522 आरंभ की गई है। इस हैल्पलाइन को कॉल सेंटर सुविधाओं सहित 12 भाषाओं कार्यवाही करने के लिए लागू किया गया है। एक रैगिंग–रोधी वेबसाइट का भी विकास किया जा रहा है। रिपोर्टाधीन वर्ष (2013–14)के दौरान 132 शिकायतें विभिन्न महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों और सम्बद्ध संस्थानों से प्राप्त हुईं। शिकायतों पर की गयी कार्यवाही की रिपोर्ट विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को भेजने को कहा गया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के स्तर पर 125 शिकायतों को समाप्त कर दिया गया है तथा 7 मामलों में की गयी कार्यवाही रिपोर्ट की प्रतीक्षा है।
- रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के प्रकाशन ब्यूरो ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की वार्षिक रिपोर्ट सहित 15 प्रकाशनों के प्रकाशन/मुद्रण पर 28.68 लाख रुपये व्यय किए।

वित्त ब्यूरो

- वित्त वर्ष 2013–2014 के लिए बजट और अनुदान–सहायता की प्राप्ति निम्नवत है:

वर्ष 2013–2014 के लिए बजट

(रु0 करोड़ में)

क्र.सं.	बजट शीर्ष	योजनागत आवंटन		गैर–योजनागत आवंटन	
		ब0अनु0	सं0अनु0	ब0अनु0	सं0अनु0
1.	सामान्य	5717.00	5222.86	5066.74	5132.46
	कुल	5717.00	5222.86	5066.74	5132.46

वर्ष 2013–2014 के दौरान प्राप्त योजनागत और गैर–योजनागत (सामान्य) अनुदान

(करोड़ रु0 में)

क्र.सं.	मंत्रालय द्वारा प्राप्त अनुदान	योजनागत	गैर–योजनागत
1.	मानव संसाधन विकास मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली (सामान्य)	5013.91	5124.39
2.	सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, नई दिल्ली	24.50	0.00
3.	जनजातीय कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली	0.00	0.00
4.	अल्पसंख्यक मामले मंत्रालय, नई दिल्ली	50.00	0.00
	कुल	**5088.41**	**5124.39**

- वर्ष 2013–2014 के दौरान जारी योजनागत अनुदान (5348.26 करोड़ रुपये) में से 47.93 प्रतिशत केंद्रीय विश्वविद्यालयों, 3.17 प्रतिशत सम विश्वविद्यालयों, 17.06 प्रतिशत राज्य विश्वविद्यालयों और 1.68 प्रतिशत राज्यों के विश्वविद्यालयों के महाविद्यालयों को दिया गया।
- वर्ष 2013–2014 के दौरान जारी कुल गैर–योजनागत अनुदान (5179.05 करोड़ रुपये) में से 64.41 प्रतिशत केंद्रीय विश्वविद्यालयों, 23.55 प्रतिशत दिल्ली के महाविद्यालयों और बनारस हिन्दू विश्वविद्यालयों के महाविद्यालयों को और 4.61 प्रतिशत समविश्वविद्यालयों को जारी किया गया।
- संयुक्त संवर्ग समीक्षा समिति (जे.सी.आर.सी.) जो कि उन शिक्षणेत्तर स्टाफ़ पदों (केवल केंद्रीय और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अनुरक्षित समविश्वविद्यालयों के लिये) एक समान संवर्ग संरचना का निर्माण करने और वेतनमानों, कर्त्तव्यों, अर्हताओं का यौक्तिकरण करने के लिये किया जो कि 24 संवर्ग के बारे में था और उसकी रिपोर्ट वर्ष 2011–12 के दौरान आयोग को प्रस्तुत कर दी गई थी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने समीक्षा समिति की इस रिपोर्ट को सहमति के लिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय को भेज दिया हैं। केन्द्र द्वारा प्रायोजित संस्थानों में एसीपी के कार्यान्वयन के संबंध में दिशानिर्देश भी परिचालित किए जा चुके हैं।
- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (वि0अ0आ0) ने विश्वविद्यालयों में मानकों के समन्वय तथा निर्धारण के अधिदेश के साथ ही अपने अस्तित्व में आने के 60वर्ष पूर्ण कर लिये हैं। 28 दिसम्बर, 1953 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की स्थापना की गई, इसने देश में उच्चतर शिक्षा में गुणात्मक सुधार के 60 महत्वपूर्ण पड़ाव पूर्ण कर लिए हैं।

1. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग : वर्ष के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

उच्चतर शिक्षा मे समन्वय करने तथा मानकों को बनाये रखने के अपने मूल कृत्यों के निवर्हन तथा बारहवीं पंचवर्षीय योजना के उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने बारहवीं पंचवर्षीय योजना के द्वितीय वर्ष (2013–14) के दौरान अनेक उपाय किये हैं।

- हैदराबाद विश्वविद्यालय तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के बीच विश्वविद्यालय अनुदान आयोग संकाय शोध संवर्धन कार्यक्रम (एफआरपीपी) के कार्यान्वयन हेतु एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये।
- आयोग ने यह संकल्प लिया कि 'नवोन्मेषी विश्वविद्यालयों की योजना' पर पुनर्विचार किया जाये तथा यदि संभव हो तो इसका 'उत्कृष्टता की संभाव्यता वाले विश्वविद्यालय (यूपीई) की योजना' के साथ विलय किया जाये।
- राज्य विश्वविद्यालय, सहायता प्राप्त महाविद्यालय, केन्द्रीय विश्वविद्यालय तथा केन्द्र द्वारा वित्तपोषित सम विश्वविद्यालय के संबंध में बारहवीं पंचवर्षीय योजना आवंटन को अनुमोदित किया गया। सभी पात्र विश्वविद्यालयों के संबंध में आवंटनों को अनुमोदित करते हुए आयोग ने पाया कि एक बार आरयूएसए पर अंतिम निर्णय लिये जाने के पश्चात् इन आवंटनों पर पर्याप्त रूप से पुनर्विचार किया जाये।
- विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालय के शिक्षकों हेतु अध्ययनार्थ अवकाश तथा वेतन और भत्तों की ग्राह्यता का निर्धारण करने के संबंध में दिशानिर्देशों को अनुमोदित किया गया।
- आयोग ने शिक्षा वर्ष 2013–14 के लिये क्रेडिट प्वाइंट के साथ एनसीसी को चयनित विषय के रूप में लागू करने के लिये महाविद्यालयों हेतु वित्तीय सहायता में वृद्धि किये जाने को अनुमोदित किया।
- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की हीरक जयंती स्मरणोत्सव मनाया गया।
- दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम की स्थिति के संबंध में आयोग ने विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के संबंध में लिये गये निर्णय का अनुसमर्थन किया।

- आयोग ने नियमित/दूरस्थ/निजी/ऑनलाइन/अंशकालीन आधार पर दो अथवा अधिक उपाधियों को एक साथ जारी रखने हेतु छात्रों की अनुमति प्रदान करने के मुद्दे पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट का अनुमोदन किया।
- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (औपचारिक शिक्षा के माध्यम से निष्णात उपाधि प्रदान करने संबंधी अनुदेशों के न्यूनतम मानदण्ड (प्रथम संशोधन)) विनियम, 2013 को अनुमोदित किया।
- स्व–वित्तपोषित महाविद्यालयों को अनुदानों के मुद्दे पर यह निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा किसी भी स्व–वित्तपोषित संस्थान को अनुदान प्रदान नहीं किया जाना चाहिए, चाहे ऐसे संस्थान विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम की धारा 12(ख) के तहत सम्मिलित हों, तथा संस्थानों में शिक्षक एवं छात्र केन्द्रित योजनाओं को सहायता प्रदान करने के अपने पूर्व के निर्णय को दोहराया।
- ''सभी उच्चतर संस्थानों का अनिवार्य मूल्यांकन तथा प्रत्यायन विनियम, 2012'' के संबंध में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विनियम में संशोधन को अनुमोदित किया गया। तथापि, संशोधन को निम्नानुसार पढा जाना चाहिए कि ''मूल्यांकन तथा प्रत्यायन एजेन्सी'' का अभिप्राय प्रत्यायन प्रदान करने हेतु राष्ट्रीय मूल्यांकन तथा प्रत्यायन परिषद्, नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रीडीयेशन अथवा राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड अथवा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त कोई अन्य एजेन्सी अथवा संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित कोई अन्य एजेंन्सी है।
- विज्ञान तथा मानविकी विषय में वृहद तथा लघु शोध परियोजनाओं के संबंध में बारहवीं पंचवर्षीय योजना को अनुमोदित कर दिया गया। तथापि, दिशानिर्देशों को अनुमोदित करते हुए आयोग ने यह निर्णय लिया कि लघु शोध परियोजनाओं को केवल महाविद्यालय तक सीमित रखा जाए।
- आयोग द्वारा उत्कृष्टता की संभाव्यता (यूपीई)/उत्कृष्टता वाले विश्वविद्यालय (यूई) के संबंध में बारहवीं पंचवर्षीय संशोधित दिशानिर्देशों को अनुमोदित कर दिया गया।
- आयोग ने अध्यापकों की शिक्षा हेतु अंतर्विश्वविद्यालय केन्द्र की स्थापना को सिद्धांत रूप में अनुमोदित कर दिया तथा इस मामले को मंत्रालय को संदर्भित करने का निर्णय लिया।
- उच्चतर शिक्षा संस्थानों में विश्वविद्यालयों के सांविधिक प्रत्यायन के संबंध में वि0अ0आ0 विनियम, 2012 के संदर्भ में यह पाया गया कि अनेक ऐसे विश्वविद्यालय/संस्थानों ने अनिवार्य प्रत्यायन की प्रक्रिया को आरंभ नहीं किया है। आयोग ने इस मामले पर विचार किया तथा यह ऐसे विश्वविद्यालय/संस्थानों के बने रहने तथा उनके दैनदिन कार्यकरण के हित में यह निर्णय लिया कि उन्हें निधियां आबंटित करना जारी रखा जाये। तथापि, ऐसे सभी संस्थानों को 01जून, 2014 तक प्रत्यायन ऐजन्सी के समक्ष आवेदन करना होगा साथ ही यह भी जानकारी दी की ऐसा न करने पर 1 अप्रैल, 2015 के पश्चात वि0अ0आ0 द्वारा वित्तीय सहायता को बंद कर दिया जायेगा। यह भी निर्णय लिया गया कि जबकि इस निर्णय के संबंध में विश्वविद्यालय/संस्थान को जानकारी प्रदान की जाये, वि0अ0आ0 उपर्युक्त निर्णय को शामिल करने हुए उपरोक्त उल्लिखित विनियम, 2012 में उचित संशोधन किया जाये।
- बारहवीं पंचवर्षीय के दौरान खेल–कूद के संवर्धन हेतु दिशानिर्देशों तथा माड्यूलों पर विचार करना तथा विश्वविद्यालय और महाविद्यालय में उच्च क्षमता वाली खेल–कूद सुविधाओं के समेकन को अनुमोदित किया।
- बारहवीं पंचवर्षीय योजना (2012–2017) हेतु उत्कृष्टता की संभावना वाले महाविद्यालय (सीपीई) उत्कृष्टता वाले महाविद्यालयों (सीई) के संबंध में दिशानिर्देशों में संशोधन पर विचार करना तथा उन्हें अनुमोदन प्रदान किया गया।
- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयो हेतु सामुदायिक महाविद्यालयों संबंधी दिशानिर्देशों को अनुमोदित किया (2012–17)।

- आयोग ने बारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान निधियों की उपलब्धता के अध्यधीन विश्वविद्यालयों में संसाधन जुटाने हेतु प्रोत्साहन की योजना को अनुमोदित कर दिया। तथापि, आयोग ने यह सुझाव दिया कि योजना के प्रचालनात्मक भाग पर चर्चा करने के लिए एफए, वि0अ0आ0 तथा मा0सं0वि0म0 के वित्त प्रभाग के प्रतिनिधियों को बैठक करनी चाहिये।
- आयोग ने उर्दू/अरबी/फारसी भाषा को सम्मिलित किये जाने और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 22 के तहत उपाधियों को विनिर्दिष्टता हेतु भेजने को अनुमोदित किया।
- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (मानकों का निर्धारण तथा निजी विश्वविद्यालयों में उनका रखरखाव) विनियम, 2014 को आशोधनों के साथ अनुमोदित किया।
- आयोग ने वि0अ0आ0 (विश्वविद्यालयों द्वारा तकनीकी शिक्षा की पेशकश करने वाले महाविद्यालयों को संबंद्धता प्रदान करना) विनियम, 2014 पर विस्तार से चर्चा की तथा विनियम को अनुमोदित किया तथा विनियम को अनुमोदन हेतु मानव संसाधन विकास मंत्रालय विभाग को भेजने की निर्णय लिया।
- अ.पि.व. (अन्य पिछड़ा वर्ग) के अभ्यर्थियों को शैक्षणिक पदों पर सीधी भर्ती हेतु अर्हक अंकों में 5 प्रतिशत (55 प्रतिशत से 50 प्रतिशत) की छूट साथ ही अ.पि.व. के अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली नेट परीक्षा में इसी प्रकार की छूट प्रदान किये जाने को अनुमोदन प्रदान किया गया।
- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने 'नेशनल स्किल क्वालीफीकेशन फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) के तहत विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालय में व्यवसाय स्नातक (बी.वोक.) कार्यक्रम को आरंभ करने संबंधी दिशानिर्देशों को अनुमोदित कर दिया।
- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (मूल्यांकन तथा प्रत्यायन एजेन्सियों को मान्यता तथा निगरानी) विनियम, 2014 को अनुमोदन प्रदान किया गया। तथापि, यह भी निर्णय लिया गया कि विनियमों को कार्यान्वित करने हेतु एक कार्ययोजना तैयार की जाये जिसे सूचनार्थ आयोग के समक्ष रखा जाये।
- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने बारहवीं पंचवर्षीय योजना (2012–17) के लिये उत्कृष्टता की संभाव्यता वाले विश्वविद्यालय (यूपीई)/उत्कृष्टता वाले विश्वविद्यालय (यूई) हेतु दिशानिर्देशों में संशोधन को अनुमोदन प्रदान किया।
- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने बारहवीं पंचवर्षीय योजना अवधि (2012–17) के दौरान विश्वविद्यालयों में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अध्यक्षपीठों हेतु संशोधित दिशानिर्देशों को निम्नवत आशोधनों के साथ अनुमोदित कर दियाः
  - (i) विचार किये जाने हेतु आयु को बढ़ाकर 55 से 70 वर्ष किया जाये।
  - (ii) पंडित मदन मोहन मालवीय तथा सर सैयद अहमद खान के नाम पर भी अध्यक्षपीठों का गठन किया जाये।
- आयोग ने विशिष्ट क्षेत्र में उत्कृष्टता की संभावना वाले केन्द्र (सीपीईपीए) के दर्जे को मार्च, 2017 तक बढ़ाने तथा 7 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान करने के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया।
- सभी विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों में गेट अर्हता प्राप्त अभ्यर्थियों हेतु एमई/एम.टैक हेतु स्नातकोत्तर छात्रवृत्ति को पुनः कार्यान्वित करने को अनुमोदित किया गया।
- तकनीकी महाविद्यालयों द्वारा संबद्धता/दाखिले की क्षमता में वृद्धि हेतु नये प्रस्तावों के अनुमोदन पर एक वर्ष के अधिस्थगन काल के संबंध में आयोग ने निम्नवत पर एक वर्ष के अधिस्थगन काल के संबंध में संकल्प लिया किः
  - (क) विश्वविद्यालयों द्वारा तकनीकी शिक्षा प्रदान करने वाले नये महाविद्यालय को संबद्ध किया जायेगा; और
  - (ख) तकनीकी महाविद्यालयों में छात्रों के दाखिले में वृद्धि को अनुमोदन प्रदान किया जायेगा।

- आयोग ने 2(च) और 12(ख) के तहत सम्मिलित नहीं किये गये संस्थानों से चयनित शिक्षकों को एकमुश्त आधार पर रमन स्नातकोत्तर अध्येतावृत्ति प्रदान करने को अनुमोदित किया।
- आयोग ने बारहवीं पंचवर्षीय योजना हेतु "उत्कृष्टता की संभाव्यता वाले महाविद्यालय" (सीपीई)/ "उत्कृष्टता वाले संस्थान" (आईई) संबंधी दिशानिर्देशों में संशोधनों को कतिपय आशोधनों के साथ अनुमोदित कर दिया।
- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (सम विश्वविद्यालय संस्थान) विनियम, 2010 को आशोधनों के साथ अनुमोदित कर दिया गया।
- आयोग ने आशोधनों को शामिल करने के पश्चात् विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (मुक्त और दूरस्थ शिक्षा) विनियम, 2014 को अनुमोदन हेतु मा0स0वि0म0 भेजने का निर्णय लिया।
- वि0अ0आ0 ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में शिक्षकों और अन्य शैक्षिक कर्मचारिवृंदों की नियुक्ति हेतु न्यूनतम अर्हता तथा उच्चतर शिक्षा में मानकों के अनुरक्षण हेतु अन्य उपाय) विनियम, 2010 तथा इसके द्वितीय संशोधन में आशोधन करके रोल–आऊट योजना, एपपीआई संचयी अंकों में प्रतिशत की अधिकतम सीमा तथा महाविद्यालयों के प्राचार्यों के कार्यकाल में आशोधन को अनुमोदित किया।
- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने अनेक नीतिगत उपाय करने के लिए निम्नवत विशेषज्ञ समितियों का गठन किया।
    1. निष्णात उपाधि विनियम में आंशिक आशोधन।
    2. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 22 के तहत उपाधियों को विनिर्दिष्टता।
    3. स्वदेशी भाषाओं का संवर्धन।
    4. नियमित/दूरस्थ पद्धति से एक साथ दो उपाधि/पाठ्यक्रमों का अध्ययन करना।
    5. विश्वविद्यालयों को संबद्धता प्रदान करने के संबंध में एआईसीटीई पर उच्चतम न्यायालय के निर्णय पर विनियम तैयार करना।
    6. एनएचईक्यूएफ (सीएबीई समिति) हेतु विनियम तैयार करना।
    7. विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में मानदण्ड आधारित वित्तपोषण करना।

2. उच्चतर शिक्षा प्रणाली का विकास : कुछ आँकड़े

- आयोग को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम की धारा 12(ज) के भारतवर्ष एवं अन्य देशों के विश्वविद्यालयों की शिक्षा से सम्बधित मामलों इस प्रकार की सूचना एकत्र करने का अधिकार है जैसा वह उचित समझता हैं।
- स्वतंत्रता के समय उच्चतर शिक्षा के क्षेत्र में 2.1 लाख छात्रों के साथ भारत में केवल 20 विश्वविद्यालय और 500 महाविद्यालय थे। स्वतंत्रता प्राप्ति के समय जो संख्या विद्यमान थी उसकी तुलना में अब विश्वविद्यालयों से संबंधित संख्या 37 गुना हो चुकी है। महाविद्यालयों से संबंधित यह संख्या 79 गुना हो चुकी है और स्वतंत्रता प्राप्ति के समय की तुलना में उच्चतर शिक्षा की औपचारिक प्रणाली के अंतर्गत छात्रों का नामांकन 113 गुना हो चुका है।
- 31.03.2014 की स्थिति के अनुसार विश्वविद्यालयों की संख्या 666 तक जा पहुँची है (जिनमें 45 केंद्रीय, 313 राज्य, 175 राज्य निजी, 129 समविश्वविद्यालय है, 4 संस्थान राज्य विधान के तहत स्थापित हैं) एवं उच्चतर शिक्षा क्षेत्र के अंतर्गत 39671 महाविद्यालय हैं। जहाँ तक विश्वविद्यालयों की संख्या का प्रश्न है तमिलनाडु इस सूची में सबसे ऊपर है जहाँ 61 विश्वविद्यालय है, इसके बाद उत्तरप्रदेश (59) विश्वविद्यालय है, तमिलनाडु (51) हैं। इस सूची से यह पता चलता है कि राज्यों में विश्वविद्यालयों की स्थापना अनियमित ढंग से हुई हैं।

- रिपोर्टाधीन वर्ष 2013–2014 के दौरान विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की विश्वविद्यालयों की सूची में 13 राज्य तथा 24 राज्य निजी विश्वविद्यालयों को सम्मिलित किया गया हैं और 4 विश्वविद्यालयों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम की धारा 12(ख) के तहत केन्द्रीय सहायता प्राप्त करने के लिए पात्र घोषित किया गया है।
- वर्ष 2013–2014 के दौरान विभिन्न राज्यों में कुल मिलाकर 2467 नए महाविद्यालय स्थापित किए गए जिन्हें मिलाकर महाविद्यालयों की संख्या वर्ष 2012–13 के 37204 से बढ़कर वर्ष 2013–2014 के दौरान 39671 हो गयी।
- वित्त वर्ष 2013–2014 के अंत तक विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 2(च) के अंतर्गत मान्यता प्राप्त महाविद्यालयों की कुल संख्या 9360 थी। इनमें अब तक धारा 2(च) के तहत मान्यता प्राप्त महाविद्यालयों की सर्वाधिक संख्या उत्तर प्रदेश में हैं (1766), जिसके बाद महाराष्ट्र (1221), कर्नाटक (791) और आंध्रप्रदेश (632) आदि है।
- शिक्षा सत्र 2012–2013 के दौरान समस्त पाठ्यक्रमों और नियमित विषय के स्तरों पर कुल नामांकन 237.65 लाख था जिसमें 105.52 लाख छात्राएँ थीं, जो कि समस्त नामांकन का 44.40 प्रतिशत था। उत्तर प्रदेश में महिला छात्रों का सर्वाधिक नामांकन (37.72 लाख) रहा जिसके बाद महाराष्ट्र (26.87 लाख), आन्ध्र प्रदेश (22.01 लाख) तथा तमिलनाडु (21.85 लाख) आदि रहा।
- विभिन्न स्तरों पर छात्रों के नामांकन का प्रतिशतताओं निम्नवत रहा है:

स्तर	स्नातकपूर्व	स्नातकोत्तर	डिप्लोमा/प्रमाणपत्र	शोध
कुल नामांकन का प्रतिशत	85.12	12.35	1.68	0.85

- सभी स्नातकपूर्व छात्रों का लगभग 89.49 प्रतिशत तथा समस्त स्नातकोत्तर छात्रों का 73.61 प्रतिशत छात्र संबद्ध महाविद्यालयों में थे, शेष विश्वविद्यालयों के विभागों और उनके संघटक महाविद्यालयों में थे।
- छात्रों के कुल नामांकन (237.65 लाख) में से 36.57 प्रतिशत छात्र कला संकाय में थे, उसके बाद 17.60 प्रतिशत वाणिज्य में तथा 17.23 प्रतिशत विज्ञान में थे। इस प्रकार केवल तीन संकायों में 71 प्रतिशत नामांकन था जबकि शेष 29.00 प्रतिशत नामांकन पेशेवर संकायों में रहा। इस प्रकार का अनियमित संवितरण इंगित करता है कि एक नीतिगत परिवर्तन की आवश्यकता है।
- विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में शिक्षण संकायों की संख्या पिछले वर्ष की 9.51 लाख की तुलना में से बढ़कर 10.49 लाख हो गई। 10.49 लाख अध्यापकों में से 82.70 प्रतिशत शिक्षक महाविद्यालयों में थे और शेष 17.30 प्रतिशत विश्वविद्यालयों में थे।
- वर्ष 2012–2013 के दौरान 20,275 पी.0एच.0डी0 शोध उपाधियां प्रदान की गई। इनमें से सबसे अधिक विज्ञान संकाय में 6641 पी.एच.डी. उपाधियां, तत्पश्चात कला संकाय में 6298 पी.0एच.0डी0 उपाधियां प्रदान की गई। इन दोनों संकायों में प्रदत्त उपाधियां कुल उपाधियों का 63.81 प्रतिशत रहा।
- रिपोर्टाधीन वर्ष 2013–14 के दौरान समस्त स्तरों पर नामांकित प्रति सौ पुरुष छात्रों पर छात्राओं का नामांकन 79.87 प्रतिशत रहा।
- प्रतिशतता के संदर्भ में, महिला नामांकन दमन और दीव राज्य में सर्वाधिक रहा (68.55 प्रतिशत) उसके पश्चात् गोवा (60. 23 प्रतिशत) रहा। परिशुद्ध संख्या में उत्तर प्रदेश 16.77 लाख के आंकड़ों के साथ महिला नामांकन के मामले में सबसे शीर्ष पर रहा जिसके बाद महाराष्ट्र (12.54 लाख) तथा तमिलनाडु (11.12 लाख) आदि रहे।
- महिला नामांकन कला संकाय में सर्वाधिक (44.91 प्रतिशत) में था, उसके पश्चात् विज्ञान (18.11 प्रतिशत) में, तत्पश्चात् वाणिज्य (16.42 प्रतिशत) था, जो तीनों संकायों में कुल 79.44 प्रतिशत रहा। जबकि शेष 20.56 प्रतिशत सभी पेशेवर संकायों

में था। प्रतिशत के संदर्भ में पेशेवर संकायों में सबसे ज्यादा महिला नामांकन अभियांत्रिकी/प्रौद्योगिकी (9.41 प्रतिशत) के पेशेवर संकाय में रहा।

- बारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान विभिन्न राज्यों में कुल मिलाकर 240 नये महिला महाविद्यालयों की स्थापना की गई, इस प्रकार महिला महाविद्यालयों की कुल संख्या 4506 हो गई।

3. विश्वविद्यालयों को अनुरक्षण (गैर–योजनागत) एवं विकास (योजनागत) अनुदान

- केन्द्रीय, राज्यों और सम विश्वविद्यालयों को उनके सर्वांगीण विकास के लिए, जैसे कि उनकी पैठ बढ़ाने में, समानता को सुनिश्चित करने में, उपर्युक्त शिक्षा प्रदान करने, गुणवत्ता को श्रेष्ठ बनाने, प्रशासनिक क्रियाओं को प्रभावी बनाने में, छात्रों की सुविधाओं में बढ़ोत्तरी करने में, शोध सुविधाओं के संवर्धन करने और विश्वविद्यालयों की अन्य अनेक योजनाएँ सम्मिलित हैं। अनुरक्षण अनुदान कुछ सीमित विश्वविद्यालयों को ही उपलब्ध कराया जाता हैं ताकि वे विश्वविद्यालय अपने उस आवर्ती व्यय का भुगतान कर सकें जो कि अध्यापन वर्ग और गैर–अध्यापन वर्ग इन दोनों वर्गों में कर्मचारियों के वेतन के लिए, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों, भवनों आदि के लिए और कुछ अनिवार्य भुगतानों जैसे करों, टेलीफोन, बिजली के बिल, टिकटें आदि के लिये किया जाता है। समस्त केन्द्रीय एवं समविश्वविद्यालयों को योजनागत और गैर–योजनागत अनुदान दिये जा रहे हैं–जबकि राज्य विश्वविद्यालयों को केवल योजनागत अनुदान ही दिया जा रहा है।

- वर्ष 2013–2014 के दौरान दक्षिण एशियाई विश्वविद्यालय सहित केन्द्रीय विश्वविद्यालयों की संख्या 45 थी। इनमें से तीन विश्वविद्यालयों नामतः इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय और मैरीटाइम विश्वविद्यालय को प्रत्यक्ष रूप से क्रमशः मानव संसाधन विकास मंत्रालय, कृषि मंत्रालय तथा पोत और परिवहन मंत्रालय द्वारा वित्तपोषित किया जाता है। वर्ष 2013–2014 के दौरान केवल 39 केन्द्रीय विश्वविद्यालयों को योजनागत एवं गैर–योजनागत अनुदानों द्वारा सहायता प्रदान की गई।

- वर्ष 2013–2014 के दौरान विलय की गई योजनाओं तथा अध्येतावृत्ति (गैर–एनईटी) सहित सामान्य विकास अनुदान के अन्तर्गत 39 केन्द्रीय विश्वविद्यालयों को **1784.25** करोड रूपये प्रदान किये गये। रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान 24 केन्द्रीय विश्वविद्यालयों तथा एक चिकित्सा महाविद्यालय को 3376.90 करोड़ रूपये की राशि अनुरक्षण अनुदान के रूप में प्रदान की गई।

- मेटा विश्वविद्यालय संकल्पना के तहत दिल्ली विश्वविद्यालय तथा जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय ने ''मास्टर ऑफ मेथेमेटिकस एजूकेशन'' विषय पर एक पाठ्यक्रम आरंभ किया। योजना के तहत वर्ष 2013–2014 के दौरान दिल्ली विश्वविद्यालय को 66.66 लाख रुपये तथा जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय को 59.50 लाख रुपये की राशि जारी की गई।

- अवसंरचनात्मक विकास के लिए अतिरिक्त अनुदान के रूप में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय एवं बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, प्रत्येक को 50.00 करोड रू0 की राशि जारी की गई।

- बारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान ''बाह्य संसाधनों के जुटाने के लिए प्रोत्साहन'' योजना के तहत हैदराबाद विश्वविद्यालय ने 50 लाख रुपये की राशि का लाभ प्राप्त किया।

- वर्ष 2013–14 के दौरान अपिव आरक्षण नीति के कार्यान्वयन हेतु दिल्ली विश्वविद्यालय को 247.47 करोड़ रुपये (दिल्ली विश्वविद्यालय को 215 करोड़ रुपये, यूसीएमएस के लिए 12.50 करोड़ रुपये तथा विश्व भारती को 16.69 करोड़ रुपये) की राशि केन्द्रीय विश्वविद्यालयों को जारी की गई थी।

- वि0अ0आ0 ने 19 केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में अध्यापक शिक्षा के विस्तार करने तथा उसे सुदृढ़ करने, जिसके लिए बारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान विभिन्न शिक्षण तथा शिक्षणेत्तर पदों के लिए अनुमोदन प्रदान किया गया था, इन केन्द्रीय विश्वविद्यालयों को 110 करोड़ रुपये की राशि संस्वीकृत एवं जारी की गई थी, जिसमें से वर्ष 2013–14 के दौरान 35.00 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई थी।

- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने वर्ष 2013–14 के दौरान निम्नलिखित केन्द्रीय विश्वविद्यालयों नामतः मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय, हैदराबाद विश्वविद्यालय, बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय, गुजरात केन्द्रीय विश्वविद्यालय, हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय, ओड़ीशा केन्द्रीय विश्वविद्यालय तथा पंजाब केन्द्रीय विश्वविद्यालय को शिक्षा विद्यालय की स्थापना हेतु प्रत्येक को 5 करोड़ रुपये की राशि जारी की है।

- वर्ष 2013–14 के दौरान विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने एबोके हाई स्कूल हेतु अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय को 482.14 लाख रुपये की एकमुश्त अतिरिक्त राशि तथा बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय को अवसंरचनात्मक विकास हेतु 2690.00 करोड़ रुपये की राशि जारी की।

- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने निम्नवत नौ केन्द्रीय विश्वविद्यालयों नामतः तेजपुर विश्वविद्यालय, राजीव गांधी विश्वविद्यालय, सिक्किम विश्वविद्यालय, इंदिरा गांधी नेशनल ट्राईबल यूनीवर्सिटी, झारखण्ड केन्द्रीय विश्वविद्यालय, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, कर्नाटक केन्द्रीय विश्वविद्यालय, केरल केन्द्रीय विश्वविद्यालय तथा विश्व भारती को लुप्तप्राय भाषा केन्द की स्थापना हेतु अनुमोदन प्रदान कर दिया है।

- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने यह भी निर्णय लिया की कोई भी उच्चतर शिक्षा संस्थान अथवा इसके संकाय, विद्यालय, विभाग, केन्द्र अथवा उसके अंतर्गत कोई इकाई, चाहे इसे किसी भी नाम से जाना जाता हो, यदि वह 1 जून, 2014 तक मूल्यांकन अथवा प्रत्यायन नहीं करवाता है तो वह 1 अप्रैल, 2015 से आयोग की किसी भी योजना के तहत वित्तीय सहायंता हेतु आवेदन करने अथवा प्राप्त करने का पात्र नहीं होगा।

- 39 केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में से 8 केन्द्रीय विश्वविद्यालयों ने एनएएसी प्रत्यायन प्राप्त किया है। दस केन्द्रीय विश्वविद्यालयों ने पूर्व में प्रत्यायन प्राप्त किया था परंतु प्रत्यायन की अवधि पूर्ण हो गई है तथा 10 में से 8 केन्द्रीय विश्वविद्यालयों ने पुनर्प्रत्यायन हेतु आवेदन किया है (शेष 2 केन्द्रीय विश्वविद्यालयों यथा एचएनबी गढ़वाल तथा इलाहाबाद विश्वविद्यालय द्वारा पुनर्प्रत्यायन हेतु आवेदन किया जाना शेष है)। एक पात्र केन्द्रीय विश्वविद्यालय (आईजीएनटीयू) ने अब तक एनएएसी के लिए आवेदन नहीं किया है। 11 केन्द्रीय विश्वविद्यालय एनएएसी प्रत्यायन हेतु पात्र नहीं है। नौ केन्द्रीय विश्वविद्यालयों ने पहली बार प्रत्यायन हेतु आवेदन किया है।

- 31 मार्च, 2014 की स्थिति के अनुसार विभिन्न राज्यों की विधानसभाओं द्वारा अधिनियमित कानूनो के तहत 488 राज्य तथा राज्य निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना की गई थी। परंतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने कृषि तथा आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालयों के अलावा केवल 156 राज्य विश्वविद्यालयों को योजनागत (विकास) अनुदान हेतु 2069.95 करोड़ रुपये का बजटीय आवंटन किया है। बारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान, 156 पात्र राज्य विश्वविद्यालयों को 827.98 करोड़ रुपये का विकास अनुदान प्रदान किया गया।

- वित्त वर्ष 2013–14 के दौरान 156 राज्य विश्वविद्यालयों को योजनागत विकास सहायता स्कीम हेतु 53773.07 लाख रुपये की राशि संस्वीकृत की गई थी।

- वर्ष 2013–14 के दौरान मैसूर विश्वविद्यालय को ''उत्कृष्टता के संस्थान'' की विशेष योजना के तहत 23,34,00,000/–रुपये की राशि संस्वीकृत की गई थी।

- योजनागत विकास सहायता स्कीम के तहत 12,00,00,000 रुपये की राशि संस्वीकृत की गई थी (कश्मीर विश्वविद्यालय, श्रीनगर (जाकूरा कैम्पस) को किये गये आवंटन के अलावा)
- वर्ष 2013–14 के दौरान राजीव गांधी अध्यक्षपीठ की स्थापना हेतु बरकतुल्ला विश्वविद्यालय (भोपाल) तथा शेर–ए–कश्मीर कृषि विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को 20,00,000/– तथा 4,50,000/– रुपये की राशि संस्वीकृत की गई।
- दिनांक 31.3.2014 की स्थिति के अनुसार रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान 129 सम विश्वविद्यालय थे। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग 129 विश्वविद्यालयों में से 18 सम विश्वविद्यालयों को योजनागत अनुदान और 10 सम विश्वविद्यालयों को अनुरक्षण एवं विकास अनुदान प्रदान कर रहा है।
- वर्ष 2013–14 के दौरान विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा उत्तर–पूर्व क्षेत्र बजट शीर्ष के तहत गुवाहाटी कैम्पस के निर्माण के लिए टाटा इंस्टीटयूट ऑफ शोसल साईसेज, मुंबई को 8065.00 लाख रुपये के अनुदान सहित सामान्य विकास योजना के तहत सम विश्वविद्यालय 13659.36 लाख की राशि जारी की।
- वर्ष 2013–14 के दौरान सम विश्वविद्यालयों को गैर–योजनागत अनुदान (अनुरक्षण अनुदान) के तहत 23625.14 लाख रुपये की राशि जारी की गई है।

4. महाविद्यालयों को विकास (योजनागत) तथा अनुरक्षण (गैर–योजनागत) अनुदान

- विकास सहायता का उद्देश्य मूलभूत अवसंरचना का उन्नयन कर शिक्षण–ज्ञान अर्जन की प्रक्रिया को समर्थन देना रहा है। विद्यमान संस्थानों में सुविधाओं के विस्तार तथा उन्हें मजबूत करने, आधुनिकीकरण के माध्यम से स्तरों में सुधार, विशेष रूप से स्नातक पूर्व पाठ्यक्रमों को करियर के अवसरों से जोड़ने के लिए, उन्हें औचित्यपूर्ण तथा विविध बनाने पर ज़ोर दिया जायेगा। शैक्षिक रूप से पिछड़े ऐसे क्षेत्र जहाँ पर पर्याप्त सुविधाएँ नहीं है, वहां पर नये महाविद्यालयों की स्थापना करना आयोग की एक प्राथमिकता है।
- 31 मार्च, 2014 तक देश में 39671 महाविद्यालय थे। इनमें से 31 मार्च, 2014 तक विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियिम की धारा 2(च) के अंतर्गत केवल 9360 महाविद्यालय अर्थात् 24 प्रतिशत को मान्यता प्राप्त है। कुल 9360 महाविद्यालयों में से मात्र 7815 महाविद्यालय ही विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 12(ख) के अंतर्गत अनुदान प्राप्त करने के लिए पात्र हैं। महाविद्यालय क्षेत्रक के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग योजनाओं/कार्यक्रमों का क्रियान्वयन, हैदराबाद, पुणे, भोपाल, कोलकाता, गुवाहाटी, दिल्ली और बंगलुरु में स्थापित विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के क्षेत्रीय कार्यालयों के माध्यम से होता है।
- वर्ष 2013–2014 के दौरान बारहवीं पंचवर्षीय योजना के तहत महाविद्यालय विकास योजना के अंतर्गत 4071 पात्र महाविद्यालयों को 391.29 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की गई।
- वर्ष 2013–2014 के दौरान विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा क्रियान्वित की जाने वाली योजनाओं का ब्यौरा अध्याय 4 के बिन्दु 4.4 में दिया गया है।
- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने सभी महाविद्यालयों को आईक्यूएसी स्थापित करने के लिए निदेश देने हेतु एक नीतिगत निर्णय लिया है जिसके लिए आयोग ने प्रत्येक महाविद्यालय को आईक्यूएसी की स्थापना तथा सुदृढ़ीकरण व्यय हेतु आरंभिक राशि (सीड मनी) के रुप में तीन लाख रुपये प्रदान करने का निर्णय लिया है। वर्ष 2013–2014 के दौरान योजना के तहत 4337 लाभार्थी महाविद्यालयों को 129.51 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई।
- वर्ष 2013–2014 के दौरान दिल्ली विश्वविद्यालय के 53 महाविद्यालयों को कुल 1178.90 करोड़ रुपये की राशि अनुरक्षण अनुदान के रूप में दी प्रदान की गई और बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के 4 घटक महाविद्यालयों को 29.57 करोड रुपये की राशि प्रदान की गई।

- दिल्ली विश्वविद्यालय के 64 महाविद्यालयों को सामान्य विकास, महिला छात्रावास तथा खेल–कूद अवसंरचना के लिए 43.75 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई।

5. गुणवत्ता एवं उत्कृष्टता

- शिक्षण और अनुसंधान में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, अभिज्ञात विश्वविद्यालयों को "उत्कृष्टता की संभाव्यता वाले विश्वविद्यालय" का दर्जा प्रदान करने के लिए सहायता प्रदान कर रहा है। वर्ष 2013–2014 के दौरान उत्कृष्टता की संभाव्यता वाले 15 विश्वविद्यालयों को 57.85 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई।

- महाविद्यालयों में शिक्षण में मुख्य रूप से उत्कृष्टता प्राप्त करने और महाविद्यालयों में शोध की संस्कृति की पहल करने के लिए, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने "उत्कृष्टता की संभाव्यता वाले महाविद्यालय" नामक एक योजना आरम्भ की है। रिपोर्टाधीन वर्ष 2013–14 के दौरान 96 उत्कृष्टता की संभाव्यता वाले महाविद्यालयों को कुल 46.87 करोड रुपये का अनुदान जारी किया गया है।

- ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान आयोग ने चुने हुए विभागों को प्रोत्साहित करने और सुविधा प्रदान करने के लिए विभिन्न विश्वविद्यालयों में उत्कृष्टता की संभाव्यता वाले 12 केन्द्रों को अनुमोदित किया ताकि वे एक साथ कार्य कर सकें और संयुक्त रूप से नवीन नवोन्मेषी अकादमिक अनुसंधान कार्यक्रम आरंभ करने में सक्षम हों। इन केन्द्रों ने केवल दसवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान ही कार्य करना आरंभ किया। ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान सीपीईपीए योजना के तहत 12 केन्द्रों का भी चयन किया गया। 2013–14 के दौरान योजना के तहत 24 केन्द्रों में से वर्ष 21 केन्द्र कार्य कर रहे थे। सभी केन्द्रों की समीक्षा की गई और उन्हें जारी रखने की सिफारिश की गई।

- स्नातकोत्तर शिक्षण कार्यक्रम की गुणवत्ता में सुधार करने तथा शोध में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए विशेष सहायता कार्यक्रम (सैप) के तहत जीव विज्ञान, अभियांत्रिकी तथा प्रौद्योगिकी,मानविकी तथा सामाजिक विज्ञान सहित विज्ञान के विश्वविद्यालय विभागों को सहायता प्रदान की जा रही है। वर्ष 2013–2014 के दौरान एसएपी सहायता प्राप्त विश्वविद्यालयों की संख्या पिछले वर्ष की 932 की तुलना में **919** रही। वर्ष 2013–2014 के दौरान विभिन्न स्तरों पर विभागों को 15.34 करोड रूपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई।

- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नए विचारों एवं नवोन्मेष को सहायता देने और अंतर–विषय एवं उभरते हुए क्षेत्रों में विशेषज्ञता वाले पाठ्यक्रमों को आरंभ करने के लिए विश्वविद्यालयों के अनुमोदित विभागों को शत–प्रतिशत विकास सहायता उपलब्ध करवा रहा है। योजना के तहत 12वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान नवोन्मेष कार्यक्रम के तहत 32 विभागों तथा 36 महाविद्यालयों की पहचान की गई और इन्हें सहायता प्रदान करने के लिए अनुमोदित किया गया तथा वर्ष 2013–14 के दौरान 63.59 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है।

- आयोग द्वारा वि0अ0आ0 अधिनियम की धारा 2(च) और 12(ख) के अंतर्गत मान्यताप्राप्त सम्भाव्यता वाले महाविद्यालयों को शैक्षिक स्वतंत्रता प्रदान करने हेतु उन्हें स्वायत्ता का दर्जा प्रदान किया जा रहा है। 31.03.2014 तक 22 राज्यों के 87 विश्वविद्यालयों में फैले 454 महाविद्यालयों को स्वायत्ता का दर्जा प्रदान किया जा चुका है। रिपोर्टाधीन वर्ष 2013–2014 के दौरान वि0अ0आ0 क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा 192 स्वायत्त महाविद्यालयों को 27.25 करोड़ रू0 का अनुदान जारी किया गया था।

- 66 अकादमी स्टॉफ महाविद्यालयों के माध्यम से विभिन्न विधाओं में शिक्षकों के व्यावसायिक विकास के वृहत कार्यक्रम का संचालन किया गया है। रिपोर्टाधीन वर्ष 2013–2014 के दौरान ए0एस0सी0 द्वारा 309 अभिविन्यास पाठ्यक्रमों तथा 792 पुनश्चर्या पाठ्यक्रमों और 309 अल्पावधि पाठ्यक्रमों के संचालन को अनुमोदित किया गया था। इन अनुमोदित कार्यक्रमों में से 240 अभिविन्यास कार्यक्रम, 780 पुनश्चर्या पाठ्यक्रम तथा 250 अल्पावधि पाठ्यक्रमों को संचालित किया गया। वर्ष 2013–2014 के दौरान विभिन्न विश्वविद्यालयों में चल रहे अकादमिक स्टॉफ महाविद्यालयों को 67.37 करोड़ का अनुदान भी जारी किया गया।

- हिन्दी भाषा को बढ़ावा देने की दिशा में रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के राजभाषा अनुभाग ने कर्मचारियों के लिए निबंध लेखन, टिप्पण और मसौदा लेखन और हिन्दी टंकण प्रतियोगिताओं को आयोजित किया कार्यशालाओं का संचालन किया/हिन्दी पखवाड़ा और हिन्दी दिवस मनाया गया। वर्ष 2013–14 के दौरान आयोग ने हिन्दी विभागों की स्थापना करने/उन्नयन करने के लिए 31 केन्द्रीय/राज्य/सम विश्वविद्यालयों को अनुदान संस्वीकृत किया गया था।
- 33 देशों के साथ उच्चतर शिक्षा के क्षेत्र में द्विपक्षीय विनिमय कार्यक्रम चल रहे हैं तथा विभिन्न देशों के साथ 09 अन्य शिक्षा सहयोग कार्यक्रम चल रहे हैं। रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने विभिन्न देशों के 4 विदेशी विद्वानों/शिष्टमंडलों के लिए दौरों का आयोजन किया और 185 भारतीय विद्वानों को विदेश भेजा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने उच्चतर शिक्षा के क्षेत्र में आपसी सहयोग पर विचारों का आदान–प्रदान करने के लिए विभिन्न देशों से 3 विदेशी शिष्टमंडलों से भेंट भी की। योजना के तहत 28.85 करोड़ रुपये का व्यय हुआ।
- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और के तृतीयक शिक्षा आयोग मॉरीशस (2014–17) के बीच छठे कन्सोर्टियम समझौते पर 29 जनवरी, 2014 को हस्ताक्षर किए गए। समझौते के तहत विद्वानों के आदान–प्रदान का प्रावधान है।
- उच्चतर शिक्षा तथा शोध (आईएनसीपी) के क्षेत्र में इंडो–नारवेयन सहयोग कार्यक्रम एक नयी पहल हैं जिसका उद्देश्य भारत तथा नारवे के बीच उच्चतर शिक्षा संपर्क को बढ़ाना है। उच्चतर शिक्षा पर एक समझौता ज्ञापन, तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (वि0अ0आ0), भारत और नारवेयन सेन्टर फार इन्टरनेशनल कोपरेशन इन एजूकेशन(एसआईयू) के बीच शिक्षा सहयोग समझौते पर दिनांक 14 फरवरी, 2014 को हस्ताक्षर किये गये।
- वर्ष 2013–2014 के दौरान सहयोगात्मक कार्यक्रमों के तहत नियुक्त किए गए 22 विदेशी भाषाओं के शिक्षक, विभिन्न भारतीय विश्वविद्यालयों में कार्यरत हैं।
- "डॉड" के अध्यक्ष तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष के बीच 30 अक्तूबर, 2007 को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। वैज्ञानिकों तथा कार्मिको के आदान–प्रदान का कार्यक्रम वर्ष 2008 से प्रारम्भ हो चुका हैं।
- प्रत्येक वर्ष, कॉमनवेल्थ विश्वविद्यालय संघ यू.के. कॉमनवेल्थ अकादमिक स्टॉफ फैलोशिप अवार्ड के तहत भारत के विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों के प्रतिभावान संकाय के 80 सदस्यों को ब्रिटेन के विश्वविद्यालय/संस्थानों में शोधकार्य करने के लिए प्रदान की जाती हैं। वर्ष 2013 के लिए कॉमनवेल्थ विश्वविद्यालय संघ, यू0के0 द्वारा 80 अध्येतावृत्तियों की पेशकश की गई। इनमें से ए0सी0यू0, यू0के0 द्वारा कॉमनवेल्थ अकादमिक स्टॉफ फैलोशिप अवार्ड, 2013 के लिए 38 स्कॉलरों का अध्येतावृत्ति के लिए चयन किया। वर्ष 2013 के दौरान कॉमनवेल्थ विश्वविद्यालय संघ, यू0के0 ने भारत में डॉक्टरल डिग्री कर रहे तथा यू0के0 में एक वर्ष पूर्णकालिक अध्ययन का लाभ उठाने के इच्छुक छात्रों अथवा कनिष्ठ संकाय सदस्यों के लिए 14 कॉमनवेल्थ स्पिलिस्ट डॉक्टोरल छात्रवृत्तियाँ प्रदान करने की पेशकश की। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने वर्ष 2013 के दौरान 18 स्कॉलरों को नामांकित किया और कॉमनवेल्थ विश्वविद्यालय संघ, यू0के0 ने कॉमनवेल्थ स्पिलिस्ट साइट छात्रवृत्ति अवार्ड, 2013 के अन्तर्गत एक स्कॉलर का चयन किया।
- वर्ष 2013–14 के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग पर 18 कार्यशालाएं, संयुक्त कार्य समूह की बैठकें तथा विशेषज्ञ समिति की बैठकें आयोजित की गई।
- फिनलैण्ड सरकार ने फिनलैण्ड में स्नातकोत्तर अध्ययन, उच्चतर शिक्षा संस्थान अथवा पब्लिक रिसर्च इंस्टीटयूट में शोध तथा शिक्षण कार्य करने के लिए छात्रवृत्तियों की पेशकश की। आयोग द्वारा वर्ष 2013 के लिए फिनलैण्ड का दौरा करने हेतु 10 विद्वानों को नामांकित किया गया।
- वर्ष 2013 के दौरान, शोध हेतु सामग्री एकत्रित करने के लिए विदेशों को दौरा करने हेतु शिक्षकों को यात्रा अनुदान योजना के अन्तर्गत 1 भारतीय स्कॉलर को उसकी शोध सामग्री एकत्रित करने के लिए विदेशों का दौरा करने हेतु वित्तीय सहायता प्रदान की गई थी।

- आयोग द्वारा बुल्गारियाई भाषा एवं संस्कृति पर वार्षिक संगोष्ठी में भाग लेने के लिए 4 भारतीय शोध विद्वानों को नामांकित किया गया।

- यूके इंडिया एजूकेशन एण्ड रिसर्च इनीशियेटिव (यूकेआईईआरआई) के तहत क्रियाकलापों के संयुक्त प्रचालन संबंध में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग तथा ब्रिटिश काउंसिल के मध्य एक समझौता ज्ञापन पर दिनांक 16.8.2011 को हस्ताक्षर किए गए। विश्वविद्यालयों से 20 संयुक्त शोध प्रस्तावों को अनुमोदित किया गया एवं 18 परियोजनाओं के लिए 50 प्रतिशत अनुदान संस्वीकृत किया गया है। यू0के0 संस्थानों द्वारा एक परियोजना को अस्वीकृत किया गया तथा एक परियोजना का अंतरण शिक्षा वर्ष 2014–15 में कर दिया गया है।

- वर्ष 2013–14 के दौरान, भारत और अमरीका के बीच शिक्षा संबंधी भागीदारी को सुदृढ़ करने के लिए सिंह–ओबामा संयुक्त ज्ञान पहल कार्यक्रम के तहत चार संयुक्त शोध कार्यक्रम को अनुमोदित किया गया।

- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अध्यापन और शोध के पेशे के न्यूनतम मानक सुनिश्चित करने के लिए लेक्चरशिप पात्रता तथा कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्तियों के लिए एक वर्ष में दो बार एक राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा (नेट) आयोजित करता है। नेट परीक्षा 79 विषयों में देशभर में फैले 84 केन्द्रों पर संचालित की जाती है। 30 जून, 2013 तथा 29 दिसम्बर, 2013 को आयोजित नेट परीक्षा में सहायक आचार्य हेतु अर्हता के लिए क्रमशः 5.74 और 6.88 लाख अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी तथा इनमें से क्रमशः 31,176 (5.43 प्रतिशत) तथा 24,865 (4.67 प्रतिशत) उत्तीर्ण हुए। कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्ति हेतु क्रमशः 3.70 तथा 3.65 लाख अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी तथा इनमें से क्रमशः 4468 (1.21 प्रतिशत) तथा 3749 (1.03 प्रतिशत) उत्तीर्ण हुए। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की ओर से "सी0एस0आई0आर0" विज्ञान के 5 विषयों में नेट परीक्षा संचालित करती है। जून, 2013 तथा दिसम्बर, 2013 को आयोजित संयुक्त–सीआईएसआर–नेट की वि0अ0आ0–जेआरएफ की प्रत्येक परीक्षा में 1200 अभ्यर्थी ही उत्तीर्ण हुए तथा क्रमशः 2609 तथा 2368 अभ्यर्थियों को व्याख्याता के लिए अर्हक पाया गया। जून और दिसम्बर, 2013 की वि0अ0आ0–नेट परीक्षाओं को आयोजित करने पर 35.93 करोड़ रूपये का व्यय हुआ।

- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग राज्यों/राज्यों के समूहों को राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) के संचालन के लिए प्रत्यायन की अनुमति भी देता है। जिन उम्मीदवारों ने 1 जून, 2002 से पूर्व, लेक्चरशिप के लिए राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) पास कर ली है, वे उम्मीदवार "नेट" परीक्षा में बैठने के लिए छूट के पात्र है। जून, 2002 में अथवा उसके बाद होने वाली सेट परीक्षाओं के लिए योग्य उम्मीदवार, राज्य के केवल उन विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों मे व्याख्याता/सहायक आचार्य के पद के लिए आवेदन करने के योग्य होगा, जहाँ उसने सेट परीक्षा उत्तीर्ण की है। वर्ष 2013–2014 के दौरान आंध्रप्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, कर्नाटक, उत्तर–पूर्वी क्षेत्र, महाराष्ट्र तथा गोवा और पश्चिम बंगाल राज्यों ने सेट परीक्षा सफलतापूर्वक आयोजित की। सेट संचालित करने का व्यय वहन संबद्ध राज्यों द्वारा किया जाता है।

- रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान यात्रा अनुदान योजना के अंतर्गत 352 महाविद्यालय के शिक्षकों, 04 कुलपतियों ने अपने शोध पत्र अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रस्तुत करने के लिए इस सुविधा का लाभ उठाया। विदेश यात्रा, पंजीकरण शुल्क, ठहरने के भत्ते आदि के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। स्थायी पद पर नियुक्त शिक्षक/पुस्तकालय अध्यक्ष तीन वर्ष में एक बार और कुलपति तथा आयोग के सदस्य तथा वि0अ0आ0 के अधिकारी दो वर्ष में एक बार इस सुविधा का लाभ उठा सकते है। रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान लाभार्थियों को 2.60 करोड़ की राशि का भुगतान किया गया।

- विश्वविद्यालयी प्रणाली में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की धारा 12 (गगग) के तहत 7 अंतर्विश्वविद्यालय केन्द्रों (आई.यू.सी.) को स्वायत्तशासी केन्द्रों के रूप में स्थापित किया गया हैं तथा यह केन्द्र भारतीय विश्वविद्यालय प्रणाली में सक्रिय हैं तथा अत्याधुनिक उपस्कर और उत्कृष्ट ग्रंथालय सुविधा तक पहुंच प्रदान कर प्रत्येक क्षेत्र में विशेषज्ञता प्रदान कर विश्वविद्यालयों एवं शोध संस्थानों को सामान्य सुविधाएं, सेवाएँ एवं कार्यक्रम आदि उपलब्ध कराते है। इसने दूरदर्शन, ज्ञानदर्शन तथा शिक्षा चैनलों पर कक्षाओं से इतर उच्चतर शिक्षा का प्रसार करने के लिए प्रतिवर्ष औसतन 1000 से भी अधिक शैक्षिक फिल्मों/कार्यक्रमों को भी योगदान दिया है। एनएएसी के माध्यम से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग उच्चतर शिक्षा संस्थानों का प्रत्यायन कर रहा है। 31.3.2014 तक, 266 विश्वविद्यालयों तथा 6878 महाविद्यालयों का प्रत्यायन किया गया है।

- रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने छह अंतर्विश्वविद्यालय केन्द्रों को योजनागत अनुदान के तहत 288.

45 करोड़ रुपये तथा गैर–योजनागत अनुदान के तहत 68.29 करोड़ रुपये की धनराशि का भुगतान किया।

- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने चयनित विश्वविद्यालयों में 4 राष्ट्रीय सुविधा केन्द्रों की स्थापना की तथा उन्हें नियमित रूप से सहायता प्रदान की। वर्ष 2013–14 के दौरान इन केन्द्रों को 2.52 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई।
- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने विश्वविद्यालयी प्रणाली में गुणवत्ता बनाए रखने के लिए सभी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों में कैरियर उन्नति योजना (सीएएस) के तहत आचार्य के पद से उपाचार्य के पद पर प्रोन्नति की चयन प्रक्रिया की देखरेख करने के लिए प्रेक्षक की नियुक्त कर निगरानी करता रहा है। वर्ष 2013–2014 के दौरान विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने विभिन्न विश्वविद्यालयों में चयन प्रक्रियाओं की निगरानी करने के लिए कुल 58 विश्वविद्यालय अनुदान आयोग प्रक्षकों को नियुक्त की।

6. अनुसंधान का संवर्धन

- "अध्यापकों के लिए अनुसंधान परियोजनाएँ" योजना का मुख्य उद्देश्य, विभिन्न विषयों में विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के अध्यापकों के शोध कार्यक्रमों को सहायता देकर उच्चतर शिक्षा में अनुसंधान में उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है। स्वास्थ्य, जैरोन्टॉलोजी, पर्यावरण, नैनो प्रौद्योगिकियों, जैव प्रौद्योगिकियों, तनाव प्रबंधन, डब्ल्यू.टी.ओ. और अर्थव्यवस्था पर प्रभाव आदि विषयों से तथा कुछ अन्य क्षेत्रों पर बल दिया जाता है जिनकी विषयों के विशेषज्ञों के द्वारा पहचान की जाएगी। अभियांत्रिकी/आयुर्विज्ञान/भेषजी/कृषि तथा सामाज विज्ञान सहित भाषा/कला/विधि आदि विज्ञान और मानविकी विषयो में वृहद परियोजनाओं के लिए अनुदान राशि क्रमशः अधिकतम 20.00 लाख तथा 15.00 लाख रू0 होगी। यहां तक कि सेवानिवृत्त अध्यापक भी 70 वर्ष की आयु तक अनुसंधान परियोजना कर सकता है।वर्ष 2013–14 के दौरान किसी नई बृहद परियोजना को संस्वीकृत नहीं किया गया। वर्ष 2013–14 के दौरान विज्ञान परियोजनाओं हेतु 12.35 करोड़ रुपये तथा कला, मानविकी तथा सामाजिक विज्ञान परियोजनाओं हेतु 12.80 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया।
- शोध अवार्ड योजना, विश्वविद्यालयों तथा संस्थानों के स्थायी अध्यापकों द्वारा बिना शोध सहायता प्राप्त किए अपने विशेषज्ञता के क्षेत्र में दो वर्ष का पूर्णकालिक स्वतंत्र अनुसंधान करने वालो शिक्षकों के लिए तैयार की गई है। 45 वर्ष से कम आयु वाले डॉक्टोरेट उपाधि धारक अध्यापक को इन अवार्डो को प्रदान करने के लिये विचार किया जाता है। समस्त विषयों में, प्रत्येक दूसरे वर्ष के दौरान 100 स्थानों के लिए चयन किया जाता है। वर्ष 2013–2014 के दौरान अवार्ड प्राप्तकर्ताओं को 7.20 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया।
- इमेरिटस अध्येतावृत्ति योजना, सभी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों के 70 वर्ष तक की आयु के सेवानिवृत्त अध्यापकों के लिए उनके संबद्ध क्षेत्र में सक्रिय रूप से शोध करने का अवसर प्रदान करती है। किसी भी एक समय के दौरान विज्ञान के लिए उपलब्ध स्लॉटों की संख्या प्रत्येक दूसरे वर्ष 100 तथा मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान के लिए प्रत्येक दूसरे वर्ष 100 है। अध्येता के लिए 50,000 रु0 प्रतिवर्ष की आकस्मिक धनराशि के साथ दो वर्षों के लिए 20,000 रुपये प्रतिमाह का मानदेय प्रदान किया जाता है। वर्ष 2013–2014 के दौरान अध्येताओं को भुगतान करने पर 11.22 करोड़ रुपये व्यय किया गया।
- वित्त वर्ष 2013–2014 के दौरान विभिन्न सम्मेलन/संगोष्ठियां/कार्यशालाएं आदि आयोजित करने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा अनुसंधान संगोष्ठियां/कार्यशालाएं आयोजित करने के लिए 1736 प्रस्तावों को अनुमोदित किया और पात्र महाविद्यालयों को 18.31 करोड़ रु0 जारी किये गए।
- विदेशी नागरिकों के लिए कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्ति (जे.आर.एफ)/ रिसर्च एसोसिएटशिप योजना के अन्तर्गत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने उन भारतीय उम्मीदवारों को जे.आर.एफ प्रदान की जो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अथवा सी.एस.आई.आर. द्वारा संचालित विश्वविद्यालय नेट परीक्षा की हैं। जे.आर.एफ. के अन्तर्गत प्रारम्भिक 2 वर्षों तक 16,000 रु0 प्रतिमाह की अध्येतावृत्ति है, तथा शेष समय के लिए यह 18,000 रु0 प्रतिमाह होगी, इसके साथ ही वार्षिक आकस्मिक अनुदान भी उपलब्ध होगा। शोध अध्येता (आरए) के अन्तर्गत एसोशियेटशिप की संपूर्ण अवधि के दौरान 16,000/–रुपये प्रतिमाह तथा वार्षिक आकस्मिक अनुदान के रूप में 30,000/– रुपये प्रतिवर्ष का अनुदान प्राप्त होता है।

- रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान विज्ञान तथा मानविकी एवं समाजिक विज्ञान में जे.आर.एफ./आर.ए. योजना हेतु 171.00 करोड़ रुपये का व्यय हुआ।

- उच्चतर शिक्षा में सामाजिक असमानताओं को कम करने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति उम्मीदवारों (अ0जा0 के लिए 2000 तथा अ0ज0जा0 के लिए 667) के लिए 2667 राजीव गाँधी राष्ट्रीय अध्येतावृत्तियाँ उपलब्ध कराता है ताकि वे उच्चतर अध्ययन एवं शोध कर एम.फिल./पी.एच.डी. उपाधि प्राप्त कर सकें। जे.आर.एफ. और अध्येतावृत्ति का स्वरूप समान है। वर्ष 2013–2014 के दौरान योजनागत स्कीम के तहत अनुसूचित जाति के अध्येताओं के लिए 65.29 करोड़ रुपये तथा अनुसूचित जनजाति के अध्येताओं के लिए 27.19 करोड़ रुपये का व्यय किया गया था।

- पोस्ट डॉक्टोरल फैलोशिप की एक नई योजना अ0जा0/अ0ज0जा0 के उन अभ्यर्थियों के लिए कार्यान्वित की गई है जिन्होंने डॉक्टोरल उपाधि प्राप्त कर ली है और जिनके शोध कार्य प्रकाशित हो गए हैं तथा जिन्होंने स्वतंत्र रूप से शोध कार्य का साक्ष्य प्रस्तुत कर दिया है। अध्येतावृत्ति की अवधि पाँच वर्ष है तथा 50,000/– रुपये की आकस्मिक राशि के साथ प्रथम दो वर्ष के दौरान अध्येतावृत्ति की राशि 25,000/–रुपये प्रतिमाह तथा तीसरे वर्ष के पश्चात् यह राशि 30000/–रुपये प्रतिमाह है। रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान 100 स्लॉटों के समक्ष अ0जा0/अ0ज0जा0 के 100 चयनित अध्येताओं 6.39 करोड़ रुपये का व्यय किया गया। रिपोर्टाधीन वर्ष 2013–14 के दौरान 6,38,57,475–/रुपये का व्यय हुआ।

- समाज के वंचित वर्गों के उम्मीदवारों की सामाजिक पृष्ठभूमि को ध्यान में रखकर उन्हें स्नातकोत्तर स्तर के अध्ययनों को आरंभ करने का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से अ0जा0/अ0ज0जा0 छात्रों के लिए एक और नई योजना अर्थात् पेशेवर पाठ्यक्रमों में स्नातकोत्तर छात्रवृत्तियों की योजना को कार्यान्वित किया गया है। कुल स्लॉटों की संख्या 1000 है। वर्ष 2013–2014 के दौरान वर्ष 2013–14 हेतु चयनित 983 अ0जा0/अ0ज0जा0 छात्रों के भुगतान पर 3.11 करोड़ रुपये का व्यय हुआ।

- विदेशों में कार्यरत भारतीय मूल के ऐसे प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों को शोध वैज्ञानिक योजना के अन्तर्गत ध्यान आकर्षित करने के लिए और शोध में उच्च गुणवत्ता विकसित करने के लिए वर्ष 1983 में यह योजना आरम्भ की गई और लागू की गई। वर्तमान में 68 शोध वैज्ञानिक विभिन्न संस्थानों में कार्यरत हैं। वर्ष 2013–2014 के दौरान ऐसे वैज्ञानिकों के वेतन एवं आकस्मिक व्यय पर कुल 4.04 करोड़ रुपये का व्यय हुआ।

- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा पी.एच.डी. उपाधि धारक बेराज़गार महिलाओं के लिए पूर्णकालिक आधार पर पोस्ट–डॉक्टोरल शोध करने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा 100 स्लॉट प्रति वर्ष उपलब्ध कराये जा रहे है। इसके तहत नए अभ्यर्थियों के लिए 25000 रूपये प्रतिमाह की अध्येतावृत्ति और दो वर्ष पश्चात् 30000 रूपये प्रतिमाह की अध्येतावृत्ति और पांच वर्षों तक 50,000 प्रतिमाह की आकस्मिक राशि प्रदान की जाएगी। रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान महिला अध्येताओं को भुगतान के रूप में 4.58 करोड़ रुपये की राशि व्यय की गई तथा महिला अभ्यर्थियों को राशि का आनलाईन अंतरण करने के लिए लिए केनरा बैंक को 12.00 करोड़ रुपये की राशि का अंतरण किया गया।

- स्नातक छात्रों को उच्चतर शिक्षा संस्थानों में स्नातकोत्तर अध्ययन करने में मदद करने हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा एम.ई./एम.टैक./एम.फर्मा विषयों के गेट परीक्षा उत्तीर्ण छात्रों के लिए 5,000 रुपये प्रतिवर्ष की आकस्मिक राशि के साथ 8,000 रुपये प्रतिमाह (60 प्रतिशत अंक और उससे अधिक) की छात्रवृत्ति तथा प्रदान की जाती है। वि0अ0आ0 ने वर्ष 2013 से एम.ई./एम.टैक./एम.फर्मा विषयों के गेट परीक्षा उत्तीर्ण छात्रों के लिए गेट/जीपैट हेतु छात्रवृत्ति योजना को बंद कर दिया है। 2013–2014 के दौरान छात्रों को भुगतान करने के लिए 1.00 करोड़ रुपये की राशि व्यय की गई।

- परिवार में एकल बालिकाओं की शिक्षा को छात्रवृत्ति के माध्यम से सहायता प्रदान करने तथा अभिभावकों को छोटे परिवार मानदंड का पालन करने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से स्नातकोत्तर इंदिरा गाँधी छात्रवृत्ति योजना का कार्यान्वयन। जिन बालिकाओं ने स्नातकोत्तर उपाधि कार्यक्रम में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय अथवा मात्र पी.जी.महाविद्यालय में प्रवेश पा लिया है, वे इस योजना के तहत पात्र हैं। इस शोधवृत्ति की अवधि दो वर्ष होगी तथा शोधवृत्ति राशि 2000 रुपये प्रतिमाह होगी (एक वर्ष में 10 माह के लिए)। सभी पात्र अभ्यर्थियो को छात्रवृत्रि प्राप्त होगी। शिक्षा सत्र 2013–15 के दौरान कुल

3746 बालिकाओं का चयन किया गया। वर्ष 2013–2014 के दौरान अध्येताओं को भुगतान करने पर 6.29 करोड रुपये की राशि व्यय हुई।

- प्रतिभाशाली छात्रों को स्नातकोत्तर शिक्षा में अध्ययन करने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा एक पी.जी. मेरिट छात्रवृत्ति की योजना को वर्ष 2005–2006 से प्रारम्भ किया गया जिसके अंतर्गत उन मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति देने का प्रावधान किया गया जिन्होंने स्नातक स्तर पर विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस योजना के अंतर्गत छात्रवृत्ति पाने वाले छात्र देश में किसी भी उच्चतर शिक्षा के संस्थानों में किसी विशिष्ट क्षेत्र में स्नातकोत्तर विषयों में (जिनमें व्यावसायिक पाठयक्रम शामिल नहीं हैं) अध्ययन कर सकता है। इस छात्रवत्ति के अन्तर्गत सामान्य पाठयक्रमों में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र तथा ऑनर्स पाठ्यक्रमों में केवल प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र ही पात्र होंगे। छात्रवृत्ति की अवधि 2 वर्ष होगी, एवं छात्रवृत्ति राशि 2000 रुपये प्रतिमाह की दर से (एक वर्ष में 10 माह के लिए) प्रदान की जाएगी। प्रथम शिक्षा वर्ष में छात्रवृत्तियों की संख्या 3000 है। वर्ष 2013–2014 के दौरान शिक्षा सत्र 2013–15 के लिए 970 अभ्यर्थियों का चयन किया गया था तथा छात्रों को भुगतान पर 1.59 करोड़ रूपये का व्यय किया गया।
- केन्द्र सरकार द्वारा अधिसूचित मौलाना आजाद राष्ट्रीय अध्येतावृत्तियों का उद्वेश्य अल्पसंख्यक समुदायों से छात्रों को वित्तीय सहायता के रूप में समेकित 5 वर्ष की अध्येतावृत्ति उपलब्ध कराना है ताकि वे एमफिल और पीएचडी जैसे अध्ययन जारी रख सकें। प्रत्येक वर्ष छात्रों के लिए 756 स्लॉट उपलब्ध है। आयोग द्वारा प्रदत्त अध्येतावृत्ति की दर अन्य अध्येतावृत्तियों की दर के समकक्ष होंगी। वर्ष 2013–2014 के दौरान विभिन्न राज्यों से 756 अभ्यर्थियों का चयन किया गया और 46.43 करोड़ रु0 का व्यय किया गया।
- वर्ष 2013–2014 के दौरान भारतीय विश्वविद्यालयों में मूलभूत वैज्ञानिक शोधकार्य के लिए अधिकारप्राप्त समिति की अनुशंसाओं के क्रियान्वयन की स्थिति निम्नवत है:

  वर्ष 2013–2014 के दौरान पात्र महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों विभागों को विज्ञान में स्नातकोत्तर स्तर के शोध के घटक हेतु अपेक्षित अवसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए 13.02 करोड़ रूपये का कुल अनुदान मुहैया करवाया गया।
- वर्ष 2013–2014 के दौरान सैप के तहत अनुमोदित 5 विभागों को बीएसआर कार्यक्रम के तहत नेटवर्क शोध केन्द्रों की स्थापना हेतु चयतिन किया गया। वर्ष 2013–14 के दौरान पांच्र विभागों को 7.80 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई।
- विज्ञान विषयों में एक नवीन पोस्ट–डॉक्टोरल अध्येतावृत्ति योजना डॉ0 डी0एस0 कोठारी के नाम से लागू की गई है। आज तक 1242 अभ्यर्थियों को अवार्ड किया गया है तथा 550 पी0डी0एफ कार्यरत हैं। वर्ष 2013–14 के दौरान विभिन्न संस्थानों में कार्यरत अध्येताओं को 22.80 करोड़ रूपये जारी किये गये।
- ''विज्ञान विषय में मेधावी छात्रों हेतु शोध अध्येतावृत्ति'' योजना को मेधावी छात्रों हेतु उच्च अध्ययन एवं शोध आरंभ करने के लिए आरंभ किया गया है जिससे वे पी0एच0डी0 उपाधि प्राप्त कर सकें। ऐसे उम्मीदवार जो कि उत्कृष्टता की संभावना वाले विश्वविद्यालय/उत्कृष्टता की संभावना वाले केन्द्रों/उच्च अध्ययन केन्द्रों तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा चिन्हित विशेष सहायता विभागों में विज्ञान के विषयों में पी.एच.डी. में पंजीकृत हैं, वे इस योजना हेतु पात्र है। इस अध्येतावृत्ति की अवधि दो वर्ष है, जिसे अध्येता द्वारा किए गए कार्य मूल्याकंन के आधार पर और तीन वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है। आरंभ में स्वरूप अध्येतावृत्ति राशि के रूप में प्रतिमाह 14,000 रुपये और आकस्मिक धनराशि के रूप में 12000 रुपये प्रतिवर्ष वित्तीय सहायता के रूप में प्रदान किये जाते है। वर्ष 2013–2014 के अंत तक सैप/गैर–सैप विभागों हेतु 7154 शोध अध्येतावृत्तियां आवटित की गई तथा 5694 जेआरएफ कार्यरत थे। वर्ष 2013–2014 के दौरान अध्येताओं को कुल 55.00 करोड रूपये की राशि जारी की गई है।
- विज्ञान संबंधी विषयों में अंतर्राष्ट्रीय रूप से प्रतिस्पर्धी स्तर पर उच्च गुणवत्तायुक्त शोध को सुदृढ़ करने और अकादमी संकाय सदस्यों में नई प्रतिभाओं के माध्यम से विश्वविद्यालयों में नवोन्मेषी शिक्षण को बढ़ावा देने के लिए संकाय रिचार्ज कार्यक्रम आरंभ किया गया है। इसके तहत, आरंभ में 80 : 80 : 40 अनुपात (आचार्यः सह आचार्यः सहायक आचार्य) में 200 पदों पर

नई भर्ती की जायेगी। यह नए और सेवारत शिक्षक दोनों के लिए हैं। आरंभ में, कार्यकाल पांच वर्ष की अवधि के लिए है और यह प्रत्येक पांच वर्ष की समीक्षा के अध्यधीन अधिवर्षिता की आयु तक चलता है। इस प्रयोजनार्थ, जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली में एक प्रकोष्ठ स्थापित किया गया है और साथ ही शिक्षकों के चयन की प्रक्रिया आरंभ करने के लिए राष्ट्रीय समन्वयक की भी नियुक्ति की गई है। रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान चयन प्रक्रिया आरंभ की गई। वर्ष 2013–2014 के दौरान अब तक 18 संकाय सदस्यों यथा आचार्य/सहायक आचार्य/सह–आचार्य को 2.04 करोड़ रुपये की राशि जारी की जा चुकी है।

- राज्य विश्वविद्यालयों में कार्यरत अधिवार्षिता की आयु के समीप प्रतिभावान विज्ञान और प्रौद्योगिकी शिक्षकों द्वारा मूलभूत विज्ञान शोध में योगदान जारी रखने का अवसर प्रदान करने के दृष्टिकोण से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग–बी0एस0आर0 संकाय अध्येतावृत्ति नाम से नई योजना आरंभ की है। विश्वविद्यालयों के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभागों में आचार्य/सह–आचार्य के पद पर कार्यरत शिक्षक इसके लिए पात्र हैं। अध्येतावृत्ति में 30,000 रु0 प्रतिमाह की धनराशि प्रदान की जाती है जो कि पेंशन अथवा/और अन्य सेवानिवृत्ति लाभ के अतिरिक्त है। वर्ष 2013–2014 के दौरान विभिन्न भारतीय विश्वविद्यालयों/संस्थानों में शोध जारी रखने वाले 49 आचार्यों को 2.90 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई।

- इस बीएसआर कार्यक्रम के तहत 'शिक्षकों को एकमुश्त अनुदान' प्रदान करने की योजना का उद्देश्य उनकी विशेषज्ञता के क्षेत्र में शोध को जारी रखने हेतु सहायता प्रदान करना है। जिस शिक्षक की अधिवर्षिता की तिथि से कम से कम दो वर्ष की सेवा शेष है, जिसने अपनी संपूर्ण सेवा अवधि के दौरान अधिकतम 15 पीएचडी और पिछले पांच वर्षों के दौरान कम से कम पांच पीएचडी उपाधियां प्राप्त करने में मदद की हो और जिसने राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय वित्तपोषण एजेन्सियों द्वारा वित्तपोषित कम से कम पांच प्रायोजित शोध पूर्ण किए हों, वे इस योजना के लिए पात्र हैं। योजना के तहत, एक शिक्षक को उसके शोध कार्य के लिए 7.00 लाख रु0 उपलब्ध कराए जाते हैं। वर्ष 2013–2014 के दौरान विभिन्न विश्वविद्यालयों/संस्थानों में अपने शोध कार्य को जारी रखने वाले 27 शिक्षकों को 1.80 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई।

- ''नए भर्ती हुए ऐसे सभी संकायों हेतु स्टार्ट–अप अनुदान योजना'' के तहत, सहायक आचार्य के स्तर पर पी0एच0डी0 उपाधि धारक ऐसे सभी शिक्षक इस योजना हेतु पात्र हैं जिन्होंने अनुमोदित/उद्धत जर्नलों में न्यूनतम दो शोध प्रकाशन किये हों। 221 नए नियुक्त संकाय सदस्य लाभान्वित हुए। योजना के तहत वर्ष 2013–14 के दौरान 13.26 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई

7. लिंग एवं सामाजिक समानता

- "महिला अध्ययनों का विकास" योजना का लक्ष्य विश्वविद्यालयों में महिला अध्ययन केन्द्रों को सुदृढ करना एवं उसे धारणीय बनाये रखना है जिसके लिए विश्वविद्यालय प्रणाली के मध्य उन्हें सांविधिक विभागों के रूप में स्थापित किया जाये तथा साथ ही अन्य आंगिक घटकों के साथ नेटवर्क बनाने की उनकी क्षमता को सुगम बनाया जा सके ताकि वे परस्पर एक दूसरे की बल प्रदान करें तथा एक दूसरे को सहयोगी बन सकें। इस समस्त प्रक्रिया का विशेष बल इस बात पर है कि जाति श्रेणी/धर्म समुदाय एवं व्यवसायों से परे, ऐसी क्षेत्रगत योजनाओं का विकास हो जिनसे कार्यवाही, शोधकार्य, मूल्यांकन एवं ज्ञान में अभिवृद्धि हो तथा सहभागिता बढ़े व इस नेटवर्क में और अधिक लोगों व संगठनों को भी जोड़ा जा सके व साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जा सके कि इस नवीन रूप से उद्‌भूत होने वाले क्षेत्र पर ध्यान केन्द्रित किया जाये। चरणों के आधार पर, विश्वविद्यालय में ऐसा प्रत्येक केन्द्र प्रतिवर्ष 5.00 लाख से लेकर 12.00 लाख रूपये प्राप्त करने का पात्र होगा तथा प्रत्येक महाविद्यालय में ऐसा केन्द्र वार्षिक रूप से 3.00 लाख रूपये से लेकर 8.00 लाख रूपये प्राप्त करने का पात्र होगा। दिनांक 31.03.2014 तक विश्वविद्यालय प्रणाली के अन्तर्गत कुल मिलाकर 156 महिला अध्ययन केन्द्र स्थापित हो चुके थे तथा विश्वविद्यालयी प्रणाली मे कार्यरत थे।

- उच्चतर शिक्षा प्रणाली में निशक्त व्यक्तियों की अनदेखी न हो तथा विशेष शिक्षकों तथा परामर्शदाताओं हेतु एक पाठ्यक्रम को विकसित करने के उद्‌देश्य से साथ ही निशक्त व्यक्तियों को विभिन्न रूपों में विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने के

उद्देश्य से वि0अ0आ0 टीईपीएसई तथा एचईपीएसएन योजनाओं को कार्यान्वित कर रहा है। इन योजनाओं की वि0अ0आ0 के विशेष प्रकोष्ठ द्वारा देखरेख की जा रही है तथा प्रकोष्ठ द्वारा अनुदान जारी किया जा रहा है।

- सामाजिक समावेशन तथा बहिर्वेशन के मुद्दों पर शोध को सहायता प्रदान करने के लिए वि0अ0आ0 ने विश्वविद्यालयों में सामाजिक समावेशन तथा बहिर्वेशन नीति का अध्ययन करने के लिए शिक्षण–सह–शोध केन्द्रों की स्थापना की है। दिनांक 31.03.2013 की स्थिति के अनुसार 35 विश्वविद्यालयों में 35 केन्द्र कार्यरत है। वर्ष 2013–14 के दौरान विश्वविद्यालयों को कोई निधियां जारी नहीं की गई।
- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, अ.जा./अ.ज.जा. प्रकोष्ठ स्थापित करने के लिए विश्वविद्यालयों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराता रहा है ताकि विश्वविद्यालयों में दाखिले, शिक्षण तथा शिक्षणेत्तर पदों आदि पर भर्ती में आरक्षण नीति का प्रभावी कार्यान्वयन हो सके। 127 लाभार्थी विश्वविद्यालय/सम विश्वविद्यालय तथा आईयूसी केन्द्र है। बारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान केवल केन्द्र द्वारा वित्तपोषित विश्वविद्यालयों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी (दिनांक 10.05.2013 को आयोजित आयोग की 493वीं बैठक में निर्णय लिया गया)।
- विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों को समाज के वंचित वर्गों की आवश्यकताओं तथा दायित्वों के प्रति अधिक संवेदनशील बनाने के लिए वि0अ0आ0 ने विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों में समान अवसर प्रकोष्ठ (ई0ओ0सी0) की स्थापना करने की योजना तैयार की।
- अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. (अल्पसंख्यक/असपन्न वर्ग)/अल्पसंख्यक समुदाय के अभ्यर्थी, जिन्हें एक स्तर तक आने के लिए उपचारी/नेट/सेट परीक्षा/सेवा में प्रवेश हेतु अनुशिक्षण की आवश्यकता है, ऐसे अभ्यर्थियों के लिए नियमित समय–सारणी से इतर विशेष कक्षाएं आयोजित करने के लिए वि0अ0आ0 वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

8. प्रासंगिता एवं मूल्य आधारित शिक्षा

- शिक्षा में वृत्ति उन्मुखी पाठ्यक्रमों का उद्देश्य वृत्ति एवं बाजारोन्मुखी कौशल में वृद्धि करने वाले अतिरिक्त पाठयक्रमों को आरंभ करना है जिनकी रोजगार प्राप्त करने में एवं स्व–रोजगार हेतु उपयोगिता हो और जिससे छात्रों का सशक्तिकरण हो सके। इस कार्यक्रम के तहत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा पात्र संस्थानों को मानविकी एवं वाणिज्य संकाय के प्रति पाठ्यक्रम के लिए 7 लाख रू. दिए जाते हैं तथा विज्ञान विषयों में पाँच वर्ष के लिए प्रति पाठयक्रम एकमुश्त राशि ('सीड–मनी') पुस्तकें, पत्रिकाएँ, प्रयोगशाला तथा अन्य उपस्करों की खरीद तथा अतिथि संकाय को मानदेय हेतु 10.00 लाख रुपये प्रदान की जाती है। महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों को आवश्यकता आधारित तीन पाठ्यक्रमों के विकल्प को अपनाना अपेक्षित होगा। वर्ष 2012–13 में प्रदत्त 13.37 करोड़ रुपये के अनुदान के समक्ष वर्ष 2013–14 के दौरान कतिपय जानकारी/दस्तावेजों की आवश्यकता के कारण अनुदान जारी नहीं किया जा सका।
- भारत के अलावा अन्य क्षेत्रों की सांस्कृतिक, सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक विशेषताओं के सबंध में समग्रता से बोध को बढ़ावा देने के लिए और नीति निर्माताओं विशेषरूप से भारत के आर्थिक, राजनीतिक तथा राजनीतिक हितों में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, क्षेत्र अध्ययन केन्द्रों की स्थापना हेतु समय–समय पर विश्वविद्यालयों की पहचान करता रहा है। वर्तमान में, विश्वविद्यालयों में 52 अध्ययन केन्द्र (विश्वविद्यालयों में नियमित आधार पर 23 केन्द्र तथा 20 विश्वविद्यालय में परियोजना आधार पर 29 केन्द्र चल रहे हैं)। ऐसे देशों तथा क्षेत्रों पर बल दिया जा रहा है जिनका भारत के साथ घनिष्ठ संबंध है। वर्ष 2013–2014 के दौरान कार्यक्रम के तहत, केन्द्रों को उनके क्रियाकलापों हेतु 2.00 करोड़ रुपये की धनराशि प्रदान की गई थी।
- भारतवर्ष के महान समाज विचारकों के विचारों एवं दृष्टिकोण से शिक्षकों एवं छात्रों को परिचित करवाने के उद्देश्य से विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में 376 विशेष अध्ययन केन्द्र स्थापित किये गए हैं तथा बारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान 186 केन्द्रों को जारी रखने के लिए अनुमोदन प्रदान किया गया। रिर्पोटाधीन वर्ष के दौरान इन केन्द्रों को अपने क्रियाकलापों हेतु कुल 1.84 करोड़ रुपये का अनुदान जारी किया गया था।

- स्नातकपूर्व तथा स्नातकोत्तर उपाधि, डिप्लोमा और प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम आरंभ करने और मानवाधिकार तथा कर्तव्य शिक्षा पर सम्मेलन, संगोष्ठियां तथा कार्यशालाएं आयोजित करने के लिए और शिक्षकों, छात्रों तथा जनसाधारण में जागरुकता फैलाने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग मानवाधिकार शिक्षा योजना के तहत विभिन्न विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों को वित्तीय सहायता उपलब्ध करवा रहा है। रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों को 40,000/– रुपये की धनराशि जारी की गई। आयोग ने यह निर्णय लिया कि मानवाधिकार तथा शिक्षा की योजना को जीडीए के साथ समूहबद्ध किया जाये (दिनांक 10.05.2013 को आयोजित आयोग की 493वीं बैठक में निर्णय लिया गया)।

9. सूचना एवं सम्प्रेषण प्रौद्योगिकीयों का समेकन

- ई–अभिशासन की योजना के भाग के रूप में ई–कार्यालय योजना को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग में कार्यान्वित किया गया है ताकि मिसिलों की प्राप्ति और उनके चालन के संबंध में कागज रहित परिवेश तैयार किया जा सके।
- सभी विषयों में स्नातकोत्तर विषयों में ई–विषयवस्तु पाठ्य सामग्री के विकास हेतु आयोग ने खाका तैयार करने और योजना के समग्र प्रचालन की देखरेख के लिए एक स्थायी समिति का गठन किया है। ई–विषयवस्तु के विकास का कार्य इन्फलिबनेट को सौंपा गया है। इस प्रकार से विकसित ई–विषयवस्तु, इन्फलिबनेट और साथ ही साक्षात पोर्टल पर स्थापित एक ज्ञान अर्जन प्रबंधन प्रणाली (एलएमएस) के माध्यम से मुक्त रूप से पहुंच हेतु उपलब्ध होगी। वर्ष 2013–14 के दौरान परियोजना पर कुल 6.59 करोड़ रुपये की लागत आई।

10. नई पहल

- वर्ष 2013–14 के दौरान विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने प्रायोगिक आधार पर सामुदायिक महाविद्यालयों की योजना आरंभ की। योजना का मुख्य उद्देश्य स्थानीय रूप से कम लागत, उच्च गुणवत्तायुक्त शिक्षा उपलब्ध कराना है जिसमें पारम्परिक कौशल विकास साथ ही पारम्परिक पाठ्यक्रम कार्य शामिल हो ताकि शिक्षार्थी को सीधे ही नियोजन क्षेत्र अथवा उच्चतर शिक्षा के क्षेत्र में जाने का सीधा अवसर मुहैया करवाया जा सके। वर्ष 2013–14 (07 विश्वविद्यालयों तथा 57 महाविद्यालयों में) के दौरान योजना के तहत 64 सामुदायिक महाविद्यालयों को अनुमोदित किया गया। वर्ष 2013–14 के दौरान 11.93 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई थी।
- मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने दिनांक 29 दिसम्बर, 2012 के आदेश के माध्यम से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 20(1) के तहत उच्चतर शिक्षा संस्थानों में आयोजित दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रमों को मान्यता प्रदान करने हेतु विनियम, मानदण्डों के अनुरक्षण के संबंध में निदेश जारी किये। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने इन निदेशों के संबंधों में अनेक कदम उठाये। वर्ष 2013–14 के दौरान 12 राज्य मुक्त विश्वविद्यालयों तथा दोहरी पद्धति वाले विश्वविद्यालयों के लगभग 45 दूरस्थ शिक्षा निदेशालयों को लगभग 57.00 करोड़ रुपये की राशि जारी की।
- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने महाविद्यालयी/विश्वविद्यालयी शिक्षा के भाग के रूप में कौशल विकास आधारित उच्चतर शिक्षा योजना को आरंभ किया है जिससे एनएसक्यूएफ के तहत डिप्लोमा/उच्च डिप्लोमा जैसे बहु–निकास विकल्पों के साथ व्यवसाय में स्नातक (बी0वोक0) उपाधि प्राप्त हो सके।

1 प्रस्तावना

1.1 पृष्ठभूमि

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग 28 दिसम्बर, 1953 को अस्तित्व में आया तथा विश्वविद्यालयी शिक्षा में समन्वय करने तथा मानकों के निर्धारण तथा अनुरक्षण हेतु 1956 में संसद के अधिनियम के माध्यम से भारत सरकार का एक सांविधिक निकाय बन गया।

- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम की धारा 18 के अनुसार आयोग पिछले वर्ष के दौरान अपने क्रियाकलापों का सटीक एवं संपूर्ण ब्यौरा देते हुए प्रत्येक वर्ष एक बार वार्षिक रिपोर्ट तैयार करेगा तथा उसकी प्रतियों को केन्द्र सरकार को भेजेगा तथा सरकार उसे संसद के दोनों सदनों के पटल पर रखेगा।

- भारत सरकार, आयोग में एक अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा दस सदस्यगणों (सचिव–शिक्षा, सचिव–व्यय, आठ अन्य सदस्यगणों) की नियुक्ति/नामित करेगी। सचिव, सचिवालय का अध्यक्ष होता है जिसमें समूह 'क' के 77, समूह 'ख' के 248 तथा समूह 'ग' के 205 अधिकारियों के साथ कुल 542 कर्मचारिवृंद है। कुल कर्मचारियों का 28 प्रतिशत महिलाएं, 19 प्रतिशत अनुसूचित जाति तथा 4.8 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति के कर्मचारिवृंद है।

- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने वर्ष 1994 से अपने कार्यकरण को चरणबद्ध तरीके से विकेन्द्रीकृत करते हुए **सात** क्षेत्रीय कार्यालय खोले है ताकि सुलभ पहुंच सुनिश्चित की जा सके और महाविद्यालय क्षेत्र से संबंधित विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों हेतु शीघ्रता से अनुदान जारी किया जा सके।

- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का बारहवीं पंचवर्षीय योजना (2012–17) का मुख्य उद्देश्य उच्चतर शिक्षा में गुणवत्ता, समावेशी तथा तर्कसंगतता के साथ अकादमिक सुधारों में नामांकन में विस्तार किया जा सके। बारहवीं पंचवर्षीय योजना हेतु सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) हेतु 30 प्रतिशत का लक्ष्य है तथा इसे शैक्षिक संस्थानों की संख्या में वृद्धि कर तथा मौजूदा संस्थानों के दाखिले की क्षमता में वृद्धि करने की दोहरी रणनीति को अपनाकर प्राप्त किया जा सकता है।

1.1 (क) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की भूमिका और संगठन

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग दिनांक 28.12.1953 को अस्तित्व में आया, वर्ष 1956 में संसद के अधिनियम से एक सांविधिक संगठन बना। वि0अ0आ0 अधिनियम की धारा 12 उपबंध करती है कि आयोग संबंधित विश्वविद्यालयों के साथ परामर्श कर विश्वविद्यालयी शिक्षा के संवर्धन और समन्वय तथा शिक्षण, परीक्षा तथा शोध में मानदंड के निर्धारण तथा उनके अनुरक्षण हेतु ऐसे सभी कदम उठाएगा जो वह उचित समझता हो।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग केन्द्र, राज्य सरकारों तथा उच्चतर शिक्षण संस्थानों के बीच एक अहम कड़ी का काम करता है। विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों को अनुदान प्रदान करने की भूमिका के साथ–साथ विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विश्वविद्यालयी शिक्षा में सुधार करने के लिए आवश्यक उपायों पर केन्द्र तथा राज्य सरकारों को भी परामर्श देता है। यह शिक्षकों के लिये शिक्षण के न्यूनतम मानदण्ड तथा योग्यता जैसे विनिमय भी तैयार करता है।

उच्चतर शिक्षा के बहु–आयामी उद्देश्यों की प्राप्ति तथा उच्चतर शिक्षा के स्तर को बनाये रखने तथा उसके समन्वय के मुख्य कार्यों के निवर्हन में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने उच्चतर शिक्षा के उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु विविध कार्यक्रम तैयार किये है तथा कार्यान्वित किये हैं।

संगठनात्मक ढांचा

आयोग में एक केन्द्र सरकार द्वारा नियुक्त अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा दस अन्य सदस्य होते हैं। अध्यक्ष पद के चयन के लिए व्यक्ति केन्द्र सरकार या किसी राज्य सरकार का अधिकारी नहीं होना चाहिए। केन्द्र सरकार का प्रतिनिधित्व करने के लिए दस सदस्यों में से दो सदस्यों का चयन, केन्द्र सरकार के अधिकारियों में से किया जाता हैं। कम से कम चार सदस्यों का चयन विश्वविद्यालयों में कार्यरत शिक्षक में से किया जाता है।

शेष सदस्यों का चयन निम्नलिखित व्यक्तियों में से किया जाना चाहिए:

1) जिन्हें कृषि, वाणिज्य, वानिकी अथवा उद्योग में ज्ञान या अनुभव हो।

2) जो अभियांत्रिकी, विधिक, चिकित्सा या किसी अन्य प्रतिष्ठित पेशे के सदस्य हों, अथवा

3) जो विश्वविद्यालय के उप कुलपति हो, अथवा जो विश्वविद्यालय के शिक्षक न हो परंतु केन्द्र सरकार के मत में प्रतिष्ठित शिक्षाविद् हो अथवा जिनकी उच्च अकादमिक योग्यता हो।

वि0अ0आ0 के कार्यकारी शीर्ष सचिव महोदय हैं। वर्ष 2013–14 के दौरान निम्नलिखित कर्मचारिवृंद के साथ उन्होंने आयोग के सचिवालय की अध्यक्षता की:–

समूह	संस्वीकृत संख्या	कुल कर्मचारियों की संख्या	कुल कर्मचारियों की संख्या में से संस्वीकृत संख्या		
			महिला (प्रतिशत)	अनुसूचित जाति (प्रतिशत)	अनुसूचित जनजाति (प्रतिशत)
समूह 'क'	103	77	34 (44.15%)	09 (11.68%)	2 (2.59%)
समूह 'ख'	320	248	100 (40.32%)	56 (22.58%)	10 (4.03%)
समूह 'ग'	318	205	17 (8.29%)	36 (17.56%)	14 (6.82%)
जलपानगृह	19	12	1 (8.33%)	3 (25%)	शून्य
कुल	**760**	**542**	**152**	**104**	**26**

वर्ष 2013–14 के दौरान आयोग में कर्मचारियों की संस्वीकृत तथा वास्तविक संख्या



क्षेत्रीय कार्यालय

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के महाविद्यालय क्षेत्रक से संबंधित क्षेत्रक के कार्यान्वयन हेतु हैदराबाद, पुणे, भोपाल, कोलकाता, गुवाहाटी, बंगलूरू तथा दिल्ली में सात क्षेत्रीय कार्यालय हैं। उत्तरी क्षेत्रीय कार्यालय विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के 35, फिरोजशाह रोड, नई दिल्ली स्थित क्षेत्रीय कार्यालय से प्रचालनरत है। क्षेत्रीय कार्यालय तथा इसके तहत शामिल राज्य महाविद्यालयों की सूची निम्नवत है:

क्र.सं.	क्षेत्रीय कार्यालय	कवर किए गए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र
1.	दक्षिणी पूर्व क्षेत्रीय कार्यालय (एसईआरओ), हैदराबाद	आन्ध्र प्रदेश, तमिलनाडु, अंडमान और निकोबार, पुदुचेरी
2.	पश्चिमी क्षेत्रीय कार्यालय (डब्ल्यूआरओ), पुणे	महाराष्ट्र, गुजरात, गोवा, दादर और नागर हवेली, दमन और द्वीव
3.	केन्द्रीय क्षेत्रीय कार्यालय (सीआरओ), भोपाल	मध्य प्रदेश राजस्थान, छत्तीसगढ़
4.	उत्तर पूर्व क्षेत्रीय कार्यालय (एनइआरओ), गुवाहाटी	असम, मेघालय, मिजोरम, मणिपुर, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश, नागालैण्ड
5.	पूर्व क्षेत्रीय कार्यालय (ईआरओ), कोलकाता	पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडीशा, सिक्किम, झारखण्ड
6.	दक्षिणी–पश्चिमी क्षेत्रीय कार्यालय (एसडब्ल्यूआरओ), बंगलूरू	कर्नाटक, केरल, लक्षद्वीप
7.	उत्तरी क्षेत्रीय महाविद्यालय ब्यूरो (एआरसीओ), दिल्ली	जम्मू और कश्मीर, पंजाब, चण्डीगढ़, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड

1.2 बारहवीं पंचवर्षीय योजना के बारे में

लोगों के उत्थान तथा देश की उन्नति सुनिश्चित करने के लिए शिक्षा एक महत्वपूर्ण माध्यम है। भारत की उच्चतम शिक्षा प्रणाली को योजना सहायता प्रदान की जा रही है। वि0अ0आ0 ने देश में सूचना आधार का स्रोत सामग्री के रूप में विकास करने के लिए उच्चतर शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर अनेक अध्ययनों को प्रायोजित किया ताकि बारहवीं पंचवर्षीय योजना के लिए पद्धति और रणनीति तैयार की है। यह अध्ययन विस्तार, समावेश, गुणवत्ता और वित्त से जुड़े हुए है। इन अध्ययनों से प्राप्त हुई सूचना को बारहवी पंचवर्षीय योजना के लिए परिप्रेक्ष्य तैयार करने के लिए उपयोग किया गया है और निष्कर्षों द्वारा इसके उद्देश्य और लक्ष्य की प्राप्ति में मदद मिली है।

बारहवी पंचवर्षीय योजना का मुख्य उद्देश्य समावेशी गुणवत्ता तथा विश्वविद्यालय और महाविद्यालय प्रणाली में आवश्यक अकादमिक सुधारों के साथ समावेशी गुणवत्ता और संगत शिक्षा के साथ उच्चतर शिक्षा में नामांकन में वृद्धि करना है। इसलिए, मुख्य बल संस्थानिक क्षमता तथा दाखिले की क्षमता में वृद्धि के माध्यम से उच्चतर शिक्षा तक पहुच का विस्तार करना, उच्चतर शिक्षा तक कम पहुंच वाले समूहों को पहुंच के समान अवसर उपलब्ध करवा कर समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देना, गुणवत्ता युक्त शिक्षा को बढ़ावा देना, संगत शिक्षा को बढ़ावा देना, अकादमिक तथा शासी सुधारों को आरंभ करना आदि पर रहेगा।

बारहवीं पंचवर्षीय योजना में 2012 के 15 प्रतिशत के वर्तमान सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) में वृद्धि कर उसे 2017 तक 30 प्रतिशत करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। 5 प्रतिशत की निवल वृद्धि का लक्ष्य दोहरी रणनीति से प्राप्त किया जाना है जिसमें शैक्षणिक संस्थानों की संख्या में वृद्धि तथा मौजूदा संस्थानों की दाखिले की क्षमता बढ़ाना शामिल है

बारहवीं पंचवर्षीय योजना के मुख्य उद्धेश्य निम्नवत है : 15 प्रतिशत

क) बारहवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान नामांकन अनुपात को 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 30 प्रतिशत के स्तर तक लाने में मदद करना;

ख) विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों तथा अन्य इस प्रकार के संस्थानों के संदर्भ में शैक्षणिक क्षमता का विस्तार कर 30 प्रतिशत सकल नामांकन दर (जीईआर) के लक्ष्यों को प्राप्त करना;

ग) उन जिलों की सकल नामांकन दर में वृद्धि करना जिनकी उच्चतर शिक्षा एक पहुंच सीमित है;

घ) शैक्षणिक रूप से पिछड़े समूहों के नामांकन में वृद्धि करना तथा समावेशी बनाना;

ड) गुणवत्ता और उत्कृष्टता को बढ़ावा देना;

च) संगत शिक्षा को बढ़ावा देना;

छ) सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के उपयोग को बढ़ावा देना तथा अन्य संबद्ध मुद्दे पर घ्यान केन्द्रीत करना;

ज) विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में प्रवेश, परीक्षा तथा मूल्यांकन प्रणाली में सुधार प्रक्रिया आरंभ करना;

झ) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के आंतरिक कार्यकरण का कंप्यूटरीकरण के माध्यम से सुधार करना तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग में मानव संसाधन में सुधार सहित शैक्षणिक संस्थानों को आपस में जोड़ना;

ट) डाटाबेस और अनुसंधान क्षमताओं में सुधार करना ताकि शैक्षणिक नीतियों और कार्यक्रमों को सतत् रूप से सुदृढ़ किया जा सके तथा एक उचित संस्थागत ढांचा तैयार किया जा सके।

आयोग ने 10.05.2013 को आयोजित बैठक में 19800 करोड़ रुपए के आवंटन को अनुमोदित किया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के लिये योजनागत आवंटन को मोटे तौर पर निम्नवत तीन क्षेत्रकों में विभाजित किया गया है:–

	(करोड रूपये में)
केन्द्रीय विश्वविद्यालय को सहायता,	10500.00
केन्द्र सरकार के तहत सम विश्वविद्यालयों को सहायता,	300.00
राज्य विश्वविद्यालय,	2048.00
क्षेत्रीय कार्यालय, एनआरसीबी तथा दिल्ली महाविद्यालय	2026.00
12(ख) के तहत सम्मिलित किये जाने वाले नये राज्य विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालय,	726.00
स्व–वित्तपोषित विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के लिये शिक्षक/छात्र केन्द्रीय योजनाएं, नई आईयूसी नवेन्मेषी विश्वविद्यालय तथा अन्य नई योजनाएं खेलकूद को बढ़ावा देना तथा आरंभ की जाने वाली अन्य योजनाएं तथा अन्य विविध कार्यक्रम	4200.00
कुल	**19800.00**

वित्त वर्ष 2013–14 से निम्नवत योजनाओं को **बंद** करने का निर्णय लिया गया है।

(1) जीवन–पर्यन्त ज्ञान अर्जन एवं विस्तार;

(2) सामाजिक समावेश तथा बहिष्करण संबंधी अध्ययन हेतु केन्द्र;

(3) नवेन्मेषी कार्यक्रम;

(4) कम्प्यूटर केन्द्रों की स्थापना/उन्नयन;

(5) विश्वविद्यालय में मौजूदा तथा नये प्रबंधन विभागों के उन्नयन हेतु विकास सहायता;

(6) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग–इन्फोनेट नेट कनेक्टिविटी कार्यक्रम;

(7) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग इन्फोनेट नेट डिजीटल लाइब्रेरी कन्सोर्शियम;

(8) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नेटवर्क संसाधन केन्द;

(9) महाविद्यालय को जयंती एवं शताब्दी अनुदान;

(10) मीडिया केन्द्र/संबद्ध मीडिया केन्द्रों की स्थापना;

(11) गेट योग्यता प्राप्त अभ्यर्थियों हेतु एमई/एमटेक हेतु कनिष्ठ शोध अध्येतावृत्ति;

(12) नई योजना के तहत केन्द्र।

निम्नलिखित योजनाओं को अन्य योजनाओं के साथ समूहबद्ध किया गया है:

(1) मानवाधिकार एवं कर्त्तव्य शिक्षा (एचआरडीई) को सामान्य विकास सहायता (जीडीए) के साथ समूहबद्ध किया गया है;

(2) महिला प्रबंधकों का क्षमता निर्माण को महिला अध्ययन केन्द्र के साथ समूहबद्ध किया गया है;

(3) योग शिक्षा को बढ़ावा देने की योजना को खेलकूद को बढ़ावा देने की योजना के साथ समूहबद्ध किया गया है;

(4) एनकोर को जीडीए के साथ समूहबद्ध किया गया है;

(5) उपकरण अनुरक्षण सुविधाओं को जीडीए के साथ समूहबद्ध किया गया है;

(6) विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालय में खेलकूद अवसंरचना तथा उपस्कर संबंधी विकास योजना को खेलकूद को बढ़ावा देने संबंधी योजना के साथ समूहबद्ध किया गया है;

(7) आगन्तुक/अंशकालिक शिक्षक की नियुक्ति/मानदेय संबंधी योजना को जीडीए के साथ समूहबद्ध किया गया है।

उपरोक्त सात योजनाओं पर किया गया व्यय/किये जाने वाले व्यय को उन योजनाओं के शीर्ष से किया जायेगा जिनके साथ उन्हें समूहबद्ध किया गया है।

आयोग ने बारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान निम्नवत नई योजनाओं को जारी रखने अथवा आरंभ करने का निर्णय लिया है :

1) **पदक विजेता**

2) **संसाधन जुटाने हेतु प्रोत्साहन**

1.3 विश्वविद्यालय अनुदान आयोग में चल रहे विशेष प्रकोष्ठ

(क) सूचना का अधिकार अधिनियम (आर.आई.ए.) प्रकोष्ठ

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय है तथा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत आवेदनकर्ताओं को जानकारी प्रदान करता है। केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) के तहत एक प्रकोष्ठ अर्थात् सूचना का अधिकार अधिनियम (आरआईए प्रकोष्ठ) के तहत आवेदनों/अपीलों को प्राप्त करता है तथा सीपीआईओ से विभिन्न सीपीआईओ/अपीलीय प्राधिकरणों जिनके पास संगत जानकारी होती है, उन्हें भेजे जाने हेतु अपेक्षित संख्या में प्रतियां तैयार करता है।

- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के मुख्य कार्यालय, शाखा कार्यालय तथा क्षेत्रीय कार्यालयों सहित 18 अपीलीय प्राधिकरण तथा 38 सीपीआईओ है।
- आवेदनकर्ताओं से प्राप्त आरटीआई आवेदन/अपीलों तथा केन्द्रीय सूचना आयोग आदि से प्राप्त नोटिस/निर्णयों को केन्द्रीयकृत रूप से केन्द्रीय जनसूचना अधिकारी (सीपीआईओ) के नाम पर मुख्य कार्यालय में प्राप्त किया जाता है तथा संबंधित केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी जिनके पास संगत, जानकारी होती है उन्हें भेजा जाता है।
- आरटीआई आवेदन/अपील/नोटिस निर्णय की एक प्रति आरआईए प्रकोष्ठ में अभिलेख स्वरूप रखी जाती है।
- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग में सभी ब्यूरो मुखियाओ को आरटीआई के तहत अपीलीय प्राधिकरण बनाया गया है तथा उनके तहत ब्यूरो में उप–सचिव/अवर सचिव/शिक्षा अधिकारियों को केन्द्रीय जनसूचना अधिकारी बनाया गया है।
- प्राप्त आरटीआई आवेदनों/अपीलों/शुल्क आदि की त्रैमासिक/वार्षिक रिपोर्ट को आरआईए प्रकोष्ठ द्वारा तैयार किया जाता है तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग वेबसाइट तथा सीआईसी पोर्टल पर अपलोड किया जाता है।

- क्षेत्रीय कार्यालयों में प्राप्त आरटीआई आवेदनों/अपीलों पर संबंधित केन्द्रीय जनसूचना अधिकारी/अपीलीय प्राधिकारियों द्वारा कार्यवही की जाती है।
- आवेदकों से संग्रहित आरटीआई शुल्क का भी लेखा–जोखा आरटीआई प्रकोष्ठ द्वारा रखा जाता है।
- केन्द्रीय जनसूचना अधिकारी/अपीलीय प्राधिकारियों की सूची विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की वेबसाईट पर डाली गई है।

वर्ष 2013–14 के दौरान विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को सूचना अधिकार अधिनियम के अंतर्गत कुल मिलाकर 14919 आवेदन तथा 776 अपीलें प्राप्त हुई तथा वर्ष 2013–14 के दौरान आरटीआई शुल्क संग्रहण 1,35,016/– रु0 रहा तथा अतिरिक्त शुल्क 28496/– रुपये रहा।

(ख) वेतनमान प्रकोष्ठ

वेतनमान प्रकोष्ठ की स्थापना वर्ष 1984 में हुई थी, इस प्रकोष्ठ को समय–समय पर गठित की गई वेतन समीक्षा समितियों के कार्य का समन्वय करने का कार्य सौपा गया है। विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के शिक्षकों के वेतनमानों तथा सेवाशर्तों से संबंधित मामलों में शिक्षकों के राष्ट्रीय स्तर पर संगठनों तथा मानव संसाधन विकास मंत्रालय के साथ भी यह प्रकोष्ठ वार्ता करता है। रिर्पोटाधीन वर्ष 2013–2014 के दौरान निम्नलिखित महत्त्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं और उनकी जानकारी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों को प्रदान की गई :–

1. शिक्षक और अन्य भौक्षणिक कर्मचारिवृंदों की नियुक्ति हेतु न्यूनतम अर्हता संबंधी नया विनियमन, 2010

वेतनमान प्रकोष्ठ ने विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में शिक्षकों और अन्य शैक्षणिक कर्मचारिवृंदों की नियुक्ति हेतु न्यूनतम अर्हता संबंधी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विनियमों तथा उच्चतर शिक्षा में मानदण्ड बनाए रखने के संबध में उपायों संबधी विनियम, 2010 में सीएएस हेतु शैक्षणिक निष्पादन सूचकों तथा कुलपतियों (एफ–वाई) की नियुक्ति के संबंध में द्वितीय संशोधन (विनियम, 2013) जारी किया है।

2. वर्ष 2013 से 2014 की अवधि के दौरान कॅरियर प्रोन्नति योजना के अंतर्गत रीडर से प्रोफेसर के पद पर पदोन्नति हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पर्यवेक्षक की नियुक्ति

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग पर्यवेक्षक की नियुक्ति करके भारत में कार्यरत सभी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों में सीएएस के अंतर्गत उपाचार्य से प्रोफेसर के पद पर पदोन्नति हेतु चयन प्रक्रिया की निगरानी कर रहा है। यह सुनिश्चित करने के लिए व्यवस्था की गई है कि इस प्रयोजन हेतु विहित प्रक्रिया का विश्वविद्यालयों द्वारा अनुपालन किया जाए। रिपोर्टिंग वर्ष 2013–14 के दौरान सीएएस के अंतर्गत रीडर से प्रोफेसर के पद पर पदोन्नति हेतु चयन प्रक्रिया का पर्यवेक्षण करने के लिए **58** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई।

(ग) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ

विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में अनुसूचित जाति/अनूसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्गों के अभ्यर्थियों के लिए दाखिले शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर पदों पर आरक्षण नीति को प्रभावी ढंग से लागू करने की प्रक्रिया की निगरानी करने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा प्रकोष्ठ की स्थापना की गई है। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्ग के लिए विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों में आरक्षण नीति का प्रभावी ढंग से अनुपालन सुनिश्चित

करने संबधी निगरानी करने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग में एक स्थायी समिति का गठन किया गया है। इस समिति का प्रतिनिधित्व, शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों, भूतपूर्व कुलपतियों एवं उच्चतर शिक्षा क्षेत्र के विशिष्ट व्यक्तियों द्वारा किया जाता है। विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में आरक्षण के स्तर को और रिक्तियों के पिछले बकाया पदों की निगरानी करने के लिए स्थायी समिति और स्थायी उप–समिति समय–समय पद बैठक करती रहती है।

भारत सरकार के निदेशानुसार विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, शिक्षण, शिक्षणेत्तर तथा दाखिले में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) हेतु आरक्षण की नीति के कार्यान्वयन के लिए प्रयासरत है। भारत के संविधान के अनुच्छेद 3(1) के तहत अल्पसंख्यक संस्थानों के अलावा केन्द्र सरकार द्वारा वित्तपोषित सभी अनुदान–सहायता प्राप्तकर्ता संस्थानों में अपिव हेतु 27 प्रतिशत आरक्षण के कार्यान्वयन हेतु अनुदेश जारी किये गये है।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों तथा उच्चतर शिक्षा के अन्य संस्थानों में नियुक्तियों तथा दाखिले में अपिव हेतु आरक्षण नीति के कार्यान्वयन की निगरानी तथा मूल्यांकन करने के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग के कल्याण हेतु एक स्थायी समिति का गठन किया गया है।

(घ) अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने एक पृथक अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ स्थापित किया गया है जिसमें अल्पसंख्यकों से जुड़े मामलों पर विचार किया जाता है जैसे अल्पसंख्यक संस्थानों को समविश्वविद्यालयों का स्तर प्रदान किया जाना, अल्पसंख्यक संस्थानों को विश्वविद्यालयों के साथ सहसंबद्धता उपलब्ध कराना है।

अल्पसंख्यकों के कल्याण संबंधी स्थायी समिति, अल्पसंख्यकों के कल्याण हेतु चालू योजनाओं की नियमित रूप से समीक्षा तथा निगरानी करता है। स्थायी समिति की वर्ष में एक अथवा दो बार बैठक आयोजित की जाती है। भारत सरकार के निर्देशानुसार, समय–समय पर अल्पसंख्यकों के कल्याण हेतु गठित उप–समिति की बैठक समय–समय पर आयोजित की जाती है। समिति ने अल्पसंख्यकों के कल्याण हेतु योजनाओं की संख्या में वृद्धि करने के लिये उपघटक को सम्मिलित किये जाने की सिफारिश की।

(ङ) सतर्कता प्रकोष्ठ

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने भ्रष्टाचार की प्रभावी ढ़ंग से रोकथाम करने के लिए भारत सरकार के अनुदेशों के अनुसार एक सतर्कता प्रकोष्ठ स्थापित किया है ताकि कार्यालय के काम–काज पर नजर रखी जा सके जिससे यहाँ कोई भ्रष्टाचार में सलिप्त न हो पाये । सतर्कता प्रकोष्ठ के प्रमुख, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अपर सचिव के पद का एक अधिकारी होता जिसे केन्द्रीय सतर्कता आयोग द्वारा विधिवत रूप से अनुमादित किया गया था। केन्द्रीय सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) मुख्यतः विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में भ्रष्टाचार की रोकथाम करने तथा भ्रष्टाचार के मामलों का पता लगाने के लिए उत्तरदायी है और जहां कहीं भी आवश्यक होता है कानूनी कार्यवाही की जाती है। इसके अतिरिक्त केन्द्रीय सतर्कता अधिकारी निम्नलिखित कार्य भी सुनिश्चित करता है :

- संदिग्ध निष्ठा वाले अधिकारियों पर उचित निगरानी रखना।
- निम्न से संबंधित ऐसे निष्ठा विषयक आचरणों का तुरन्त पालन करना :– (i) परिसंपत्तियों और अर्जनों का विवरण, (ii) उपहार, (iii) निजी फर्मो में नौकरी कर रहे या प्राइवेट व्यवसाय कर रहे संबंधी लोग (iv) बेनामी लेन–देन।
- संवेदनशील स्थानों का पता लगाना, ऐसे स्थानों का नियमित एवं औचक निरीक्षण करना और संवेदनशील पदों पर नियुक्त किए गए ऐसे कार्मिकों की उचित छानबीन करना।
- विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों को अनुदान आवंटन तथा संवितरण की प्रक्रिया में पारदर्शिता और सरलता लाने के लिए उपचारात्मक उपाय आरम्भ करना।

रिपोटाधीन अवधि के दौरान सर्तकता आयोग के निदेशानुसार, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने **28 अक्तूबर, 2013 से 2 नवम्बर, 2013** तक शपथ दिलावाकर, इश्तेहार तथा पोस्टर प्रदर्शित कर तथा पर्चे बांटकर **सर्तकता जागरूकता सप्ताह** मनाया।

वर्ष 2013–14 के दौरान सतर्कता प्रकोष्ठ ने **सीवीसी (25), मानव संसाधन विकास मंत्रालय (33), केन्द्रीय अन्वेशण ब्यूरो (10)** और विभिन्न विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों और अन्य एजेंसियों से 178 शिकायतें प्राप्त हुई। संवेदनशील शिकायतों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष द्वारा नियुक्त जांच समिति के समक्ष रखा गया था। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का सतर्कता प्रकोष्ठ, सतर्कता जांच समिति की सिफारिशों के अनुसार कार्यवाही करता है और मामले को संबंधित ब्यूरो के साथ उठाता है।

(च) विधिक प्रकोष्ठ

विधिक प्रकोष्ठ की स्थापना वर्ष 1984 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के मुख्य कार्यालय में की गई थी। विधिक प्रकोष्ठ, भारत में उच्चतम न्यायालय, विभिन्न उच्च/अधीनस्थ न्यायालयों, मंचों तथा आयोग आदि में विधिक प्रकरणों पर कार्यवाही करता है।

विधिक प्रकोष्ठ समस्त देश के विभिन्न न्यायालयों तथा न्यायाधिकरणों में नियुक्त अधिवक्ताओं के बीच न्यायालय के मामलों का समन्वय करता है। दूसरे, यह विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के ब्यूरो से संबद्ध विभिन्न मामलों पर नामनिर्दिष्ट विधिक परामर्शदाता का मत उपलब्ध कराता है।

कोर्ट से औपचारिक नोटिस मिलने पर, संबंधित पेनल के अधिवक्ता को वकालतनामा जारी किया जाता है तत्पश्चात, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विधिक परामर्शदाता से विधिक परामर्श लेकर, संबद्ध ब्यूरो से पैरा–वार टिप्पणी लेता हैं, विधिक परामर्शदाता के मतानुसार, उत्तर देने अथवा मामले के निपटारे तक मामले की पैरवी करने के लिए ऐसी टिप्पणियों को पेनल के अधिवक्ता को मुहैया करवाया जाता है। मामले का निपटारा होने तक वि0अ0आ0 के विधिक प्रकोष्ठ द्वारा अपने वकील के साथ समस्त पत्र व्यवहार किया जाता है। मुकदमे के निपटारे के पश्चात, न्यायालय के निदेशानुसार, यदि ऐसा करना अनिवार्य हो तो, निर्णय की प्रति संबंधित ब्यूरो को, उचित/आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजी जाती है।

वर्तमान में, अधिकांश मामले मुख्यतः विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों के शिक्षण और शिक्षणेत्तर स्टॉफ के वेतनमानों, अर्हताएँ सेवानिवृत्ति आयु चयन, व्यवसायिक नेट पाठ्यक्रमों में दाखिलों, सामान्य प्रवेश परीक्षा, विभिन्न संस्थानों की स्थापना, जाली संस्थानों की स्थापना आदि से संबंधित होते है। कुछ मामले विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के कर्मचारिवृंदों से संबद्ध प्रशासनिक मामले भी होते हैं।

वर्तमान में वर्ष 2013–2014 के दौरान प्राप्त मामलों की संख्या और किए गए व्यय का ब्यौरा निम्न प्रकार है:

वर्ष	प्राप्त मामलों की संख्या	अधिक्ताओं के बिलों पर किया गया व्यय (लाख रुपये में)
2013-2014	1126	269.38

(छ) डेस्क : संसदीय मामले

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का डेस्क संसद्'', भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालय, विशेष रूप से मानव संसाधन विकास मंत्रालय से प्राप्त हुए संसद् प्रश्नों के उत्तर तैयार करने, परिवीक्षा करने और उनका समन्वय करने का कार्य करता है।

वर्ष 2013–2014 के दौरान बजट/मानसून/शीतकालीन सत्र के दौरान निम्नलिखित संसदीय प्रश्न प्राप्त हुए/उत्तर दिया गया:

वर्ष	संसदीय प्रश्नों की कुल संख्या	कुल प्रश्नों में से तारांकित प्रश्नों की संख्या	आश्वासनों की संख्या
2013—14	505	44	9

1 अप्रैल, 2013 से 31 मार्च, 2014 तक संसदीय प्रश्नों का सत्र—वार ब्यौरा

सत्र की तिथि	लोक सभा प्राप्त प्रश्न		राज्य सभा प्राप्त प्रश्न		कुल ग्राह्य/अतारांकित	कुल तारांकित	कुल योग
	ग्राह्य/अतारांकित	तारांकित	ग्राह्य/अतारांकित	तारांकित			
23 अप्रैल से 10 मई, 2013	37	1	43	2	80	3	**83**
5 अगस्त से 30 अगस्त, 2013	59	8	81	15	140	23	**163**
5 दिसम्बर से 20 दिसम्बर, 2013	83	4	51	8	134	12	**146**
5 फरवरी से 21 फरवरी, 2014	91	6	16	0	107	6	**113**
कुल					**461**	**44**	**505**

(ज) कदाचार रोधी प्रकोष्ठ

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 के उल्लंघन में देश भर में जाली विश्वविद्यालयों/संस्थानों और जाली डिग्रीयों/अंक तालिकाओं के तीव्र प्रसार के खतरे से निबटने के लिए 30 मई, 1996 को कदाचार प्रकोष्ठ, की स्थापना की हुई है। यह राज्य अधिनियम, केन्द्रीय अधिनियम, अथवा प्रांतीय अधिनियम के तहत स्थापित नहीं किए गए संस्थान हैं, जिन्हें विशेष रूप से उपधियां प्रदान करने के अधिकार दिए गए हैं अतः जाली विश्वविद्यालय/संस्थान विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 2(च) के तहत मान्यता प्राप्त हैं। प्रकोष्ठ का मूल उददेश्य प्रिंट मीडीया एव अन्य स्रोतों के माध्यम से जाली विश्वविद्यालयों/संस्थानें के बारे में सूचना एकत्रित करना और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के ध्यान मे लाना तथा राज्य/केन्द्र सरकार की विभिन्न एजन्सियों के साथ संपर्क करना हैं, ताकि इन सभी जाली विश्वविद्यालयों/संस्थानों के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

वर्तमान में, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अनुरक्षित जाली विश्वविद्यालयों की सूची में 21 जाली विश्वविद्यालय हैं। 21 जाली विश्वविद्यालयों की राज्यवार सूची विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की वेबसाईट पर हैं।

(झ) ''कार्यस्थलों पर महिला यौन उत्पीड़न'' को रोकने संबंधी प्रकोष्ठ

संयुक्त सचिव की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का ''कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न'' प्रकोष्ठ कार्यस्थल पर महिला कर्मचारियों की शिकायतों पर कार्यवाही करता है। रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान दौरान प्रकोष्ठ को कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई।

(ञ) रैगिंग रोधी प्रकोष्ठ

सिविल अपील संख्या 887/2009 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 08.05.2009 के निर्णय के अनुसरण में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने "उच्चतर शिक्षा संस्थानों में रैगिंग की समस्या पर रोक लगाने संबंधी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विनियम, 2009 तैयार किए है, और उन्हें 17 जून, 2009 को अधिसूचित किया गया जोकि वर्तमान में प्रभावी हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग सभी विश्वविद्यालयों को स्पष्ट कर दिया है कि यह विनियम अनिवार्य है।

आयोग ने सभी संस्थानों को अपनी विवरणिका में रैगिंग को वर्जित करने तथा इसके परिणामों के संबंध में निदेशों को शामिल करने को अनिवार्य बनाया है। सामान्य अथवा किसी विशेष योजना के तहत किसी संस्थान को दी जाने वाली वित्तीय सहायता अथवा अनुदान सहायता के संबंध में उपयोगिता प्रमाणपत्र में संस्थान द्वारा रैगिंग रोधी उपायों का अनुपालन किये जाने वाली विशिष्ट शर्त को शामिल किया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग सभी विश्वविद्यालय को अकादमिक सत्र के आरंभ होने से पूर्व सार्वजनिक सूचनाओं, वेबसाईट तथा विश्वविद्यालय को पत्रों के माध्यम से रैगिंग रोधी उपायों का कड़ाई का अनुपालन किये जाने के संबंध में अनुस्मरण कराती है। हाल ही में 19.7.2013 को उच्चतर शिक्षा संस्थानों में रैगिंग की समस्या पर लगाम लगाने के संबंध में एक सार्वजनिक नोटिस प्रकाशित किया गया। सीईसी द्वारा रैगिंग रोधी एक वीडियो फिल्म तैयार करके विश्वविद्यालय अनुदान आयोग वेबसाईट पर अपलोड की गई है तथा सभी विश्वविद्यालय से इसे छात्रों, कर्मचारिवृंद तथा अन्य हितधारियों और उनके क्षेत्राधिकार में आने वाले महाविद्यालय में प्रचार करने को कहा गया है। भारत के राजपत्र में दिनांक 29.3.2014 को प्रकाशित विश्वविद्यालय अनुदान आयोग रैगिंग रोधी विनियम में द्वितीय संशोधन के अनुसार विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने प्रत्येक शिक्षा वर्ष के आरंभ में दाखिले के समय संस्थानों में सभी छात्रों/अभिभावकों द्वारा रैगिंग से संबंधित ऑनलाइन वचनपत्र भर कर जमा कराने को अनिवार्य बनाया है।

एक राष्ट्रव्यापी निःशुल्क रैगिंग रोधी हेल्पलाइन 1800–180–5522 आरंभ की गई है, जिस पर रैगिंग संबंधी घटनाओं से पीड़ित छात्र कभी भी संपर्क कर सकते है। इस हैल्पलाइन को कॉल सेंटर सुविधाओं सहित 12 भाषाओं अर्थात् अंग्रेजी, हिन्दी, और क्षेत्रीय भाषाओं (तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़, पंजाबी, मराठी, उड़िया, आसामी, गुजराती और बंगाली) में रैगिंग के पीड़ित छात्रों की सहायता और ऐसी घटनाओं के संबंध में प्रभावी कार्यवाही करने के लिए लागू किया गया है। यह हैल्पलाइन शिकायतकर्ताओं/रैगिंग के पीड़ितों से सीधे शिकायतें प्राप्त करती हैं। इस शिकायत को हैल्पलाइन द्वारा संबंधित संस्थानों तथा स्थानीय प्रशासन (थानाध्यक्ष और पुलिस अधीक्षक) को आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया जाता हैं। रैगिंग संबंधी शिकायतें प्राप्त होने पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, संबंधित संस्थानों से की गई कार्यवाही रिपोर्ट मांगता है। विभिन्न रैगिंग रोधी उपायों का समन्वय करने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग में एक रैगिंग–रोधी प्रकोष्ठ कार्य कर रहा है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग में प्राप्त कथित रैगिंग संबंधी घटनाओं की सभी शिकायतों पर शीघ्र ध्यान दिया जा रहा है तथा संबंधित संस्थानों से की गई कार्यवाही रिपोर्ट मांगी जाती है। संस्थानों द्वारा रैगिंग की कथित घटनाओं पर कार्यवाही न किए जाने की स्थिति में ऐसे संस्थानों के विरूद्ध विनियमनों के अनुसार दंडात्मक कार्यवाही की जाती है। विलम्ब से प्रतिक्रिया प्राप्त होने पर पुनः अनुस्मारक भेजा जाता है और जब कोई कृत कार्यवाही रिपोर्ट प्राप्त नहीं होती है तो दण्डात्मक कार्यवाही आरंभ की जाती है।

पिछले वर्ष के दौरान, हैल्पलाईन के आरंभ होने से अर्थात् अप्रैल, 2013 से 132 कथित रैगिंग की शिकायतें प्राप्त हुई।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा इन शिकायतों को संबंधित संस्थानों के ध्यान में लाया गया है तथा इस संबंध में तत्काल और तुरंत कार्यवाही करने के लिये उनसे अनुस्मारकों तथा कारण बताओ नोटिसों के माध्यम से तत्काल कड़ाई के साथ पत्राचार किया गया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के स्तर पर 2013–14 के दौरान 125 शिकायतों को निपटाया गया। शेष 07 मामलों में की गई कार्यवाही रिपोर्ट की प्रतीक्षा है और यदि कोई उत्तर प्राप्त नहीं होता है तो रैगिंग की समस्या पर लगाम लगाने संबंधी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विनिमय, 2009 के अनुसार संगत दण्डात्मक कार्यवाही आरंभ की जायेगी।

माननीय उच्चतम न्यायालय ने वर्ष 2009 की सिविल अपील सं. 887 में दिनांक 08.05.2009 के निर्णय के माध्यम से छात्रों पर रैगिंग के मानसिक प्रभाव का पता लगाने के लिये मनश्चिकित्सक/मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ आदि की एक समिति का गठन किया तथा विद्यालयों, महाविद्यालयों तथा सभी शैक्षिक एवं व्यावसायिक शिक्षा संस्थानों में तत्काल एवं अनिवार्य मानसिक स्वास्थ्य उपाय करने की सिफारिश की ताकि रैगिंग की घटनाओं से बचा जा सके।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने भारत में चुनिंदा शैक्षिक संस्थानों में **रैगिंग का मानसिक सामाजिक अध्ययन** करने के संबंध में उच्चतम न्यायालय द्वारा एक समिति का गठन करने संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की। इस प्रयोजनार्थ 49.12 लाख रुपए की राशि अनुमोदित की गई तथा दिनांक 05.10.2012 और 28.03.2014 को क्रमशः 24,56,000 रुपये तथा 10,00,000 रुपये की राशि जारी की गई थी।

भारत में उच्चतर शिक्षा संस्थानों में रैगिंग की समस्या से प्रभावी ढ़ंग से निपटने के लिए आयोग द्वारा गठित किये गये एक समन्वय समूह की बैठक दिनांक 27.03.2014 को आयोजित हुई।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने दिनांक 02.01.2014 से एक वर्ष की अवधि के लिये प्रो. राज काचरू, संस्थापक न्यासी को निगरानी एजेंसी (एनजीओ) के रूप में नियुक्त किया तथा निगरानी एजेन्सी के संतोषजनक निष्पादन के आधार पर निगरानी एजेन्सी की सेवाओं को आगे बढ़ाया जा सकता है।

दिनांक 27.03.2014 को एक अंतर परिषद् समिति तथा समन्वय समूह की बैठक आयोजित की गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि शिकायतों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को केन्द्र में रखते हुए निगरानी एजेंसी द्वारा सीधे की विभिन्न परिषद्ों को भेजा जाना चाहिए। बैठक में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने परिषद्ों को सूचित किया कि वचनबंध दाखिल करना एक साधारण प्रक्रिया है जिसमें किसी स्टॉम्प पेपर या किसी नोटरी की कोई आवश्यकता नहीं होगी। छात्र सीधे ही आनॅलाईन जाकर शपथ पत्र डाउॅनलोड कर सकते हैं।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने उच्चतर शिक्षा संस्थानों में रैगिंग की समस्या पर नियंत्रण लगाने संबंधी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विनिमय, 2009 के अनुपालन में विभिन्न समितियों का गठन करने के लिये सभी विश्वविद्यालयों को दिनांक 28.06.2013 को एक परिपत्र जारी किया। साथ ही उच्चतर शिक्षा संस्थानों में रैगिंग की समस्या पर नियंत्रण करने के संबंध में दिनांक 02.08.2013, 28.04.2014 और 04.08.2014 को सभी कुलपतियों को एक पत्र भी भेजा गया और उनसे रैगिंग के विरुद्ध होर्डिंग लगाने तथा पर्चे आदि बाँटने का भी अनुरोध किया गया। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने 19.07.2013 तथा 19.02.2014 को उच्चतर शैक्षिक संस्थानों में रैगिंग की समस्या पर नियंत्रण लगाने के संबंध में प्रमुख समाचारपत्रों में एक सार्वजनिक सूचना प्रकाशित की। उपर्युक्त सभी परिपत्रों तथा सार्वजनिक सूचनाओं को वि0अ0आ0 की वेबसाईट अर्थात् www.ugc.ac.in पर दर्शाया गया है।

वर्ष	वर्ष 2013–14 के दौरान प्राप्त कुल शिकायतों की संख्या	मामले जहां संस्थान द्वारा कृत कार्यवाही के बारे मे जानकारी प्रदान की गई है	लंबित मामले	टिप्पणियां
1 अप्रैल, 2013 से 31 मार्च, 2014	132	1215	7	07 मामलों में की गई रिपोर्ट की प्रतीक्षा है और यदि कोई उत्तर प्राप्त नहीं होता है तो वि0अ0आ0 विनियमों के अनुसार संगत दण्डात्मक कार्यवाही आरंभ की जायेगी।

1.4 प्रकाशन

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का प्रकाशन ब्यूरो विभिन्न प्रकार के प्रकाशन, यथा वि0आ0आ0 की वार्षिक रिपोर्ट, उच्चतर शिक्षा के क्षेत्र में कार्यान्वित विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों के लिए दिशानिर्देश, वि0अ0आ0 अधिनियमों, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग–सम्मेलन, समितियों की रिपोर्ट, सांख्यिकी रिर्पोटों/प्ररूपों का प्रकाशन करता है। यह विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अधिकारियों के उपयोग के लिए विभिन्न लेंखन सामग्री का भी प्रकाशन करता है यथा विजिटिग कार्ड, लिफाफे, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग टी0ए0/डी0ए0 प्रपत्र, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग हिन्दी दिवस प्रमाणपत्रों तथा वार्षिक गोपनीय रिर्पोट (ए0सी0आर0) प्ररूपों का भी प्रकाशन करता है।

बारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान प्रकाशनों/अन्य मदों के मुद्रणों पर निम्नवत व्यय किया गया।

वर्ष	व्यय (लाख रु0 में)
2012-2013	7.11
2013-2014	28.68

वर्ष 2013–14 के दौरान मुद्रित प्रकाशनों की सूची निम्नवत है:

क्र.सं.	प्रकाशन का नाम
1.	विश्वविद्यालय अनुदान आयोग वार्षिक प्रतिवेदन, 2011–12 (अंग्रेजी और हिन्दी)।
2.	"उच्चतर शिक्षा संस्थानों के अनिवार्य मूल्यांकन और प्रत्यायन के संबध में राज्यों के मुख्य सचिवों/प्रधान सचिवों (उच्चतर शिक्षा) तथा संघ क्षेत्रों के प्रशासकों के सम्मेलन पर एक पुस्तक"।
3.	राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (नेशनल हॉयर एजूकेशन मिशन)
4.	विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अधिकारियों के विजिटिंग कार्ड, लैटर हैड तथा लिफाफे, नव वर्ष शुभकामना कार्ड, एसीआर/एपीएआर प्रपत्र आदि
5.	भारत में उच्चतर शिक्षा एक दृष्टि में (पर्चे)
6.	उच्चतर शिक्षा के क्षेत्र में सामाजिक समता का पोषण (विवरणिका)
7.	भारतीय उच्चतर शिक्षा–उत्कृष्टता की खोज– विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के प्रमुख कार्यक्रमों का संकलन।
8.	भारत–अमरीका उच्चतर शिक्षा सहयोग
9.	भारत–अमरीका उच्चतर शिक्षा संवाद 2013
10.	वार्षिक लेखा 2011–12 (अंग्रेजी और हिन्दी)।
11.	विश्वविद्यालय अनुदान आयोग हिन्दी दिवस के प्रमाणपत्र
12.	भारत में विश्वविद्यालय का विकास– मूलभूत तथ्य और आंकड़े–भारतीय विश्वविद्यालयों/संस्थानों मे वर्ष 2008–09 तथा 2009–10 के दौरान अंतर्राष्ट्रीय छात्रों का नामांकन।
13.	सभी केन्द्रीय विश्वविद्यालयों के प्रशासन हेतु एकल मसौदा विधेयक को तैयार करने संबंधी समिति की रिपोर्ट के खण्ड–I, II और III की हार्ड केस जिल्दसाजी के साथ सुनहरी पन्नों में मुद्रण
14.	विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के साठ वर्ष (पुस्तक)
15.	सक्षम–कैम्पसों में लिंग संबंधी मुद्दों पर संवेदनशील बनाने के लिए महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु उपाय (पुस्तक)

1.5 विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का बजट और वित्त

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम के अनुसार, अनुदान आयोग को यह शक्ति प्रदान की गई है कि वह अपनी निधि से विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों तथा अन्य उच्चतर शिक्षा संस्थाओं को अनुदान आयोग के विभिन्न कार्यक्रमों/योजनाओं के माध्यम से अनुरक्षण (गैर–योजनागत) तथा विकास (योजनागत) अनुदानों के रूप में निधियाँ आवंटित एव संवितरित कर सकता है ताकि उच्चतर शिक्षा के क्षेत्र के मानदण्डों को बनाए रखा जा सके और उनमें सुधार किया जा सके। वर्ष 2013–2014 के लिए बजट विवरण तालिका 1.5(क) में दिया गया है।

तालिका 1.5(क) : वर्ष 2012–2013 के लिए बजट

(करोड़ रु0 में)

क्र.सं.	बजट शीर्ष	योजनागत आबंटन		गैर–योजनागत आबंटन	
		ब0अ0	स0अ0	ब0अ0	स0अ0
1.	सामान्य	5717.00	5222.86	5066.74	5132.46
2.	**कुल**	**5717.00**	**5222.86**	**5066.74**	**5132.46**

रेखाचित्र 1.5(क): वर्ष 2013–14 के लिए बजट



	कुल		5088.41	5124.39

रेखाचित्र 1.5(ग): वर्ष 2013–14 के दौरान योजनागत और गैर–योजनागत आवंटन (सामान्य बजट शीर्ष) के तहत प्राप्त अनुदान



वर्ष 2013–2014 के दौरान केन्द्र सरकार से प्राप्त योजनागत तथा गैर–योजनागत अनुदानों और विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों को जारी किए गये अनुदानों को ब्यौरा तालिका 1.5(ख), 1.5(ग) और 1.5(घ) और 1.5(ङ) में दिया गया है।

तालिका 1.5(ख): वर्ष 2013–2014 के दौरान प्राप्त अनुदान

(करोड़ रु0 में)

क्र.सं.	बजट शीर्ष	प्राप्त योजनागत अनुदान	प्राप्त गैर–योजनागत अनुदान
1.	सामान्य	5013.91	5124.39
2.	अव्ययित शेष (2012–2013)	427.13	66.54
	कुल	**5441.04**	**5190.93**

तालिका 1.5(ग) : वर्ष 2013–2014 के दौरान प्राप्त योजनागत और गैर–योजनागत (सामान्य) बजट शीर्ष के तहत प्राप्त अनुदान

(करोड़ रु0 में)

क्र.सं.	मंत्रालय द्वारा प्राप्त अनुदान	योजनागत अनुदान	गैर–योजनागत अनुदान
1.	मानव संसाधन विकास मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली (सामान्य)	5013.91	5124.39
2.	सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, नई दिल्ली	24.50	0.00
3.	जनजातीय कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली	0.00	0.00
4.	अल्पसंख्यक मामले मंत्रालय, नई दिल्ली	50.00	0.00

तालिका 1.5(घ) : वर्ष 2013–2014 के दौरान संस्थानों को जारी किया गया योजनागत अनुदान

(करोड़ रु0 में)

क्र.सं.	संस्थाओं के प्रकार	योजनागत अनुदान	कुल योजनागत अनुदानों का प्रतिशत
1.	राज्य विश्वविद्यालय	855.59	17.06
2.	राज्य विश्वविद्यालयों के महाविद्यालय	84.14	1.68
3.	केन्द्रीय विश्वविद्यालय	2402.97	47.93
4.	केन्द्रीय विश्वविद्यालयों के महाविद्यालय	50.84	1.01
5.	अंतर्विश्वविद्यालय केन्द्र	343.72	6.86
6.	समविश्वविद्यालय संस्थान	159.13	3.17
7.	विविध/विश्वविद्यालयेतर तथा संस्थान	57.00	1.14
8.	छात्रवृत्तियों/अध्येतावृत्तियों हेतु बैंकों द्वारा आनॅलाईन भुगतान	29.60	0.59
9.	क्षेत्रीय केन्द्र	1059.50	21.13
10.	स्थापना	5.77	0.12
11.	एआईसीटीई, नई दिल्ली	300.00	5.98
	कुल	**5348.26**	**106.67**

रेखाचित्र 1.5(घ): वर्ष 2013–14 के दौरान संस्थानों को जारी किया गया योजनागत अनुदान (रुपये करोड़ में)



तालिका 1.5 (ङ): वर्ष 2013–2014 के दौरान संस्थानों को जारी किए गए गैर–योजनागत अनुदान

(करोड़ रूपये में)

क्र.सं.	संस्थाओं के प्रकार	गैर–योजनागत अनुदान	कुल गैर–योजनागत अनुदानों का प्रतिशत
1.	निम्नलिखित को अनुरक्षण अनुदान		
	क) केन्द्रीय विश्वविद्यालय (यू0सी0एम0एस0 सहित)	3300.81	64.41
	ख) (i) दिल्ली विश्वविद्यालय के महाविद्यालय	1176.88	22.97
	(ii) बी.एच.यू. के महाविद्यालय	29.57	0.58
	ग) सम विश्वविद्यालय संस्थान	236.25	4.61
	घ) केन्द्रीय विश्वविद्यालय के महाविद्यालय	80.65	1.57
2.	राज्य विश्वविद्यालय	181.21	3.54
3.	अंतर्विश्वविद्यालय संस्थान/ केन्द्र	92.77	1.81
4	राज्य महाविद्यालय	1.70	0.03
4.	प्रशासनिक प्रभार (मुख्यालय)	73.24	1.43
6.	प्रशासनिक प्रभार (क्षेत्रीय कार्यालय)	5.97	0.12
	कुल :	**5179.05**	**101.07**

रेखाचित्र 1.5(ङ): वर्ष 2013–14 के दौरान संस्थानों को जारी किया गया गैर–योजनागत अनुदान (रुपये करोड़ में)



- वर्ष 2013–2014 के दौरान विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों को प्रदत्त गैर–योजनागत (मुख्य शीर्ष–वार) अनुदान को दर्शाने वाला विवरण परिशिष्ट–VIII पर दिया गया है।
- वर्ष 2013–2014 के दौरान विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों को प्रदत्त सामान्य योजनागत (मुख्य शीर्ष–वार) अनुदान को दर्शाने वाला विवरण परिशिष्ट–IX पर दिया गया है।

3. 8 चिन्हित सेवाओं/संवर्ग ढांचों अर्थात् (i) प्रेस एवं प्रकाशन सेवाएँ (ii) संग्रहालय एवं अभिलेखागार सेवाएँ (iii) तकनीकी/प्रयोगशाला सेवाएं (iv) अभियांत्रिकी सेवाएं (v) कार्यशाला सेवाएँ (vi) विश्वविद्यालय विज्ञान एवं यंत्र केन्द्र (vii) स्वास्थ्य और चिकित्सा सेवाए (viii) सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आई०सी०टी०) सेवा के संबंध में रिपोर्ट दिनांक 23.09.2010 के पत्र संख्या एफ.6–7/97(जे.सी.आर.सी.) के माध्यम से मानव संसाधन विकास मंत्रालय, को भेज दी गयी है।

उपर्युक्त रिर्पोटें मानव संसाधन विकास मंत्रालय के विचाराधीन है।

1.6 (क) केन्द्र द्वारा वित्तपोषित संस्थाओं में ए०सी०पी०/एम०ए०सी०पी० योजना का कार्यान्वयन

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा केन्द्रीय विश्वविद्यालयों, सम विश्वविद्यालयों तथा दिल्ली के महाविद्यालयों में ए०सी०पी० योजना के क्रियान्वयन में एकरूपता लाने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने एक स्थायी समिति का गठन किया है। यह निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय ने विगत में अपने शिक्षणेत्तर कर्मचारीवृंदों के विचार किये गये अलग–अलग मामलों के संबंध में एसीपी योजना के संबंध में स्थायी समिति की टिप्पणियों/सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए समिति द्वारा तैयार किये गये दिशा–निर्देशों के आधार पर स्वयं एसीपी योजना को लागू कर सकती है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अनुमोदन प्राप्त करने के बाद, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने केन्द्रीय विश्वविद्यालय को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अनुरक्षित समय विश्वविद्यालयों तथा दिल्ली स्थित महाविद्यालयों को अपने शिक्षणेत्तर कर्मचारीवृंदों को एमएसीपी प्रदान करने के लिये दिनांक 09.07.2010 के पत्रांक के माध्यम से अनुमोदन प्रदान किया।

केन्द्रीय विश्वविद्यालयों, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अनुरक्षित सम विश्वविद्यालय तथा में कार्यरत शिक्षणेत्तर कर्मचारिवृंदों के संबंध में एसीपी/एमएसीपी के कार्यान्वयन पर स्पष्टीकरण मांगने वाले अनेक प्रश्नों का समाधान जेसीआरसी द्वारा दैनिक आधार पर समाधान किया जा रहा है।

1.6 केन्द्रीय तथा समविश्वविद्यालयों के लिए संयुक्त संवर्ग समीक्षा समिति (जे.सी.आर.सी.)

मानव संसाधन विकास मंत्रालय के आदेश से, केन्द्रीय विश्वविद्यालयों, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अनुरक्षित सम विश्वविद्यालय तथा दिल्ली विश्वविद्यालय के संबद्ध महाविद्यालयों में शिक्षणेत्तर कर्मचारिवृंदों के लिए एक समान स्टॉफ पैटर्न पर विचार करने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने एक संयुक्त संवर्ग समीक्षा समिति (जे.सी.आर.सी.) का गठन किया किया गया। इस संयुक्त संवर्ग समीक्षा समिति का उद्देश्य एक इन संस्थानों के शिक्षणेत्तर कर्मचारिवृंदों (क,ख,ग, और घ समूह) के लिए समान सेवा शर्तो के समग्र ढाँचे की सिफारिश करना है।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने विचार करने तथा अनुमोदित करने के बाद तीन चरणों में जेसीआरसी की रिपोर्ट मानव संसाधन विकास मंत्रालय के समक्ष निम्नानुसार प्रस्तुत की:–

1. ग्रथांलय सेवा संवर्ग पर रिपोर्ट को दिनांक 18 जनवरी, 2008 के पत्रांक संख्या एफ 23–1/2005(जेसीआरसी) के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।
2. 15 चिह्नित सेवाओं/संवर्ग ढांचों अर्थात् (i)प्रशासन/लिपिकवर्गीय सेवाएँ (ii) सचिवालय से जुड़ी सेवाएँ (iii) अतिथिशाला/होटल/जलपान गृह सेवाएँ (iv) परिवहन सेवाएँ (v) स्कूल अध्यापक (vi) सुरक्षा सेवाएँ (vii) स्वच्छता संबंधी सेवाएँ (viii) राजभाषा प्रकोष्ठ (ix) फोटोग्राफ/छायाप्रति संबंधी सेवाएँ (x) संगीत सेवाएँ (xi) खेलकूद/खेल सेवाएँ (xii) उद्यान /बागवानी सेवाएँ (xiii) कृषि/पशु चिकित्सा सेवाएँ (xiv)धार्मिक सेवाएँ (xv)शोध/सांख्यिकीय सेवाएँ संबधी रिपोर्ट को 12–06–09 को पत्रांक सं0 एफ. 6–7/97(सीयू/जेसीआरसी) के माध्यम से भेज दी गई है।

1.6 (ख) छठे केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों का कार्यान्वयन

अर्द्ध सरकारी संगठनों, स्वायत्त तथा केन्द्र सरकार द्वारा वित्तपोषित/नियंत्रित सांविधिक निकायों में छठे केन्द्रीय वेतन आयोग को लागू करने के मानव संसाधन विकास मंत्रालय के दिनांक 6 अक्टूबर, 2008 के अ.शा. पत्र संख्या 2–1/2008–यू.आई.(ए) के अनुपालन में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने केन्द्रीय विश्वविद्यालय, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग महाविद्यालयों के वेतनमानों में संशोधन करने के लिए अनुमोदन प्राप्त करने हेतु 03 दिसम्बर, 2009 को पत्रांक संख्या एफ 20–1/2008 (जेसीआरसी) भेजा। मामला मानव संसाधन विकास मंत्रालय के विचाराधीन है। इस दौरान जेसीआरसी अनुभाग केन्द्रीय विश्वविद्यालयों/विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अनुरक्षित सम विश्वविद्यालयों में छठे वेतन आयोग में कार्यान्वयन में शिक्षणेत्तर कर्मचारिवृंदों से संबंधित पूछताछ का समाधान कर रहा हैं तथा अनुमोदन हेतु मानव संसाधन विकास मंत्रालय के साथ सक्रिय रूप से मामले को उठा रहा है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग तथा केन्द्रीय विश्वविद्यालयों, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अनुरक्षित सम विश्वविद्यालयों तथा दिल्ली के महाविद्यालयों के अनुभाग अधिकारियों/निजी सचिवो को वेतन बैंड–2 में 4800/– का ग्रेड वेतन प्रदान करने के मामले को अनुमोदन प्रदान करने हेतु मानव संसाधन विकास मंत्रालय के साथ उठाया गया है।

1.7 हीरक जयंती – उच्चतर शिक्षा के निमित्त विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के 60 वर्ष

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (वि0अ0आ0) ने विश्वविद्यालयों में 'मानकों के समन्वयन एवं निर्धारण' के अधिदेश के साथ अपनी स्थापना के 60 वर्ष पूर्ण किए हैं। 28 दिसम्बर, 1953 को स्थापना के साथ ही इसने देश में उच्चतर शिक्षा में गुणात्मक सुधार हेतु अपने सफर के 60 महत्वपूर्ण पड़ाव पूरे किये हैं।

हीरक जयंती समारोह दिनांक 28 दिसम्बर, 2013 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित किया गया। इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री डॉ0 मनमोहन सिंह ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मानव संसाधन विकास मंत्री डा. एम.एम. पलामूराजू द्वारा की गई। आयोग के सदस्यों, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पूर्व अध्यक्षों, विश्वविद्यालयों के कुलपतियों तथा देशभर से शिक्षाविदों के साथ–साथ मानव संसाधन विकास मंत्री डा. शशी थरूर ने अवसर की शोभा बढ़ाई।

अपने उद्घाटन भाषण में, माननीय प्रधानमंत्री ने उच्चतर शिक्षा के निमित्त विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के योगदान को स्वीकार करते हुए यह सुझाव दिया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को अब राष्ट्रीय विचार विशेषज्ञ के रूप में कार्य करना चाहिए तथा देश में उच्चतर शिक्षा के बेहतर विकास पर जिन मुद्दों का प्रभाव पड़ता उनके संबंध में पेशेवर तथा उद्देश्यपूर्ण चर्चा करनी चाहिए।'' उन्होंने इस बात पर बल दिया कि विश्वविद्यालयी प्रणाली के अंतर्विषय शोध तथा नवोन्मेष को एक अंतर्निहित एजेन्डा बनाकर हम विश्वभर के सर्वोच्च विश्वविद्यालयों में स्थान पाकर अपनी रैकिंग में सुधार करने की आशा कर सकते है। उन्होंने कहा कि चूंकि देश में उच्चतर शिक्षा प्राप्त करने वाले 96 प्रतिशत छात्र, राज्य उच्चतर शिक्षा प्रणाली से आते हैं, हमें विशेष रूप से राज्य विश्वविद्यालयों पर ध्यान देने तथा शिक्षण एवं शोध की गुणवत्ता में सुधार करने हेतु सहायता प्रदान करने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान इस समस्या का समाधान करेगा। उन्होंने कहा कि विस्तार, समानता तथा उत्कृष्टता के तीन 'ई' पर ध्यान केन्द्रित किये जाने के साथ–साथ रोजगार प्राप्त करने की क्षमता के चौथे 'ई' को भी जोड़े जाने की आवश्यकता है।

प्रधानमंत्री ने अधिकाधिक केन्द्रीय विश्वविद्यालयों, आईआईएम, आईआईटी, एनआईटी, आईआईएसईआर, आईआईआईटी तथा एसपीए की स्थापना कर उच्चतर शिक्षा के तीव्र विस्तार की सराहना की बल्कि उच्चतर शिक्षा को अधिक समावेशी बनाने की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने बड़े पैमाने पर कौशल विकास को बढ़ावा देने के प्रयासों की चर्चा की ताकि हमारी बढ़ती अर्थव्यवस्था की आवश्यकताओं हेतु प्रशिक्षित जनशक्ति उपलब्ध हो तथा कुशल रोजगार हेतु नये अवसरों का बडी संख्या में सृजन

प्रधानमंत्री, डॉ0 मनमोहन सिंह दिनांक 28 दिसम्बर, 2013 को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की हीरक जयंती उपलक्ष्य में आयोजित समारोह के उद्घाटन के अवसर पर दीप प्रज्जवलित करते हुए। इस अवसर पर केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री, डॉ0 एम0एम0 पलामु राजु, मानव संसाधन विकास राज्य मंत्री, डॉ0 शशी थरूर तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, अध्यक्ष, प्रो0 वेद प्रकाश भी उपस्थित थे।
(पीआईबी के सौजन्य से चित्र)



प्रधानमंत्री, डॉ0 मनमोहन सिंह विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के हीरक जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में 28 दिसम्बर, 2013 को नई दिल्ली में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के साठ वर्ष नामक पुस्तक का विमोचन करते हुए। इस अवसर पर केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री, डॉ0 एम0एम0 पलामु राजु, मानव संसाधन विकास राज्य मंत्री, डॉ0 शशी थरूर तथा सचिव (उच्चतर शिक्षा) मानव संसाधन विकास मंत्रालय, श्री अशोक ठाकुर तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, अध्यक्ष, प्रो0 वेद प्रकाश भी उपस्थित थे।
(पीआईबी के सौजन्य से चित्र)

केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री, डॉ0 एम0एम0 पलामु राजु, नई दिल्ली में 12 फरवरी, 2014 को एक कार्यक्रम के दौरान 'कैम्पसों में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा लैंगिक संबंधी मुद्दों पर संवेदनशील बनाने हेतु उपायों के आधार पर–"सक्षम" नामक पुस्तक का विमोचन करते हुए। इस अवसर पर केन्द्रीय आवास और शहरी गराबी उन्मूलन मंत्री, डॉ0 गिरिजा व्यास, सचिव, उच्चतर शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, श्री अशोक ठाकुर तथा अन्य गण्यमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

(पीआईबी के सौजन्य से चित्र)

केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री, डॉ0 एम0एम0 पलामु राजु, नई दिल्ली में 12 फरवरी, 2014 को एक कार्यक्रम में कैम्पसों में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा लैंगिक संबंधी मुद्दों पर संवेदनशील बनाने हेतु उपायों के आधार पर–"सक्षम" नामक पुस्तक के विमोचन के अवसर पर। इस दौरान केन्द्रीय आवास और शहरी गराबी उन्मूलन मंत्री, डॉ0 गिरिजा व्यास, तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, अध्यक्ष, प्रो0 वेद प्रकाश भी उपस्थित थे।

(पीआईबी के सौजन्य से चित्र)

राष्ट्रपति, श्री प्रणब मुखर्जी तथा प्रधानमंत्री, डॉ0 मनमोहन सिंह, दिनांक 06 फरवरी, 2014 को राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में आयोजित केन्द्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के सम्मेलन में उपस्थित थे। इस अवसर पर केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री, डॉ0 एम0एम0 पलामु राजु, मानव संसाधन विकास राज्य मंत्री, श्री जितिन प्रसाद और डॉ0 शशी थरूर भी उपस्थित थे।
(पीआईबी के सौजन्य से चित्र)

हो सके। उन्होंने प्राथमिकता के आधार प्रभावी नीतिगत आयोजना हेतु विश्वविद्यालय सूचना प्रबंधन प्रणाली को सुदृढ़ करने के साथ–साथ, राष्ट्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मुद्दों जैसे जलवायु परिवर्तन तथा आपदा प्रबंधन से निपटने के लिए गुणवत्तायुक्त संकाय की कमी, विश्वविद्यालय उद्योग संबंध तथा शोध को सुदृढ़ करने जैसी विशिष्ट चिंताओं का उल्लेख किया।

प्रधानमंत्री ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी, मानविकी तथा सामाजिक विज्ञान, ललित कला तथा संस्कृति के क्षेत्र में व्यक्तिगत उत्कृष्टता हेतु पंडित जवाहरलाल नेहरू के नाम पर पांच पुरस्कारों को स्थापित किये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

दक्षिण एशिया में उच्चतर शिक्षा की स्थिति पर दिनांक 13 और 14 जनवरी, 2014 को नई दिल्ली में सार्क क्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया।

मानव संसाधन विकास मंत्री डा. एम.एम. पलामू राजू ने कहा कि उच्चतर शिक्षा के क्षेत्र में पहुंच तथा विस्तार, समानता तथा समावेशन, गुणवत्ता तथा उत्कृष्टता शाश्वत चिंताएं बनी रहेंगी तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को इन चुनौतियों पर अधिक सजीवता से ध्यान केन्द्रित करना चाहिये। उन्होंने सामाजिक समानता को पोषित करने हेतु आरंभ की गई विशेष योजनाओं का उल्लेख करते हुए सकल नामांकन अनुपात को बढ़ाकर 30 करने के राष्ट्रीय लक्ष्य को वर्ष 2020 तक प्राप्त करने की आशा की। उन्होंने उच्चतर शिक्षा प्रणाली की स्वायत्तता का उल्लेख किया तथा इस बात पर बल दिया कि उत्तरदायित्व के समक्ष शैक्षणिक, प्रशासनिक तथा वित्तीय स्वायत्तता का एक समेकित परिदृश्य में समाधान किये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने भविष्य की आवश्यकताओं के रूप में ऑनलाइन शिक्षा संसाधनों के साथ मिश्रित शिक्षा के मॉडलों को विकसित किये जाने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

मानव संसाधन विकास मंत्री ने नोबल विद्वानों : रविन्द्रनाथ टैगोर, सी.वी. रमन, हरगोविन्द खुराना, मदर टेरिसा, एस. चन्द्रशेखर, अर्मव्य सेन तथा वी. रामाकृष्ण के नाम पर विश्वविद्यालयी प्रणाली में अध्यक्षपीठों के गठन की भी घोषण की। उन्होंने महसूस किया कि हमारे विश्वविद्यालयों में इन अध्यक्षपीठों के माध्यम से किया गया कार्य विद्वानों की युवा पीढी के लिए एक शाश्वत प्रेरणा स्रोत बनेगा।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष, प्रो. वेदप्रकाश ने कहा कि उच्चतर शिक्षा में सार्वजनिक वित्तपोषण के परिणामस्वरूप छात्रों तथा संस्थानों की संख्या में विस्फोटक वृद्धि हुई है। उन्होंने उच्चतर शिक्षा में समानता तथा उत्कृष्टता के पोषण के लिये 7,461 करोड़ रुपए के निवेश की आवश्यकता का उल्लेख किया जिससे लगभग 23 लाख छात्र लाभान्वित होंगे। उन्होंने अनेक पहल तथा अंतर्विश्वविद्यालय केन्द्रों को एक्सरलेटर आधारित शोध सुविधाओं, खगोलशास्त्र, तथा खगोलभौतिकी, वैज्ञानिक शोध हेतु सहायता, शिक्षा संचार, सूचना तथा ग्रंथालय नेटवर्क, मूल्यांकन और प्रत्यायन तथा अध्यापक शिक्षा को सहायता प्रदान कर विश्वविद्यालय में शिक्षण तथा शोध परिवेश को पोषित करने के प्रयासों की चर्चा की।

उन्होंने उच्चतर शिक्षा में समानता को बढ़ावा देने, जाति आधारित भेदभाव/उत्पीड़न किसी को उत्पीड़ित जाने की रोकथाम; विश्वविद्यालय प्रणालो में शिकायत निवारण हेतु तंत्र की स्थापना; उच्चतर शिक्षा संस्थानों का अनिवार्य मूल्यांकन तथा प्रत्यायन करने; भारत में विदेशी शिक्षा संस्थानों के प्रवेश तथा प्रचालन को विनियमित किये जाने संबंधी कतिपय महत्वपूर्ण कदमों पर प्रकाश डाला। दिनांक 13 से 14 जनवरी, 2014 को नई दिल्ली में 'दक्षिण एशिया में उच्चतर शिक्षा की स्थिति' के संबंध में सार्क क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया।

प्रो. वेद प्रकाश ने कहा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के फैकल्टी रिचार्ज कार्यक्रम के माध्यम से प्रतिभा पलायन की प्रवृत्ति को सफलतापूर्वक उलट दिया गया है जिसके तहत विदेशों से 163 पीएचडी अथवा पोस्ट डाक्टोरल उपाधि धारक संकायों की नियुक्ति की गई है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग उनके वेतन का भुगतान करता है परतु वे पृथक विश्वविद्यालय में सेवाएं प्रदान करते हैं। इसके अलावा, कतिपय मुख्य पहल नामतः सिंह–ओबामा इक्कीसवीं शताब्दी ज्ञान पहल, ब्रिटेन भारत शिक्षा तथा शोध पहल, भारत आस्ट्रेलिया, भारत–न्यूजीलैंड तथा भारत–इजरायल शिक्षा परिषद्, विदेशी तथा भारतीय संस्थानों के बीच टिवनिंग व्यवस्थाएं की गई हैं।

उन्होंने नीतिगत शोध करने, उच्चतर शिक्षा में विश्वसनीय डाटाबेस तैयार करने, प्रौद्योगिकी आधारित शिक्षण तथा अधिगम में वृद्धि करने, अनिवार्य संस्थागत तथा कार्यक्रम प्रत्यायन, ढांचागत एवं अभिशासनात्मक सुधार करने की प्रणाली को सुदृढ़ करने हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की नवीन प्रतिबद्धता को दोहराया। विश्वविद्यालय परिसरों में रैगिंग रोधी तथा महिलाओं की संरक्षा तथा लैंगिक संवेदनशीलता को बढ़ाने के संबंध में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के सक्रिय कदम बेहतर शिक्षा परिवेश सुनिश्चित करने में दूरगामी सिद्ध होंगे।

1.8 विश्वविद्यालय अनुदान आयोगः वर्ष के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

उच्चतर शिक्षा मे समन्वय करने तथा मानकों को बनाये रखने के अपने मूल कृत्यों के निवर्हन तथा बारहवीं पंचवर्षीय योजना के उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने बारहवीं पंचवर्षीय योजना के द्वितीय वर्ष (2013–14) के दौरान अनेक उपाय किये हैं।

- हैदराबाद विश्वविद्यालय तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के बीच विश्वविद्यालय अनुदान आयोग संकाय शोध संवर्धन कार्यक्रम (एफआरपीपी) के कार्यान्वयन हेतु एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये।
- आयोग ने यह संकल्प लिया कि 'नवोन्मेषी विश्वविद्यालयों की योजना' पर पुनर्विचार किया जाये तथा यदि संभव हो तो इसका 'उत्कृष्टता की संभाव्यता वाले विश्वविद्यालय (यूपीइ) की योजना' के साथ विलय किया जाये।
- आयोग ने राज्य विश्वविद्यालय, सहायता प्राप्त महाविद्यालय, केन्द्रीय विश्वविद्यालय तथा केन्द्र द्वारा वित्तपोषित सम विश्वविद्यालय के संबंध में बारहवीं पंचवर्षीय योजना आवंटन को अनुमोदित किया गया। सभी पात्र विश्वविद्यालयों के संबंध में आवंटनों को अनुमोदित करते हुए आयोग ने पाया कि एक बार आरयूएसए पर अंतिम निर्णय लिये जाने के पश्चात् इन आवंटनों पर पर्याप्त रूप से पुनर्विचार किया जाये।
- आयोग ने विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालय के शिक्षकों हेतु अध्ययनार्थ अवकाश तथा वेतन और भत्तों की ग्राह्यता का निर्धारण करने के संबंध में दिशानिर्देशों को अनुमोदित किया गया।
- आयोग ने शिक्षा वर्ष 2013–14 के लिये क्रेडिट प्वाइंट के साथ एनसीसी को चयनित विषय के रूप में लागू करने के लिये महाविद्यालयों हेतु वित्तीय सहायता में वृद्धि किये जाने को अनुमोदित किया।
- आयोग ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की हीरक जयंती स्मरणोत्सव के आयोजन को अनुमोदित किया।
- दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम की स्थिति के संबंध में आयोग ने विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के संबंध में लिये गये निर्णय का अनुसमर्थन किया। दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम के संबंध में निर्णय लेने के लिये समिति के गठन के प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया। तथापि, यह सुझाव दिया गया कि समिति द्वारा लिये गये निर्णय को आयोग के समक्ष अनुसमर्थन के लिये रखा जाये। आयोग ने यह निर्णय लिया कि वर्तमान व्यवस्था अगले तीन माह के लिए जारी रखी जाये; विभिन्न कार्मिक मुद्दों का समाधान करने के लिये मानव संसाधन विकास मंत्रालय के सचिव (उच्चतर शिक्षा), की इग्नू के कुलपति तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष के साथ बैठक बुलाने का अनुरोध किया जा सकता हैं जिसके बाद मुक्त तथा दूरस्थ शिक्षा (ओडीएल) से संबंधित अतिरिक्त कार्य करने के लिये विश्वविद्यालय अनुदान आयोग में पदों का सृजन करने तथा पदों का भरने हेतु उपर्युक्त कदम उठाये जा सकते हैं।
- आयोग ने नियमित/दूरस्थ/निजी/ऑनलाइन/अंशकालिक आधार पर दो अथवा अधिक उपाधियों को एक साथ जारी रखने हेतु छात्रों की अनुमति प्रदान करने के मुद्दे पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट का अनुमोदन किया।
- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (औपचारिक शिक्षा के माध्यम से निष्णात उपाधि प्रदान करने संबंधी अनुदेशों के न्यूनतम मानदण्ड (प्रथम संशोधन)) विनियम, 2013 पर अंतिम रूप से विचार कर उसे अनुमोदित किया।
- स्व–वित्तपोषित महाविद्यालयों को अनुदान प्रदान किये जाने के मुद्दे के संबंध में यह निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा किसी भी स्व–वित्तपोषित संस्थान को अनुदान प्रदान नहीं किया जाना चाहिए, चाहे ऐसे संस्थान विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम की धारा 12(ख) के तहत सम्मिलित हों, तथा संस्थानों में शिक्षक एवं छात्र केन्द्रित योजनाओं को सहायता प्रदान करने के अपने पूर्व के निर्णय को दोहराया।

- आयोग ने "सभी उच्चतर संस्थानों का अनिवार्य मूल्यांकन तथा प्रत्यायन विनियम, 2012" के संबंध में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विनियम में संशोधन करने पर विचार किया गया तथा उसे अनुमोदित किया गया। तथापि, संशोधन को निम्नानुसार पढा जाना चाहिए कि "मूल्यांकन तथा प्रत्यायन एजेन्सी" का अभिप्राय "प्रत्यायन प्रदान करने हेतु राष्ट्रीय मूल्यांकन तथा प्रत्यायन परिषद्, नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रीडीयेशन अथवा राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड अथवा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त कोई अन्य एजेन्सी अथवा संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित कोई अन्य एजेंन्सी हैं"।

- विज्ञान तथा मानविकी विषय में वृहद तथा लघु शोध परियोजनाओं के संबंध में बारहवीं पंचवर्षीय योजना को अनुमोदित कर दिया गया। तथापि, दिशानिर्देशों को अनुमोदित करते हुए आयोग ने यह निर्णय लिया कि लघु शोध परियोजनाओं को केवल महाविद्यालय तक सीमित रखा जाए।

- उत्कृष्टता संभाव्यता वाले विश्वविद्यालयों (यूपीई)/उत्कृष्टता वाले विश्वविद्यालयों (यूई) हेतु बारहवीं पंचवर्षीय दिशानिर्देशों के संबंध में आयोग ने निम्नवत आशोधनों के साथ बारहवीं पंचवर्षीय दिशानिर्देशों को आशोधित किये जाने को अनुमोदन प्रदान किया : (क) यदि यूपीई को द्वितीय चरण के लिए पात्र घोषित किया जाता है तो उसे चरण–II तथा उसके पश्चात् (पांच वर्ष की मौजूदगी के पश्चात्) "उत्कृष्टता वाला विश्वविद्यालय" कहा जायेगा। (ख) यूपीई के लिये सहायता की अधिकतम सीमा प्रथम चरण में 60 करोड़ रुपये होगी तथा चरण–II के लिये 60 करोड़ रुपये तथा चरण–III के लिये 100 करोड़ रुपये होगी। आयोग ने यह भी निर्णय लिया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम की धारा 12(ख) के तहत सम्मिलित राज्य निजी विश्वविद्यालयों तथा सम विश्वविद्यालयो को 'उत्कृष्टता की संभाव्यता वाले विश्वविद्यालय' तथा 'उत्कृष्टता वाले विश्वविद्यालय' का दर्जा प्रदान किये जाने पर भी विचार किया जा सकता है बशर्ते कि वे योजना के तहत विभिन्न शर्तों को पूर्ण करते हैं; तथापि उन्हें योजना के तहत कोई वित्तीय सहायता उपलब्ध नहीं कराई जायेगी।

- आयोग ने अध्यापकों की शिक्षा हेतु अंतर्विश्वविद्यालय केन्द्र की स्थापना को सिद्धांत रूप में अनुमोदित कर दिया तथा इस मामले को मंत्रालय को संदर्भित करने का निर्णय लिया।

- आयोग ने प्रति महाविद्यालय एक करोड़ रुपए की अधिकतम राशि की सीमा तथा योजना हेतु 100 करोड़ रुपए की समग्र अधिकतम सीमा के साथ मंत्रालय की सामुदायिक महाविद्यालयों की योजना के कार्यान्वयन को अनुमोदित किया तथा योजना की समीक्षा/मूल्यांकन की जानकारी आयोग को दी जाये। मानव संसाधन विकास मंत्रालय से योजना का कार्यान्वयन करने हेतु निधियां उपलब्ध कराने का अनुरोध किया जाये।

- आयोग ने बारहवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान निधियों की उपलब्धता के अध्यधीन विश्वविद्यालयों में संसाधनों को जुटाने की योजना को अनुमोदित किया। तथापि, आयोग ने यह सुझाव दिया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के वित्त सलाहकार तथा मानव संसाधन विकास मंत्रालय के वित्त प्रभाग के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की जाये जिसमें योजना के प्रचालनात्मक भाग की चर्चा की जाये।

- आयोग ने बारहवीं पंचवर्षीय के दौरान खेल–कूद के संवर्धन हेतु दिशानिर्देशों तथा माड्यूलों पर विचार करना तथा विश्वविद्यालय और महाविद्यालय में उच्च क्षमता वाली खेल–कूद सुविधाओं के समेकन को अनुमोदित किया।

- बारहवीं पंचवर्षीय योजना (2012–2017) हेतु उत्कृष्टता की संभावना वाले महाविद्यालय (सीपीई)/उत्कृष्टता वाले महाविद्यालयों (सीई) के संबंध में दिशानिर्देशों में संशोधन पर विचार करना तथा उन्हें अनुमोदन प्रदान किया गया।

- आयोग ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (विश्वविद्यालयों द्वारा तकनीकी शिक्षा की पेशकश करने वाले महाविद्यालयों को संबद्धता प्रदान करना) विनियम, 2014 की विस्तार से चर्चा की तथा विनियमों को अनुमोदित किया और विनियम को मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अनुमोदनार्थ भेजने का निर्णय लिया।
- आयोग ने उर्दू/अरबी/फारसी भाषा को सम्मिलित किये जाने और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 22 के तहत उपाधियों को विनिर्दिष्टता हेतु भेजने को अनुमोदित किया।
- आयोग ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (मानकों का निर्धारण तथा निजी विश्वविद्यालयों में उनका अनुरक्षण) विनियम, 2014 को निम्नवत आशोधनों के साथ अनुमोदित किया।

  (i) निजी विश्वविद्यालयों द्वारा तैयार की जाने वाली वास्तविक अवसंरचना का ब्यौरा विनियम में विनिर्दिष्ट किया जाना चाहिये।

  (ii) मानव संसाधन विकास मंत्रालय/विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा विदेशों में कैम्पस स्थापित करने हेतु पूर्व में प्रदान की गई अनुमति को वापस नहीं लिया जाना चाहिए।

  (iii) विनियम–4 के शीर्षक का नाम बदलकर निजी विश्वविद्यालय द्वारा मानकों का अनुरक्षण किया जाना चाहिए।

  (iv) आरटीआई अधिनियम, 2005 के उपबंधों के अनुपालन हेतु खण्ड (क) में उपखण्ड (नौ) जोड़ी जाए।

  (v) विनियम 8(ग) में संशोधन करके यह उपबंध किया जाये कि निजी विश्वविद्यालय, अनिवार्य प्रत्यायन के संबंध में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विनियमों के तहत निर्धारित मूल्यांकन की प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात् ही अपने शैक्षणिक कार्यक्रम आरंभ कर सकते हैं।

- आयोग ने अ.पि.व. (अन्य पिछड़ा वर्ग) के अभ्यर्थियों को शैक्षणिक पदों पर सीधी भर्ती हेतु अर्हक अंकों में 5 प्रतिशत (55 प्रतिशत से 50 प्रतिशत) की छूट के साथ ही अ.पि.व. के अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली नेट परीक्षा में इसी प्रकार की छूट प्रदान किये जाने को अनुमोदन प्रदान किया गया।
- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने 'नेशनल स्किल क्वालीफीकेशन फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) के तहत विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालय में व्यवसाय स्नातक (बी0वोक0) कार्यक्रम को आरंभ करने संबंधी दिशानिर्देशों को अनुमोदित कर दिया।
- आयोग ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (उच्चतर शिक्षा संस्थानों का अनिवार्य मूल्यांकन तथा प्रत्यायन) विनियम, 2012 में संशोधन को अनुमोदित किया। तथापि, यह भी निर्णय लिया गया कि विनियम को कार्यान्वित करने के लिए एक कार्य योजना तैयार की जाये जिसे आयोग के समक्ष सूचनार्थ रखा जाये।
- आयोग ने बारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान (2012–17) के दौरान विश्वविद्यालयों में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अध्यक्षपीठों हेतु संशोधित दिशानिर्देशों को अनुमोदित कर दिया।
- आयोग ने निम्नवत आशोधनों के साथ प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया:

  (i) विचार किये जाने हेतु आयु को बढ़ाकर 55 से 70 वर्ष किया जाये।

  (ii) पंडित मदन मोहन मालवीय तथा सर सैयद अहमद खान के नाम पर भी अध्यक्षपीठों का गठन किया जाये।

- आयोग ने विशिष्ट क्षेत्र में उत्कृष्टता की संभावना वाले केन्द्र (सीपीईपीए) के दर्जे को मार्च, 2017 तक बढ़ाने तथा 7 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान करने के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया।

- सभी विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों में गेट अर्हता प्राप्त अभ्यर्थियों हेतु एमई/एम.टैक हेतु स्नातकोत्तर छात्रवृत्ति को पुनः कार्यान्वित करने को अनुमोदित किया गया।
- तकनीकी महाविद्यालयों द्वारा संबद्धता/दाखिले की क्षमता में वृद्धि हेतु नये प्रस्तावों के अनुमोदन पर एक वर्ष के अधिस्थगन काल के संबंध में आयोग ने निम्नवत पर एक वर्ष के अधिस्थगन काल के संबंध में संकल्प लिया किः

  (क) विश्वविद्यालयों द्वारा तकनीकी शिक्षा प्रदान करने वाले नये महाविद्यालय को संबद्ध किया जायेगा; और

  (ख) तकनीकी महाविद्यालयों में छात्रों के दाखिले में वृद्धि को अनुमोदन प्रदान किया जायेगा।
- आयोग ने 2(च) और 12(ख) के तहत सम्मिलित नहीं किये गये संस्थानों से चयनित शिक्षकों को एकमुश्त आधार पर रमन स्नातकोत्तर अध्येतावृत्ति प्रदान करने को अनुमोदित किया।
- आयोग ने बारहवीं पंचवर्षीय योजना हेतु "उत्कृष्टता की संभाव्यता वाले महाविद्यालय/उत्कृष्टता वाले संस्थान (आईई)" दिशानिर्देशों में संशोधन को निम्नवत आशोधनों के साथ अनुमोदित कियाः (क) यदि सीपीई को द्वितीय चरण के लिये पात्र घोषित किया जाता है तो इसे द्वितीय चरण तथा उसके पश्चात् (पांच वर्षों की स्थापना के पश्चात्) से "उत्कृष्टता के महाविद्यालय" कहा जायेगा; (ख) सीपीई के लिए सहायता की अधिकतम सीमा प्रथम चरण में 1 करोड़ रुपए होगी, द्वितीय चरण में 1.5 करोड़ रुपए होगी और तृतीय चरण में 2.0 करोड़ रुपए होगी। आयोग ने यह भी निर्णय लिया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम की धारा 2(च) तथा 12(ख) के तहत सम्मिलित स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों को भी "उत्कृष्टता की संभाव्यता वाले महाविद्यालय" तथा "उत्कृष्टता वाले महाविद्यालय" का दर्जा प्रदान करने हेतु विचार किया जा सकता है बशर्ते कि योजना के तहत विभिन्न शर्तों को पूर्ण करें, तथापि, उन्हें योजना के तहत कोई वित्तीय सहायता उपलब्ध नहीं करवाई जायेगी।
- आयोग को उच्चतर शिक्षा संस्थानों में विश्वविद्यालय के सांविधिक प्रत्यायन संबंधित विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विनियम, 2012 के संबंध में तथा इस तथ्य के संबंध में जानकारी प्रदान की गई थी कि ऐसे अनेक विश्वविद्यालयों/संस्थानों ने अब तक अनिवार्य प्रत्यायन की प्रक्रिया आरंभ नहीं की है। यह जानकारी प्रदान की गई कि अनेक विश्वविद्यालय/संस्थान अपने दैनदिन कार्यकरणों, कर्मचारियों के वेतन हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग निधियों पर निर्भर थे, उनमें से अनेक विश्वविद्यालय/संस्थानों को विनियम द्वारा अधिदेशित प्रत्यायन प्रक्रिया से गुजरना था। आयोग ने मामले पर विचार किया तथा यह निर्णय लिया कि ऐसे विश्वविद्यालय/संस्थानों के अस्तित्व के हित में तथा उनके दैनदिन कार्यकरण के मद्देनजर, उन्हें निधियों का संवितरण जारी रखा जा सकता है। तथापि, ऐसे सभी संस्थानों को 1 जून, 2014 तक मान्यताप्राप्त प्रत्यायन एजेन्सी के समक्ष आवेदन करने हेतु निदेश दिया जाता है तथा यह भी सूचित किया जाता है कि ऐसा न करने पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा 1 अप्रैल, 2015 के पश्चात् उन्हें प्रदत्त वित्तीय सहायता बंद कर दी जायेगी। यह भी निर्णय लिया गया कि जबकि इस निर्णय के संबंध में संबंधित विश्वविद्यालय/संस्थान को जानकारी दी जाये और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग इन निर्णयों को सम्मिलित करते हुए उपर्युक्त विनियम, 2012 में उचित संशोधन का प्रस्ताव कर सकता है।
- आयोग ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (सम विश्वविद्यालय संस्थान) विनियम, 2010 को निम्नवत आशोधनों के साथ अनुमोदित किया।

  (क) प्रस्तावित खण्ड 5.10 निम्नवत पठित है : "इन विनियमों में अंतर्विष्ट किसी भी शर्त के रहते हुए "सार्वजनिक रूप से वित्तपोषित सम विश्वविद्यालय की अभिशासन प्रणाली तथा प्रबंधन ढांचा, केन्द्र सरकार अथवा राज्य सरकार, जैसा भी मामला हो, के नियमानुसार हो सकता है" के स्थान पर खण्ड 5.1 से 5.9 के उपबंध सार्वजनिक रूप से वित्तपोषित सम विश्वविद्यालय पर सरकार के निर्णय के अनुरूप लागू होंगे, जो वैकल्पिक प्रबंधन ढांचों की व्यवस्था कर सकता है"।

- आयोग ने निम्नवत आशोधनों को सम्मिलित करके विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (मुक्त और दूरस्थ शिक्षा) विनियम, 2014 को मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अनुमोदनार्थ भेज दियाः—विनियम प्रमाणपत्र/पाठ्यक्रमों पर लागू नहीं होंगे : तथापि विनियम यथा प्रस्तावित छह माह की अवधि के स्थान पर नौ माह से अधिक की अवधि के डिप्लोमा पाठ्यक्रमों पर लागू होंगे :— दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रमों की पेशकश करने वाले स्टैण्डालोन संस्थानों को इन विनियमों के क्षेत्राधिकार से अलग रखा जायेगा।

- आयोग ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों में शिक्षकों तथा अन्य शैक्षणिक कर्मचारिवृंदों की नियुक्ति हेतु न्यूनतम अर्हता तथा उच्चतर शिक्षा में मानकों के रखरखाव हेतु अन्य उपाय) विनियम, 2010 तथा इसके द्वितीय संशोधनों में रोलऑउट योजना, एपीआई संचयी प्राप्तांक का अधिकतम प्रतिशत और महाविद्यालय के प्राचार्यों के कार्यकाल में आशोधन को निम्नवत संशोधन के साथ अनुमोदित कियाः—

  (i) सीएएस के तहत प्रोन्नति हेतु एपीआई की प्रतिशत की अधिकतम सीमा के विषय पर द्वितीय संशोधन विनिमय, 2013 में प्रस्तावित संशोधन के संबंध में आयोग ने अनुमोदन प्रदान किया कि इस अपेक्षा में इस सीमा तक आशोधन किया जाये कि पदधारी निम्नवत में से किन्हीं दो विकल्पों का चयन कर सकता है— (क) श्रेणी— III (शोध और प्रकाशन तथा शैक्षणिक योगदान) में प्रत्येक 34—श्रेणियों में एपीआई दावे हेतु मौजूदा प्रतिशतता की अधिकतम सीमा को अंगीकार करे अथवा (ख) सीएस के कुल एपीआई प्राप्तांक का परिकलन करते हुए प्रत्येक उप—श्रेणी में 35 प्रतिशत की अधिकतम सीमा के साथ पांच उप—श्रेणियों में से किन्हीं तीन श्रेणियों में एपीआई प्रतिशतता को अंगीकार करें। तथापि, यह विकल्प सह—आचार्य के स्तर तक ही उपलब्ध होगा।

  (ii) महाविद्यालयों के प्राचार्यों की नियुक्ति के कार्यकाल के संबंध में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विनियम, 2010 के खण्ड 5.1.6 (घ) में संशोधन के संबंध में आयोग ने, जहां कही संभव हो, प्राचार्य के कार्यकाल को 5 वर्ष से बढ़ाकर 10 वर्ष करने के प्रस्ताव को अनुमोदित किया।

- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने अनेक नीतिगत उपायों को आरंभ करने के लिये निम्नवत विशेषज्ञ समितियों का गठन कियाः

क्र.सं.	समिति	अध्यक्ष
1.	निष्णात उपाधि विनियम में आंशिक संशोधन	डॉ. वी.आर. राव
2.	विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम की धारा 22 के तहत उपाधियों की विनिर्दिष्टता	प्रो. फुर्कान कमर (अंतिम रूप दिया गया)
3.	स्वदेशी भाषाओं का संवर्धन	डा. कपिल वात्सायन
4.	नियमित/दूरस्थ पद्धति के माध्यम से एक साथ दो उपाधियां/पाठ्यक्रम जारी रखना	प्रो. फुर्कान कमर
5.	एआईसीटीई पर उच्चतम न्यायालय के निर्णय के संबंध में विश्वविद्यालय के संबद्धन के विषय में विनियम तैयार करना	प्रो. एम. अनन्त कृष्ण प्रो. संजय ढ़ाढे (अंतिम रूप दिया गया)
6.	एनएचईक्यूएफ (सीएबीई समिति) हेतु विनियम तैयार करना	प्रो. गोवर्धन मेहता
7.	विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों में मानदण्ड आधारित वित्तपोषण	मोहम्मद मियां

समितियों के निष्कर्ष नीचे दिये गये हैंः—

उपाधियों को विनिर्दिष्ट करना

आयोग ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 22 के तहत विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की जाने वाली उपाधियों की संशोधित सूची को अधिसूचित किया है जिसमें उपाधियों के संक्षिप्त नाम, उनका संपूर्ण नाम, स्तर, न्यूनतम अवधि तथा 129 उपाधि पाठ्यक्रमों की प्रवेश संबंधी अर्हता अंतर्विष्ट है। उपाधियों की विनिर्दिष्ट के संबंध में अधिसूचना को मंत्रालय द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है तथा प्रकाशनाधीन है।

निष्णात उपाधि के विनियमों में आंशिक संशोधन

आयोग ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (औपचारिक शिक्षा के माध्यम से निष्णात उपाधि प्रदान करने हेतु न्यूनतम मानदण्ड अनुदेश) विनियम, 2003 में संशोधन कर दिया है जिसमें यह उपबंध किया गया है कि ऐसी निष्णात उपाधि पाठ्यक्रम जिसके लिये प्रवेश अर्हता लगातार दो स्नातक उपाधियां है जिसमें से एक संगत विषय में हो अथवा एक बारहवीं कक्षा के पश्चात् संगत विषय में पांच वर्ष की एक समेकित उपाधि हो, इसकी अवधि एक वर्ष की हो सकती है। इस संबंध में संशोधन प्रकाशनाधीन है।

स्वदेशी भाषाएं

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, अध्यक्ष ने डॉ. कपिला वात्सायन की अध्यक्षता में स्वदेशी भाषाओं के अध्ययन और संवर्धन के मुद्दे पर विचार करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया। समिति ने एक रिपोर्ट तैयार की जिसमें निम्नवत अंतर्विष्ट हैंः—

1. केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में केन्द्रों की स्थापना हेतु दिशानिर्देश।
2. राज्य विश्वविद्यालयों में केन्द्रों की स्थापना हेतु दिशानिर्देश।
3. स्वदेशी भाषाओं तथा भाषा विज्ञान हेतु आईयूसी की स्थापना।

आयोग ने दिनांक 17.12.2012 को आयोजित अपनी बैठक में प्रथम दो सिफारिशों को अनुमोदित कर दिया तथा संकल्प लिया कि एक अंतर्विश्वविद्यालय केन्द्र (आईयूसी) की स्थापना हेतु सिफारिश पर कार्य करने के लिए प्रो. वी.एस. चौहान की अध्यक्षता में एक उप—समिति का गठन किया जाये।

समिति ने अन्य बातों के साथ—साथ स्वदेशी भाषाओं तथा भाषा विज्ञान के संवर्धन हेतु एक अंतर्विश्वविद्यालय केन्द्र (आईयूसी) की स्थापना की सिफारिश की। आयोग ने सिफारिश पर कार्य करने हेतु डॉ. वी.एस. चौहान की अध्यक्षता में एक उप—समिति का गठन किया। उप—समिति ने दो अंतर्विश्वविद्यालय केन्द्रों की स्थापना की सिफारिश की। समिति ने सिद्धांत रूप में गैर—अनुसूचित भाषाओं में भाषा शोध तथा प्रकाशन केन्द्र में एक अंतर्विश्वविद्यालय केन्द्र तथा भाषा विज्ञान में दूसरे आईयूसी केन्द्र की स्थापना की सिफारिश की।

सिफारिशों को आयोग की दिनांक 07.12.2014 को आयोजित बैठक में रखा गया तथा आयोग ने निम्नवत निर्णय लियाः

"आयोग ने निर्णय लिया कि भाषा शोध तथा प्रकाशन केन्द्र को एम.एस. विश्वविद्यालय, बड़ौदा अथवा इंदिरा गांधी नेशनल ट्राईबल यूनीवर्सिटी, अमरकटक के साथ नेटवर्किंग के माध्यम से सुदृढ़ करने के लिए संभावनाओं का पता लगाना चाहिए।"

दोनों विश्वविद्यालयों ने प्रस्ताव को भेजा है तथा यह आयोग के विचाराधीन है।

एआईसीटीई पर उच्चतम न्यायालय का निर्णय

तकनीकी शिक्षा की पेशकश करने वाले महाविद्यालय/संस्थानों की संबद्धता पर उच्चतम न्यायालय के निर्णय के परिणामस्वरूप, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, अध्यक्ष ने इस मुद्दे पर विनियम तैयार करने के लिये प्रो. एम. आनंद कृष्ण की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया।

प्रो. संजय ढ़ाढे की अध्यक्षता में एक उप–समिति ने विनियमों को अंतिम रूप दिया तथा इन्हें मंत्रालय द्वारा अनुमोदित कर दिया गया। विनियमों को राजपत्र में अधिसूचित कर दिया गया।

विश्वविद्यालय द्वारा तकनीकी शिक्षा उपलब्ध कराने वाले नये महाविद्यालयों को संबद्धता प्रदान करने तथा तकनीकी महाविद्यालयों में छात्रों के दाखिले की क्षमता में वृद्धि को अनुमोदन प्रदान करने के संबंध में एक वर्ष के अधिस्थगत काल संबंधी अधिसूचना को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की वेबसाईट पर अपलोड कर दिया गया था।

तकनीकी शिक्षा को विनियमित किये जाने के संबंध में उच्चतम न्यायालय की विशेष अनुमति याचिका (सिविल) सं0 7277/2014 में दिये गये निर्णय के अनुपालन में आयोग ने यह निर्णय लिया कि तकनीकी शिक्षा के संबंध में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के विनियमों को उच्चतम न्यायालय द्वारा दिये गये अंतिम निर्णय के संबंध में ज्ञात हो जाने तक आस्थगित रखा जाये।

नेशनल हॉयर एजुकेशनल क्वालिफीकेशन फ्रेमवर्क (एनएचईक्यूएफ)

61वीं सीएबीई बैठक के उपरांत, जिसमें यह संकल्प लिया गया कि नेशनल हॉयर एजुकेशनल क्वालिफीकेशन फ्रेमवर्क (एनएचईक्यूएफ) के संबंध में एक समिति का गठन किया जाये, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, अध्यक्ष ने एनएचईक्यूएफ पर सिफारिशें देने के लिये प्रो. गोवर्धन मेहता की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया। समिति की बैठक आयोजित होनी शेष है।

विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों में मानदण्ड आधारित वित्तपोषण

मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने यह महसूस किया कि विश्वविद्यालय तथा अन्य संस्थानों को मानदण्डों के आधार पर वित्तपोषित किया जाना चाहिए तथा संस्थानों को वित्तपोषित करने हेतु पारदर्शी, निष्पक्ष तथा संस्थानों को परखे जाने वाले मानदण्डों का विकास करना चाहिये। इसके उपरांत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष ने इस मुद्दे पर विचार करने तथा संस्थानों को मानदण्ड आधारित वित्तपोषण करने के मुद्दे पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को सिफारिशें देने के लिए मद्रास विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. एस.पी. त्यागराजन की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया। समिति ने अनेक बैठक करने के पश्चात् विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) प्रस्तुत की साथ ही बारहवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान मानदण्ड आधारित वित्तपोषण के कार्यान्वयन हेतु दिशानिर्देश प्रस्तुत किए। समिति द्वारा पात्र विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालय में योजनागत अनुदान के परिकलन हेतु प्रतिछात्र प्रतिवर्ष के अनुसार उच्चतर शिक्षा की एक इष्टतम संस्थागत लागत तैयार की है।

विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तथा दिशानिर्देशों को आयोग की दिनांक 27.2.2014 को आयोजित बैठक में आयोग के समक्ष रखा गया।

आयोग ने प्रस्ताव को सिद्धांत रूप में अनुमोदन प्रदान करते हुए यह निर्णय लिया कि प्रस्ताव की साध्यता तथा विस्तृत वित्तीय विवक्षाओं का अध्ययन करने के लिये एक समिति का गठन किया जाये तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, अध्यक्ष को समिति का गठन करने के लिए अधिकृत किया।

2 उच्चतर शिक्षा प्रणाली का विकास : कुछ आँकड़े

आयोग को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 12(ज) के अन्तर्गत आयोग द्वारा भारत तथा अन्य देशों में विश्वविद्यालय शिक्षा से संबंधित ऐसे सभी मामलों पर जानकारी एकत्र करने का अधिकार है और धारा 12(झ) के अन्तर्गत उस विश्वविद्यालय में आरंभ की गई विभिन्न शिक्षण शाखाओं अथवा अध्ययन की वित्तीय स्थिति से संबंधित नियमों एवं विनियमों के संबंधित जानकारी को भेजने को कह सकता है जिसमें उस विश्वविद्यालय में ज्ञान–अर्जन की प्रत्येक शाखा के संबंध में शिक्षण और परीक्षा के स्तर सहित सभी नियम और विनियम शामिल है।

स्वतंत्रता के समय देश में केवल 20 विश्वविद्यालय तथा 500 महाविद्यालय थे और उच्चतर शिक्षा पद्धति में 2.1 लाख छात्र थे। परन्तु स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद इन सभी की संख्याओं में काफी वृद्धि हुई है। अब यह एक सुस्थापित तथ्य है कि विश्वविद्यालयों की संख्या में 37 गुना वृद्धि हुई है, उपाधियां प्रदान करने वाले विश्वविद्यालयों/संस्थानो की संख्या में 79 गुना वृद्धि हुई है और उच्चतर शिक्षा की औपचारिक पद्धति में छात्रों की भर्ती 113 गुना बढ़ी है। विश्वविद्यालयों अथवा विशेष रूप से महाविद्यालयों जैसे उच्चतर शिक्षण संस्थानों के विकास के बिना छात्र नामांकन और पाठयक्रमों में दाखिले की क्षमता में इतनी वृद्धि कभी सम्भव नहीं हो पाती। संस्थानों तथा नामांकन में वृद्धि यह दर्शाती है कि बारहवीं पंचवर्षीय योजना के अंत तक (2017) तक सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) के निर्धारित 30 प्रतिशत के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया जाएगा ।

2.1 संस्थान

ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के अन्त तक (31.03.2012) तक देश में 573 विश्वविद्यालय (43 केन्द्रीय, 129 राज्य, 397 सम विश्वविद्यालय तथा 4 संस्थान विशेष राज्य विधान अधिनियमों के अंर्तगत स्थापित किए गए थे) और 35,539 महाविद्यालय थे। वर्ष 2013–14 के दौरान 666 विश्वविद्यालय (45 केन्द्रीय, 129 समविश्वविद्यालय एवं 313 राज्य विश्वविद्यालय एवं 175 राज्य निजी तथा 4 संस्थान विशेष राज्य विधान अधिनियमों के अंर्तगत स्थापित किए गए थे) और महाविद्यालयों की संख्या 39671 थी और इस प्रकार ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के अंत में प्राप्त आंकड़ों की तुलना में बारहवीं पंचवर्षीय योजना के द्वितीय वर्ष में विश्वविद्यालयों की संख्या में 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई तथा महाविद्यालयों की संख्या में 11.63 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

वर्ष 2013–2014 के दौरान, कुल **666** विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय स्तर के संस्थान थे – **313** राज्य, **175** राज्य निजी, **45** केन्द्रीय, **129** समविश्वविद्यालय एवं **चार** ऐसे संस्थान थे जिन्हें राज्य विधान अधिनियम के अन्तर्गत स्थापित किया गया था **(परिशिष्ट : I एवं II)** । रिपोर्टाधीन वर्ष, 2013–2014 के दौरान कुल मिलाकर, **24** राज्य निजी विश्वविद्यालयों तथा 13 राज्य विश्वविद्यालयों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की विश्वविद्यालयों की सूची में शामिल किया गया और **4** विश्वविद्यालयों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 12(ख) के अन्तर्गत केन्द्रीय सहायता प्राप्त करने के लिए पात्र घोषित किया गया।

01.04.2013 से 31.03.2014 के दौरान विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की सूची में जिन राज्य विश्वविद्यालयों तथा राज्य निजी विश्वविद्यालयों को सम्मिलित किया गया उनका विवरण निम्नलिखित है:–

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की सूची में सम्मिलित किये गये राज्य विश्वविद्यालयों की सूची (01.04.2013 से 31.03.2014)

क्र.सं.	राज्य/विश्वविद्यालय का नाम	स्थापना का वर्ष
	असम	
1.	कॉटन कॉलेज राज्य विश्वविद्यालय, पान बाजार, गुवाहाटी, असम	2011
2.	कुमार भास्कर वर्मा संस्कृत एवं पुरातन अध्ययन विश्वविद्यालय, नलबाड़ी–781335, असम	2011
3.	श्रीमंत शकरादेव स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, नरकासुर हिलटॉप, भंगागढ़, गुवाहाटी, असम	2007
	छत्तीसगढ़	
4.	छत्तीसगढ कामधेनू विश्वविद्यालय, दुर्ग–491001, छत्तीसगढ	2011
	हरियाणा	
5.	इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाडी–122502, हरियाणा	2013
	जम्मू और कश्मीर	
6.	शेर–ए–कश्मीर कृषि विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, छत्ता, जम्मू–180009	1999
	केरल	
7.	थुनछट एजुथाचन मलयालम विश्वविद्यालय, मोहन विला, पुकायिल, डाकघर तिरूर, जिला मल्लपुरम, केरल–676107	2013
	राजस्थान	
8.	हरदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंपर्क विश्वविद्यालय, सूचना केन्द्र संकुल, सवाई राम सिंह मार्ग, जयपुर–302004, राजस्थान	2012
9.	सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा एवं आपराधिक न्याय विश्वविद्यालय,जोधपुर, राजस्थान	2012
	तमिलनाडु	
10.	तमिलनाडु मत्सियिकी विश्वविद्यालय, प्रथम लाईनबीच रोड, नागापट्टनम–611001, तमिलनाडु	2012
	उत्तराखण्ड	
11.	श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बडशाहीथोल, टीहरी गढ़वाल, उत्तराखण्ड–249199	2011

क्र.सं.	राज्य/विश्वविद्यालय का नाम	स्थापना का वर्ष
	पश्चिम बंगाल	
12.	काजी नजरूल विश्वविद्यालय, पुराना एडीडीए कार्यालय भवन (आसनसोल बालिका महाविद्यालय के पीछे) डाकघर– आसनसोल– 713304, जिला– वर्द्धवान, पश्चिम बंगाल	2012
	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली	
13.	इंदिरा गांधी दिल्ली महिला तकनीकी विश्वविद्यालय, कश्मीरी गेट, दिल्ली–110006.	2013

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की सूची में सम्मिलित किये गये राज्य निजी विश्वविद्यालयों की सूची (01.04.2013 से 31.03.2014)

क्र.सं.	निजी विश्वविद्यालय का नाम	अधिसूचना की तिथि
	अरूणाचल प्रदेश	
1.	एपेक्स प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, पासीघाट, जिला ईस्ट सियांग, अरूणाचल प्रदेश–791102	10.05.2013
2.	हिमालयन यूनीवर्सिटी, 401, टकर काम्पलैक्स, नाहरलगुन, इटानगर, जिला–पापुमपारे– 791110, अरूणाचल प्रदेश	03.05.2013
	गुजरात	
3.	सी0यू0 शाह विश्वविद्यालय, सुरेन्द्रनगर–अहमदाबाद राज्य राजमार्ग, कोथारिया गांव के निकट, वधावन सिटी–363030, जिला सुरेन्द्रनगर, गुजरात	22.04.2013
	हरियाणा	
4.	जी0डी0 गोएनका विश्वविद्यालय, जी0डी0 गोएनका एजूकेशन सिटी, गुड़गांव सोहना रोड, गुड़गांव, हरियाणा–122103	03.05.2013
5.	जगन्नाथ विश्वविद्यालय, राज्य राजमार्ग संख्या 22, बहादुरगढ़, – झज्झर रोड, झज्झर – 124507, हरियाणा	03.05.2013
6.	के0आर0 मंगलम विश्वविद्यालय, सोहना रोड, गुड़गांव, हरियाणा–122103	03.05.2013
7.	श्री गुरू गोबिन्द सिंह ट्राईसेनेटरी यूनीवर्सिटी, फारूख नगर रोड, बुधेरा, जिला गुडगांव, हरियाणा	03.05.2013
8.	एसआरएम विश्वविद्यालय, प्लॉट संख्या 39, राजीव गांधी एजूकेशन सिटी, दिल्ली–एनसीआर, सोनीपत–कुंडली अर्बन काम्पलेक्स, हरियाणा– 131029	03.05.2013
	कर्नाटक	
9.	सीएमआर विश्वविद्यालय, 2, तीसरा, 'सी' छठा मेन रोड, द्वितीय ब्लॉक, बोआरबीआर लेआउट, कल्याण नगर, बंगलूरू– 560043, कर्नाटक	16.05.2013

क्र.सं.	निजी विश्वविद्यालय का नाम	अधिसूचना की तिथि
10.	एमएस रमैया अनुप्रयुक्त विज्ञान विश्वविद्यालय, प्रशासनिक ब्लाक, नया बीईएल रोड, एमएसआरआईटी पोस्ट, बंगलूरू– 560054, कर्नाटक	09.07.2013
11.	पीईएस विश्वविद्यालय, 100 फुट रिंग रोड, बोएसके तृतीय चरण, बंगलूरू–560085 (कर्नाटक)	16.05.2013
12.	प्रेजीडेन्सी विश्वविद्यालय (कर्नाटक), डिब्बूर एवं ईगलपुर ग्राम, हेसाराघाट होबली, बंगलूरू (कर्नाटक)	16.05.2013
13.	राय प्रौद्योगिकीय विश्वविद्यालय, डोडाबालापुर, नीलमंगला रोड, एसएच–74, ऑफ हाईवे 07, डोडाबालापुर तालुक, बंगलूरू– 561204, कर्नाटक	09.07.2013
14.	रीवा विश्वविद्यालय, कट्टीगेनहाल्ली, येलहानका, बंगलूरू– 560064	16.05.2013
	मध्य प्रदेश	
15.	जागरण लेकसिटी विश्वविद्यालय, ग्राम पंचायत मुगालिया छाप, तहसील हुजूर, भोपाल– 462044, मध्य प्रदेश	24.04.2013
रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान पुरानी योजनाओं का विलोपन तथा नई योजना/कार्यक्रमों को सम्मिलित किया जाना, यदि कोई हो तो

मेटा विश्वविद्यालय संकल्पना

बारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने मेटा विश्वविद्यालय की संकल्पना आरंभ की : मेटा विश्वविद्यालय का मुख्य उद्देश्य उपलब्ध नवीनतम प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके विभिन्न विश्वविद्यालय द्वारा ज्ञान अर्जन संसाधनों

की सहभागिता करना है ताकि छात्र विभिन्न संस्थानों में उपलब्ध ज्ञान अर्जन संसाधनों से लाभान्वित हो सकें। मेटा विश्वविद्यालय द्वितीय पीढ़ी के विश्वविद्यालय का द्योतक है जोकि भौतिक सीमांकन स्थितियों से मुक्त है तथा जो ऐसे क्षेत्रों में नवोन्मेष तथा उपलब्ध लचीलेपन का लाभ उठाकर आभासी स्थान में चल सके।

दिल्ली विश्वविद्यालय तथा जामिया मिलिया इस्लामिया ने मेटा विश्वविद्यालय संकल्पना पर आधारित "मास्टर ऑफ मैथमेटिकल एजुकेशन 2012–13" में एक पाठ्यक्रम आरंभ किया है। वर्ष 2013–14 के दौरान योजना के तहत दिल्ली विश्वविद्यालय को 66.66 लाख रुपये तथा जामिया मिलिया इस्लामिया को 59.50 लाख रुपये की राशि जारी की।

बाह्य स्रोतों से वित्तपोषण की व्यवस्था करना

उच्चतर शिक्षा को सहायता प्रदान करने, अपनी परम्परा को पुनर्जीवित करने तथा विश्वविद्यालय के विकास में समाज की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान "बाह्य संसाधन जुटाने हेतु प्रोत्साहन" नामक एक योजना आरंभ की थी। योजना बारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान भी जारी है।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग किसी एक विशिष्ट वर्ष में विश्वविद्यालय को प्राप्त योगदान के 25 प्रतिशत तक होगा जोकि अधिकतम 50.00 लाख रुपए प्रतिवर्ष होगा।

ग्यारहवीं और बारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान योजना से लाभान्वित हुए केन्द्रीय विश्वविद्यालयों का ब्यौरा निम्नवत है:–

क्र.सं.	विश्वविद्यालय का नाम	राशि (लाख रुपए में)		
		ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना	बारहवीं पंचवर्षीय योजना	कुल
1.	हैदराबाद विश्वविद्यालय	225.00	50.00	275.00
2.	जामिया विश्वविद्यालय	19.43	0.00	19.43
3.	जवाहरलाल नेहरू	300.00	0.00	300.00

अवसरंचनात्मक विकास हेतु अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय तथा बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, प्रत्येक को एकमुश्त अतिरिक्त अनुदान के रूप में 100 करोड़ रुपए की राशि

भारत सरकार ने एएमयू तथा बीएचयू, प्रत्येक को आवर्ती और साथ–साथ अनावर्ती अनुदान शीर्षक के तहत उनके चिकित्सा महाविद्यालयों हेतु 100 करोड़ रुपए की अतिरिक्त निधियां आवंटित की। योजना के तहत वर्ष 2013–14 के दौरान एएमयू और बीएचयू, प्रत्येक को 50 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई थी।

दाखिले में अन्य पिछड़े वर्ग को आरक्षण प्रदान करने हेतु क्षमता विस्तार

केन्द्रीय शिक्षा संस्थान (दाखिले में आरक्षण) अधिनियम, 2006 के तहत अधिनियम के अंतर्गत छूट प्राप्त संस्थानों के अलावा केन्द्र सरकार द्वारा स्थापित अनुरक्षित अथवा सहायता प्राप्त केन्द्रीय शिक्षा संस्थानों (सीईआई) में अनुसूचित जाति के लिये 15 प्रतिशत तथा अनुसूचित जनजाति के लिए 7.5 प्रतिशत आरक्षण के अलावा अन्य पिछड़े वर्गों (असम्पन्न वर्ग के अलावा) हेतु अध्ययन की प्रत्येक शाखा अथवा संकाय में अनुमेय वार्षिक संख्या का 27 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करना परिकल्पित है जिसके माध्यम से शिक्षा सत्र 2006–07 के लिए अनुमेय वार्षिक क्षमता को शिक्षा सत्र 2008–09 से आरंभ कर अधिकतम 3 वर्ष की अवधि के दौरान 54 प्रतिशत तक बढ़ाना अपेक्षित है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अ.पि.व., अ.जा. तथा अ.ज.जा. को प्रत्येक शिक्षा सत्र में उपलब्ध अनारक्षित सीटों की संख्या उस सत्र के लिए अनुमेय क्षमता में वृद्धि के अनुरूप हो।

वर्ष 2013–14 के दौरान अ.पि.व. आरक्षण के कार्यान्वयन हेतु केन्द्रीय विश्वविद्यालयों को 247.47 करोड़ रुपए का अनुदान (दिल्ली विश्वविद्यालय को 215 करोड़ रुपए, यूसीएमएस को 12.50 करोड़ रुपए तथा विश्व भारती को 16.96 करोड़ रुपए) जारी किया गया।

केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में शिक्षा विद्यालयों को स्थापित करना/सुदृढ़ करना

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग केन्द्रीय विश्वविद्यालयों तथा अन्य विश्वविद्यालयों से शिक्षा विभाग की स्थापना करने तथा शिक्षकों एवं अध्यापकों हेतु कार्यक्रम आयोजित करने हेतु बल देता आ रहा है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 तथा अध्यापकों की शिक्षा संबंधी न्यायमूर्ति वर्मा आयोग (2012) की रिपोर्ट में अंतर्विष्ट सिफारिशों के आलोक में भारत सरकार ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से विश्वविद्यालयी प्रणाली में अध्यापकों की शिक्षा हेतु संस्थागत सहायता को विस्तार देने के लिये साथ ही उसमें विभिन्न गुणात्मक सुधार लाने के लिए तत्काल कदम उठाने का अनुरोध किया। ऐसे कदम उठाने की दिशा में एक ऐसा पहलू देश में केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में शिक्षा विद्यालय की स्थापना करना था। इस उद्देश्य से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने सभी केन्द्रीय विश्वविद्यालयों को उनके भीतर एक शिक्षा विद्यालय स्थापित करने तथा सेवापूर्व अध्यापक शिक्षा के अलावा अध्यापकों की शिक्षा से संबंधित विभिन्न क्रियाकलाप आरंभ करने के लिये पत्र व्यवहार किया। इनमें पाठ्यचर्या शोध, नीतिगत तथा शैक्षणिक विकास,अधिगम तथा शिक्षाशास्त्रीय अध्ययन, निर्धारण तथा मूल्यांकन, अध्यापकों को शिक्षा प्रदान करने वाले शिक्षकों का पेशेवर विकास करना शामिल है। एक संबंधित मुद्दा जिस पर केन्द्रीय विश्वविद्यालयों से कार्य करने का अनुरोध किया गया था वह अध्यापक शिक्षा के संबंध में राष्ट्रीय पाठ्यचर्या ढांचे (एनसीएफटीई), 2009 की सिफारिशों के आलोक में विभिन्न अध्यापक शिक्षा कार्यक्रमों की पाठ्यचर्या में सुधार करने से संबंधित था।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने 19 केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में अध्यापक शिक्षा के विस्तार तथा उसे सुदृढ़ करने के लिए निधियां संस्वीकृत की जिसके तहत बारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान विभिन्न शिक्षण तथा शिक्षणेत्तर पदों के लिए अनुमोदन प्रदान किया गया था तथा इन विश्वविद्यालयों को 110.00 करोड़ रुपए की राशि संस्वीकृत की गई थी, जिसमें से वर्ष 2013–14 के दौरान 35.00 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई थी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने अध्यापक शिक्षा पाठ्यक्रमों की पाठ्यचर्या में सुधार हेतु कदमों को भी बल प्रदान करते हुए शैक्षणिक स्टॉफ कालेजों से अध्यापक शिक्षकों को पुनश्चर्या तथा अभिविन्यास प्रशिक्षण कार्यक्रम उपलब्ध कराने का भी अनुरोध किया ताकि अध्यापक शिक्षा विभागों में स्नातकोत्तर कार्यक्रमों को सुदृढ़ किया जा सके तथा समेकित अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम चलाये जा सकें।

उपरोक्त प्रयासों के परिणामस्वरूप वर्तमान में 36 केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में शिक्षा विद्यालय/विभाग हैं, जो विभिन्न सेवा–पूर्व तथा अन्य अध्यापक शिक्षा कार्यक्रमों की पेशकश करते हैं तथा उन्होंने अध्यापक शिक्षा के अन्य संबंधित कार्यक्रमों को उपलब्ध कराने के प्रयासों को तीव्र कर दिया है।

तदनुसार, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने सभी केन्द्रीय विश्वविद्यालयों से एनसीटीई मानदण्डों के अनुसार सांविधिक निकायों से अनुमति प्राप्त कर शिक्षा सत्र 2013–14 से शिक्षा विद्यालय स्थापित कर शैक्षणिक क्रियाकलाप आरंभ करने की अनुमति प्रदान की है।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने वर्ष 2013–14 के दौरान शिक्षा विद्यालय की स्थापना करने के लिये निम्नवत केन्द्रीय विश्वविद्यालयों को निधियां जारी कीः–

(लाख रूपये में)

क्र.सं.	विश्वविद्यालय का नाम	विश्वविद्यालय को जारी की गई निधियां
1.	मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय	500.00
2.	हैदराबाद विश्वविद्यालय	500.00
3.	बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय	500.00
4.	गुजरात केन्द्रीय विश्वविद्यालय	500.00
5.	हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय	500.00
6.	ओडीशा केन्द्रीय विश्वविद्यालय	500.00
7.	पंजाब केन्द्रीय विश्वविद्यालय	500.00
	कुल	**3500.00**

केन्द्रीय विश्वविद्यालय को एकमुश्त अतिरिक्त अनुदान

वर्ष 2013–14 के दौरान विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने एबीके उच्च विद्यालय हेतु अलीगढ़ मस्लिम विश्वविद्यालय को 482.14 लाख रुपए का अतिरिक्त अनुदान जारी किया तथा बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय को अवसंरचनात्मक विकास हेतु 2690.00 लाख रुपए की राशि जारी की।

लुप्तप्राय भाषाओं हेतु केन्द्रों की स्थापना

बारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने लुप्तप्राय भाषाओं के परिरक्षण तथा उनके संवर्धन हेतु केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में स्वदेशी भाषाओं हेतु केन्द्रों की स्थापना आरंभ करने का निर्णय लिया। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने योजना हेतु रिपोर्ट तैयार करने तथा दिशानिर्देशों को अंतिम रूप देने के लिये एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया। आयोग ने दिनांक 17.12.2012 को आयोजित बैठक में उक्त योजना की विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट को अनुमोदित कर दिया।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने निम्नवत 9 केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में लुप्तप्राय भाषाओं हेतु केन्द्रों की स्थापना हेतु अनुमोदन प्रदान किया है:—

1. तेजपुर विश्वविद्यालय, असम
2. राजीव गांधी विश्वविद्यालय, अरूणाचल प्रदेश
3. सिक्किम विश्वविद्यालय, सिक्किम
4. इंदिरा गांधी नेशनल ट्रॉइबल विश्वविद्यालय, मध्य प्रदेश
5. झारखण्ड केन्द्रीय विश्वविद्यालय, झारखण्ड
6. गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़
7. कर्नाटक केन्द्रीय विश्वविद्यालय, कर्नाटक
8. केरल केन्द्रीय विश्वविद्यालय, केरल
9. विश्व भारती, पश्चिम बंगाल

एनएएसी द्वारा प्रत्येक केन्द्रीय विश्वविद्यालय का अनिवार्य प्रत्यायन

उच्चतर शिक्षा के क्षेत्र में पारदर्शी तथा संसूचित बाह्य समीक्षा प्रक्रिया के माध्यम से मूल्यांकन तथा प्रत्यायन, गुणवत्ता आश्वासन की प्रभावी पद्धतियां हैं जिससे छात्रों तथा अन्य को सामान्य संदर्भ ढांचा उपलब्ध कराया जा सकता है तथा सभी संस्थानों में शैक्षणिक गुणवत्ता पर विश्वसनीय जानकारी प्राप्त की जा सकती है जिससे घरेलू के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों में छात्रों के स्थानांतरण में सहायता प्राप्त हो सकेगी।

किसी संस्थान में शिक्षा कार्यक्रमों के प्रारंभ होने से पूर्व मूल्यांकन आरंभ किया जाता है। संस्थान द्वारा उसकी मौजूदगी के कतिपय वर्ष (6 वर्ष) पूर्ण होने पर/विनिर्दिष्ट संख्या में बैच (दो बैच) उत्तीर्ण होने पर, इनमें से जो भी पहले हो, के पश्चात् प्रत्यायन आरंभ किया जाता है।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने यह भी निर्णय लिया कि कोई भी उच्चतर शिक्षा संस्थान अथवा संकाय, विद्यालय, विभाग, केन्द्र अथवा इसके अंतर्गत कोई इकाई चाहे जिस नाम से इसे जाना जाये,**वह 1 जून, 2014 को अथवा इससे पूर्व बिना निर्धारण तथा मूल्यांकन की प्रक्रिया से गुजरे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से 1 अप्रैल, 2015 तथा इसके पश्चात् इसकी किसी भी योजना के लिये वित्तीय सहायता हेतु आवेदन करने अथवा प्राप्त करने के लिये पात्र नहीं होगा।**

39 केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में से **8 केन्द्रीय विश्वविद्यालयों** ने एनएएसी प्रत्यायन प्राप्त किया है। **10 केन्द्रीय विश्वविद्यालयों** ने पूर्व में प्रत्यायन प्राप्त कर लिया था परंतु उनकी प्रत्यायन अवधि समाप्त हो गई है तथा 10 केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में से **8 केन्द्रीय विश्वविद्यालयों** (शेष 2 केन्द्रीय विश्वविद्यालय, अर्थात् हेमवन्ती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल तथा इलाहाबाद विश्वविद्यालय द्वारा पुनर्प्रत्यायन हेतु आवेदन करना शेष है) ने पुनर्प्रत्यायन हेतु आवेदन किया है। अब तक **एक पात्र केन्द्रीय विश्वविद्यालय (आईजीएनटीयू)** ने एनएएसी हेतु आवेदन नहीं किया है। **11 विश्वविद्यालय** एनएएसी प्रत्यायन हेतु पात्र नहीं **हैं। 9 केन्द्रीय विश्वविद्यालयों** ने पहली बार प्रत्यायन हेतु आवेदन किया है।

केन्द्रीय विश्वविद्यालयों का एकल अधिनियम

भारत सरकार, मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने केन्द्रीय विश्वविद्यालयों सहित केन्द्रीय शिक्षा संस्थानों की स्वायत्तता पर माधव मेनन समिति की सिफारिशों के मद्देनजर सभी केन्द्रीय विश्वविद्यालयों के प्रशासन हेतु एक मसौदा विधेयक तैयार करने के लिये एक समिति का गठन किया। समिति यह सुनिश्चित करेगी कि सक्षमकारी उपबंधों के माध्यम से प्रत्येक विश्वविद्यालय की विशिष्टता तथा विविधता की रक्षा की जाए। समिति ने दिसम्बर, 2013 को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। समिति की रिपोर्ट भारत सरकार के विचाराधीन है।

केन्द्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों का सम्मेलन

दिनांक 19 जुलाई, 2013 को केन्द्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों का माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री के साथ विज्ञान भवन में सम्मेलन आयोजित हुआ। केन्द्रीय विश्वविद्यालयों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर एक विस्तृत चर्चा हुई तथा इसका उद्देश्य सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) में सुधार करने की दिशा में केन्द्रीय विश्वविद्यालयों की भूमिका, विद्यालयों तथा उच्चतर शिक्षा संस्थानों, दोनों में सेवापूर्व तथा सेवारत शिक्षकों की क्षमता निर्माण की आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए शिक्षा विद्यालय की स्थापना करना, केन्द्रीय विश्वविद्यालय में संकाय की कमी तथा शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर पदों के संबंध में बैकलॉग रिक्तियों को भरना, उच्च शैक्षणिक मानकों का अनुरक्षण करने के लिए केन्द्रीय विश्वविद्यालयों का प्रत्यायन, दाखिले में आरक्षण का कार्यान्वयन, उद्योगों के साथ सहयोग से 2–3 कौशल उन्मुखी पाठ्यक्रम आरंभ करना, अतिरिक्त संसाधन जुटाना, उद्योगों हेतु शोध वित्तपोषण, तथा शुल्क का यौक्तिकरण, गृह मानदण्डों का पालन, शिकायत निवारण प्रणाली, प्रेरक शिक्षक/नवोन्मेषकों के क्लब का गठन, एनएमई–आईसीटी सुविधाओं का उपयोग तथा अधिगम सामग्री के विकास में भागीदारी करना है। 5 फरवरी, 2013 को राष्ट्रपति भवन में आयोजित सम्मेलन की सिफारिशों पर कृत कार्यवाही रिपोर्ट।

बारहवीं पंचवर्षीय योजना के लक्ष्य

बारहवीं पंचवर्षीय योजना के निम्नवत लक्ष्य हैः–

(i) उच्चतर शिक्षा प्रदान किये जाने की सभी पद्धतियों में विस्तार करना ताकि बारहवीं पंचवर्षीय योजना के अंत तक उच्चतर शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) को बढ़ाकर 30 प्रतिशत किया जा सके।

(ii) मौजूदा संस्थानों में नई अतिरिक्त क्षमता का सृजन कर तथा नये संस्थानों की स्थापना कर उच्चतर शिक्षा के संस्थागत आधार में विस्तार करना।

(iii) सामाजिक रूप से वंचित समुदायों को उच्चतर शिक्षा के अवसर प्रदान करना तथा महिलाओं, अल्पसंख्यकों तथा निशक्त व्यक्तियों को इसमें सम्मिलित किये जाने को बढ़ावा देकर असमानता को दूर करना।

(iv) शिक्षा की पहुंच से परे तथा कम शिक्षा की पहुंच वाले क्षेत्रों में संस्थानों की स्थापना कर उच्चतर शिक्षा तक पहुंच में क्षेत्रीय असंतुलनों को दूर करना।

(v) उच्चतर शिक्षा के संस्थानों में अवसंरचनात्मक तथा संकाय विकास हेतु योजनागत सहायता को बढ़ावा देना ताकि शिक्षण और शोध में प्रतिभाओं को आकर्षित किया जा सके।

(vi) विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालय में उन्नत शोध सुविधाओं के माध्यम से ज्ञान अर्जन की परिस्थितियों का सृजन करना।

(vii) वैश्विक ज्ञान तथा बौद्धिक संपदा अधिकारों को उन्नत बनाने हेतु अंतर्राष्ट्रीय समुदाय, विदेशी सरकारों, विश्वविद्यालयों/संस्थानों तथा क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों के साथ सहयोग को बढ़ावा देना।

(viii) भारतीय भाषाओं के विकास को बढ़ावा देना।

(ix) उच्चतर शिक्षा संस्थानों में स्वायत्तता, नवोन्मेष तथा शैक्षणिक सुधारों को बढ़ावा देना।

(x) उच्चतर शिक्षा में कार्यक्षमता, संगतता तथा सृजनात्मकता में सुधार करने के लिये संस्थागत पुनर्गठन आरंभ करना।

3.1(ख) राज्य विश्वविद्यालय

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, विनिर्दिष्ट मानकों के ढांचे तथा व्यापक परिव्यय के भीतर ऐसे सभी पात्र राज्य विश्वविद्यालय को सामान्य विकास सहायता मुहैया करवाता हैं जो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम की धारा 2(च) और 12(ख) के तहत मान्यता प्राप्त हैं ताकि ऐसी अवसंरचनात्मक सुविधाएं प्रदान की जा सके, जो सामान्यत उन्हें राज्य सरकार अथवा सहायता प्रदान करने वाले निकायों से प्राप्त नहीं होती है। भवन, कर्मचारिवृंदों, पुस्तकों तथा जर्नलों, उपस्करों एवं अन्य मदों आदि के लिए सहायता प्रदान की जाती है।

- विश्वविद्यालयों को बारहवीं पंचवर्षीय सामान्य विकास सहायता योजनागत ब्लॉक अनुदान के रूप में उपलब्ध कराई जाएगी। राज्य विश्वविद्यालयों के मामले में, इसमें भवन का निर्माण, नवीकरण (विरासत भवनों का नवीकरण सहित) कैम्पस विकास, कर्मचारिवृंद, पुस्तकें तथा जर्नल, प्रयोगशाला, उपस्कर तथा अवसंरचना वार्षिक अनुरक्षण संविदा, नवोन्मेष शोध क्रियाकलाप, विश्वविद्यालय–उद्योग संबंध, विस्तार क्रियाकलाप, सांस्कृतिक क्रियाकलाप, आईसीटी का विकास, स्वास्थ्य परिचर्या, छात्रावास, यात्रा अनुदान, सम्मेलन/संगोष्ठियां/परिसंवाद/कार्यशाला सहित छात्रावास, छात्र सुविधाएं, प्रकाशन अनुदान, अभ्यागत आचार्य, अभ्यागत अध्येता की नियुक्ति

तथा वृत्ति और परामर्श प्रकोष्ठ, दिवसीय देखभाल केन्द्र, महिलाओं के लिये मूलभूत सुविधाएं तथा संकाय विकास कार्यक्रम आदि शामिल होंगे।

- ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना में आरंभ की गई आमेलित योजना की संकल्पना को समाप्त कर दिया गया है तथा बारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान आमेलित योजना के तहत कोई पृथक अनुदान उपलब्ध नहीं कराया जायेगा।
- ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान आरंभ की गई एनकोर योजना अब बारहवीं पंचवर्षीय योजना सामान्य विकास सहायता का भाग होगी। इस योजना के लिए अलग से कोई निधियां प्रदान नहीं की जायेंगी।
- ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना की पूर्ववर्ती योजना अर्थात् मानवाधिकार तथा कर्त्तव्य शिक्षा को भी अब बारहवीं पंचवर्षीय सामान्य विकास सहायता योजना के तहत सम्मिलित किया गया है। इस योजना के लिये अलग से कोई निधियां मुहैया नहीं करवाई जायेंगी।
- आगन्तुक/अंशकालिक शिक्षकों की नियुक्ति/मानदेय अब बारहवीं पंचवर्षीय सामान्य विकास सहायता योजना का भाग होंगी।
- विश्वविद्यालयों में राजीव गांधी अध्यक्षपीठ की स्थापना, बारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान विश्वविद्यालयों में अध्यक्षपीठों की स्थापना के रूप में जारी रहेगी।
- आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की स्थापना तथा महिला छात्रावास के निर्माण की एक स्वतंत्र योजना को सभी राज्य विश्वविद्यालयों में कार्यान्वित किया जायेगा तथा अब यह आमेलित योजना का भाग नहीं होगी और पृथक योजना के रूप में जारी रहेगी।
- ऐसे शिक्षकों को विशेष मानदेय की योजना जो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा चिह्नित चार में से कम से कम दो विज्ञान अकादमियों के अध्येता हों, यह योजना बारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान पृथक योजना के रूप में जारी रहेगी।

बारहवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान राज्य विश्वविद्यालयों हेतु सामान्य विकास सहायता के तहत एसयू ब्यूरो द्वारा निम्नवत योजनाएं चलाई जा रही हैं

क्र.सं.	मद
1.	भवनों का विनिर्माण और उनका नवीकरण
2.	कैम्पस विकास
3.	कर्मचारिवृंद
4.	पुस्तकें और जर्नल
5.	प्रयोगशाला उपस्कर और अवसंरचना
6.	वार्षिक अनुरक्षण संविदा
7.	नवोन्मेष शोध क्रियाकलाप
8.	विश्वविद्यालय उद्योग संपर्क
9.	विस्तार क्रियाकलाप
10.	सांस्कृतिक क्रियाकलाप
11.	आईसीटी का विकास
12.	स्वास्थ्य परिचर्या

क्र.सं.	मद
13.	छात्रावास सहित छात्र सुविधाएं
14.	यात्रा अनुदान
15.	सम्मेलन/संगोष्ठी/परिसंवाद/कार्यशाला
16.	प्रकाशन अनुदान
17.	अभ्यागत आचार्य/अभ्यागत अध्येता की नियुक्ति
18.	वृत्ति तथा परामर्श सेवा प्रकोष्ठ की स्थापना
19.	दिवसीय देखभाल केन्द्र
20.	महिलाओं हेतु मूलभूत सुविधाएं
21.	संकाय विकास कार्यक्रम
22.	एनकोर
23.	मानवाधिकार और कर्त्तव्यों के संबंध में शिक्षा
24.	अंशकालिक अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति/मानदेय
25.	छात्रों को गैर–नेट अध्येतावृत्ति

- यहां यह भी उल्लेख किया जाता है कि निम्नवत योजनाएं जो पूर्व में आमेलित योजना का भाग थी, उन्हें अब इस प्रयोजनार्थ गठित एक विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के प्रकोष्ठ द्वारा स्वतंत्र रूप से कार्यान्वित किया जायेगा तथा इन योजनाओं के तहत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा पृथक अनुदान उपलब्ध कराया जायेगा।
  - (i) समान अवसर प्रकोष्ठ।
  - (ii) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (असम्पन्न वर्ग) तथा अल्पसंख्यक समुदाय के लिए उपचारी अनुशिक्षण।
  - (iii) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (असम्पन्न वर्ग) तथा अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों हेतु नेट अनुशिक्षण।
  - (iv) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (असम्पन्न वर्ग) तथा अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों हेतु सेवाओं में प्रवेश के लिए अनुशिक्षण कक्षाएं।
  - (v) निशक्त व्यक्तियों के लिए योजनाएं।
- वित्त वर्ष 2013–14 के दौरान सामान्य विकास सहायता योजना के तहत 156 राज्य विश्वविद्यालयों को 53773.07 लाख रुपए की राशि संस्वीकृत की गई।
- वर्ष 2013–14 के दौरान मैसूर विश्वविद्यालय "उत्कृष्टता के संस्थान" की विशेष योजना के तहत 23,34,00,000/– रुपए की राशि संस्वीकृत की गई।
- सामान्य विकास सहायता योजना (कश्मीर विश्वविद्यालय श्रीनगर को किये गये आवंटन से पृथक) (जाकुरा कैम्पस) के तहत 12,00,00,000/– रुपए की राशि संस्वीकृत की गई।
- वर्ष 2013–14 के दौरान राजीव गांधी अध्यक्षपीठ की स्थापना हेतु बर्कुतुल्ला विश्वविद्यालय (भोपाल) को 20,00,000/– रुपए तथा शेर–ए–कश्मीर कृषि विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को 4,50,000/– रुपए की राशि संस्वीकृत की गई।

तालिका: बारहवीं पंचवर्षीय योजना अवधि (2012–14) के दौरान सामान्य विकास सहायता योजना के तहत राज्य विश्वविद्यालयों को आवंटित तथा जारी किया गया अनुदान

क्र.सं.	विश्वविद्यालय का नाम	बारहवीं पंचवर्षीय योजना आवंटन	जारी किया गया कुल अनुदान
	आन्ध्र प्रदेश		
1.	आचार्य नागार्जुन विश्वविद्यालय, नागार्जुन नगर,	1555.00	622.00
2.	आन्ध्रा विश्वविद्यालय, विशाखापत्तनम	1997.00	798.8
3.	द्रविड़यन विश्वविद्यालय, कुप्पम	997.00	398.80
4.	जवाहर लाल नेहरू टैक्नालॉजिकल यूनीवर्सिटी, हैदराबाद	1520.00	608.00
5.	जेएनटी विश्वविद्यालय, काकीनाड़ा	1065.00	426.00
6.	काकतीया विश्वविद्यालय, वारंगल	1479.00	591.60
7.	ओस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद	3195.00	1278.00
8.	पी.एस. तेलुगू विश्वविद्यालय, हैदराबाद	1062.00	424.80
9.	श्री कृष्णा देवराय विश्वविद्यालय, अनन्तपुर	1259.00	503.60
10.	श्री पदमावती महिला विश्वविद्यालय,तिरूपति	1373.00	549.20
11.	श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय, तिरूपति	1852.00	740.80
12.	तेलंगाना विश्वविद्यालय, निजामाबाद (आंध्र प्रदेश)	800.00	320.00
13.	योगी वेमाना विश्वविद्यालय, कदप्पा (आंध्र प्रदेश)	800.00	320.00
14.	नालसार विश्वविद्यालय, हैदराबाद (आंध्र प्रदेश)	834.00	333.60
15.	महात्मा गाँधी विश्वविद्यालय, नलगोण्डा, आंध्र प्रदेश	700.00	280.00
16.	जेएनटी विश्वविद्यालय, अनंतपुर	1010.00	404.00
	असम		
17.	गुवाहाटी विश्वविद्यालय, गुवाहाटी	1701.00	680.40
18.	डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय, डिब्रुगढ़	1571.10	628.40
	बिहार		
19.	बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर	1372.00	548.8
20.	भूपेन्द्र नारायण मण्डल विश्वविद्यालय, मधेपुरा	1164.00	465.6
21.	जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा	1103.00	441.2
22.	के.एस.डी. संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभंगा	979.00	391.6
23.	ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा	1433.00	573.2
24.	मगध विश्वविद्यालय, बोध गया	1432.00	572.8
25.	पटना विश्वविद्यालय, पटना	1253.00	501.2
26.	टी.एम. भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर	1237.00	494.8

क्र.सं.	विश्वविद्यालय का नाम	बारहवीं पंचवर्षीय योजना आवंटन	जारी किया गया कुल अनुदान
27.	वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा	970.00	388.00
28.	चाणक्य नेशनल विश्वविद्यालय, पटना (बिहार)	800.00	320.00
	छत्तीसगढ़		
29.	इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़	800.00	320.00
30.	पण्डित रविशंकर शुक्ला विश्वविद्यालय, रायपुर	1472.00	588.50
31.	एच.एन. लॉ विश्वविद्यालय, रायपुर (छत्तीसगढ़)	922.00	368.80
	दिल्ली		
32.	जीजीएस इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय, दिल्ली	1128.00	451.20
33.	नेशनल लॉ विश्वविद्यालय, द्वारका (नई दिल्ली)	855.00	342.00
34.	भारत रत्न डॉ बी.आर. अम्बेडकर विश्वविद्यालय,नई दिल्ली	700.00	280.00
35.	इन्द्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी,नई दिल्ली	700.00	280.00
36.	दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी,नई दिल्ली	700.00	280.00
	गोवा		
37.	गोवा विश्वविद्यालय, गोवा	1513.00	605.20
	गुजरात		
38.	महाराजा कृष्णकुमारसिंहजी, भावनगर विश्वविद्यालय, भावनगर	1226.00	490.4
39.	गुजरात विश्वविद्यालय, अहमदाबाद	1716.00	686.4
40.	एम.एस. बड़ोदा विश्वविद्यालय, वडोढ़रा	2406.00	962.4
41.	नॉर्थ गुजरात विश्वविद्यालय, पाटण	1069.00	427.6
42.	सरदार पटेल विश्वविद्यालय, वल्लभ विद्यानगर	1252.00	500.8
43.	सौराष्ट्र विश्वविद्यालय, राजकोट	1327.00	530.8
44.	साउथ गुजरात विश्वविद्यालय, सूरत	1567.00	626.8
45.	गुजरात नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, अहमदाबाद	857.00	342.8
	हरियाणा		
46.	भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, सोनीपत	1347.00	538.8
47.	चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय, सिरसा	1158.00	463.2
48.	दीनबन्धु छोटूराम यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी, मुरूथल	1038.00	415.2
49.	गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, हिसार	1017.00	406.8
50.	कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र	1579.00	631.60
51.	महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक	1530.00	612.00

क्र.सं.	विश्वविद्यालय का नाम	बारहवीं पंचवर्षीय योजना आवंटन	जारी किया गया कुल अनुदान
52.	वाईएमसीए यूनिविर्सिटी ऑफ सांईस एण्ड टेक्नोलाजी, फरीदाबाद, हरियाणा	700.00	280.00
	हिमाचल प्रदेश		
53.	हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला	1441.00	576.40
	जम्मू और कश्मीर		
54.	जम्मू विश्वविद्यालय, जम्मू	1404.00	561.60
55.	कश्मीर विश्वविद्यालय, हजरतबल	1761.00	704.40
56.	श्री माता वैष्णों देवी विश्वविद्यालय, कटरा	1004.00	401.60
57.	बाबा गुलाम शाह बादशाह विश्वविद्यालय, राजौरी (जम्मू और कश्मीर)	800.00	320.00
58.	इस्लामिक यूनीवर्सिटी ऑफ सांईस एण्ड टेक्नोलाजी, फुलवामा, जम्मू और कश्मीर	700.00	280.00
	झारखण्ड		
59.	राँची विश्वविद्यालय, राँची	1203.00	481.20
60.	सिद्धू कान्हू विश्वविद्यालय, दुमका	1269.00	507.60
61.	विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग	1355.00	542.00
	कर्नाटक		
62.	बंगलूरू विश्वविद्यालय, बंगलूरू	2125.00	850.00
63.	दावनगिरी विश्वविद्यालय	1167.00	466.80
64.	गुलबर्गा विश्वविद्यालय, गुलबर्गा	1333.00	533.20
65.	कन्नड़ विश्वविद्यालय, हम्पी	1019.00	407.60
66.	कर्नाटक विश्वविद्यालय, धारवाड़	2437.00	974.80
67.	कर्नाटक राज्य महिला विश्वविद्यालय, बीजापुर	1041.00	416.40
68.	कुवेम्पू विश्वविद्यालय, शंकरघट्टा	1008.00	403.20
69.	मैंगलोर विश्वविद्यालय, मैंगलोर गंगोत्री	1249.00	499.60
70.	मैसूर विश्वविद्यालय, मैसूर	2605.00	1042.00
71.	नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया विश्वविद्यालय, बंगलूरू (कर्नाटक)	800.00	320.00
72.	तुमकुर विश्वविद्यालय, तुमकुर	700.00	280.00
	केरल		
73.	कालीकट विश्वविद्यालय, कालीकट	1452.00	580.80
74.	कोचीन यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एण्ड टैक्नोलॉजी, कोच्ची	1860.00	744.00
75.	कन्नूर विश्वविद्यालय, मंगत्तूपाराम्बा	1423.00	569.20
76.	केरल विश्वविद्यालय, तिरुवन्नतपुरम	1576.00	630.40

क्र.सं.	विश्वविद्यालय का नाम	बारहवीं पंचवर्षीय योजना आवंटन	जारी किया गया कुल अनुदान
77.	महात्मा गाँधी विश्वविद्यालय, कोट्टायम	1387.00	554.80
78.	श्री शंकराचार्य संस्कृत विश्वविद्यालय, कलाडी	800.00	320.00
	मध्य प्रदेश		
79.	अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा	1224.00	489.60
80.	बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल	1421.00	568.40
81.	देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर	1389.00	555.60
82.	जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर	1177.00	470.80
83.	एम.जी. ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट	1032.00	412.80
84.	राजीव गाँधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भोपाल	1039.00	415.60
85.	रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर	1609.00	643.60
86.	विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन	1553.00	621.20
87.	नेशनल लॉ इंस्टीट्यूट विश्वविद्यालय, भोपाल (मध्य प्रदेश)	937.00	374.80
	महाराष्ट्र		
88.	डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय, औरंगाबाद	1219.00	487.60
89.	डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर टैक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी, रायगढ	998.00	399.20
90.	नार्थ महाराष्ट्र विश्वविद्यालय, जलगाँव	1062.00	424.80
91.	आर.टी.एम. नागपुर विश्वविद्यालय, नागपुर	1759.00	703.60
92.	एस.एन.डी.टी. महिला विश्वविद्यालय, मुम्बई	1892.00	756.80
93.	संत गाडगे बाबा अमरावती विश्वविद्यालय, अमरावती	1399.00	559.60
94.	शिवाजी विश्वविद्यालय, कोल्हापुर	1511.00	604.40
95.	स्वामी रामानंद तीरथ मराठवाड़ा विश्वविद्यालय, नांदेड़	1225.00	490.00
96.	मुम्बई विश्वविद्यालय, मुम्बई	3331.00	1332.40
97.	पुणे विश्वविद्यालय,पुणे	2684.00	1073.60
98.	कवि कुलगुरू कालीदास संस्कृत विश्वविद्यालय, नागपुर, महाराष्ट्र	700.00	280.00
99.	सोलापुर विश्वविद्यालय,सोलापुर	700.00	280.00
	ओड़ीशा		
100.	बेरहामपुर विश्वविद्यालय, भंजा बिहार	1558.00	623.20
101.	फकीर मोहन विश्वविद्यालय, बालासोर	1000.00	400.00
102.	नार्थ ओड़ीशा विश्वविद्यालय, बारीपेडा	800.00	320.00
103.	रावेनशाह विश्वविद्यालय, कटक	949.00	379.60
104.	सम्भलपुर विश्वविद्यालय, ज्योति विहार	1455.00	582.00

क्र.सं.	विश्वविद्यालय का नाम	बारहवीं पंचवर्षीय योजना आवंटन	जारी किया गया कुल अनुदान
105.	श्री जगन्नाथ संस्कृत विश्वविद्यालय, पुरी	848.00	339.20
106.	उत्कल विश्वविद्यालय, भवनेश्वर	1316.00	526.40
107.	वीएसएस प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, बुर्ला, ओड़ीशा	700.00	280.00
108.	नेशनल लॉ यूनीवर्सिटी, कटक, ओड़ीशा	700.00	280.00
	पंजाब		
109.	गुरू नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर	2631.00	1052.00
110.	पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़	1574.00	629.60
111.	पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला	1571.00	628.40
112.	राजीव गाँधी नेशनल लॉ विश्वविद्यालय पटियाला	800.00	320.00
	राजस्थान		
113.	जे. एन. व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर	1720.00	688.00
114.	एम.डी.एस. विश्वविद्यालय, अजमेर	1161.00	464.40
115.	एम.एल. सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर	1193.00	477.20
116.	राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर	2611.00	1044.40
117.	नेशनल लॉ विश्वविद्यालय, जोधपुर (राजस्थान)	800.00	320.00
118.	कोटा विश्वविद्यालय, कोटा, राजस्थान	800.00	320.00
	तमिलनाडु		
119.	अलगप्पा विश्वविद्यालय, कराईकुडी	1340.00	536.00
120.	अन्ना विश्वविद्यालय, चेन्नई	2597.00	1038.80
121.	अन्नामलाई विश्वविद्यालय, अन्नामलाई नगर	1940.00	776.00
122.	भरथियार विश्वविद्यालय, कोयम्बटूर	1494.00	597.60
123.	भारथीदासन विश्वविद्यालय, त्रिचुरापल्ली	1337.00	534.80
124.	मद्रास विश्वविद्यालय, चेन्नई	2722.00	1088.80
125.	मदुराई कामराज विश्वविद्यालय, मदुराई	2302.00	920.80
126.	मनोनमनीयम सुन्दरनार विश्वविद्यालय, तिरूनेलवेल्ली	1322.00	528.80
127.	मदर टेरेसा महिला विश्वविद्यालय, कोडईकनाल	1007.00	402.80
128.	पेरियार विश्वविद्यालय, सेलम	1267.00	506.80
129.	तमिल विश्वविद्यालय, थंजावुर	812.00	324.80
130.	दि तमिलनाडु डॉ. अम्बेडकर लॉ यूनिवर्सिटी, चेन्नई (तमिलनाडु)	862.00	344.80
	उत्तर प्रदेश		
131.	बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी	1101.00	440.40

क्र.सं.	विश्वविद्यालय का नाम	बारहवीं पंचवर्षीय योजना आवंटन	जारी किया गया कुल अनुदान
132.	चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ	1389.00	555.60
133.	सीएसजेएम विश्वविद्यालय, कानपुर	800.00	320.00
134.	दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर	1341.00	536.40
135.	डॉ. भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा	1232.00	492.80
136.	डा. आरएमएल अवध विश्वविद्यालय, फैजाबाद	1168.00	467.20
137.	जेआरएच विश्वविद्यालय, चित्रकूट	961.00	384.40
138.	लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ	1577.00	630.80
139.	एमजी काशी विद्यापीठ, वाराणसी	1022.00	408.80
140.	एमजेपी रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली	932.00	372.80
141.	सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी	853.00	341.20
142.	वीबीएस पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर	1103.00	441.20
143.	डा. आरएमएल नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी लखनऊ (उ.प्र.)	800.00	320.00
	उत्तराखण्ड		
144.	कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल	1448.00	579.20
145.	दून विश्वविद्यालय, देरादून, उत्तराखण्ड	800.00	320.00
	पश्चिम बंगाल		
146.	द बंगाल इंजीनियरिंग एण्ड साइंस विश्वविद्यालय, शिवपुर,	1478.00	591.20
147.	वर्द्धमान विश्वविद्यालय, वर्द्धमान	1248.00	499.20
148.	कोलकाता विश्वविद्यालय, कोलकाता	3126.00	1250.40
149.	जाधवपुर विश्वविद्यालय, कोलकाता	3454.00	1381.60
150.	कल्याणी विश्वविद्यालय, कल्याणी	1372.00	548.80
151.	नार्थ बंगाल विश्वविद्यालय, दार्जलिंग	1476.00	590.40
152.	रविन्द्र भारती विश्वविद्यालय, कोलकाता	1200.00	480.00
153.	विद्यासागर विश्वविद्यालय, मिदनापुर	1353.00	541.20
154.	वेस्ट बंगाल यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नालाजी, कोलकाता	1038.00	415.20
155.	प्रेजीडेंसी विश्वविद्यालय, कोलकाता	800.00	320.00
156.	द वेस्ट बंगाल नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ ज्यूरिडिकल साइंस, कोलकाता (पश्चिम बंगाल)	862.00	344.80
	कुल योग	**206995.10**	**82798.00**

समसामयिक अध्ययनों में राजीव गांधी अध्यक्षपीठ की स्थापना

राजीव गांधी अध्यक्षपीठ के तहत विश्वविद्यालयों को जांच समितियों के माध्यम से अथवा आमंत्रण के द्वारा अध्ययन के विशिष्ट क्षेत्रों मे कार्य करने के लिए एक आचार्य की नियुक्ति करने हेतु निधियां प्रदान की जाती हैं।

ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना आबंटन के अलावा वर्ष 2013–2014 के दौरान राजीव गांधी अध्यक्षपीठ की स्थापना हेतु बरकतुल्ला विश्वविद्यालय भोपाल, (मध्यप्रदेश) हेतु 20,00,000/–रुपये तथा शेर–ए–कश्मीर कृषि विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हेतु 4,50,000/–रुपये की राशि संस्वीकृत की गई।

3.1(ग) सम विश्वविद्यालय

सामान्य विकास अनुदान

1. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग 18 चिह्नित सम विश्वविद्यालयों को योजनागत अनुदान उपलब्ध करवा रहा है। सामान्य विकास सहायता का उद्देश्य विश्वविद्यालय में अवसंरचना तथा मूलभूत सुविधाओं में सुधार करना है ताकि कम से कम न्यूनतम स्तर प्राप्त किया जा सके तथा गुणवत्ता में वृद्धि को बढ़ावा दिया जा सके।
2. विकास सहायता का उपयोग मौजूदा अवसंरचना के समेकन और शिक्षण, शोध तथा प्रशासन के आधुनिकीकरण के साथ ही विस्तार और क्षेत्र में पहुंच क्रियाकलापों हेतु किया जा सकता है। ताकि विश्वविद्यालय की बदलती आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके तथा समाज की मांगों को उपर्युक्त रूप से पूरा किया जा सके।
3. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग सामान्य योजनागत विकास सहायता के तहत निम्नवत मदों के संबंध में प्रत्येक अर्हक विश्वविद्यालय को सहायता प्रदान करेगा।

    (i) भवन का विनिर्माण और नवीकरण (विरासत भवनों के नवीकरण सहित)

    (ii) कैम्पस विकास

    (iii) कर्मचारिवृंद

    (iv) पुस्तकें और जर्नल

    (v) प्रयोगशाला उपस्कर और अवसंरचना

    (vi) वार्षिक अनुरक्षण संविदा

    (vii) नवोन्मेष शोध क्रियाकलाप

    (viii) विश्वविद्यालय उद्योग संपर्क

    (ix) विस्तार क्रियाकलाप

    (x) आईसीटी का विकास

    (xi) स्वास्थ्य परिचर्या

    (xii) छात्रावास सहित छात्र सुविधाएं

    (xiii) यात्रा अनुदान

    (xiv) सम्मेलन/संगोष्ठी/परिसंवाद/कार्यशाला

    (xv) प्रकाशन अनुदान

    (xvi) अभ्यागत आचार्य/अभ्यागत अध्येता की नियुक्ति

(xvii) वृत्ति तथा परामर्श सेवा प्रकोष्ठ की स्थापना

(xviii) दिवसीय देखभाल केन्द्र

(xix) महिलाओं तथा संकाय विकास कार्यक्रम हेतु मूलभूत सुविधाएं

4. ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान आरंभ की गई आमेलित योजना की संकल्पना को अब समाप्त कर दिया गया है तथा बारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान आमेलित योजना के तहत कोई पृथक अनुदान उपलब्ध नहीं करवाया जायेगा।

5. यहां यह भी उल्लेख किया जाता है कि निम्नवत योजनाएं जो पूर्व में आमेलित योजना का भाग थी, उसे अब स्वतंत्र रूप से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के एक विशेष रूप से तैयार किये गये प्रकोष्ठ द्वारा कार्यान्वित किया जायेगा तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा इन योजनाओं के तहत पृथक अनुदान उपलब्ध नहीं करवाया जायेगा।

(i) समान अवसर प्रकोष्ठ।

(ii) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (असम्पन्न वर्ग) तथा अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों के लिए उपचारी अनुशिक्षण।

(iii) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (असम्पन्न वर्ग) तथा अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों हेतु नेट अनुशिक्षण।

(iv) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (असम्पन्न वर्ग) तथा अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों हेतु सेवाओं में प्रवेश के लिए अनुशिक्षण कक्षाएं।

(v) निशक्त व्यक्तियों के लिए योजनाएं।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से योजनागत तथा गैर–योजनागत अनुदान प्राप्त करने वाले विश्वविद्यालयों की सूची नीचे दी गई है:

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से योजनागत, गैर–योजनागत अनुदान तथा निर्धारित अनुरक्षण प्राप्त कर रहे 21 सम विश्वविद्यालयों की सूची

योजनागत तथा गैर–योजनागत अनुदान (शतप्रतिशत अनुरक्षण अनुदान)

1. अविनाशलिंगम इंस्टिट्यूट ऑफ होम साइंस एंड हॉयर एजूकेशन फॉर वूमेन, कोयंबतूर,–641043 (तमिलनाडु)
2. दयालबाग एजूकेशनल इंस्टिट्यूट, दयालबाग, आगरा–282005, (उ0प्र0)
3. गांधीग्राम रूरल इंस्टिट्यूट, गांधीग्राम, डिडिगुल–624302, (तमिलनाडु)
4. गुजरात विद्यापीठ, आश्रम रोड, अहमदाबाद–380014, (गुजरात)
5. *गुरूकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार–249404, (उत्तराखण्ड)
6. राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, तिरुपति–517507, (अ0प्र0)
7. श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, कटवारिया सराय,न्यू महरौली रोड, कुतुब इंस्टिट्यूशनल एरिया, नई दिल्ली–110016
8. टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज, सियान ट्राम्बे रोड, देवनार, मुंबई–400088 (महाराष्ट्र)

योजनागत और निर्धारित अनुरक्षण अनुदान

9. जमिया हमदर्द, हमदर्द नगर, नई दिल्ली–110062 (प्रत्येक वर्ष 8.00 करोड़ रुपये का योजनागत और निर्धारित अनुरक्षण अनुदान प्राप्त कर रहा है)

निर्धारित अनुरक्षण अनुदान

10. श्री चंद्रशेखरेंद्र सरस्वती विश्वविद्यालय, इनाथुर, कांचीपुरम,–631552(तमिलनाडु) (प्रत्येक वर्ष 7.00 करोड़ रुपये का निर्धारित अनुरक्षण अनुदान प्राप्त कर रहा है)

केवल योजनागत अनुदान

11. वनस्थली विद्यापीठ, पी0ओ0 वनस्थली विद्यापीठ–304022, (राजस्थान)
12. सेंट्रल इंस्टिट्यूट ऑफ हायर तिब्बतन स्टडीज, सारनाथ, वाराणसी–221007, (उ0प्र0)
13. डेक्कन कॉलेज पी जी एंड रिसर्च इंस्टिट्यूट, पुणे,–411006 (महाराष्ट्र)
14. गोखले इंस्टिट्यूट ऑफ पॉलिटिक्स एंड इकोनोमिक्स, शिवाजीनगर डक्कन जिमखाना, बीएमसीसी रोड, पुणे,–411006, (महाराष्ट्र)
15. इंस्टिट्यूट ऑफ केमिकल टेक्नोलॉजी, नथ्थालाल पारेख मार्ग, मटूंगा, मुंबई–400019, (महाराष्ट्र)
16. जैन विश्व भारती इस्टीटयूट लांडनू–341306(राजस्थान)
17. श्री सत्य साई इंस्टिट्यूट ऑफ हायर लर्निंग, प्रशांतिनिलयम–515134,जिला अनंतपुर (आध्र प्रदेश)
18. चेन्नै मेथेमेटिकल इंस्टिट्यूट, एच–1 सिपकाट आईटी पार्क पादुर पोस्ट, सिरूसेरी–603103 (तमिलनाडु) (केवल बारहवी पंचवर्षीय योजना अवधि के लिए आवंटन किया गया है)
19. इंडियन लॉ इंस्टिट्यूट, भगवान दास रोड, नई दिल्ली–110001 (केवल बारहवी पंचवर्षीय योजना अवधि के लिए आवंटन किया गया है)
20. रामकृष्ण मिशन विवेकानंद एजूकेशनल रिसर्च इस्टीटयुट, बेलूर मठ, हावड़ा, पश्चिम बंगाल–711202 (केवल बारहवी पंचवर्षीय योजना अवधि के लिए आवंटन किया गया है)

अन्य

21. **नेशनल यूनीवर्सिटी ऑफ एजूकेशनल प्लानिंग एण्ड एडमिनिस्ट्रेशन, अरबिन्दों मार्ग, नई दिल्ली

*** आयोग ने दिनांक 22.12.2011 तथा 13.02.2012 को आयोजित बैठक में टण्डन समिति की ''ग'' श्रेणी के तहत आने वाले सम विश्वविद्यालयों को सामान्य विकास अनुदान संस्वीकृत नहीं करने का निर्णय लिया।**

**** मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने दिनांक 06.11.2013 के अर्धशासकीय पत्र संख्या 8–27/2011–यू.1 के माध्यम से 35.00 लाख रुपए का (38–1/2012 (दिवि) अनुदान जारी करने का अनुरोध किया। आयोग ने दिनांक 22.09.2014 की आयोजित 503वीं बैठक में वर्ष 2014–15 से 2016–17 के दौरान 1999.00 लाख रुपए के अनुदान को अनुमोदित करने का निर्णय लिया।**

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के डीयू विभाग ने वर्ष 2013–14 के दौरान सम विश्वविद्यालयों हेतु सामान्य विकास योजना के तहत टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सांइसेज, मुंबई को एनईआर बजट शीर्ष के अंतर्गत गुवाहाटी कैम्पस के निर्माण हेतु 8065.00 लाख रुपए के अनुदान सहित 13659.39 लाख रुपए की राशि जारी की। वर्ष 2013–14 के दौरान अनुदान की संस्वीकृति का ब्यौरा नीचे दिया गया है:–

वर्ष 2013–14 के दौरान सम विश्वविद्यालयों को प्रदत्त अनुदान (31.03.2014 की स्थिति के अनुसार)

(लाख रुपये में)

क्र.सं.	विश्वविद्यालय/राज्य का नाम	बारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान प्रस्तावित आवंटन (ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान आवंटन गुना 1.5)	बारहवीं पंचवर्षीय योजना के समक्ष सामान्य विकास अनुदान	दसवीं पंचवर्षीय योजना के समक्ष संस्वीकृत	ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के आवंटन के समक्ष संस्वीकृत	एकमुश्त विशेष अनुदान (ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना)	विशिष्ट उद्देश्य (योजनागत बजट से आवंटन)	संसाधनों को जुटाना (इस शीर्ष के तहत कोइ बजट नहीं है)	कुल	सीयू अनुमाग द्वारा संस्वीकृत अपिव अनुदान	विशेष अनुदान	कुल
	आंध्र प्रदेश											
1.	श्री सत्य साई इंस्टिट्यूट ऑफ हायर लर्निंग, प्रशान्तिनिलायम, जिला अनंतपुर	1202.50	125.00						125.00			125.00
2.	राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, तिरुपति	1208.12	400.00						400.00			400.00
	दिल्ली											
3.	जमिया हमदर्द, हमदर्द नगर, नई दिल्ली	2210.12			240.48				240.48			240.48
4.	श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली	1453.12										
5.	*इंडियन लॉ इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली	600.00	240.00						240.00			240.00
6.	$नेशनल इंस्टीटयूट ऑफ एजूकेशनल प्लानिंग एण्ड एडमिनिस्ट्रेशन, नई दिल्ली	शून्य	$35.00						35.00			$35.00
	गुजरात											
7.	गुजरात विद्यापीठ, आश्रम रोड, अहमदाबाद	1155.00	142.16		60.88				203.04			203.04
	झारखंड											
8.	**बिरला इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलॉजी, मेसरा, रांची	आवंटन नहीं किया गया					186.89		186.89			186.89
	महाराष्ट्र											
9.	डेक्कन कॉलेज फॉर पीजी एंड रिसर्च इंस्टिट्यूट, पुणे	602.50	100.00 +150.00		15.37	49.33			314.70			314.70
10.	गोखले इंस्टिट्यूट ऑफ पॉलिटिक्स एंड इकोनोमिक्स, पुणे	1096.25	125.00 +250.00		90.00				465.00			465.00
11.	**तिलक महाराष्ट्र विद्यापीठ, पुणे ++	आवंटन नहीं किया गया	-	56.25	--	-	-	-	56.25			56.25

क्र.सं.	विश्वविद्यालय/राज्य का नाम	बारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान प्रस्तावित आवंटन (ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान आवंटन गुना 1.5)	बारहवीं पंचवर्षीय योजना के समक्ष सामान्य विकास अनुदान	दसवीं पंचवर्षीय योजना के समक्ष संस्वीकृत	ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के आवंटन के समक्ष संस्वीकृत	एकमुश्त विशेष अनुदान (ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना)	विशिष्ट उद्देश्य (योजनागत बजट से आवंटन)	संसाधनों को जुटाना (इस शीर्ष के तहत कोई बजट नहीं है)	कुल	सीयू अनुभाग द्वारा संस्वीकृत अपिव अनुदान	विशेष अनुदान	कुल
12.	टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज,देवनार, मुंबई	2123.12	643.00						643.00		@8065.00	8708.00
13.	इंस्टीट्यूट ऑफ केमिकल टेक्नोलॉजी, मुंबई	1288.75	400.00						400.00			400.00
	पंजाब											
14.	**थापर इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, पटियाला	आवंटन नहीं किया गया	-	-	-	-	-	-	-		-	-
	राजस्थान											
15.	वनस्थली विद्यापीठ, राजस्थान	1645.62	125.00 +450.00						575.00			575.00
16.	**बिरला इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस, विद्यापीठ विहार, पिलानी	आवंटन नहीं किया गया	-	–	-	-	-	-	-		-	-
17.	जैन विश्व भारती इंस्टीट्यूट, लॉडनु	836.25	100.00		10.00				110.00			110.00
	तमिलनाडु											
18.	अविनाशलिंगम इंस्टिट्यूट ऑफ होम साइंस एण्ड हायर एजूकेशन, कोयम्बतूर [तथा महिला छात्रावास हेतु]	1584.75	450.00						450.00			450.00
19.	गांधीग्राम रूरल इंस्टिट्यूट, गांधीग्राम, डिंडिगुल	1798.37										
20.	**श्री चंद्रशेखरेंद्र सरस्वती विश्वविद्यालय,एथानूर, कांचीपुरम	आवंटन नहीं किया गया										
21.	*चेन्नई मेथेमेटिकल इंस्टिट्यूट, सिरूसेरी, तमिलनाडु	1000.00	400.00						400.00			400.00
	उत्तर प्रदेश											
22.	सेंट्रल इंस्टिट्यूट ऑफ हायर तिब्बतन स्टडीज, सारनाथ, वाराणसी	709.37	50.00						50.00			50.00
23.	दयालबाग एजूकेशनल इंस्टिट्यूट, आगरा	923.75	50.00						50.00			50.00

क्र.सं.	विश्वविद्यालय/राज्य का नाम	बारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान प्रस्तावित आवंटन (ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान आवंटन गुना 1.5)	बारहवीं पंचवर्षीय योजना के समक्ष सामान्य विकास अनुदान	दसवीं पंचवर्षीय योजना के समक्ष संस्वीकृत	ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के आवंटन के समक्ष संस्वीकृत	एकमुश्त विशेष अनुदान (ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना)	विशिष्ट उद्देश्य (योजनागत बजट से आवंटन)	संसाधनों को जुटाना (इस शीर्ष के तहत कोइ बजट नहीं है)	कुल	सीयू अनुभाग द्वारा संस्वीकृत अपिव अनुदान	विशेष अनुदान	कुल
	उत्तराखंड											
24.	**गुरूकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार ++	आवंटन नहीं किया गया										
	पश्चिम बंगाल											
25.	*रामकृष्ण मिशन विवेकानंद एजूकेशनल रिसर्च इंस्टीट्यूट, बेलूरमठ, हावड़ा, पश्चिम बंगाल	2000.00	200.00 +450.00						650.00			650.00
	कुल योग	4885.16	56.25	416.73	49.33	186.89		5594.36	--	8065.00	13659.36	

@ टीआईएसएस को एनईआर योजनागत बजट से गुवाहाटी कैम्पस में भवन निर्माण हेतु विशेष अनुदान संस्वीकृत किया गया है।

$ मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा यथा अनुमोदित अनुदान।

* ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान तीन सम विश्वविद्यालय, एकमुश्त विशेष सहायता प्राप्त करने हेतु अर्हक थे। केवल बारहवीं पंचवर्षीय योजना हेतु योजनागत आवंटन का निर्णय लिया गया है।

** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने उपर्युक्त छह सम विश्वविद्यालयों को ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना आवंटन करने के संबंध में निर्णय नहीं लिया था चूंकि मॉडरेशन समिति ने नोट किया कि कतिपय डीयू, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से योजनागत अनुदान प्राप्त कर रहे है तथा स्व वित्तपोषित पाठ्यक्रमों की पेशकश कर रहे हैं। तथापि, उन्हें ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान कतिपय तदर्थ अनुदान संस्वीकृत किया गया था। आयोग ने सम विश्वविद्यालयों को वित्तपोषित किये जाने के संबंध में स्पष्ट नीति विकसित करने के लिये एक समिति का गठन किया है। इन छह डीयू को बारहवीं पंचवर्षीय योजना आवंटन नहीं किया गया है। समिति ने यह निर्णय लिया है कि स्व वित्तपोषित पाठ्यक्रम चलाने वाले इन छह सम विश्वविद्यालयों को बारहवीं पंचवर्षीय योजना आवंटन किये जाने के संबंध में निर्णय तब लेना चाहिये जब वे तीन शर्ते पूर्ण करते हो अर्थात् जब वे 12(ख) का दर्जा प्राप्त कर लें, एनएएसी प्रत्यायन प्राप्त कर लें तथा एमओए को विनियम, 2010 के अनुसार संशोधित कर दिया जाये।

++ आयोग ने दिनांक 22.12.2011 तथा 13.02.2012 को आयोजित बैठक में टण्डन समिति की ''ग'' श्रेणी के तहत आने वाले सम विश्वविद्यालयों को सामान्य विकास अनुदान संस्वीकृत नहीं करने का निर्णय लिया।

गैर–योजनागत (अनुरक्षण) अनुदान

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग **10** सम विश्वविद्यालयों को गैर–योजनागत अनुदान प्रदान कर रहा है। इन **10** सम विश्वविद्यालयों में से **8** सम विश्वविद्यालय वेतन तथा भत्तों, सेवानिवृत्ति हितलाभों और वेतनेत्तर मदों के लिए शत–प्रतिशत गैर–योजनागत अनुदान प्राप्त कर रहे हैं। गैर–योजनागत मदों में उपभोज्य वस्तुएं, बिजली प्रभार, जल प्रभार, संपत्ति कर, गृह कर, आकस्मिक व्यय, भवनों का रखरखाव/मरम्मत और अन्य व्यय शामिल हैं। **8** सम विश्वविद्यालयों के बजट अनुमानों/संशोधित बजट अनुमानों को कुल सचिव तथा वित्त अधिकारी के साथ चर्चा उपरांत निर्धारित किया जाएगा।

शेष दो सम विश्वविद्यालय अर्थात् जामिया हमदर्द, नई दिल्ली और चंद्रशेखरेन्द्र सरस्वती विश्व महाविद्यालय, कांचीपुरम निर्धारित/ब्लॉक अनुदान राशि प्राप्त कर रहे हैं, जो क्रमशः 800.00 लाख रुपये प्रतिवर्ष और 7.00 लाख रुपये प्रतिवर्ष है।

वर्ष 2013–14 के दौरान गैर–योजनागत अनुदान के तहत 23625.14 लाख रूपये की राशि जारी की गयी थी। अनुदान का ब्यौरा नीचे तालिका में दिया गया है।

वर्ष 2013–2014 के दौरान सम विश्वविद्यालयों को जारी किये गये अनुदानों (अनुरक्षण अनुदान) का ब्यौरा दर्शाने वाला विवरण

(लाख रुपये में)

क्र.सं.	विश्वविद्यालय का नाम	वर्ष 2013–2014 के दौरान संस्वीकृत कुल अनुदान
	आंध्र प्रदेश	
1.	राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, तिरुपति	1679.98
	नई दिल्ली	
2.	श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, कटवारिया सराय, न्यू महरौली रोड, नई दिल्ली	2023.01
3.	*जमिया हमदर्द, नई दिल्ली	800.00
	गुजरात	
4.	गुजरात विद्यापीठ, आश्रम रोड, अहमदाबाद	2651.36
	महाराष्ट्र	
5.	टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज, मुंबई	4447.22
	तमिलनाडु	
6.	अविनाशलिंगम इंस्टिट्यूट ऑफ होम साइंस एंड हायर एजूकेशन फॉर वूमेन, कोयंबतूर+	+3442.41
7.	गांधीग्राम रूरल इंस्टीट्यूट, गांधीग्राम, ड़िडिगुल	3683.98
8	*श्री चंद्रशेखरेन्द्रा सरस्वती महाविश्वविद्यालय, एनाथूर, कांचीपुरम	7.00
	उत्तर प्रदेश	
9.	दयाल बाग एजूकेशनल इंस्टीट्यूट, दयालबाग, आगरा	2159.99
	उत्तराखंड	
10.	गुरूकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार	2730.19
	कुल	**23625.14**

* निर्धारित अनुरक्षण अनुदान प्राप्त कर रहे है।

\+ विश्वविद्यालय के पास 176.82 लाख रुपये का अधिशेष भुगतान हैं (वेतन–149 लाख रुपये, पेंशन–27.82 लाख रुपये) तथा इसे वर्ष 2013–14 के लिए अग्रिम अनुदान माना जाएगा।

4 महाविद्यालयों को विकास (योजनागत) तथा अनुरक्षण (गैर–योजनागत) सहायता

4.1 बारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान महाविद्यालयों के विकास पर विशेष बल

उच्चतर शिक्षा प्रणाली के स्तर को बनाए रखने, सुविधाओं का इष्टतम उपयोग सुनिश्चित करने, नवोन्मेष तथा परिवर्तन का संवर्धन करने, शिक्षा को उभरते कैरियर पैटर्न, पहुंच, से जोड़ने, समाज के कमजोर वर्गों विशेषकर अनुसूचित जातियों/जनजातियों और शैक्षणिक रूप से पिछड़े लोगों को शिक्षा के समान अवसर मुहैया कराने की दृष्टि से महाविद्यालयों का विकास करना भारतीय उच्चतर शिक्षा में एक महत्वपूर्ण कारक है, क्योंकि स्नातकपूर्व और काफी हद तक स्नातकोत्तर शिक्षा प्रदान करने में महाविद्यालयों की एक अहम भूमिका होती है। महाविद्यालयों को दी जानी वाली विकास सहायता पुस्तकालय, प्रयोगशाला, संपर्क सुलभता आदि जैसी आधारभूत अवसंरचना का उन्नयन करके सीखने–सिखाने की प्रक्रिया को सहयोग देने की दिशा में केन्द्रित होनी चाहिए। तथापि, मौजूदा संस्थानों में उपलब्ध सुविधाओं का विस्तार तथा समेकन करने, आधुनिकीकरण के माध्यम से स्तर बढ़ाने, कैरियर की संभावनाओं से जोड़ने के लिए विशेषकर स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों को तर्क संगत बनाने और उनका विविधिकरण करने पर जोर दिया जाना चाहिए।

अन्य बातों के साथ–साथ, बारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) को 15 से बढ़ाकर 30 प्रतिशत करने पर बल दिया गया है। इसके लिए महाविद्यालयों को गुणवत्ता नियंत्रण तथा समेकन को नजरअदांज न करते हुए नामांकन में पर्याप्त रूप से वृद्धि करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभानी पड़ेगी।

4.2 वित्तीय सहायता के लिए वि.वि.आ. द्वारा मान्यता प्राप्त महाविद्यालय

31 मार्च, 2014 को देश में लगभग 39671 महाविद्यालय थे, जिनमें से केवल 9360 महाविद्यालय ही वि.अ.आ. अधिनियम की धारा 2(च) के अधीन विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त है। मान्यता प्राप्त 9360 महाविद्यालयों में से केवल 7815 महाविद्यालय ऐसे है जो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 12(ख) के तहत केन्द्रीय सहायता प्राप्त करने के पात्र हैं।

4.3 विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा महाविद्यालयों को अनुदान

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने 1994 में एक चरणबद्ध ढंग से देश में अपने सात क्षेत्रीय कार्यालय खोलकर अपने कार्यकरण का विकेन्द्रीकरण कर दिया है, ताकि महाविद्यालय, क्षेत्र से संबंधित विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों के अधीन आसानी से शीघ्र अनुदान प्राप्त कर सकें तथा उन्हें तुरन्त जारी/कार्यान्वित किया जा सकें। बाद में, वि.अ.आ. के क्षेत्रीय कार्यालय तथा उत्तरी क्षेत्रीय कार्यालय (एनआरओ), गाजियाबाद को "उत्तरी क्षेत्र महाविद्यालय ब्यूरो" में परिवर्तित कर गाजियाबाद से दिल्ली में 35, फिरोजशाह रोड़, नई दिल्ली में 25.09.2001 से स्थानान्तरित कर दिया गया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के क्षेत्रीय कार्यालयों की सूची उनके नाम, स्थिति, स्थापना की तिथि तथा राज्यों की कवरेज का ब्यौरा निम्नवत है:

क्र.सं.	क्षेत्रीय कार्यालय	स्थान	स्थापना की तिथि	कवर किए गए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र
1.	दक्षिणी पूर्व क्षेत्रीय कार्यालय (एसईआरओ)	हैदराबाद	28.4.1994	आन्ध्र प्रदेश, तमिलनाडु, अंडमान और निकोबार, पुदुचेरी
2.	पश्चिमी क्षेत्रीय कार्यालय (डब्ल्यूआरओ)	पुणे	11.11.1994	महाराष्ट्र, गुजरात, गोवा, दादर और नागर हवेली, दमन और द्वीव
3.	केन्द्रीय क्षेत्रीय कार्यालय (सीआरओ)	भोपाल	01.12.1994	मध्य प्रदेश राजस्थान, छत्तीसगढ़
4.	उत्तर पूर्व क्षेत्रीय कार्यालय (एनइआरओ)	गुवाहाटी	01.04.1955	असम, मेघालय, मिजोरम, मणिपुर, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश, नागालैण्ड, सिक्किम
5.	पूर्व क्षेत्रीय कार्यालय (ईआरओ)	कोलकाता	03.09.1996	प0 बंगाल, बिहार, ओडीशा, झारखण्ड
6.	दक्षिणी–पश्चिमी क्षेत्रीय कार्यालय (एसडब्ल्यूआरओ)	बंगलूरू	25.4.1999	कर्नाटक, केरल, लक्षद्वीप
7.	उत्तरी क्षेत्रीय कॉलेज ब्यूरो (एनआरसीबी)	गाजियाबाद नई दिल्ली	03.12.1994 25.9.2001	जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, चण्डीगढ़, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तरांखण्ड

वर्ष 2013–14 (बारहवीं पंचवर्षीय योजना) के दौरान महाविद्यालयों के लिए कार्यान्वित की गई योजनाएं

क्षेत्रीय कार्यालय/ब्यूरो दिशानिर्देशों के अनुसार निम्नवत योजनाओं/कार्यक्रमों के तहत संपूर्ण देश के सभी पात्र महाविद्यालयों को अनुदानों का संवितरित कर रहे हैं :

1) महाविद्यालयों को सामान्य विकास सहायता।
2) महाविद्यालयों हेतु महिला छात्रावासों का निर्माण।
3) स्वायत्त महाविद्यालय (केवल अनुदानों का जारी किया जाता है)
4) महाविद्यालयों हेतु लघु शोध परियोजनाएं (महाविद्यालयों के शिक्षकों हेतु लघु शोध परियोजनाएं–मानविकी, सामाजिक विज्ञान और विज्ञान)
5) महाविद्यालयों हेतु संगोष्ठी/परिसंवाद/सम्मेलन।
6) महाविद्यालयों हेतु संकाय विकास कार्यक्रम (एम.फिल./पी.एच.डी. करने के लिए महाविद्यालयों के शिक्षकों को शिक्षक अध्येतावृत्तियां प्रदान करना)।
7) महाविद्यालयों हेतु आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ।

अर्हता मानदण्ड:

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग उपर्युक्त योजनाओं हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 2(च) और 12(ख) के तहत मान्यताप्राप्त पात्र महाविद्यालयों को अनुदान प्रदान करता हैं। 12(ख) का दर्जा प्राप्त स्व–वित्तपोषित महाविद्यालय केवल शिक्षक/छात्र आधारित योजनाओं हेतु पात्र हैं।

4.4 विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा जारी किये गये अनुदानों की योजनावार स्थिति

4.4.(क) बारहवीं पंचवर्षीय योजना के तहत महाविद्यालय विकास योजना

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, बारहवीं पंचवर्षीय योजना के दिशानिर्देशों में यथा विहित पात्रता शर्तों को पूरा करने वाले स्नातकपूर्व/स्नातकोत्तर महाविद्यालयों के विकास के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 2(च) और 12(ख) के तहत मान्यताप्राप्त महाविद्यालयों को सहायता प्रदान करता है। योजना के तहत, महाविद्यालयों को मूलभूत अवसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए तथा उनकी पुस्तकों और पत्रिकाओं (पुस्तक बैंक सहित), वैज्ञानिक उपस्कर, कैम्पस विकास, उपर्युक्त अनुदेश हेतु आवश्यक शिक्षण उपकरण, मौजूदा भवन के विस्तार/नवीकरण तथा नए भवनों का निर्माण, विस्तार क्रियाकलापों, महिलाओं के लिए खेल–कूद क्रियाकलापों आदि के लिए योजना के तहत वित्तीय सहायता उपलब्ध करवायी जाती है।

वर्ष 2013–14 के दौरान, बारहवीं पंचवर्षीय योजना के तहत (01.04.2012 से 31.03.2014) साथ ही सामान्य विकास सहायता के अंतर्गत ग्याहरवीं पंचवर्षीय योजना के तहत महाविद्यालयों को जारी अनुदानों का राज्य–वार ब्यौरा (तालिका–4.4(क) (i)) और (तालिका–4.4(क) (ii)) निम्नवत हैः

तालिका–4.4(क) (i) (सामान्य विकास सहायता के लिए अनुदानों की राज्य–वार ब्यौरा)

(करोड़ रुपये में)

क्र0सं0	राज्य/संघ क्षेत्र का नाम	31.03.2014 की स्थिति के अनुसार धारा 2(च) और 12(ख) के तहत महाविद्यालयों की संख्या	लाभार्थियों की संख्या (महाविद्यालय)		बारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान आवंटन 2012-2017	जारी किया गया अनुदान		ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना (2007-2012) के दौरान लाभार्थियों की संख्या (महाविद्यालय)	ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना वर्ष 2007–2012 के दौरान जारी किया गया अनुदान
			2013-14	बारहवीं पंचवर्षीय योजना (01.04.2012 से 31.03.2014)		2013-14	बारहवीं पंचवर्षीय योजना (01.04.2012 से 31.03.2014)		
1.	आन्ध्र प्रदेश	461	309	309	92.38	24.70	39.58	324	24.37
2.	अरूणाचल प्रदेश	7	6	6	3.24	1.16	1.32	6	0.64
3.	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	2	-	-	-	-	-	-	-
4.	असम	264	214	214	106.71	37.35	42.50	213	26.16
5.	बिहार	355	288	290	83.44	27.65	34.87	290	26.70
6.	छत्तीसगढ	147	97	107	39.89	12.07	14.42	135	20.60
7.	दमन और द्वीव	---	----	----	----	----	-----	------	-----
8.	दादरा और नागर हवेली	---	----	----	----	----	-----	------	-----
9.	गोवा	27	21	21	7.65	1.13	1.13	22	2.07
10.	गुजरात	486	278	278	110.30	16.06	16.06	339	30.48
वर्ष 2011 में प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह तथा जॉन के0 ने उच्चतर शिक्षा तथा अनुसंधान और कौशल विकास तथा व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग में वृद्धि करने के लिए भारत–न्यूजीलैंड शिक्षा परिषद् की घोषणा की। न्यूजीलैंड (आईईएनजी) तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, भारत, आईएनजेडईसी में जुटी दो महत्वपूर्ण एजेंसियां है। योजना के तहत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को भारतीय विश्वविद्यालयों/संस्थानों से 68 संयुक्त प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं जिसमें से 7 प्रस्तावों को वित्तपोषण हेतु संस्तुत किया गया है।

➢ जर्मन शैक्षणिक आदान–प्रदान सेवा (डीएएडी)

दिनांक 30.10.2007 को डीएएडी के अध्यक्ष प्रो. थियोडोर बरचेम तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, अध्यक्ष, प्रो. सुखदेव थोराट के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये।

➢ जर्मनी

- **परियोजना आधारित कार्मिक आदान–प्रदान कार्यक्रम (पीपीपी):–** जर्मन शैक्षणिक आदान–प्रदान सेवा (डीएएडी) तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (वि0अ0आ0) नई दिल्ली ने मुख्यरूप से मानविकी तथा सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में सहयोगात्मक शोध परियोजना में भागीदारी करने वाले विद्वानों को वित्तपोषण के माध्यम से वैज्ञानिक सहयोग को गति देने के लिये एक कार्यक्रम तैयार किया है। युवा पीएचडी तथा पोस्ट डाक्टारेल वैज्ञानिकों एवं विद्वानों पर विशेष बल दिया जाएगा।

- **वैज्ञानिकों का आदान–प्रदान करने संबंधी कार्यक्रम:** यह कार्यक्रम मानविकी तथा सामाजिक विज्ञान तथा विशिष्ट विषयों, जिन्हें दोनों पक्षों द्वारा आपस में तय किया जायेगा में प्रत्येक पक्ष से 10 वैज्ञानिकों के आदान–प्रदान को सहायता प्रदान करता है। आदान–प्रदान की अवधि कम से कम दो सप्ताह तथा अधिकतम चार सप्ताह की होगी। इस अवधि के दौरान चार मेजबान संस्थानों का दौरा किया जा सकता है। प्रत्येक पक्ष अपने आगन्तुक वैज्ञानिकों की यात्रा लागत को वहन करेगा।

- **दक्षिण एशिया इंस्टीट्यूट, हेडलबर्ग** :– जर्मन पक्ष, दक्षिण एशिया इंस्टीट्यूट, हेडलबर्ग में कार्य करने के लिये भारतीय वैज्ञानिकों को 2–3 माह की छात्रवृत्ति को वार्षिक रूप से अवार्ड करता है।

➢ भारत–फ्रांस सामाजिक वैज्ञानिक विनिमय कार्यक्रम।

प्रत्येक वर्ष वि.अ.आ., भारत–फ्रांस समाज वैज्ञानिक विनिमय कार्यक्रम के अन्तर्गत कुछ भारतीय विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों के शिक्षकों को पेरिस जाने के लिए नामित करता है ताकि ऐसे स्लॉटों का लाभ उठाया जा सके जिनको कि फ्रेंच पक्ष द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को उपलब्ध कराया गया है।

➢ स्रोत सामग्री एकत्रित करने की योजना के तहत शिक्षकों को विदेश में दौरा करने के लिए यात्रा अनुदान

इस योजना के अधीन आयोग विश्वविद्यालय/महावद्यालयों शिक्षकों को स्रोत सामग्री एकत्र करने/अध्येतावृत्ति प्राप्त करने के लिए शत–प्रतिशत आधार पर यात्रा अनुदान उपलब्ध कराता है। यह सहायता केवल उन्हीं विद्वानों को उपलब्ध कराई जाती है जिन्होंने विदेश में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से कम से कम दो महीने के भरण–पोषण के लिए आश्वासन प्राप्त कर रखा है। **वर्ष 2013 के दौरान, इस योजना के अधीन 1 भारतीय स्कालर को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई गई थी।**

➢ इंडो–बुलगेरियन सी.ई.पी.

वि.अ.आ. ने **14 जुलाई से 03 अगस्त, 2013** तक सोफिया विश्वविद्यालय ''सेंट किलमिट ओहरीडीस्क'' तथा **22 जुलाई से 11 अगस्त, 2013** तक वेलीको के जो 'सैंट सिरिल और सैंट मेथोडियस' विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित बुलगेरियन भाषा और संस्कृति पर आयोजित सम्मेलन में **4** स्कॉलरों को नामित किया किया गया था। सभी दौरे सफल रहे।

➢ आस्ट्रेलिया

दिनांक 01.08.2011 (एआईईसी) को आयोजित भारत और आस्ट्रेलिया के शिक्षा मंत्रियों की बैठक में निम्नवत मुद्दों पर चर्चा की गई थी।

1. उच्चतर शिक्षा में सहयोग
2. भारत–आस्ट्रेलिया ज्ञान आदान–प्रदान परियोजना
3. संस्थागत सहयोग
4. संयुक्त शोध

निम्नलिखित क्षेत्रों में निम्नवत मुख्य सदस्यों के साथ एआईईसी सदस्यों द्वारा आपसी लाभ के प्राथमिकता वाले प्रमुख क्षेत्रों की पहचान की गई थी।

1.	छात्र का स्थानांतरण	– श्री नजीब जंग
2.	कौशल एजेन्डा	– श्री दिलीप चिनाय
3.	उच्चतर शिक्षा के क्षेत्र में संस्थागत सहयोग	– प्रो. रामकृष्ण रामास्वामी
4.	गुणवत्ता आश्वासन	– प्रो. रंगनाथ
5.	शोध	– प्रो. दिनेश सिंह

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा छात्र स्थानांतरण के संबंध में 40.00 लाख रुपए के वित्तपोषण के साथ परियोजना को कार्यान्वित किया जा रहा है जिसे जेएमआई, नई दिल्ली को सौंपा गया है जिसमें से 30.00 लाख रुपए जारी किये गये हैं तथा कार्यक्रम चल रहा है।

5.11 शोध तथा शिक्षण हेतु मानव संसाधन के विकास के लिये राष्ट्रीय शिक्षा तथा परीक्षा (नेट)

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग मानविकी (इनमें भारतीय भाषाएं एवं कुछ विदेशी भाषाएं भी शामिल हैं), सामाजिक विज्ञानों कंप्यूटर विज्ञान तथा अनुप्रयोग, इलेक्ट्रॉनिक विज्ञान, अपराध विज्ञान तथा पर्यावरणीय विज्ञानों में व्यवसाय तथा अनुसंधान में प्रवेशार्थियों के लिए न्यूनतम स्तर सुनिश्चित करने के लिए लैक्चररारशिप एवं कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्ति (जे.आर.एफ.) की पात्रता निर्धारित करने के लिए राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा आयोजित करता है। देशभर में फैले 84 समन्वय संस्थानों और 79 विषयों (परीक्षा–एक के अलावा) में परीक्षा आयोजित की जाती है। दिसम्बर, 2013 में आयोजित नेट परीक्षा से वि0अ0आ0–नेट परीक्षा में एक नया विषय 'संथाली ' आरंभ किया गया था। वर्ष 2013–14 से अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए सात नये समन्वयक संस्थानों की भी सेवाएं प्राप्त की गई।

विज्ञान के पांच मुख्य विज्ञान विषयों यथा रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, भौतिक विज्ञान, गणित विज्ञान तथा पृथ्वी, वायुमण्डलीय महासागरीय, ग्रह विज्ञान में भी परीक्षा केन्द्रीय वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान संस्थान (सी.एस.आई.आर.) और वि.अ.आ. द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित की जाती है तथा यह परीक्षाएँ जून तथा दिसम्बर के महीनों में की जाती है।

भारत सरकार की 22 जुलाई 1988 की अधिसूचना के माध्यम से कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्ति (जे.आर.एफ.) अवार्ड की परीक्षा, 1984 से तथा लेक्चरार के लिये पात्रता परीक्षा, वर्ष 1989 से प्रारंभ हुई। जो इंजीनियरिंग विषयों से संबंधित परीक्षाओं को जे.आर.एफ. हेतु वि.अ.आ.–सी.एस.आई.आर संयुक्त नेट परीक्षां दिसम्बर, 1990 से लेकर जून, 1995 तक आयोजित की गई। ऐसे प्रत्याशी जो शोध करना और विअआ से अध्येतावृत्ति प्राप्त करना चाहते हैं, वे वि0अ0आ0–नेट के तहत कनिष्ठ शोध अध्येतावृत्ति परीक्षा में बैठ सकते हैं। ऐसे प्रत्याशी जिनकी योग्यता अधिक है तथा वि0अ0आ0 नेट परीक्षा में जे.आर.एफ. के लिए सफल जो जाते हैं,

वे विअआ नेट परीक्षा में जे.आर.एफ. के लिए सफल हो जाते हैं, वे वि0अ0आ0 द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों/संस्थानों में अनुसंधान कार्य कर सकते हैं, वे सी.एस.आई.आर–वि0अ0आ0 नेट परीक्षा के माध्यम से विज्ञान के पांच मुख्य विषयों में जे0आर0एफ0 के लिए भी आवेदन कर सकते हैं। वि0अ0आ0 द्वारा सहायक आचार्य हेतु 1200 अध्येतावृत्तियां प्रदान की जाती है। अधिकतम पाँच वर्ष की अवधि के लिये अध्येतावृत्ति उपलब्ध है।

वर्तमान में विअआ प्रत्येक विअआ–नेट विषयों में 3200 अध्येतावृत्तियों प्रदान करता हैं। जून 2013 में विअआ–नेट परीक्षा में 4468 प्रत्याशियों को जे.आर.एफ. के लिए पात्र घोषित किया गया जबकि दिसम्बर, 2013 के दौरान हुई परीक्षा में 3749 प्रत्याशियों को जे.आर.एफ. के लिए पात्र पाया गया।

नेट में निष्पादन

विअआ–नेट के तहत पंजीकरण करवाने वाले, परीक्षा मे बैठने वाले, लेक्चरशिप एवं कनिष्ठ शोध अध्येतावृत्ति(जे.आर.एफ) परीक्षा में सफल हुये अभ्यर्थियों का ब्यौरा निम्नवत तालिका–5.11(क) में प्रस्तुत किया गया है।

तालिका–5.11(क): वर्ष 2013–14 के दौरान परीक्षा हेतु पंजीकरण करवाने वाले, परीक्षा मे बैठने वाले तथा कनिष्ठ शोध अध्येतावृत्ति हेतु अभ्यर्थियों का ब्यौरा

	विअआ–नेट	पंजीकृत	परीक्षा मे बैठे		परीक्षा में सफल हुए	
			संख्या	पंजीकृत का प्रतिशत	संख्या	पंजीकृत का प्रतिशत
30 जून 2013	सहायक–आचार्य (जे.आर.एफ. सहित) हेतु पात्रता	738955	574474	77.74	31176	5.43
	कनिष्ठ शोध अध्येतावृत्ति (जे.आर.एफ.)	463933	370588	79.88	4468	1.21
29 दिसम्बर 2013	सहायक–आचार्य (जे.आर.एफ. सहित) हेतु पात्रता	687874	532043	77.35	24865	4.67
	कनिष्ठ शोध अध्येतावृत्ति (जे.आर.एफ.)	459102	364955	79.49	3749*	1.03

नोट : *अभ्यर्थियों के प्रश्नों के उत्तर के संबंध में शिकायतों के समाधान होने पर इन आंकड़ों में वृद्धि हो सकती है।

रेखाचित्र 5.11(क): वि0अ0आ0 (वर्ष 2013–14) में निष्पादन: पंजीकृत हुए, परीक्षा में बैठे तथा उत्तीर्ण हुए अभ्यर्थियों की संख्या



तालिका–5.11(ख) उन मुख्य विज्ञान विषयों को दर्शाती है जिसमें सीएसआईआर द्वारा सीएसआईआर–विअआ–नेट परीक्षा आयोजित की जाती है तथा तालिका–5.11(ग) जेआरएफ के लिए पात्र अभ्यर्थियों की संख्या को दर्शाता है। समन्वयक संस्थानों की सूची जिसके माध्यम से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नेट परीक्षा आयोजित करती है तथा विषय जिसमें विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नेट परीक्षा आयोजित की जाती है, क्रमशः परिशिष्ट–VI तथा VII में दिये गये हैं:–

तालिका–5.11(ख): सीएसआईआर–विअआ–नेट संयुक्त परीक्षा के तहत कवर विज्ञान के विषय

क्र.सं.	विषय
1.	रसायन विज्ञान
2.	पृथ्वी, वायुमण्डलीय महासागरीय, ग्रह विज्ञान
3.	जीव विज्ञान
4.	गणित विज्ञान
5.	भौतिक विज्ञान

तालिका–5.11(ग) : सीएसआईआर–विअआ–नेट संयुक्त परीक्षा में अभ्यर्थियों का निष्पादन

सीएसआईआर–विअआ–नेट संयुक्त परीक्षा	परीक्षा में सफल हुए अभ्यर्थियों की संख्या	
	विअआ–जेआरएफ	केवल लैक्चरारशिप हेतु
जून, 2013	1200	2609
दिसम्बर, 2013	1200	2368

स्रोतः सीएसआईआर की आधिकारिक वेबसाईट अर्थात csirhrdg.res.in

सीआईएसआर–वि0अ0आ0 नेट (वर्ष 2013–14) में उत्तीर्ण हुए अभ्यर्थियों के संदर्भ में अभ्यर्थियों का निष्पादन

वर्ष 2013–2014 के दौरान वि0अ0आ0–नेट और नेट ब्यूरो के अन्य सभी अनुषंगी क्रि ... 1488 रुपये का व्यय किया गया था। इसमें एनईटी ब्यूरो में तैनात नियमित वि0अ0आ0 कर्मचारि ... गया व्यय शामिल नहीं है।



वंचित श्रेणियों को उपलब्ध कराई गई छूट/रियायत

(i) शुल्क में

भारत सरकार की नीति के अनुरूप विश्वविद्यालय अनुदान आयोग समाज के सभी कमजोर वर्गों को वि0अ0आ0–नेट के लिए आवेदन करने हेतु शुल्क में काफी रियायत देता आ रहा है। जहां सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए शु

भारत सरकार की नीति के अनुरूप अन्य पिछड़ा वर्ग के असम्पन्न वर्गों के उम्मीदवारों के लिए यह केवल 225 रुपये है। अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों और शारीरिक रूप से विकलांग(पीडब्ल्यूडी) श्रेणी के उम्मीदवारों को केवल 110 रुपये नाममात्र शुल्क देना होता है।

(ii) आयु में (जे0आर0एफ0 के लिए)

सामान्य श्रेणी के लिए जे आर एफ में बैठने के लिए अधिकतम आयु सीमा 28 वर्ष है। अ0ज0/अ0ज0जा0/अपिव (असंपन्न)/पीडब्ल्यूडी श्रेणी और महिला आवेदकों के लिए 5 वर्ष की छूट दी जाती है।

(iii) नेट हेतु पात्रता की शर्तों में

1.	सामान्य एंव अ0पि0व0 (असंपन्न वर्ग) के अभ्यर्थी	निष्णांत उपाधि में 55% अंक (बिना पूर्णांकित किए)
2.	अ0जा0/अ0ज0जा0/शारीरिक रूप से निशक्त अभ्यर्थी	निष्णांत उपाधि में 50% अंक (बिना पूर्णांकित किए)

(iv) नेट हेतु अर्हक मानदण्ड में

अभ्यर्थियों को अंतिम रूप से परिणाम तैयार करते हेतु विचार किये जाने के लिए प्रश्न पत्र–I, II और III में अलग–अलग नीचे दिये गये न्यूनतम अंक प्राप्त करने होते हैं जैसा कि निम्नवत तालिका में दर्शाया गया है।

तालिकाः अंतिम रूप से परिणाम तैयार करने हेतु विचार किये जाने हेतु अपेक्षित न्यूनतम अंकों का श्रेणी–वार ब्यौरा।

श्रेणी	अपेक्षित न्यूनतम अंक(प्रतिशत में)		
	प्रश्न पत्र–I	प्रश्न पत्र–II	प्रश्न पत्र–III
सामान्य	40 (40%)	40 (40%)	75 (50 %)
अपिव (असंपन्न)	35 (35%)	35 (35%)	67.5 (45 %) 68 तक पूर्णांकित
अ.जा./अ.ज.जा./पीडब्ल्यूडी	35 (35%)	35 (35%)	60 (40 %)

यह स्पष्ट है कि अन्य पिछड़े वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं शारीरिक रूप से विकलांग श्रेणी के व्यक्तियों हेतु अपेक्षित न्यूनतम अंक सामान्य श्रेणी के लिये अपेक्षित न्यूनतम अंकों से कम है। यहां तक कि कनिष्ठ शोध अध्येतावृत्ति (जेआरएफ) हेतु परिणामों का संकलन करते हुए इस सिद्धांत को विचाराधीन रखा गया तथा यह सुनिश्चित किया गया कि वंचित वर्गों के लिये विषयवार अंतिम न्यूनतम पात्रता अंक सामान्य श्रेणी से कम हों।

पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिये की गई पहल

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने पारदर्शिता को बढ़ावा देने के अपने सतत् प्रयासों के तहत परीक्षा तथा मूल्यांकन प्रक्रिया को अधिकाधिक परस्पर प्रभावशील एवं निष्पक्ष बनाने के लिए अनेक उपाय किये है। इन प्रयासों का निम्नवत पैराओं में खाका खींचा गया है।

(क) दिसम्बर, 2011 तक परीक्षा पत्र–III, विवरणात्मक था। जून 2012 की विश्वविद्यालय अनुदान आयोग – नेट परीक्षा से इसे वस्तुनिष्ठ बना दिया गया। इससे मूल्यांकन में समानता सुनिश्चित होती है तथा परीक्षा पत्र का मूल्यांकन करने में पक्षपात की संभावना नहीं रहती है।

(ख) दिसम्बर, 2011 की विश्वविद्यालय अनुदान आयोग–नेट परीक्षा तक अभ्यर्थियों को अपने साथ प्रश्न पत्र ले जाने की अनुमति नहीं थी। खुलेपन की नीति के अनुरूप विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने जून, 2012 की विश्वविद्यालय अनुदान आयोग–नेट परीक्षा उपरांत अभ्यर्थियों को प्रश्नपत्रों को अपने साथ ले जाने की अनुमति प्रदान की।

(ग) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने अपनी ओएमआर शीट को संशोधित किया ताकि शीट के साथ इसकी कार्बन रहित कॉपी भी रखी जा सकें। अभ्यर्थी जून, 2012 के विश्वविद्यालय अनुदान आयोग–नेट परीक्षा से ओएमआर की कार्बन रहित प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं।

(घ) जून, 2012 की विश्वविद्यालय अनुदान आयोग–नेट परीक्षा से सभी प्रश्नपत्रों के उत्तर जनसाधारण की पहुंच में है चूंकि उन्हें विश्वविद्यालय अनुदान आयोग वेबसाईट पर अपलोड किया गया है। अभ्यर्थी जिनके पास उत्तर, प्रश्न पत्र एवं उनके ओएमआर शीट की कार्बनरहित प्रतियां है, वे अपने उत्तर पत्र की जांच कर सकते हैं। प्रश्नों में विसंगतियों अथवा किन्हीं गलत उत्तर के संबंध में अभ्यर्थियों से प्रश्नों के उत्तर तथा प्रश्नपत्र को अपलोड करने के एक सप्ताह से भी अधिक समय तक ऑनलाइन फीडबैक आमंत्रित किया जाता है। अभ्यर्थियों से प्राप्त प्रतिपुष्टि के आधार पर विशेषज्ञ समितियों द्वारा पुनः जांच की जाती है तथा तदनुसार उत्तर को अद्यतन किया जाता है। अद्यतन किये गये उत्तर के आधार पर परिणाम तैयार किये जाते है।

(ङ) प्रथम पहल के रूप में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने एक ऐतिहासिक निर्णय लिया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग–नेट के परिणाम घोषित होने के बाद भी जिन अभ्यर्थियों को उत्तर के संबंध में कोई शिकायतें है, उन्हें अपनी लिखित शिकायत अध्यक्ष, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग–नेट ब्यूरो, साउथ कैम्पस, दिल्ली विश्वविद्यालय, बेनिटो जुआरेज मार्ग, नई दिल्ली–110021 को अपने पक्ष के समर्थन में मानक पुस्तकों/साहित्य के साथ सचिव, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पक्ष में 5000 रुपए के डिमांड ड्रॉफ्ट के साथ, परिणाम घोषित होने की तिथि के एक माह के भीतर भेजना होगा। यह अनोखी पद्धति जून, 2013 को आयोजित विश्वविद्यालय अनुदान आयोग–नेट परीक्षा से आरंभ की गई थी। चूंकि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने जून, 2012 की विश्वविद्यालय अनुदान आयोग–नेट परीक्षा से परीक्षा पत्र–III के ढांचे (विवरणात्मक से वस्तुनिष्ठ) में आशोधन कर दिया है, जून, 2012 तथा दिसम्बर, 2012 की परीक्षाओं में बैठने वाले अभ्यर्थी जिन्हें इस प्रकार की शिकायतें थी, उन्हें अपनी शिकायतें दायर करने का यह अवसर प्रदान किया गया है।

इस प्रकार प्राप्त अनुरोधों को शिकायत की जांच के लिये विशेषज्ञ समिति(यों) के समक्ष रखा गया। संबंधित विषय की संबद्ध समितियों ने अभ्यर्थी की शिकायतों की जांच की तथा जहां कहीं आवश्यक हुआ उत्तर को अद्यतन किया। तदनुसार, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने परिवर्तित उत्तर के आलोक में आंकड़ों को संसाधित किया तथा संबंधित विषयों में पूर्व–अनुमोदित न्यूनतम प्रतिशत के आधार पर जेआरएफ और/अथवा सहायक–आचार्य के पद के लिये पात्रता हेतु अतिरिक्त अभ्यर्थियों को अर्हक घोषित किया। जेआरएफ और/अथवा सहायक आचार्य के लिये पूर्व में अर्हक अभ्यर्थियों के परिणाम अपरिवर्तित रहे। उपरोक्त उल्लिखित तीन वि0अ0आ0–नेट हेतु जे0आर0एफ0 के लिए पूर्व अनुमोदित अर्हता–परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिये विषय वार तथा श्रेणीवार न्यूनतम अंक तथा सहायक आचार्य के पद के लिये अर्हता में कोई परिवर्तन नहीं किया गया।

दिसम्बर, 2013 में आयोजित विश्वविद्यालय अनुदान आयोग–नेट की शिकायतों की भी इस प्रकार जांच की जा रही है।

राज्य पात्रता परीक्षा (सेट)

राज्य सरकारों के अनुरोध पर भारत सरकार की दिनांक 22.07.1988 की अधिसूचना के माध्यम से वि.अ.आ. ने राज्य सरकारों को **राज्य पात्रता परीक्षा (सैट)**, जिन्हें पूर्व में राज्य स्तरीय पात्रता परीक्षा (एस.एल.ई.टी.) कहा जाता था, को आयोजित करने की अनुमति प्रदान की है, जिन्हें एक निर्धारित अवधि के लिये वि0अ0आ0 द्वारा प्रत्यायित किया गया है। एस.ई.टी. का पैटर्न भी वि. अ.आ. द्वारा संचालित नेट परीक्षा जैसा है।

कुछ राज्यों/समूहों के नेट परीक्षा आयोजित करने के प्रस्ताव की प्रतिक्रिया में वि0अ0आ0 उनके प्रस्तावों की जांच करने के बाद ही लेक्चरशिप हेतु सेट आयोजित करने के लिये प्रत्यायित करता है। एस.ई.टी. अभिकरणों के निष्पादन की वि.अ.आ. द्वारा आवधिक तौर पर विशेषज्ञों की सहायता से पुनरीक्षा की जाती हैं और निर्धारित अवधि के लिए उनके प्रत्यायन का नवीकरण किया जाता है। वि.अ.आ.–नेट ब्यूरो के प्रमुख, सेट अभिकरणों की विषय संचालन और आधुनिकीकरण समितियों के स्थायी सदस्य होते हैं, जिनका गठन परीक्षाओं को आयोजित करने और परिणामों को घोषित करने के समग्र पर्यवेक्षण करने के लिए किया जाता है।

जिन अभ्यर्थियों ने लैक्चरारशिप हेतु 1 जून, 2002 से पूर्व वि.अ.आ. द्वारा प्रत्यायित राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) मे उत्तीर्ण की हैं उन्हें नेट परीक्षा में बैठने से छूट दे दी जाती है। **जून, 2002 में या उसके बाद आयोजित होने वाली सेट परीक्षा में उर्त्तीण होने वाले उम्मीदवार राज्य से संबंधित केवल उन्हीं विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में व्याख्याता के पद के लिए आवेदन करने के पात्र होगें जहां से उन्होंने अपनी सेट परीक्षा उत्तीर्ण की है।** तथापि, ऐसे उम्मीदवार यदि वे ऐसा चाहें तो, नेट हेतु आवेदन करने के पात्र भी होंगे।

अब तक निम्नवत राज्यों/राज्य समूहों ने सेट का संचालन किया है:–

i) आन्ध्र प्रदेश
ii) बिहार
iii) छत्तीसगढ़
iv) गुजरात
v) हरियाणा
vi) हिमाचल प्रदेश
vii) जम्मू और कश्मीर
viii) झारखण्ड
ix) कर्नाटक
x) मध्य प्रदेश
xi) महाराष्ट्र और गोवा
xii) उत्तरपूर्व राज्य (भागीदारी करने वाले राज्यः असम अरूणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, त्रिपुरा और सिक्किम)
xiii) राजस्थान
xiv) तमिलनाडु

xv) उत्तरांखण्ड

xvi) उत्तर प्रदेश

xvii) पश्चिम बंगाल

इन राज्यों में जिन राज्यों/राज्य समूहों ने वर्ष 2013–14 के दौरान सेट परीक्षा का आयोजन किया उनका ब्यौरा निम्नवत है:

i) आन्ध्र प्रदेश

ii) छत्तीसगढ़

iii) गुजरात

iv) हिमाचल प्रदेश

v) जम्मु और कश्मीर

vi) कर्नाटक

vii) महाराष्ट्र और गोवा

viii) उत्तरपूर्व राज्य(भागीदारी करने वाले राज्य: असम अरूणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, त्रिपुरा और सिक्किम)

ix) पश्चिम बंगाल

सेट की परीक्षा आयोजित करने के लिए व्यय को सम्बंधित राज्यों द्वारा वहन किया जाता है।

5.12 यात्रा अनुदान

यात्रा अनुदान विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम की धारा 2(च) तथा 12(ख) के तहत मान्यता प्राप्त राज्य विश्वविद्यालय, सम विश्वविद्यालय तथा केन्द्रीय विश्वविद्यालय के स्थायी शिक्षकों तथा महाविद्यालय के पुस्तकालय अध्यक्षों एवं कुलपतियों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रदान किया जाता है। योजना का उद्देश्य विदेशी शिक्षा संस्थानों द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में शोध पत्रों को प्रस्तुत करने तथा उन देशों में उच्चतर शिक्षा की कार्य प्रणाली का अध्ययन करने हेतु महाविद्यालयों के शिक्षकों को प्रोत्साहित करना है। इसके अतिरिक्त, यह सुविधा राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों के स्थायी शिक्षकों को वर्ष में अनुमोदित कुल मामलों की 10 प्रतिशत की अधिकतम सीमा के साथ उपलब्ध है। शिक्षा अधिकारी/अवर सचिव के स्तर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिकारी तथा आयोग के सदस्य इस योजना के तहत वित्तीय सहायता के प्राप्त करने के पात्र हैं। महाविद्यालय के शिक्षक/महाविद्यालय के पुस्तकालय अध्यक्ष/ विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिकारियों की अधिकतम आयु सीमा उनकी अधिवर्षिता की आयु है तथा कुलपतियों एवं आयोग के सदस्य पद पर नियुक्त होने चाहिये।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 12(ख) के तहत सम्मिलित महाविद्यालयों के स्थायी/अध्यापकों/पुस्तकालय अध्यक्षों को उनकी यात्रा, पंजीकरण शुल्क, दैनिक भत्ता तथा वीजा शुल्क आदि हेतु 3 वर्ष में एक बार शत प्रतिशत आधार पर वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। जबकि, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 2(च) और 12(ख) के तहत सम्मिलित राज्य विश्वविद्यालयों सम विश्वविद्यालयों तथा केन्द्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों, वि.अ.आ. सदस्यों, वि.अ.आ. अधिकारियों एवं अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. (असंपन्न वर्ग) के शिक्षकों को 2 वर्ष में एक बार शतप्रतिशत वित्तीय सहायता प्रदान की जायेगी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के तहत यात्रा अनुदान हेतु सहायता के लिये आवेदक को सम्मेलन के आरंभ होने से दो माह पूर्व प्रस्तुत किये जाने वाले पत्र तथा सम्मेलन के आयोजकों द्वारा स्वीकृति पत्र प्रस्तुत करना होगा।

उक्त योजना के तहत प्राप्त प्रस्तावों का विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अध्यक्ष द्वारा गठित यात्रा अनुदान समिति द्वारा मूल्यांकन किया जाता है। विषय विशेषज्ञ की सिफारिशों पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा विचार किया जाता है।

ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान लाभार्थियों की संख्या और किये गये व्यय का ब्यौरा निम्नवत है:

वर्ष	लाभार्थियों की संख्या			व्यय (करोड़ रुपये में)
	कुलपति	महाविद्यालय के शिक्षक/पुस्तकालय अध्यक्ष	आयोग के सदस्य	
2007-2008	12	263	-	0.96
2008-2009	2	317	1	2.29
2009-2010	5	728	-	3.69
2010-2011	5	590	-	3.62
2011-2012	1	858	-	3.57
2012-2013	6	868	-	5.24

वर्ष 2013–2014 के दौरान लाभार्थियों की संख्या और किये गये व्यय का ब्यौरा निम्नवत है:

वर्ष	लाभार्थियों की संख्या			व्यय (करोड़ रुपये में)
	कुलपति	महाविद्यालय के शिक्षक/पुस्तकालय अध्यक्ष	आयोग के सदस्य	
2013-2014	04	352	-	2.60

यूनेस्को कार्यक्रम : यूनेस्को द्वारा विश्व में विभिन्न सदस्य देशों में चलाये जाने वाले विभिन्न छात्रवृत्ति/प्रशिक्षण कार्यक्रमों के संबंध में परिपत्र मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली को प्राप्त होते हैं और इन्हें वि0अ0आ0 द्वारा भारत में विश्वविद्यालयों और शिक्षा संस्थानों में परिचालित किया जाता है। उच्चतर शिक्षा के विकास और सदस्य देशों के बीच समन्वय से संबंधित यूनेस्को के कुछ मामलों पर मानव संसाधन विकास मंत्रालय, वि0अ0आ0 के विचार/टिप्पणी आमंत्रित करता है, जिन्हें पेशकश वि0अ0आ0 द्वारा भली–भांति विचार करने/दस्तावेजों का अध्ययन करने के बाद किया जाता है।

5.13 अंतर्विश्वविद्यालय केन्द्र (आई.यू.सी.)

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 12 (गगग) के अन्तर्गत विश्वविद्यालय प्रणाली में स्वायत्त निकायों के रूप में वर्ष 1984 से अंतर्विश्वविद्यालय केन्द्रों (आई.यू.सी.) की स्थापना करता रहा है ताकि विभिन्न विश्वविद्यालयों में कार्य कर रहे अनुसंधानकर्ताओं के लाभ के लिए केन्द्रीय रूप से अत्याधुनिक उपस्कर तथा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें जो समान्यतया इनके लागत कारक के कारण कई विश्वविद्यालयों में उपलब्ध नहीं होती हैं। अब तक, इसने ऐसे सात केन्द्र स्थापित किए हैं।

इन अंतर्विश्वविद्यालय केन्द्रों की स्थापना के निम्नलिखित मुख्य उद्देश्य हैं :

- जो विश्वविद्यालय आधारभूत अवसंरचना तथा अन्य निवेशों में भारी पूंजी लगाने में असमर्थ हैं, उनके लिए सामान्य अत्याधुनिक केन्द्रीयकृत उपस्कर तथा सुविधाएं सुविधाएं/सेवाएं उपलब्ध कराना।
- सम्पूर्ण देश में शिक्षकों तथा अनुसंधानकर्ताओं को सर्वोत्तम विशेषज्ञता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करना।
- अनुसंधानकर्ताओं तथा शिक्षण संकायों को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के समतुल्य आधुनिक उपस्कर, अत्याधुनिक श्रेष्ठ पुस्तकालय की सुविधाएं उपलब्ध कराना।

अंतर–विश्वविद्यालय केन्द्र तथा उनके विशिष्ट उद्धेश्य निम्नवत तालिका में दिए गए हैं:

क्र.स.	नाम	स्थापना का वर्ष	उद्देश्य
1)	अंतर्विश्वविद्यालय ऐक्सीलरेटर केन्द्र, (आईयूएसी)	1984	ऐक्सीलरेटर उन्मुखी अनुसंधान
2)	अंतर्विश्वविद्यालय खगोल विज्ञान तथा खगोल भौतिकी केन्द्र, (आईयूएसी) पुणे–411007	1988	खगोल विज्ञान में अनुसंधान के लिए अत्याधुनिक यंत्रीकरण
3)	वि0अ0आ0–डीएई, वैज्ञानिक अनुसंधान कंसोर्टियम, इंदौर–452001	1989	आणविक ऊर्जा विभाग की सुविधाओं का उपयोग
4)	राष्ट्रीय मूल्यांकन तथा प्रत्यायन परिषद् बंगलुरू–560010	1994	उच्चतर ज्ञान अर्जन के निजी तथा सार्वजनिक संस्थाओं का मूल्यांकन एवं प्रत्यायन करना
5)	सूचना तथा पुस्तकालय नेटवर्क केन्द्र (इन्फ्लिबनैट) अहमदाबाद–380009	1991	इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से विश्वविद्यालय के पुस्तकालयों की नेटवर्किंग
6)	शैक्षिक संचार कंसोर्टियम, अरूण आसफ अली मार्ग, नई दिल्ली–110067	1993	टेलीविजन, इंटरनेट तथा अन्य इलेक्ट्रिानिक संचार के माध्यमों द्वारा देशव्यापी कक्षा कार्यक्रम के जरिये व्यापक श्रोताओं तक शैक्षणिक ज्ञान का प्रसार करना
7)	अध्यापक शिक्षा केन्द्र, काकीनाड़ा	2013	अध्यापकों के सशक्तिकरण तथा कार्यविधि में सर्वोत्तम पद्धतियों द्वारा प्रशिक्षण तथा संसाधनों के साथ देश में अध्यापक शिक्षा के ज्ञान आधार को सुदृढ़ करना

निम्नवत भाग में प्रत्येक अंतर्विश्वविद्यालय केन्द्र का ब्यौरा और इसकी विशेषता तथा वित्तीय जानकारी का संक्षिप्त विवरण दिया गया है।

5.13(i) अंतर्विश्वविद्यालय एक्सलरेटर केन्द्र, दिल्ली (आईयूएसी, दिल्ली)

अंतर्विश्वविद्यालय एक्सलरेटर केन्द्र (आईयूएसी) जिसे मूल रूप से नामिकीय विज्ञान केन्द्र (एनएससी) के नाम से जाना जाता था। यह विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (वि0अ0आ0) द्वारा वर्ष 1984 में स्थापित एक स्वायत्त अनुसंधान केन्द्र है। भारतीय शोध समुदाय की संबंधित विधाओं में रुचि के नवीनतम क्षेत्रों में अंतर्राष्ट्रीय रूप से प्रतिस्पर्धात्मक शोध करने के लिए आधुनिक एक्सलरेटर आधारित शोध सुविधाओं तक पहुंच बनाने हेतु पुरजोर मांग पर विचार करते हुए केन्द्र की स्थापना की गई थी। केन्द्र (आईयूसीएसी) ने वर्तमान रुचि के क्षेत्रों में उच्च शोध हेतु विश्वस्तरीय ऑयन एक्सेलरेटर तथा संबद्ध प्रयोगात्मक शोध कार्यक्रमों का विकास किया। केन्द्र की स्थापना हेतु अवसंरचना का विकास कार्य वर्ष 1986 में आरंभ किया गया तथा इसे वर्ष 1990 में राष्ट्र को समर्पित किया गया। चार वर्ष (1986–1990) के छोटे से अंतराल के दौरान केन्द्र की संपूर्ण अवसरचना अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार तथा विनिर्धारित समय के भीतर विनिर्मित किये गये थे। केन्द्र, वर्ष 1991 में पूर्णतः प्रचालन में आ गया, तब से 83 विश्वविद्यालय, 54 महाविद्यालय तथा 63 अन्य राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं से 400 शोध समूहों को चौबीसों घंटे शोध सुविधाएं उपलब्ध करवा कर अपनी स्थापना के उद्देश्य की पूर्ति कर रहा है। अब तक इस केन्द्र द्वारा 100 से अधिक पीएचडी प्रदान की गई है तथा विख्यात अंतर्राष्ट्रीय संदर्मित जर्नलों में उच्च गुणवत्तायुक्त शोध पत्र प्रकाशित किये गये हैं। वर्ष 2005 में, नाभिकीय विज्ञान केन्द्र का नाम बदल कर अंतर्विश्वविद्यालय एक्सलरेटर केन्द्र (आईयूएसी) रखा गया था।

उद्देश्य तथा मुख्य विशेषताएं

आईसीएसी अधिदेशित है कि वह राष्ट्रीय सुविधा के रूप में :

- अत्याधुनिकी प्रयोगशाला सुविधाओं के साथ विश्वस्तरीय एक्सलरेटर प्रणालियां मुहैया करवायेगा।
- नाभिकीय विज्ञान, सामग्री विज्ञान, विकिरण जीवविज्ञान, परमाणु और आणविक भौतिकी, एक्सलरेटर मास स्पेक्ट्रोमीट्री आदि के क्षेत्र में भारतीय विश्वविद्यालय, शोध संस्थानों तथा अन्य राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं से शोधकर्ताओं को उच्चस्तरीय ऑयन एक्सलरेटर आधारित शोध सुविधाएं मुहैया करवाने के लिये एक राष्ट्रीय सुविधा केन्द्र के रूप में कार्य करेगा।
- उन्नत तथा भावी शोध क्रियाकलापों हेतु अंतर्राष्ट्रीय रूप से प्रतिस्पर्धी सुविधा तैयार करना तथा मौजूदा राष्ट्रीय सुविधाओं के लिये परिपूरक सुविधा साबित होगा।
- देश में ऑयन एक्सलरेटर भौतिकी तथा प्रौद्योगिकी के विकास की संस्कृति तैयार करना। परिणामस्वरूप, आईयूएसी ने न केवल एक्सलरेटर आधारित शोध प्रयोगशाला के रूप में अपना नाम स्थापित किया है परंतु इसने कुछ किलो इलेक्ट्रॉन वोल्ट से लेकर लाखों इलेक्ट्रान वोल्ट तक ऊर्जा वाले ऑयन बीम उपलब्ध करवाकर अनेक प्रकार के एक्सलरेटरों का निर्माण किया है। आईयूएसी में अनेक प्रकार के एक्सललेटरों का निर्माण किया है। आईयूएसी में अनेक प्रकार के एक्सलरेटर हैं जैसे वेन डी ग्रॉफ एक्सलरेटर, सुपरकंडक्टिंग लीनीयर एक्सलरेटर, उच्च करंट इंजेक्टर हेतु रेडियो फ्रीक्वेंसी क्वाडरापोल, इलेक्ट्रॉन साइक्लोट्रान रेज़ोनेन्स ऑयन स्रोत आधारित पाजीटिव ऑयन इम्प्लांटर, नेगेटिव ऑयन इम्पलांटर आदि। इसके अतिरिक्त, इसने अनेक सुविधाओं की भी स्थापना की है जिन्हें एक्सलरेटर आधारित शोध के साथ उपयोग किया जाता है। रदरफोर्ड बैक स्केटरिंग तथा चेनेलिंग हेतु प्रतिबद्ध एक टेनडेम एक्सलरेटर की स्थापना की गई हैं। हाल ही में आईयूएसी ने देशभर में विश्वविद्यालय शोधकर्ताओं को सुपरकंडक्टिंग तक पहुंच उपलब्ध कराने के लिये उच्च ऊर्जा परिकलनात्मक सुविधा (3200 नोड~70 टीएफ वाला एचपीसी) की स्थापना भी की है।

- **आईयूएसी, बहुविधा अनुप्रयोग उन्मुखी शोध हेतु राष्ट्र के कार्यक्रम का मुख्य अंग है:** वर्तमान में, आईयूएसी ने मूलभूत विज्ञान, सेमीकन्डक्टर इलेक्ट्रानिक्स, अंतरिक्ष के उपग्रहों से समुद्री शोध हेतु उपकरणों की अनुकूलता तक विभिन्न राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों का नाम बनने की क्षमताओं का विकास किया है।

- **उच्च शोध हेतु क्षमता निर्माण:** इस स्तर पर आईयूएसी के लिये सफलतापूर्वक इन योजनाओं को जारी रखना संभव हो पाया है चूंकि एक्सलरेटर भौतिकी तथा शोध के क्षेत्र में अनुसंधान और प्रौद्योगिकीय विकास हेतु अपेक्षित प्रशिक्षित जनशक्ति को आईयूएसी द्वारा तैयार किया गया है।

प्रत्यक्ष लाभार्थियों की संख्या और कवरेज (2013–14)

	संख्या
शोधकर्त्ता	144
विश्वविद्यालय	48
महाविद्यालय	18
शिक्षक	273
छात्र	894
जन साधारण, यदि कोई हो तो	67

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से प्राप्त अनुदान (राशि लाख रुपये में)

अवधि	योजनागत	गैर–योजनागत
2013–14	3066.00	2608.00

वर्ष 2013–14 के दौरान 68 विदेशी प्रतिनिधिमण्डलों ने आईयूएसी सुविधाओं का दौरा किया। केन्द्र ने तीन अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों का भी आयोजन किया।

5.13(ii) इंटर–यूनिवर्सिटी सेन्टर फॉर एस्ट्रोनॉमी एण्ड एस्ट्रोफिजिक्स (आईयूसीएए), पुणे

1980 के मध्य में एस्ट्रोनामी और एस्ट्रोफिजिक्स (ए0 एण्ड ए0) भारतीय महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रमों में पर्याप्त रूप से शामिल नहीं किए गए थे। जब प्रो0 यशपाल, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष थे तो एक उन्नत केन्द्रीयकृत स्थान जहां पर *'ए एण्ड ए'* के क्षेत्र में जिसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक समझा गया था, जिसमें अनुसंधान और शिक्षण की सभी सुविधाएं उपलब्ध हों, को स्थापित किए जाने की संकल्पना तैयार की गई थी। इस प्रकार आईयूसीएए की एक स्वायत्तशासी उत्कृष्टता केन्द्र के रूप में सन् 1988 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा स्थापना की गई थी और प्रो0 जयन्त वी. नार्लीकर को इसका संस्थापक निदेशक बनाया गया था।

उद्देश्य तथा मुख्य विशेषताएं

- विश्वविद्यालय क्षेत्र में *'ए एण्ड ए'* में शिक्षण शोध तथा विकास क्रियाकलापों को आरंभ करने, पोषित करने तथा विकास करने में मदद करना।
- स्वयंमेव कड़े शोध कार्यक्रम आयोजित करना।

- आईयूसीएए से फील्ड से फील्ड स्टेशन तथा संसाधन केन्द्र के रूप में कार्य करने या भारत एवं पड़ोसी देशों में *'ए एण्ड ए'* क्रियाकलापों हेतु सामान्य मार्गदर्शन तथा मदद मुहैया करवाने की आशा की जाती है।
- आईयूसीएए सदस्य भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के एएसटीआरओएसएटी कार्यक्रम में शामिल रहे है।
- आईयूसीएए विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) तथा परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) द्वारा वित्तपोषित तीस मीटर दूरबीन (टीएमटी) परियोजना में अहम संस्थान है।
- आईयूसीएए, एक भारतीय परियोजना–लेजर इंटरफेरोमीटर ग्रेवीटेशनल वेव आबजरवेटरी (एलआईजीओ) – की दिशा में कार्य करने वाला मुख्य संस्थान रहा है।

लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आई0यू0सी0ए0ए0 ने बुनियादी अनुसंधान सहित बहुत से कार्यक्रम तैयार किये है; इनसे से कुछ नीचे दिए गए हैं:–

क) बुनियादी अनुसंधान
ख) *'ए एण्ड ए'* का शिक्षण
ग) आईयूसीएए–एनसीआरए स्नातक विद्यालय
घ) पुनश्चर्या पाठ्यक्रम और ग्रीष्मकालीन कार्यशाला
ङ) एसोसिएटशिप कार्यक्रम
च) *'ए एण्ड ए'* का भारतीय विश्वविद्यालयों में न्यूक्लियीएशन
छ) आईयूसीएए संसाधन केन्द्र
ज) विद्यालय, कार्यशाला और सम्मेलन आयोजित करवाना
झ) आईयूसीएए गिरवाली दूरबीन का प्रचालन
ञ) दक्षिणी अफ्रीका की बड़ी दूरबीन (एसएएलटी) में ग्रह, नक्षत्रों को देखने का समय
ट) जनसाधारण तक पहुंच बनाने वाले कार्यक्रम आदि

प्रत्यक्ष लाभार्थियों की संख्या और कवरेज (2013–14)

	संख्या
शोधकर्त्ता	188
विश्वविद्यालय	77
महाविद्यालय	106
शिक्षक	3022
छात्र	33425
जन साधारण, यदि कोई हो तो	18822

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से प्राप्त अनुदान (राशि लाख रुपये में)

अवधि	योजनागत	गैर–योजनागत
2013 -14	1578.75	1584.00

आयोजित किये गये अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (2013–14)

(क) 10 से 15 जून, 2013 तक लिगो–भारत के सम्मेलन का आयोजन।

(ख) 17 से 20 दिसम्बर, 2013 को आयोजित ग्रेवीटेशनल वेव फिजिक्सि एण्ड एस्ट्रोनामी वर्कशाप।

(ग) लिगो–भारत–सह–खगोलशास्त्र तथा भौतिकी पर दिनांक 20 दिसम्बर, 2013 को आयोजित सम्मेलन।

(घ) दिनांक 13 से 24 जनवरी, 2014 को 'एक्स–रे स्टडीज ऑफ ट्राजिएंट एस्ट्रोमिकल सोर्सिज पर एमआईटी–आईयूसीएए कार्यशाला।

वर्ष 2013–14 में, 25 विदेशी प्रतिनिधिमण्डलों ने आईयूसीएए, पुणे स्थित सुविधाओं का दौरा किया। खगोल भौतिकी तथा खगोल शास्त्र के क्षेत्र में शोध को उन्नत बनाने के लिए आईयूसीएए, पुणे तथा अन्य संस्थानों अथवा देशों के बीच कुल 27 संस्थागत समझौते है। आईयूसीएए में सुविधाओं का उपयोग कर आज तक 1473 प्रकाशनों की संचयी संख्या के साथ 70 शोध प्रकाशन किये गये।

5.13(iii) वि0अ0आ0–डी0ए0ई0 कन्सोर्टियम फॉर साइंटिफिक रिसर्च, इंदौर

वि0अ0आ0, डी.ए.ई. कंसोर्टिअम फॉर साईटिफिक रिसर्च, जिसे पूर्व में इंटरयूनिवर्सिटी कंसोर्टिअम फॉर डिपार्टमेंट ऑफ एंटॉमिक एनर्जी फैसलीटीज (आई.यू.सी.–डी.ए.ई.एफ) के रूप में जाना जाता था, की स्थापना 1990 में एक समझौता ज्ञापन के आधार पर की गई थी, जिस पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के तत्कालीन अध्यक्ष प्रो.एस.यशपाल और परमाणु ऊर्जा आयोग के तत्कालीन अध्यक्ष डॉ.एम.आर. श्रीनिवासन द्वारा हस्ताक्षर किये गये। वि0अ0आ0–डी.ए.ई.–सी.एस.आर. के तीन केन्द्र, इन्दौर कोलकाता और मुम्बई में हैं तथा इसका मुख्य कार्यालय इंदौर में है। इस संस्थान के कार्यकलाप का क्षेत्र, वर्ष 2003 में व्यापक हो गया, जब उस समय दो संस्थानों द्वारा एक नये समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया तथा उस समय आई.यू.सी.–डी.ए.ई.एफ. का नाम बदलकर वि0अ0आ0–डी.ए.ई.–सी.एस.आर. कर दिया गया। आईजीसीएआर, कल्पक्कम स्थित वि0अ0आ0–डी.ए.ई.–सी.एस.आर. नोड ने अनेक उपकरणों की संस्थापना के साथ कार्य करना शुरू कर दिया।

उद्देश्य तथा मुख्य विशेषताएं

- विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं को डीएई की 'बड़ी विज्ञान सुविधा' तथा अन्य 'अत्याधुनिक सुविधाओं' (जैसे पहुंच उपलब्ध कराई गई) तक पहुंच उपलब्ध कराना। यह इसकी इंदौर, कोलकाता तथा मुंबई केन्द्रों (सभी को आरंभ में स्थापित किया गया था) तथा कल्पाक्कम नोड (हाल में स्थापित) के माध्यम से सहयोगात्मक शोध योजनाओं द्वारा प्राप्त किया गया।

- भारतीय शिक्षा प्रणाली में असामान्य तथा अत्यंत दुर्लभ अत्याधुनिक प्रयोग सुविधाओं का सृजन करना तथा उन्हें उपलब्ध कराना। इसे डीएई सुविधाओं में विशिष्ट प्रयोग ढांचों को जोड़कर तथा हमारी प्रयोगशालाओं में प्रयोग की सुविधाओं का सृजन कर प्राप्त किया जाता है। दोनों मामलों में इसे हमारे वैज्ञानिकों की शोध विशेषज्ञता द्वारा सहायता प्रदान की जाती है।

- इसके माध्यम से उच्च गुणवत्तायुक्त शोध परिणाम को सक्षम बनाना।

प्रत्यक्ष लाभार्थियों की संख्या और कवरेज (2013–14)

	संख्या
शोधकर्त्ता	1296
विश्वविद्यालय	521
महाविद्यालय	101
विश्वविद्यालयों के अलावा महत्व के संस्थान (आईआईटी, आईएसएम, बीएआरसी, आरआरसीएटी, एनआईएसईआर, एनआईटी आदि)	674
शिक्षक / छात्र / शोधकर्ता	1296

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से प्राप्त अनुदान (राशि लाख रुपये में)

अवधि	योजनागत	गैर–योजनागत
2013 -14	3225.00	1385.00

आयोजित की गई कार्यशालाएं:

- 24–25 मई, 2013 के दौरान यूजीसी–डीएईसी–एसआर, इंदौर में "मेगनेटिक मेटीरीयल एण्ड थिन फिल्म (आरडीएमएमटीएफ–2013)" पर दो दिवसीय चर्चा हेतु बैठक आयोजित की गई।
- 28 से 29 जून, 2013 को कंसोर्टियम के कोलकाता केन्द्र द्वारा वीईसीसी तथा सत्यसाईं इंस्टीट्यूट ऑफ हायर लर्निंग (एसएसएसआईएचएल) के साथ संयुक्त रूप से एसएसएसआईएचएल के प्रशांतिनिलायम कैम्पस में वेरियेबल एनर्जी साइक्लोट्रॉन सेंटर (वीईसीसी) में उपलब्ध शोध सुविधाओं पर एक जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई।
- 24 से 25 अक्तूबर, 2013 के दौरान यूजीसी–डीएई, सीएसआर, इंदौर में फेज ट्रॅांसिजन भौतिकी विषय पर 2 दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।
- कन्सोर्टियम के मुंबई केन्द्र तथा इंजीनियरिंग सांईस एण्ड टेक्नोलॉजी, हैदराबाद विश्वविद्यालय, हैदराबाद द्वारा 28 से 30 अक्तूबर, 2013 के दौरान यूजीसी–डीएई–सीएसआर पर तीन दिवसीय जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई थी।
- 23 से 24 दिसम्बर, 2013 के दौरान यूजीसी–डीएई–सीएसआर, इंदौर में "फिजीक्स ऑफ मैटीरियल" विषय पर एक दो दिवसीय शोध विद्वानों की कार्यशाला आयोजित की गई।
- यूजीसी–डीएई कन्सोर्टियम फॉर साईंटिफिक रिसर्च (सीएसआर) मुंबई ने ठोसावस्था भौतिकी प्रभाग (एसएसपडी), बीएआरसी के सहयोग से 4 से 8 फरवरी, 2014 के दौरान बीएआरसी मुंबई में 'न्यूट्रान एस प्रोबस ऑफ कन्डेसड मेटर' (एनपीसीएम) पर पांच दिवसीय विद्यालय का आयोजन किया गया।

आज तक डीएई–सीएसआर इंदौर द्वारा 2950 प्रकाशनों की संचयी संख्या के साथ 309 प्रकाशन निकाले गये।

5.13(iv) राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद् (एनएएसी), बंगलूरू

भारत में उच्चतर शिक्षा संस्थानों (एचईआई) की संख्या में व्यापक स्तर पर मात्रात्मक विस्तार हुआ। शिक्षा प्रदाताओं की प्रोफॉइल का प्रकार, कार्यक्रमों, पढ़ाये जाने वाले पाठ्यक्रमों, सुपुर्दगी प्रणाली और वित्तपोषण का पैटर्न के अनुसार अलग–अलग होता है। वस्तुतः संपूर्ण विश्व में उच्चतर शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक स्तर पर विस्तार हुआ है। ऐसी स्थितियों में मानक और गुणवत्ता में अंतर एक स्वाभाविक परिणाम है। पूरे देश में महाविद्यालयों के विस्तार के संदर्भ में शिक्षा के मानक की स्थापना के आवश्यकता में शिक्षा संबंधी राष्ट्रीय नीति (एनपीई 1986) और कार्रवाई कार्यक्रम (पीओए, 1992) ने एक तंत्र की स्थापना पर बल दिया जो संस्थानों में आत्म मूल्यांकन तथा एक बाहरी एजेन्सी द्वारा मूल्यांकन और प्रत्यायन को भी बढ़ावा देगी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 12 (गगग) के अंतर्गत 16 सितंबर, 1994 को राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद् (एनएएसी) की स्थापना की जिसका मुख्यालय बंगलूरू में स्थित है।

उद्देश्य एवं प्रमुख विशेषताएँ :

एनएएसी का प्राथमिक एजेन्डा, उच्चतर शिक्षण संस्थानों को, विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों अथवा उनके एक या इससे अधिक इकाइयों अर्थात् इनके विभागों, विद्यालयों, संस्थानों, कार्यक्रमों आदि का निर्धारण एवं प्रत्यायन करना है,

मूल्यांकन और प्रत्यायन मुख्य उद्देश्य निम्नवत हैं :

क) उच्चतर शिक्षा संस्थानों एवं उनके कार्यक्रमों का ग्रेडीकरण करना;

ख) इन सभी संस्थानों में अकादमिक परिवेश तथा अध्यापन व शोध की गुणवत्ता को सुदृढ़ बनाना;

ग) संस्थानों द्वारा उनके अकादमिक लक्ष्यों की पूर्ति में सहायक होना;

घ) उपर्युक्त लक्ष्यों की प्राप्ति के प्रयोजनार्थ उनमें आवश्यक रूप वाले परिवर्तनों को बढ़ावा देना, नवोन्मेषी एवं सुधारात्मक सभी प्रकार के पहलुओं को लागू करना;

ङ) उच्चतर शिक्षा के क्षेत्र में नवोन्मेष, आत्ममूल्यांकन तथा जवाबदेही को प्रोत्साहित करना।

अपने अधिदेश की पूर्ति के लिए एनएएसी निम्नवत क्रियाकलाप करेगाः

- मूल्यांकन की तकनीकों और क्रियाविधियों के आलोक में प्राप्त अनुभवों की आवधिक समीक्षा करना आवश्यक, होने पर इसमें संशोधन और अद्यतन करना;
- संबंधित संस्थान के लिए मूल्यांकन और ग्रेडिंग के परिणामों में सुधारात्मक कार्यवाही करने, सुधार और स्व–सुधार करने हेतु सुसंगत तरीके से उसे सूचित करना;
- संस्थानों को अपनी प्रक्रियाएं, तकनीकें और स्व–मूल्यांकन हेतु क्रियाविधियों को विकसित करने के लिए सहायता और प्रोत्साहन प्रदान करना;
- शैक्षिक संस्थानों, कार्यक्रमों इत्यादि की आयोजना और मूल्यांकन में अनुसंधान अध्ययनों को प्रवृत करना;
- उच्चतर शिक्षा के संस्थानों के पहचान किए गए लक्ष्यों को प्राप्त करना और संसाधनों के अधिकतम उपयोग को सुनिश्चित करना;

- एनएएसी समान प्रकृति का कार्य कर रहे भारतीय और विदेशी संस्थानों के साथ संयोजन कर सकती है और निवेदन प्राप्त होने पर विदेशों में उच्चतर शिक्षा के संस्थानों का मूल्यांकन और प्रमाणन कर सकती है।

एनएएसी अपनी महा–परिषद् (जी.सी.) के माध्यम से तथा कार्यकारी समिति (ई.सी.) की सहायता से कार्यान्वयन करती है जहाँ पर शैक्षिक प्रशासक, नीति निर्धारक तथा उच्चतर शिक्षा की प्रणाली से जुड़े पृथक वर्गों वाले वरिष्ठ शिक्षाविदों का प्रतिनिधित्व किया जाता है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष ही एनएएसी की महा–परिषद् के अध्यक्ष है तथा कार्यकारणी समिति का प्रमुख एक सुविख्यात शिक्षाविद होता है जिसे कि महा–परिषद् के प्रमुख द्वारा नामित किया जाता है। एनएएसी का निर्देशक ही शैक्षणिक एवं प्रशासनिक प्रमुख होता है तथा वह इन दोनों निकायों का सदस्य सचिव होता है, एनएएसी के विभिन्न क्रियाकलापों को निष्पादित करने के लिए एनएएसी के मूल कर्मचारिवृंदों को परामर्शदाता परामर्श प्रदान करते हैं

प्रत्यायन की स्थिति

मूल्यांकन और प्रत्यायन के प्रयोजनार्थ, एनएएसी का लक्ष्य समूह भारत में विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालय है।

प्रथम चरण/द्वितीय चरण/ तृतीय चरण	विश्वविद्यालय	महाविद्यालय	कुल
चरण–I	10	241	257
चरण–II	6	217	223
चरण–III	3	26	29
कुल	**19**	**484**	**503**

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान 503 उच्चतर शिक्षा संस्थानों (484 महाविद्यालयों तथा 19 विश्वविद्यालयों) का मूल्यांकन तथा प्रत्यायन किया गया। इस प्रकार, 31 मार्च, 2014 तक एनएएसी द्वारा कुल 5350 महाविद्यालय तथा 182 विश्वविद्यालय प्रत्यायित किये गये थे। (चरण –II हेतु 79 विश्वविद्यालय और 1460 महाविद्यालय एवं चरण – III के लिये 5 विश्वविद्यालय तथा 68 महाविद्यालय सहित) 31 मार्च, 2014 की स्थिति के अनुसार एनएएसी द्वारा कुल 6878 महाविद्यालयों तथा 266 विश्वविद्यालयों को प्रत्यायित किया गया।

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान 2808 महाविद्यालयों तथा 120 विश्वविद्यालयों ने मूल्यांकन तथा प्रत्यायन हेतु स्वेच्छा से आवेदन किया। 899 महाविद्यालयों ने गुणवत्ता मूल्याकन हेतु संस्थागत अर्हता (आईईक्यूए) आवेदन जमा किये।

एनएएसी का संपूर्ण आईसीटी–कैम्पस संयोजित एवं वाई–फाई सक्षमकारी है। एनएमईआईसीटी के माध्यम से 1 जीबीपीएस कनेक्टिविटी प्राप्त करने के प्रयास चल रहे है। वर्ष के दौरान 'डायनामिक वेबसाईट इम्प्रूवड वेब इंटरफेस' कार्य को भी आरंभ किया गया। एनआईसी बंगलूरू केन्द्र से परामर्श प्राप्त कर इस परियोजना को कार्यान्वित किया जा रहा है। एनएएसी ने एनआईसी की मदद से उच्चतर शिक्षा संस्थानों (विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालय) हेतु ऑनलाइन आशय पत्र (एलओआई) तथा कॉलेज विद् इस्टेन्टेनियस रिजल्ट मॉड्यूल हेतु गुणवत्ता मूल्यांकन के लिये ऑनलाइन संस्थागत मानदण्ड (आईक्यूए) जारी किये है।

एनएएसी वेबसाइट www.naac.gov.in को लगातार अद्यतन किया जा रहा है। एनएएसी हेतु एनकेएन कनेक्टिविटी प्रक्रियाधीन है। रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान साख्यिंकी तथा डीटीपी सॉफटवेयर की खरीद की गई तथा संस्थापना की गई। शिक्षा वर्ष 2013–14 से उच्चतर शिक्षा संस्थानों द्वारा **केवल सॉफ्ट प्रति में संशोधित वार्षिक गुणवत्ता आश्वासन रिपोर्ट (एक्यूएआर) जमा करने हेतु प्ररूप को विकसित किया गया है।** शिक्षा वर्ष 2013–14 से संबंधित सभी एक्यूएआर को शिक्षा वर्ष 2014–15 के दौरान प्रस्तुत किया जायेगा।

एनएएसी ने राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (आरयूएसए) के तहत मानव संसाधन विकास मंत्रालय को "राष्ट्रीय गुणवत्ता पुनर्जागरण पहल (एनक्यूआरआइ)" के संबंध में एक परियोजना प्रस्ताव प्रस्तुत किया हैं तथा मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने नवम्बर, 2013 में इसे अनुमोदित किया। मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने एनक्यूआरआई को 17 करोड़ रुपए संस्वीकृत किए हैं। एनक्यूआरआई की मुख्य विशेषताएं हैं (i) उच्चतर शिक्षा संस्थानों को मार्गदर्शन प्रदान करते हुए गुणवत्ता आश्वासन के संबंध में जागरूकता पैदा करना, उसे लोकप्रिय बनाना तथा उसका संवर्धन करना (ii) मूल्यांकनकर्ताओं के समूह का गठन करना, और (iii) गुणवत्ता को बनाये रखने तथा उसमें वृद्धि करने हेतु पहल करना।

(i) उच्चतर शिक्षा संस्थानों को मार्गदर्शन प्रदान करते हुए गुणवत्ता आश्वासन के संबंध में जागरूकता पैदा करना, उसे लोकप्रिय बनाना तथा उसका संवर्धन करना :

एनएएसी द्वारा विश्वविद्यालय–वार तथा राज्य–वार महाविद्यालयों को लोकप्रिय बनाने के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। कार्यक्रम के लिये व्यय को एनएएसी द्वारा वहन किया गया। एनएएसी ने 1 अप्रैल, 2013 से 31 मार्च, 2014 की अवधि के दौरान अब तक दो ऐसे कार्यक्रम, राजस्थान तथा मध्य प्रदेश राज्य में आयोजित किये।

(क) 7 जनवरी, 2014 को राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय में मूल्यांकन तथा प्रत्यायन संबंधी कार्यशाला– 7 जनवरी, 2014 को एनएएसी ने राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय कें सहयोग से मूल्यांकन तथा प्रत्यायन पर कार्यशाला आयोजित की। महाविद्यलय संकाय तथा प्राचार्यों के अलावा राज्य उच्चतर शिक्षा विभाग के अनेक वरिष्ठ अधिकारियों ने भी कार्यशाला में भाग लिया तथा उनकी एनएएसी निदेशक तथा उनके दल के साथ आमने–समाने चर्चा हुई। 150 शासकीय तथा सरकार द्वारा सहायताप्राप्त महाविद्यालयों का प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग 200 भागीदार कार्यशाला से लाभान्वित हुए। एनएएसी द्वारा मूल्यांकन तथा प्रत्यायन की प्रक्रिया का ब्यौरा देने के अलावा, संस्थानों को गुणवत्ता को बनाए रखने तथा उसमें वृद्धि करने हेतु किये जाने वाले उपाय, प्रत्यायन पश्चात् की जाने वाली पहल तथा सुधार में आतंरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) की भूमिका के बारे में भी जानकारी दी गई। प्रश्नोत्तरी सत्र में अनेक मुद्दों पर स्पष्टीकरण दिया गया तथा उन्हें सुलझाया गया। सत्र अत्यंत सफल रहा तथा राज्य सरकार के कर्मचारियों ने संस्थानों के समक्ष आने वाली चुनौतियों विशेष रूप से कर्मचारिवृंद, संबद्ध करने वाले विश्वविद्यालय तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के साथ बिना समन्वय किये नाम में परिवर्तन करने आदि से जुड़ी चुनौतियों को पहचाना तथा महाविद्यालय ने एनएएसी द्वारा उपयोग की गई कतिपय शब्दावली तथा उनकी व्याख्या आदि के संबंध में स्पष्टीकरण दिया।

(ख) 28 और 29 मार्च, 2014 को एनएएसी के 'ए और ए' के संबंध में डा. हरिसिंह गौड विश्वविद्यालय, मध्य प्रदेश में जागरूकता कार्यशाला–दूसरी कार्यशाला 28 और 29 मार्च, 2014 को डा. हरिसिंह गौड विश्वविद्यालय, सागर, मध्य प्रदेश (केन्द्रीय विश्वविद्यालय) में आयोजित की गई। राज्य/केन्द्रीय विश्वविद्यालय के आईक्यूएसी समन्वयक, संबद्ध महाविद्यालय के प्राचार्य/आईक्यूएसी प्रभारी तथा विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार के अधीन अर्हक महाविद्यालय के प्राचार्य जो एनएएसी प्रत्यायन प्राप्त करने के इच्छुक हैं, उन्होंने कार्यशाला आयोजित की। अनेक विश्वविद्यालय कर्मचारियों ने कार्यशाला में भागीदारी भी की। पूर्व की कार्यशालाओं से विपरीत इस कार्यशाला में एनएएसी के सात मानदण्डों एवं स्व–अध्ययन रिपोर्ट (एसएसआर) तैयार करने पर बल दिया गया। प्रत्यायन प्रश्चात् पहल के रूप में आईक्यूएसी की स्थापना और कार्यकरण तथा गुणवत्ता आश्वासन, उसे पोषित करने तथा उसमें वृद्धि करने पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

(ii) मूल्यांकनकर्ताओं का समूह तैयार करना:

एनएएसी का विश्वास है कि मूल्यांकन की गुणवत्ता, मूल्यांकनकर्ताओं की गुणवत्ता पर निर्भर करती है। मूल्यांकन तथा प्रत्यायन (ए एण्ड ए) प्रक्रिया तथा एनएएसी पद्धति से परिचित होना अनिवार्य है ताकि पेनलबद्ध मूल्यांकनकर्ताओं के प्रभावी ढंग से कार्य करने में सक्षम बनाया जा सके। एनएएसी संपूर्ण भारत से असंदिग्ध सत्यनिष्ठा वाले वरिष्ठ विद्याविदों को विशेषज्ञ नियुक्त करता है। एनएएसी मूल्यांकनकर्ताओं के राष्ट्रीय समूह का विस्तार करना चाहता है तथा उच्चतर शिक्षा के क्षेत्र में सर्वोत्तम विशेषज्ञों को पेनलबद्ध करना चाहता है। इसलिए एनएएसी मूल्यांकनकर्ताओं को समूह में पेनलबद्ध करने से पूर्व मूल्यांकनकर्ताओं के साथ विचार–विमर्श बैठक (एआईएम) को नियमित रूप से आयोजित करता है। एआईएम के लिये संभावित मूल्यांकनकर्ताओं का चयन किया जाता है।

इस प्रकार एआईएम का उद्देश्य एनएएसी पद्धति का अन्तर्ज्ञान प्राप्त करना तथा उसे अनुकरण करने की प्रक्रिया को अनुभव करना है। एआईएम के माध्यम से विद्याविदों से प्रतिपुष्टि प्राप्त करने का अवसर भी प्राप्त होता है, जो एनएएसी को आगे ए एण्ड ए की प्रक्रिया को त्रुटिमुक्त बनाने में मदद करता है।

वर्ष 2013–14 की अवधि के दौरान एनएएसी ने एआईएम का आयोजन किया। मूल्यांकनकर्ताओं में पूर्ववर्ती तथा मौजूदा कुलपति, राष्ट्रीय संस्थानों के निदेशक, विश्वविद्यालय से संकाय–अध्यक्ष तथा आचार्यों, महाविद्यालयों के प्राचार्य शामिल है। वर्ष 2013–14 के दौरान एनएएसी ने समूह में 175 मूल्यांकनकर्ताओं को जोड़ा इस प्रकार यह बढ़कर लगभग 1300 हो गये।

1 अप्रैल, 2013 से 31 मार्च, 2014 के दौरान प्रशिक्षित किये गये मूल्यांकनकर्ता

क्र.सं.	एआईएम की तिथि	स्वरूप	प्रशिक्षित किये गये मूल्यांकनकर्ताओं की संख्या
1	25-26 अप्रैल, 2013	सामान्य	39
2	27-28 मई, 2013	सामान्य	48
3	24-25 दिसम्बर, 2013	अभियांत्रिकी और प्रबंधन	42
4	6-7 फरवरी, 2014	सामान्य	46
	कुल		**175**

(iii) गुणवत्ता को बनाये रखना तथा उसमें वृद्धि करने संबंधी पहल:

समिति ने दिनांक 10 मई, 2013, 14 अगस्त, 2013, 2 दिसम्बर, 2013 तथा 13 मार्च, 2014 को संगोष्ठी/कार्यशाला/परिसंवाद/सम्मेलन आयोजित करने के लिये वित्तीय सहायता संस्वीकृत करने हेतु एनएएसी से वित्तीय सहायता प्राप्त करने के इच्छुक प्रत्यायित उच्चतर शिक्षा संस्थाओं (एचईआई) से प्राप्त प्रस्तावों की छानबीन की। समिति की सिफारिशों के आधार पर प्राप्त 199 प्रस्तावों में से एनएएसी ने 65 उच्चतर शिक्षा संस्थानों को वित्तीय सहायता संस्वीकृत कर दी है।

क्र.सं.	संगोष्ठी समिति की बैठकें	प्राप्त प्रस्तावों की संख्या	संस्वीकृत किये गये प्रस्तावों की संख्या	कुल संस्वीकृत की गई राशि
1	10 मई, 2013	34	21	11,50,000/- रुपये
2	14 अगस्त, 2013	47	8	7,25,000/- रुपये
3	2 दिसम्बर, 2013	51	16	6,00,000/- रुपये
4	13 मार्च, 2014	67	19	18,55,000/- रुपये
	कुल	**199**	**64**	**43,30,000/- रुपये**

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से प्राप्त अनुदान (राशि लाख रुपये में)

अवधि	योजनागत	गैर–योजनागत
2013-14	1073.09	511

एनएएसी का दौरा करने वाले विदेशी प्रतिनिधिमण्डलों की संख्या

- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग – नेपाल के सदस्य सचिव की अनुवाई में नेपाल के प्रतिनिधिमंण्डल ने क्यूएए, नेपाल के प्रतिनिधियों के साथ 20 से 26 अक्तूबर, 2013 को एनएएसी कैम्पस का दौरा किया। दोनों एजेन्सियों के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये।
- दयूस्तो विश्वविद्यालय, स्पेन की ट्यूनिंग अकादमी के निदेशक, श्री पाबलो जावियर बेनीटोन तथा डा. जुलिया गोनाजालेज, पूर्व वाईस रेक्टर, अंतर्राष्ट्रीय संबंध, दयूस्तो विश्वविद्यालय तथा सुश्री ए. राजश्री अयुयर ने 6 फरवरी 2014 को निदेशक से द डायरेक्टोरेट यूरोपीयन कमीशन फॉर एजुकेशन एण्ड कल्चर द्वारा अनुमोदित ईयू–इंडिया ट्यूनिंग परियोजना के कार्यान्वयन की क्रियाविधि की चर्चा करने के लिये भेंट की। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य उच्चतर शिक्षा की पाठ्यचर्या को त्रुटिरहित बनाना तथा उसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा एवं स्वीकार्य बनाना है।
- क्यूक्यूए के मुख्य कार्यकारी महामहिम डा. जवाहेर अल–मुदाहकी की अध्यक्षता में एक प्रतिनिधिमंडल ने बहरीन के महामहिम राजा के भारत के दौरे के भाग के रूप में एनएएसी तथा क्यूक्यूए के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के लिए एनएएसी का दौरा किया।

अन्य देशों/अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ समझौतों/सहयोग की संख्या :

क्र.सं.	देश/एजेन्सियां	आरंभ किये जाने की तिथि	वैघता की तिथि की समाप्ति
1.	एनएएसी तथा वि0अ0आ0, नेपाल के बीच समझौता ज्ञापन	21/10/2013	20/10/2016
2.	शिक्षा तथा प्रशिक्षण के लिए अर्हता तथा गुणवत्ता आश्वासन हेतु प्राधिकरण (क्यूक्यूए) तथा एनएएसी, किंग्डम ऑफ बहरीन के बीच समझौता ज्ञापन	20/02/2014	19/02/2017
3.	एनएएसी तथा मलेशियन क्वालिफिकेशन एजेन्सी (एमक्युए)	03/03/2014	02/03/2017

पूर्व में हस्ताक्षर किये गये समझौता ज्ञापनों अर्थात् एनएएसी और आईईईई–इन्स्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रिकल एण्ड इलेक्ट्रिानिक्स इंजीनियर्स की वैधता अवधि इस वित्त वर्ष 2013–14 के लिए भी वैध है।

क्र.सं.	प्रकाशन
1.	स्व–अध्ययन प्रतिवेदन संबंद्ध/घटक महाविद्यालय हेतु नियम पुस्तिका
2.	स्व–अध्ययन प्रतिवेदन सम महाविद्यालयों हेतु नियम पुस्तिका
3.	एनएएसी समाचार अगस्त, 2013
4.	पीयर दल हेतु दिशानिर्देश

क्र.सं.	प्रकाशन
5.	18वीं वार्षिक रिपोर्ट वर्ष 2011–12
6.	स्व–अध्ययन प्रतिवेदन संबंद्ध/घटक महाविद्यालय हेतु नियम पुस्तिका (हिन्दी)
7.	प्रत्यायन रिपोर्टों का राज्य–वार विश्लेषण–गुजरात

5.13(v) सूचना और ग्रंथालय नेटवर्क केन्द्र (इंफ्लिबनेट), गांधी नगर, गुजरात

सूचना एवं लाइब्रेरी नेटवर्क (इंफ्लिबनेट), की स्थापना मई, 1996 में वि0अ0आ0 के एक स्वायत्त अंतर्विश्वविद्यालय केन्द्र के रूप मे हुई जो कि गुजरात के इन्फोसिटी में स्थित हैं। इस केन्द्र के मुख्य क्रियाकलापों में अकादमिक ग्रथालय एवं सूचना केन्द्रों का आधुनिकीकरण, करना शामिल है जिससे जानकारी के अंतरण तथा पहुंच, छात्रवृत्तियों, ज्ञान अर्जन, तथा शैक्षिक क्रियाकलापों को बढ़ावा दिया जा सके। यह केन्द्र, देश में विभिन्न विश्वविद्यालयों, उच्चतर शिक्षा संस्थानों और अनुसंधान और विकास संस्थानों में स्थित विभिन्न पुस्तकालयों एवं सूचना केन्द्रों के साथ, नेटवर्क स्थापित करने के उद्देश्य से एक नोडल ऐजन्सी के रूप में कार्य करता है।

समकालीन शिक्षा प्रणाली में प्रौद्योगिकी के एक आधारभूत कारक होने के कारण, केन्द्र ने अपने भारत में शैक्षिक समुदाय के लाभ हेतु अनेक पहल की है।(i)इंडकैट, भारत में बड़े विश्वविद्यालय के ग्रंथालयों में उपलब्ध पुस्तकों, शोधप्रबंध तथा जर्नलों का एक ऑनलाइन कैटलॉग है; (ii) सोल 2.0 अत्याधुनिक समेकित ग्रंथालय प्रबंधन साफ्टवेयर है (iii) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग – इफोनेट डिजीटल लाइब्रेरी कन्सोर्टियम जो विविध विधाओं में विश्वविद्यालय में चयनित स्कोलरली इलेक्ट्रॅानिक जर्नलों तथा डाटाबेस तक पहुंच प्रदान कराता है; (iv) एन–लिस्ट जो पात्र महाविद्यालयों को इलेक्ट्रॅानिक जर्नलों तथा इलेक्ट्रानिक पुस्तकों तक पहुंच उपलब्ध कराता है; (v) शोध गंगा, जो एक डिजीटल भण्डार में शोधकर्ता विद्वानों द्वारा डाक्टोरेल शोध प्रबंध तथा शोध–निबंध को ऑनलाइन प्रस्तुत करने हेतु सक्षम बनाता है; (vi) शोध गंगोत्री, जो शोधकर्ता विद्वानों को विश्वविद्यालयों में प्रस्तुत किये गये शोध प्रस्ताव का अनुमोदित सारांश प्रस्तुत करने हेतु सक्षम बनाता है; (vii) मुक्त जर्नल पहुंच प्रणाली (ओजेएएस) जो भारतीय विश्वविद्यालय में संकायों तथा शोधकर्ताओं को ओजेएएस प्लेटफार्म पर मुक्त पहुंच के जर्नलों को खोलने की सुविधा प्रदान करता है; (viii) इन्फोपोर्ट : भारतीय इलेक्ट्रानिक संसाधनों हेतु इन्फ्लीवनेट का विषय गेटवे (ix) ई–पीजी पाठशाला विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा एनएमई–आईसीटी को सौंपी गई परियोजना है, जिसमें स्नातकोत्तर स्तर पर 77 विषयों में ई–विषयवस्तु विकसित की जा रही हैं; (x) विद्वान, जो कि महत्वपूर्ण शैक्षणिक संस्थानों तथा अन्य अनुसंधान और विकास संगठनों में कार्यरत वैज्ञानिक तथा संकाय सदस्यों का एक उत्कृष्ट डाटाबेस है, जो भारत में शिक्षण तथा शोध कार्य में लगे हुए हैं; और (xi) समेकित ई–विषयवस्तु पोर्टल, एक वेब आधारित पोर्टल है जिसमें एनएमई–आईसीटी के तहत विकसित और वित्तपोषित सभी ई–विषयवस्तु शामिल है।

उद्देश्य और मुख्य विशेषताएं

केन्द्र के मुख्य उद्देश्य निम्नवत हैं :

क) सूचना अंतरण तथा पहुंच हेतु क्षमता में सुधार करना ताकि संचार सुविधाओं को स्थापित करना तथा उन्हें बढ़ावा देना ताकि संबंधित ऐजन्सियों के सहयोग तथा उन्हें शामिल करके छात्रवृत्ति, अधिगम, शोध तथा शिक्षा प्राप्त करने के क्रियाकलापों को सहायता प्रदान की जा सके।

ख) सूचना एवं पुस्तकालय नेटवर्क को स्थापित करना तथा विश्वविद्यालयों, समविश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, वि0अ0आ0 सूचना केन्द्रों, राष्ट्रीय महत्व वाले संस्थानों एवं अनुसंधान एवं अभिकल्पना संस्थानों में पुस्तकालयों एवं सूचना केन्द्रों को जोड़ना तथा अपने प्रयासों में पुनरावृत्ति से बचना।

ग) इलेक्ट्रॉनिक मेल, मिसिल अंतरण, कम्प्यूटर/श्रव्य/दृश्य कॉन्फ्रेसिंग के द्वारा वैज्ञानिकों, इंजीनियरों, सामाजिक वैज्ञानिकों, अकादमिक विद्वानों, संकाय सदस्यों, शोधकर्ताओं एवं छात्रों के मध्य अकादमिक सम्प्रेक्षण को सुविधाजनक बनाना।

घ) सम्प्रेक्षण, कम्प्यूटर नेटवर्क, सूचना क्रियान्वयन एवं आंकडों का प्रबंधन इन सभी क्षेत्रों में प्रणाली संबंधी रूप ंकन एवं अध्ययन को आरंभ करना।

ङ) संचार नेटवर्क हेतु उपर्युक्त नियंत्रण और निगरानी प्रणाली को स्थापित करना तथा उसके रखरखाव की व्यवस्था करना।

च) केन्द्रों के लक्ष्यों की प्राप्ति के अनुकूल संस्थानों, पुस्तकालयों, सूचना केन्द्रों एवं भारत एवं विदेशों में स्थित संगठनों के साथ सहयोग करना।

छ) अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने तथा केन्द्र के उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु तकनीकी पदों का सृजन करना।

ज) परामर्श एवं सूचना संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराकर संसाधन जुटाना।

झ) उपर्युक्त सभी अथवा किन्हीं उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु आवश्यक, संगत तथा अनुकूल सभी कार्य करना।

इंफ्लिबनेट सेवाओं की कवरेज

परियोजना का नाम	विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों की संख्या
ग्रंथालय स्वचालन	166
इंडकैट	
पुस्तकें	157
शोध–प्रबंध	297
धारावाहिक	213
वि0अ0आ0 इंफोनेट डिजीटल लाइब्रेरी कन्सोर्टियम	208
एसोशियेट मेम्बर	204
एन–लिस्ट	3,336 महाविद्यालय
शोधगंगा	163
शोध गंगोत्री	35

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से प्राप्त अनुदान (राशि लाख रुपये में)

अवधि	योजनागत	गैर–योजनागत
2013 -14	19,536.00	375.00

5.13(vi) कॉन्सार्शियम फार एजुकेशनल कम्यूनिकेशन, नई दिल्ली

कान्सार्शियम फॉर एजुकेशनल कम्यूनिकेशन (सीईसी), विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का एक अंतर्विश्वविद्यालय केन्द्र है ताकि संचार और सूचना प्रौद्योगिकी (आईसीटी) के माध्यम से शैक्षणिक कार्यक्रमों को डिजाइन करने तथा संवितरण को सुकर बनाया जा सके। सीईसी भारत में प्रत्येक विश्वविद्यालय, महाविद्यालय शिक्षक तथा शिक्षार्थी के लिये शिक्षण संबंधी विषयवस्तु का एक सम्पन्न स्रोत है जोकि बहु–प्लेटफार्म जैसे वेबसाईट तथा टेलीविजन के माध्यम से निशुल्क उपलब्ध है।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (वि.अ.आ.) द्वारा देशव्यापी कक्षा कार्यक्रम (सीडब्ल्यूसीआर) का शुभारम्भ वर्ष 1984 में किया गया जिससे कि सैटेलाइट सम्प्रेषण के उपयोग द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता में अभिवृद्धि हो सके। इस सी.डब्ल्यू.सी.आर. कार्यक्रम प्रथम दूरदर्शन द्वारा प्रसारित किया गया। 15 अगस्त, 1984 जो कि दूरदर्शन के राष्ट्रीय नेटवर्क पर प्रसारित हुआ। देशव्यापी कक्षाओं से संबंधित चुनौतिपूर्ण क्रियाकलापों को आरंभ करने तथा उच्चतर शिक्षा में इलेक्ट्रानिक मीडिया का उपयोग करने के लिए, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने अंतर्विश्वविद्यालय केन्द्र के रूप में 26 मई, 1993 को कॉन्सार्शियम फॉर एजुकेशनल कम्यूनिकेशन (सीईसी) की स्थापना की।

सीईसी द्वारा पेशकश किये जाने वाले कार्यक्रमों की मुख्य विशेषताएं

सीईसी के विभिन्न प्लेटफार्मों द्वारा पेशकश की जाने वाली शैक्षणिक विषय–वस्तु का संक्षिप्त ब्यौरा नीचे दिया गया है।

- **व्यास उच्चतर शिक्षा चेनल (24 x 7)**

  सीईसी का व्यास उच्चतर शिक्षा चेनल सभी विषयों में स्नातकपूर्व छात्रों के लिये वीडियो व्याख्यान का प्रसारण करता है। प्रत्येक व्याख्यान की अवधि 30 मिनट की होती है। प्रतिमाह 600 से अधिक कार्यक्रमों का प्रसारण किया जाता है। चेनल उच्चतर शिक्षा के छात्रों हेतु संगत प्रस्तुतियों के माध्यम से ज्ञान को बढ़ाने वाली सामग्री का भी प्रसारण करता है। इन कार्यक्रमों की समय–सारणी www.cec-ugc.nic.in के साथ सीईसी के न्यूजलैटर में भी उपलब्ध है जो सभी विश्वविद्यालयों को भेजा जाता है।

- **ई–अधिगम विषयवस्तु का संपूर्ण पैकेज**

  स्नातकपूर्व छात्रों के लिये इतिहास, वनस्पति विज्ञान, मानव विज्ञान, अंग्रेजी, हिन्दी, फोटोग्राफी, पर्यावरणीय विज्ञान तथा गणित विषयों में ई–अधिगम विषयवस्तु का समग्र पैकेज उपलब्ध है। विषयवस्तु में दृश्य, श्रृव्य, डाउनलोड किये जाने वाली पाठ्य सामग्री, गृह कार्य, संदर्भ तथा बार–बार पूछे जाने वाले प्रश्न शामिल है।

  कोई भी छात्र जिसके पास इंटरनेट कनेक्शन हो वह निम्नलिखित वेबसाईटों के माध्यम से इन संसाधनों तक पहुंच सकता है:–

  - www.cec-ugc.nic.in
  - www.webcast.gov.in
  - www.sakshat.ac.in

- **स्नातकपूर्व पाठ्यक्रमों के लिये वीडियो कार्यक्रम**

  कला/संस्कृति/साहित्य/भाषा, सामाजिक विज्ञान, प्रबंधन तथा अन्य पेशेवर पाठ्यक्रमों, प्राकृतिक एवं अनुप्रयुक्त विज्ञान/अभियांत्रिकी/आयुर्विज्ञान सहित व्यापक विषयों में 24,000 शैक्षणिक वीडियो कार्यक्रमों में कुल 12,000 घंटों की विषयवस्तु सीईसी शैक्षणिक वीडियो कार्यक्रमों में कुल 12,000 घंटों की विषयवस्तु सीईसी पर उपलब्ध है। इन तक www.youtube/cec-ugc पर पहुंचा जा सकता है। इनका वेबकॉस्ट www.youtube.com/user/cecedusat पर उपलब्ध है।

- **एडूसेट नेटवर्क**

सीईसी एडूसेट नेटवर्क एक शैक्षणिक चेनल है जिस पर विषय विशेषज्ञों द्वारा रोजाना चार घंटो तक वीडियो व्याख्यान का सीधा प्रसारण किया जाता है। प्रथम घंटे में कला, संस्कृति तथा साहित्य, द्वितीय घंटे में सामाजिक विज्ञान, तृतीय घंटा प्रबंधन तथा संबंधित पाठ्यक्रमों के लिये निर्धारित है जबकि पांचवा घंटा प्राकृतिक तथा अनुप्रयुक्त विज्ञान के लिए निर्धारित है। व्याख्यानों का सीधा प्रसारण व्यास चेनल पर किया जाता है तथा इसे यू–ट्यूब www.youtube.com/user/cecedusat पर भी देखा जा सकता है।

- **शॉर्ट लर्निंग आबजेक्टस**

शिक्षा से संबंधित पूछे जाने वाले 1000 से अधिक प्रश्न, जिन्हें शार्ट लर्निंग आब्जेक्टस के नाम से जाना जाता है, सीईसी पोर्टल पर उपलब्ध हैं। इनमें से प्रत्येक सामग्री के सुलभ बोध के लिये लघु वीडियो तथा लिखित सामग्री के साथ सावधानीपूर्वक चयन किया जाता है। इसमें उच्चतम शिक्षा के छात्र हेतु संगत व्यापक विधाओं को सम्मिलित किया जाता है। छात्र, इन सामग्रियों तक www.cec-ugc.nic.in पर पहुंच सकते है

सीईसी वृहद ऑनलाइन मुक्त कार्यक्रम (एमओओसी) को भी आरंभ कर रहा है। सीईसी विभिन्न विश्वविद्यालय में फैले 17 मीडिया केन्द्रों का नोडल केन्द्र है।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी अनुदान (लाख रुपए में)

अवधि	योजनागत	गैर–योजनागत
2013—14	366.25	336.10

5.13(vii) अध्यापकों की शिक्षा हेतु अंतर्विश्वविद्यालय केन्द्र (आईयूसी–टीई), काकीनाड़ा

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने वर्ष 2013—14 के दौरान काकीनाड़ा में अध्यापकों की शिक्षा हेतु अंतर्विश्वविद्यालय केन्द्र को आरंभ किया है। केन्द्र स्थापना स्तर पर है। आईयूसी–टीई के मुख्य उद्देश्य निम्नवत होंगेः–

(क) सामान्य रूप से शिक्षा के क्षेत्र में तथा विशेष रूप से अध्यापक शिक्षण के क्षेत्र में नये ज्ञान का सृजन कर अध्यापक शिक्षा के ज्ञान आधार को सुदृढ़ करना।

(ख) अध्यापक को तैयार करने तथा शिक्षकों में पेशेवर विकास को सतत् बनाने के लिए विभिन्न पहलुओं से संबंधित नीतिगत ढांचे को तैयार करना।

(ग) विकसित तथा विकासशील देशों में अध्यापक शिक्षा के संबंध में नीतियों तथा पद्धतियों के बारे में सूचना बैंक को तैयार करना।

(घ) अध्यापकों के शिक्षकों तथा अध्यापक शिक्षा संस्थानों का शैक्षणिक सशक्तीकरण तथा मूल्यांकन करने हेतु रणनीतियां तैयार करना।

(ड.) देश भर के शोधकर्ताओं को केन्द्र की सुविधाओं तक पहुंच सुलभ करना

(च) अध्यापक शिक्षा में शोधकर्ताओं को ऑनलाइन मार्गदर्शन तथा सहायता प्रदान करना।

(छ) अध्यापक शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रहे अन्य संस्थानों के साथ नेटवर्किंग व्यवस्था का विकास करना।

रेखाचित्र 5.13: वर्ष 2013–14 के दौरान अंतर्विश्वविद्यालय केन्द्रों (आईयूसी) को जारी किया गया योजनागत तथा गैर–योजनागत अनुदान (रुपये लाख में)



5.14 राष्ट्रीय सुविधा केन्द्र

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने 4 राष्ट्रीय सुविधा केन्द्र स्थापित किये हैं, जो निम्नवत हैं

1. वेस्ट्रन रीजनल इन्स्ट्रूमेन्टेशन सेन्टर, मुंबई
2. क्रिस्टल ग्रोथ सेन्टर, अन्ना विश्वविद्यालय, चेन्नई
3. एमएसटी राडार एप्लीकेशन सेन्टर, एसवी विश्वविद्यालय, तिरूपति
4. इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ एडवांस स्टडीज(आईआईएएस), शिमला

5.14(i) वेस्टर्न रीजनल इंस्ट्रूमेंटेशन सेंटर (डब्ल्यू.आर.आई.सी.), मुम्बई

इस केन्द्र को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मुम्बई विश्वविद्यालय के अधीन सन् 1977 में यूनिवर्सिटी साईंस इंस्ट्रूमेंटेशन सेंटर (यू.एस.आई.सी.) के कर्मचारिवृंदों और उच्च अध्ययन कार्यक्रमों जैसे विश्वविद्यालयों, राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं और उद्योगों इत्यादि के अध्यापकों, शोधकर्ताओं को उपकरणों के प्रयोग और रखरखाव का प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया था। केन्द्र को योजना दर योजना के आधार पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा शत–प्रतिशत रूप से वित्तपोषित किया जा रहा हैं।

5.14(ii) क्रिस्टल ग्रोथ सेन्टर, अन्ना विश्वविद्यालय, चेन्नई

क्रिस्टल ग्रोथ सेन्टर, अन्ना विश्वविद्यालय, चेन्नई की स्थापना वर्ष 1982 में निम्नलिखित उद्देश्यों से की गई थी:–

(1) प्रौद्योगिकीय एवं औद्योगिक महत्व के क्रिस्टल के विकास एवं केरेक्ट्राईजेशन हेतु सुविधाओं को विकसित करना;

(2) जरूरतमंद उद्योगों तथा शोध प्रयोगशालाओं के बीच की खाई को पाटना;

(3) शोध हेतु विशेष क्रिस्टल की आवश्यकताओं के संबंध में देश के विभिन्न संस्थानों की आवश्यकताओं की पूर्ति करना।

5.14(iii) एमएसटी राडार एप्लीकेशन सेन्टर, तिरूपति

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एमएसटी राडार एप्लीकेशन सेन्टर की स्थापना मध्य वायुमण्डलीय गतिकी में उन्नत शोध हेतु राडार सुविधा की क्षमता के बारे में वैज्ञानिक जागरूकता पैदा करने के लिये की गई थी ताकि मेधावी युवा शोधकर्ता तथा शोध विद्वान एमएसटी राडार सुविधा का उपयोग कर सकें। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग–एसवीयू राडार अनुप्रयोग केन्द्र की स्थापना, भौतिकी विभाग, श्री वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय, तिरूपति में की गई थी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग – एसवीयू केन्द्र भारत में विश्वविद्यालय प्रणाली हेतु केन्द्र में वैज्ञानिक ज्ञान के आदान–प्रदान हेतु एक सामान्य प्लेटफार्म के रूप में कार्य करता है। यह विशेष रूप से एमएसडी राडार संबंधित अध्ययनों के संदर्भ में भारतीय विश्वविद्यालयों में वायुमण्डलीय विज्ञान के क्षेत्र में कार्यरत वैज्ञानिकों तथा शोधकर्त्ताओं के लिये खुला है।

5.14(iv) भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान (आईआईएएस), शिमला

भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान (आईआईएएस) शिमला, भारतीय रजिस्ट्रीकरण अधिनियम (1860 का इक्कीसवां) के तहत पंजीकृत भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान सोसायटी" द्वारा स्थापित किया गया संस्थान है। संस्थान का उद्देश्य गूढ़ मानवीय मनोभाव को व्यक्त करने वाले चितवन में सृजनात्मक विचारों को बढ़ावा देना है तथा यह मानविकी और सामाजिक विज्ञान में शैक्षणिक शोध हेतु उपयुक्त परिवेश उपलब्ध कराता है।

विनिर्धारित अवधि के लिये शिक्षकों तथा अन्य विद्वानों हेतु उच्च अध्ययन हेतु वित्तीय सहायता सहित सुविधाएं मुहैया करवाना संस्थान का महत्वपूर्ण कार्य है। अन्य उद्देश्य बैठकें, व्याख्यान, परिसंवाद तथा सम्मेलन आयोजित करना है।

मानविकी तथा सामाजिक विज्ञान हेतु अंतर्विश्वविद्यालय केन्द्र भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला में वर्ष 1991 से कार्य कर रहा है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग तथा भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान आपस में सहमत हैं कि दोनों के बीच सहयोग, मानविकी तथा सामाजिक विज्ञान हेतु शैक्षणिक अन्योन्यक्रिया को बढ़ावा देने तथा विकास हेतु अत्यंत लाभप्रद सिद्ध होगा।

राष्ट्रीय सुविधाओं के लिए जारी किया गया अनुदान (राशि लाख रुपये में) (2013–14)

राष्ट्रीय सुविधा का नाम	स्थापना का वर्ष	जारी किया गया अनुदान
वेस्टर्न रीजनल इंस्ट्रूमेंटेशन सेंटर, मुम्बई	1977	100.00
क्रिस्टल ग्रोथ सेन्टर, अन्ना विश्वविद्यालय, चेन्नई	1982	50.00
एमएसटी राडार केन्द्र, एसवी विश्वविद्यालय, तिरूपति	1990	52.50
भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान (आईआईएएस) शिमला	1991	50.00
कुल	**252.00**	

रेखाचित्र 5.14: वर्ष 2013–14 के दौरान राष्ट्रीय सुविधा केन्द्रों को जारी किया गया अनुदान (लाख/रुपये में)



5.15 वृत्ति (कैरियर) उन्नति योजना

वर्ष 2013–2014 की अवधि के दौरान वृत्ति (कैरियर) उन्नति योजना (कैस) के अधीन उपाचार्य से आचार्य के पद पर पदोन्नति के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा पर्यवेक्षकों की नियुक्ति :–

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, पर्यवेक्षक की नियुक्ति करके भारत में चल रहे समस्त मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालयों में 'कैस' के अधीन उपाचार्य से आचार्य के पद पर प्रोन्नति की चयन प्रक्रिया की निगरानी कर रहा है। उपर्युक्त व्यवस्था, यह सुनिश्चित करने के लिए की गई है ताकि विश्वविद्यालय इस प्रयोजनार्थ निर्धारित प्रक्रिया का पूर्णरूप से पालन करें। रिपोर्टाधीन वर्ष अर्थात् 2013–14 के दौरान, वृत्ति उन्नति योजना के तहत उपाचार्य से आचार्य के पद पर पदोन्नति की चयन प्रक्रिया की देखरेख के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा **58** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई।

6 अनुसंधान को प्रोत्साहन

6.1 शिक्षकों के लिए अनुसंधान परियोजनाएं : वृहद एवं लघु

सत्तर के दशक के उत्तरार्द्ध से ही विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालय में कार्यरत स्थायी, नियमित, कार्यरत/सेवानिवृत्त शिक्षकों को उनके पसंद के क्षेत्र में अनुसंधान कार्य आरंभ करने के लिए वित्तीय सहायता मुहैया करवा रहा है।

शिक्षकों हेतु वृहद शोध परियोजनाएं

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, विश्वविद्यालयो में स्थायी, नियमित, कार्यरत,/सेवानिवृत शिक्षकों को अभियांत्रिकी, आयुर्विज्ञान, भेषजी, कृषि तथा मानविकी, सामाजिक विज्ञान, भाषा, साहित्य, कला, विधि तथा संबद्ध विधाओं सहित विज्ञान के उभरते हुए क्षेत्रों में वित्तीय सहायता प्रदान कर शिक्षण तथा शोध को बढ़ावा देने हेतु प्रयासरत है।

उद्देश्य

- विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालय के शिक्षकों को विशेषज्ञता के क्षेत्र में व्यक्तिगत शोध को सहायता प्रदान कर उच्चतर शिक्षा में शोध में उत्कृष्टता को बढ़ावा देना।

लाभार्थियों की संख्या सहित लक्षित समूह की कवरेज

- **ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान लाभार्थियों का संख्या**

  अभियांत्रिकी और प्रौद्योगिकी, आयुर्विज्ञान, भेषजी, कृषि सहित विज्ञान–5573
  मानविकी, सामाजिक विज्ञान, भाषा, साहित्य, कला, विधि तथा संबद्ध विधाएं–3740

- **वर्ष 2013–14 के दौरान चालू परियोजनाओं के लिए मध्यावधि मूल्यांकन किया गया :**

  अभियांत्रिकी और प्रौद्योगिकी, आयुर्विज्ञान, भेषजी, कृषि सहित विज्ञान–1296
  मानविकी, सामाजिक विज्ञान, भाषा, साहित्य, कला, विधि तथा संबद्ध विधाएं–582

- वर्ष 2013–14 के दौरान किसी नई शोध परियोजना को संस्वीकृत नहीं किया गया।

अर्हता

विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में कार्यरत स्थायी/नियमित, कार्यरत/सेवानिवृत्त शिक्षकः–

(i) जिन्हें विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 2(च) तथा 12(ख) के तहत शामिल किया गया है।

(ii) स्ववित्तपोषण करने वाले संस्थानों में कार्यरत स्थायी शिक्षक [(विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (अनुदान हेतु संस्थान की पात्रता संबंधी नियम, 1975) में विनिर्धारित शर्तों को पूर्ण करने तथा इस शर्त के अध्यधीन कि ऐसे

महाविद्यालयों में वसूला जा रहा शुल्क राज्य/विश्वविद्यालय विनियम अथवा यथा लागू किसी कानून के अनुरूप होगा, ऐसे स्ववित्तपोषित महाविद्यालय योजना के तहत आवेदन करने हेतु पात्र होंगे।]

अनुदान की अधिकतम सीमा

अभियांत्रिकी और प्रौद्योगिकी, आयुर्विज्ञान, भेषजी, कृषि सहित विज्ञान–20 लाख रुपये
मानविकी, सामाजिक विज्ञान, भाषा, साहित्य, कला, विधि तथा संबद्ध विधाएं–15 लाख रुपये

अवधि

अभियांत्रिकी और प्रौद्योगिकी, आयुर्विज्ञान, भेषजी, कृषि सहित विज्ञान–03 वर्ष
मानविकी, सामाजिक विज्ञान, भाषा, साहित्य, कला, विधि तथा संबद्ध विधाएं–03 वर्ष

चयन प्रक्रिया

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग वृहद शोध परियोजनाओं के लिए अक्तूबर, 2013 से आनलाईन आवेदन आमंत्रित कर रहा है। विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रस्तावों की संवीक्षा की जाती है तथा लघुसूचीबद्ध प्रस्तावों की मूल शोधकत्ताओं के साथ आमुख बैठकों के दौरान विशेषज्ञ समिति द्वारा पुनर्मूल्यांकन किया जाता है।

- **वर्ष 2013–14 के दौरान प्रदत्त अनुदान**

  अभियांत्रिकी और प्रौद्योगिकी, आयुर्विज्ञान, भेषजी, कृषि सहित विज्ञान–12.35 करोड़ रुपये।
  मानविकी, सामाजिक विज्ञान, भाषा, साहित्य, कला, विधि तथा संबद्ध विधाएं–12.80 करोड़ रुपये।

शिक्षको के लिए वृहद शोध परियोजना संबंधी योजना हेतु बारहवीं पंचवर्षीय योजना दिशानिर्देशों की मुख्य विशेषताएं

1. विश्वविद्यालयों की लघु शोध परियोजनाओं पर संबंधित विश्वविद्यालयों द्वारा सीधे ही विकास अनुदान के माध्यम से तथा महाविद्यालयों हेतु परियोजनाओं पर संबंधित वि0अ0आ0 क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा कार्यवाही की जायेगी।
2. मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान परियोजनाओं का कार्यकाल भी 2 वर्ष के स्थान पर 3 वर्ष होगा।
3. कार्यकाल में किसी भी प्रकार की वृद्धि अनुमेय नहीं होगी।
4. सेवानिवृत्त शिक्षकों के लिये मानदेय 12,000/– रुपए प्रतिमाह की बजाय 18,000/– रुपए प्रतिमाह होगा।
   - मुख्य शोधकर्ता को परियोजना से कम से कम दो अनुसंधान पत्र प्रकाशित करने होंगे।
   - विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, अध्यक्ष द्वारा प्रस्तावों की संवीक्षा/मध्यवर्ती/अंतिम अभिमुख बैठकें आयोजित करने के लिए विषय से संबद्ध विशेषज्ञों की समितियां गठित की जाती है।
5. परियोजना कार्यान्वित किये जाने की तिथि से डेढ़ वर्ष उपरांत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग मध्यावधि मूल्यांकन बैठक आयोजित करेगा जिसमें मूल शोधकर्त्ता विषय विशेषज्ञों के समक्ष परियोजना की प्रगति का ब्यौरा रखता है। विशेषज्ञों की सिफारिशों के आधार पर दूसरी किस्त जारी की जाएगी।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के समक्ष परियोजना की अंतिम रिर्पाट को प्रस्तुत करने पूर्व, किसी अन्य संस्थान के कम से कम दो विशेषज्ञों द्वारा परियोजना का मूल्यांकन किया जायेगा।

6.2 शोध अवार्ड

शोध पुरस्कार की योजना, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थानों में स्थायी शिक्षकों को, उनके विशेषज्ञता के क्षेत्र में, किसी शोध मार्गदर्शन लिए और शिक्षण उत्तरदायित्व के बिना दो वर्ष की अवधि तक अनुसंधान कार्य हेतु अवसर प्रदान करती है।

जिन शिक्षकों के पास डाक्टोरेट की उपाधि है तथा जिन्होंने अपने शोध में उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है तथा जो 45 वर्ष से कम आयु के है उन्हें अवार्ड देने हेतु विचार किया जाता है। इस आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट होगी यदि वह प्रस्ताव महिला, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग (असम्पन्न वर्ग) शारीरिक रूप से निशक्त एवं अल्पवर्ग शिक्षकों में से किसी का होगा। कोई भी शिक्षक इस शोध पुरस्कार का लाभ उठाने के लिए एक वर्ष में केवल एक ही बार पात्र माना जायेगा। इन पुरस्कार की दो वर्ष की अवधि है जो कि विस्तारित नहीं की जायेगी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति द्वारा की गई अनुशंसाओं के आधार पर विज्ञान, मानविकी एवं समाज विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी एवं इंजीनियरिंग में प्रत्येक वर्ष 100 स्लॉट के लिए चयन किया जाता है।

उपलब्ध वित्तीय सहायता का स्वरूप निम्नवत है :–

- अंशदायी भविष्य निधि/सामान्य भविष्य निधि के अलावा अवार्डधारी को पूर्ण वेतन प्रदान किया जायेगा।
- पुस्तकों एवं पत्रिकाओं, रसायनों एवं उपस्करों पर होने वाले व्यय, परियोजना सहायक पर व्यय, केन्द्रं अथवा कहीं बाहर यात्रा करने पर होने वाले व्यय के लिए शोध अनुदान।

  मानविकी एवं समाज विज्ञान – 2.00 लाख रू.

  विज्ञान/इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी – 3.00 लाख रू.

इस अवार्ड के प्रारंभ होने के 12 से 15 माह की अवधि के भीतर ही अवार्डधारी द्वारा किये गये शोधकार्य की एक मध्यावधि प्रगति रिपोर्ट, विभागाध्यक्ष के साथ ही विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के कुल सचिव/प्राचार्य द्वारा हस्ताक्षरित कर, भेजी जानी चाहिए।

इस योजना के तहत प्राप्त आनलाइन आवेदन की छानबीन समिति द्वारा संवीक्षा की जाती है। तत्पश्चात लघुसूचीबद्ध अभ्यर्थी को चयन समिति के समक्ष साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है। अवार्ड हेतु चयन विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा गठित एक विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के आधार पर किया जायेगा।

भविष्य में, किसी कदाचार के कारण अथवा शोधकार्य की असंतोषजनक प्रगति अथवा प्रत्याशी के अपात्र पाये जाने की स्थिति में इस शोध अवार्ड को निरस्त किया जा सकता है।

बारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान अवार्डधारियों को किए गए भुगतान का ब्यौरा निम्नवत है:

वर्ष	किया गया व्यय (करोड़ रु0 में)
2012–13	7.35
2013–14	7.20
कुल	**14.55**

6.3 एमेरिटस अध्येतावृत्तियाँ

इस योजना का मुख्य उद्देश्य, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम के अन्तर्गत मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के सेवानिवृत्त शिक्षकों को उनके द्वारा उनकी विशेषज्ञता के क्षेत्र में शोध कार्य करने का अवसर अवसर प्रदान करना है।

लक्षित समूह में ऐसे उच्च अर्हता वाले अनुभवी शिक्षक हैं जिन्हें शिक्षा एवं अनुभव प्राप्त है अथवा ऐसे शिक्षक जिनकी आगामी छह माह की भीतर अवकाश प्राप्त की संभावना है तथा जो कि मान्यताप्राप्त संस्थानों के शिक्षक हैं। इस अध्येतावृत्तियां के लिए पात्रता को इस बात पर आँका जाता है कि संबद्ध शिक्षक द्वारा उसके सेवाकाल के दौरान किए गए शोध या प्रकाशित कार्य की गुणवत्ता कितनी है। अवार्ड प्राप्तकर्ता एक सुपरिभाषित समयबद्ध कार्ययोजना के तहत 70 वर्ष की आयु तक अथवा दो वर्ष (जिसे आगे नहीं बढ़ाया जा सकता है) इनमें से जो भी अवधि पहले पूरी हो जाती है, तक कार्य कर सकता है। अध्येतावृत्ति का स्वरूप निम्नवत है :

विज्ञान विषयों के लिए स्लॉटों की संख्या	:	100 (किसी भी दिए गए समय पर)
मानविकी/सामाजिक विज्ञान तथा भाषाओं के लिए स्लॉटों की संख्या	:	100 (किसी भी दिए गए समय पर)
मानदेय	:	दो वर्ष तक के लिये 20,000/– प्रतिमाह (आगे नहीं बढ़ाया जा सकता)
आकस्मिक अनुदान (अव्यपगत)	:	50,000/– रू. प्रतिवर्ष

आकस्मिक अनुदान का उपयोग, सचिव सहायता, देश के भीतर यात्रा तथा जो कि शोध परियोजना के संबंध में हो, लेखन सामग्री, ड़ाक सामग्री, उपभोज्य, पुस्तक तथा पत्रिकाएँ एवं उपस्कर के लिए किया जा सकता है। अवार्ड प्राप्तकर्ता के अनुमोदित अनुसंधान कार्य के साथ जुड़े स्थानों पर वर्ष में एक बार विदेश यात्रा की अनुमति है, जिसके लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग सहित उस संस्थान की अनुमति उस संस्थान, जहाँ वह परियोजना कार्य किया जा रहा है, प्राप्त की जानी चाहिए। परन्तु इसके संबंध में वि0अ0आ0 का कोई वित्तीय दायित्व नहीं होगा। एमेरिटस अध्येताओं को आवास व्यवस्था अलावा ऐसी समस्त सुविधाएँ जिनमें चिकित्सा सुविधाएँ भी सम्मिलित है, उपलब्ध होंगी जो कि विश्वविद्यालय संकाय सदस्यों को उपलब्ध हैं।

एमेरिटस अध्येताओं के लिए आवेदन आनलाईन पद्धति से आमंत्रित किये जाते है तथा आयोग द्वारा इस प्रयोजनार्थ गठित विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के आधार पर अध्येतावृत्ति प्रदान की जाती है। चयन हेतु अ0जा0/अ0ज0जा0/अ0पि0व0 (असम्पन्न वर्ग)/शारीरिक रूप से निशक्त तथा अल्पसंख्यक व्यक्तियों को प्राथमिकता प्रदान की जाती है।

भविष्य में, शोध की पायरेसी सहित किसी कदाचार के कारण अथवा शोधकार्य की असंतोषजनक प्रगति अथवा प्रत्याशी के अपात्र पाये जाने की स्थिति में इस शोध अवार्ड को निरस्त किया जा सकता है।

ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान अवार्डधारियों को किए गए भुगतान का ब्यौरा निम्नवत है:

वर्ष	किया गया व्यय (करोड़ रु0 में)
2007–2008	2.75
2008–2009	2.05
2009–2010	3.04
2010–2011	5.05
2011–2012	4.37
कुल	**17.26**

वर्ष 2013–14 के दौरान दिनांक 12.02.2013 को वि0अ0आ0 तथा केनरा बैंक के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के आधार पर केनरा बैंक के माध्यम से भुगतान किया जा रहा है। केनरा बैंक को 10.41 करोड़ रुपये का आबंटन किया गया था तथा चयनित अभ्यर्थियों को 0.81 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। बारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान अवार्डधारियों को किए गए भुगतान का ब्यौरा निम्नवत है:

वर्ष	किया गया व्यय (करोड़ रु0 में)
2012–13	3.14
2013–14	0.81 10.41 (आनलाइन अंतरण)
कुल	**14.36**

6.4 विभिन्न शैक्षिक तथा शोध संबंधी क्रियाकलापों के आयोजन हेतु शिक्षकों, विषय/विधा आधारित संघों को प्रोत्साहन

योजना का उद्देश्य सम्मेलनों/संगोष्ठियों/कार्यशालाओं मे भागीदारी करना तथा जहां–कहीं भी संभव हो प्रकाशन हेतु पत्र प्रस्तुत करना है, जिससे शिक्षकों तथा शोधकत्ताओं को प्रोत्साहित किया जा सके ताकि विशेष क्रियाकलापों के आयोजन हेतु सामाजिक विज्ञान, मानविकी तथा भाषा में विषय संघों को सहायता की जा सके।

वर्ष 2013–14 के दौरान 12 विश्वविद्यालयों को 51.44 लाख रुपये की सहायता प्रदान की गई थी।

6.5 विदेशी नागरिकों के लिए कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्ति (जे.आर.एफ.) तथा अनुसंधान एसोशिएटशिप (आर.ए.)

भारतीय विश्वविद्यालयों में विज्ञान, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान के विषयों में एम.फिल./पी.एच.डी. करने के इच्छुक विदेशी नागरिकों से प्राप्त आवेदनों का मूल्यांकन करने वाली विशेषज्ञ समिति द्वारा किए गए मूल्यांकन के आधार पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग प्रत्येक वर्ष कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्ति के लिए 20 अभ्यार्थियों का चुनाव करता है। अध्येतावृत्ति चार वर्ष के लिए प्रदान की जाती है (जिसे आगे नही बढ़ाया जा सकता है)। अध्येतावृति का स्वरूप निम्नवत है:–

विदेशी नागरिकों के लिए कनिष्ठ शोध अध्येतावृत्ति

अध्येतावृत्ति	12,000/–रू. प्रतिमाह की दर से 14,000/–रू. प्रतिमाह की दर से	प्रथम दो वर्षों के लिए, तथा शेष अवधि के लिए
आकस्मिकता अनुदान	10,000./– प्रतिवर्ष की दर से 12,000.00/– रू. प्रतिवर्ष की दर से 25,000/–रू. प्रतिवर्ष की दर से 20,500/–रू. प्रतिवर्ष की दर से	विज्ञान के लिए मानविकी एवं समाज विज्ञान के लिए विज्ञान हेतु शेष अवधि के लिए मानविकी एवं समाज विज्ञान की शेष अवधि के लिए
विभागीय	3000/–रू. प्रतिवर्ष की दर से	प्रति जे.आर.एफ. सहायता
विकलॉग भत्ता/सहायक	2000/–रू. प्रतिमाह की दर से	प्रति जे.आर.एफ.
आवास भत्ता	संबद्ध संस्थान के निर्धारित नियमानुसार	

इस अध्येतावृत्ति हेतु व्यय को विज्ञान, मानविकी तथा सामाजिक विज्ञान की योजना में सम्मिलित किया गया है।

विदेशी नागरिकों के लिए अनुसंधान एसोसिएटशिप

वि0अ0आ0 द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति के प्रस्तावों के मूल्यांकन के आधार पर विदेशी नागरिको से किसी भी भारतीय विश्वविद्यालय में विज्ञान, मानविकी तथा सामाजिक विज्ञान की किसी भी विधा में पोस्ट–डाक्टोरल शोध करने के इच्छुक अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदनों में से अनुसंधान एसोसिएटशिप हेतु सात अभ्यर्थियों (निर्धारित अध्येतावृत्तियां) का चयन किया जाता है। अध्येतावृत्ति चार वर्ष के लिए प्रदान की जाती है (जिसे आगे नही बढ़ाया जा सकता है)।

अध्येतावृत्ति	16,000/- रू. प्रतिमाह की दर से	4 वर्ष के लिए (निर्धारित)
आकस्मिक	30,000/-रू. प्रतिवर्ष की दर से	4 वर्ष के लिए (निर्धारित)
विभागीय सहायता	मेज़बान संस्थान को अवसंरचना सुविधाएं प्रदान करने के लिए एसोसिएशिप का 10 प्रतिशत (निर्धारित)	4 वर्ष के लिए (निर्धारित)
मकान किराया भत्ता	संबधित संस्थान के नियमानुसार 4 वर्ष के लिए	4 वर्ष के लिए (निर्धारित)

एसए–I अनुभाग ने वर्ष 2013–14 के लिए विदेशी नागरिकों हेतु जेआरएफ और अनुसंधान एसोसिएटशिप के संबंध में आवेदन आमंत्रित किये है, जिन्हें अंतिम सिफारिशों के लिए चयन समिति के समक्ष रखा जा रहा है।

6.6 भारतीय नागरिकों के लिए कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्तियाँ

(क) विज्ञान, मानविकी एवं समाज विज्ञान में कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्तियाँ (जेआरएफ)

इस योजना का मुख्य उद्देश्य विद्वानों को उच्च शोध एवं अध्ययन करने के अवसर उपलब्ध कराना है ताकि वे भाषाएं एवं विज्ञान सहित विज्ञान, मानविकी एवं समाज विज्ञान में एम.फिल./पी.एच.डी. उपाधियाँ प्राप्त कर सकें। वि0अ0आ0 एवं वि0अ0आ0–सी.एस. आई.आर. की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट/जेआरएफ) को उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जे. आर.एफ. प्रदान की जाती है। इस अध्येतावृत्ति की कुल अवधि 5 वर्ष है। इस अध्येतावृत्ति का पैटर्न निम्नवत है :–

अध्येतावृत्ति	प्रारंभ में दो वर्ष के लिए 16,000/-रू. प्रतिमाह की दर से शेष अवधि के लिए 18,000/-रू. प्रतिमाह की दर से	जे आर एफ (2 वर्ष) एस आर एफ (3 वर्ष)
आकस्मिक–क	प्रारंभिक दो वर्षों के लिए 10,000/-रू. प्रतिवर्ष की दर से शेष अवधि के लिए 20,500/-रू. प्रतिवर्ष की दर से	मानविकी और सामाजिक विज्ञान
आकस्मिक–ख	प्रारंभिक दो वर्षों के लिए 12,000/-रू. प्रतिवर्ष की दर से शेष अवधि के लिए 25000/-रू. प्रतिवर्ष की दर से	विज्ञान
विभागीय सहायता	3,000/- रू. प्रतिवर्ष प्रति छात्र की दर से मेजबान संस्था को अवसंरचना उपलब्ध कराने के लिए	
सहायक/रीडर सहायता	2,000/-रू. प्रतिमाह की दर से शारीरिक रूप से विकलॉग एवं दृष्टिहीन प्रत्याशियों के लिए	
मकान किराया भत्ता	विश्वविद्यालय/संस्थानों के नियमानुसार	

दिनांक 01.04.2007 (ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना) से प्रदत्त अनुदान का ब्यौरा निम्नवत है:–

क्र.सं.	वर्ष	आवंटन (रुपये करोड़ में)	जारी की गई राशि (रुपये करोड़ में)	लाभार्थियों की संख्या
1.	2007-2008	34.00	37.50	5,000
2.	2008-2009	34.00	46.63	6,000
3.	2009-2010	40.00	37.21	8,000
4.	2010-2011	30.00	41.22	12,000
5.	2011-2012	34.37	188.00	18,000

दिनांक 01.04.2012 (बारहवीं पंचवर्षीय योजना) से प्रदत्त अनुदान का ब्यौरा निम्नवत है:–

क्र.सं.	वर्ष	आवंटन (रुपये करोड़ में)	जारी की गई राशि (रुपये करोड़ में)	लाभार्थियों की संख्या
1.	2012-2013	127.00	257.00	22,000
2.	2013-2014	53.20	171.00	28,000

वर्ष 2013–14 के दौरान, विज्ञान, मानविकी तथा समाज विज्ञान विषयों में जे.आर.एफ. पर **171.00 करोड़ रुपये** की राशि व्यय की गई। जेआरएफ के लिए प्रतिवर्ष 8800 स्लॉट हैं। वर्तमान में जेआरएफ योजना के तहत 32000 (लगभग) विद्वान एमफिल/पीएचडी अध्ययन कर रहे हैं।

6.7 अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए राजीव गांधी राष्ट्रीय अध्येतावृतियां

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय तथा जनजातीय कार्य मंत्रालय ने प्रति वर्ष 2667 स्लॉट अर्थात् अ.जा. श्रेणी के लिए 2000 तथा अ.ज.जा. श्रेणी के लिए 667 स्लॉट उपलब्ध करवाकर अ.जा. एवं अ.ज.जा. के अभ्यर्थियों के लिए राजीव गांधी राष्ट्रीय अध्येतावृत्तियों को कार्यान्वित करने का कार्य वि0अ0आ0 को सौंपा है और इसका वित्तपोषित किया है। दिनांक 01.04.2010 से अनुसूचित जाति के प्रत्याशियों के लिए स्लॉटों की संख्या 1333 से बढ़ाकर 2000 कर दी गई है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य उच्चतर शिक्षा के क्षेत्र में विद्यमान सामाजिक विषमताओं को न्यून करना है। केन्द्र सरकार, वि0अ0आ0 के माध्यम से अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति प्रत्याशियों के लिए भाषाओं एवं अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी सहित विज्ञान, मानविकी एवं समाज विज्ञान विषयों में एम.फिल./पी.एच.डी. करने के उद्देश्य से उच्च शोध एवं अध्ययन करने के लिए 2667 अनुसंधान अध्येतावृत्तियां उपलब्ध करायी जाती हैं। इस अध्येतावृत्ति की अवधि पाँच वर्ष है। अध्येतावृत्ति का स्वरुप निम्नवत् है :–

वित्त वर्ष 2013–14 के दौरान अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति अभ्यर्थियों के लिए राजीव गांधी राष्ट्रीय अध्येतावृति योजना के तहत चयनित अभ्यर्थियों की राज्य–वार सूची को दर्शाने वाला विवरण

क्र.सं.	राज्य/संघ क्षेत्र का नाम	भारत सरकार के अनुसार आंवटित स्लॉटो की संख्या		वर्ष 2013–14 के दौरान चयनित अभ्यर्थियों की संख्या	
		1 अप्रैल 2010 से अनुसूचित जनजाति	अनुसूचित जनजाति	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति
1.	आन्ध्र प्रदेश	148	40	178	40
2.	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	0	1		

क्र.सं.	राज्य/संघ क्षेत्र का नाम	भारत सरकार के अनुसार आंवटित स्लॉटों की संख्या		वर्ष 2013–14 के दौरान चयनित अभ्यर्थियों की संख्या	
		1 अप्रैल 2010 से अनुसूचित जनजाति	अनुसूचित जनजाति	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति
3.	अरूणाचल प्रदेश	0	6		12
4.	असम	22	26	25	50
5.	बिहार	157	6	157	3
6.	चण्डीगढ़	2	0	2	
7.	छत्तीसगढ़	29	53	29	10
8.	दादरा और नागर हवेली	0	1		
9.	दमन और द्वीव	0	1		
10.	दिल्ली	28	0	28	
11.	गोवा	1	1	1	1
12.	गुजरात	43	58	43	58
13.	हरियाणा	49	0	49	
14.	हिमाचल प्रदेश	18	2	18	2
15.	जम्मू और कश्मीर	9	9	12	18
16.	झारखण्ड	38	56	27	57
17.	कर्नाटक	103	27	103	27
18.	केरल	38	3	38	3
19.	लक्षद्वीप	0	1		1
20.	मध्य प्रदेश	110	95	110	95
21.	महाराष्ट्र	119	66	119	36
22.	मणिपुर	1	7	5	14
23.	मेघालय	0	16	1	28
24.	मिजोरम	0	7		14
25.	नागालैण्ड	0	14		26
26.	ओड़ीशा	73	63	73	64
27.	पुदुचेरी	2	0	2	
28.	पंजाब	84	0	84	
29.	राजस्थान	117	56	116	56
30.	सिक्किम	0	1	1	2
31.	तमिलनाडु	142	5	142	5
32.	त्रिपुरा	7	8	6	7

क्र.सं.	राज्य/संघ क्षेत्र का नाम	भारत सरकार के अनुसार आंवटित स्लॉटों की संख्या		वर्ष 2013–14 के दौरान चयनित अभ्यर्थियों की संख्या	
		1 अप्रैल 2010 से अनुसूचित जनजाति	अनुसूचित जनजाति	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति
33.	उत्तर प्रदेश	42	1	422	1
34.	उत्तरांखण्ड	18	2	18	2
35.	पश्चिम बंगाल	220	35	221	35
	कुल	**2000**	**667**	**2000**	**667**

रेखाचित्र 6.7: वर्ष 2013–14 के दौरान राजीव गांधी राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति योजना के तहत चयनित अभ्यर्थियों की राज्य–वार संख्या



वर्ष 2013–14 के दौरान, योजनागत अनुदान के तहत **65,28,94,992/– रू0** (अ0ज0 के अभ्यर्थियों हेतु) तथा **27,19,30,204/– रू0** (अ0ज0जा0 अभ्यर्थियों हेतु) की राशि व्यय की गई।

6.8 अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए पोस्ट–डॉक्टोरल अध्येतावृत्तियाँ

विज्ञान, मानविकी एवं समाज विज्ञान, एंव इंजीनियरिंग प्रौद्योगिकी में अध्येतावृत्ति	प्रारम्भिक दो वर्षों के लिए 16,000/-रू. प्रतिमाह की दर से शेष अवधि के लिए 18,000/-रू. प्रतिमाह की दर से	आर.जी.एन.जे.आर.एफ. (2 वर्ष के लिये) आर.जी.एन.एस.आर.एफ. (3 वर्ष के लिये)
आकस्मिक (क)	प्रारम्भिक दो वर्षों तक 10,000/-रू. प्रतिवर्ष की दर से शेष अवधि तक 20,500/-रू. प्रतिवर्ष की दर से	मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान में
आकस्मिक (ख)	प्रारम्भिक दो वर्ष तक 12,000/-रू. प्रतिवर्ष की दर से शेष अवधि तक 25,000/-रू. प्रतिवर्ष की दर से।	विज्ञान, अभियांत्रिकी और प्रौद्योगिकी
विभागीय सहायता	3000/-रू. प्रति वर्ष, प्रति छात्र–की दर से मेजबान संस्थान को प्रदान की जायेगी।	सभी विधाओं में
सहायक/रीडर सहायता	शारीरिक रूप से नि:शक्त एवं दृष्टिहीन प्रत्याशियों को 2000/- रुपये प्रतिमाह की दर से।	सभी विधाओं में
मकान किराया भत्ता	विश्वविद्यालय/संस्थानों के नियमानुसार।	सभी विधाओं में

योजना का उद्धेश्य ऐसे अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी जिन्होंने डॉक्टोरल उपाधि प्राप्त कर ली है तथा जिन्होने शोध पत्र प्रकाशित कर लिया है उनके द्वारा चुने हुए क्षेत्रों में उच्च शोध करने के लिए सुविधा प्रदान करने हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने एक पोस्ट–डॉक्टोरल अध्येतावृत्ति की योजना को आरम्भ किया गया है। इस प्रयोजनार्थ विश्वविद्यालय अनुदान आयोग प्रत्येक वर्ष उनके लिए 100 स्लॉट उपलब्ध करवा रहा है।

इस अध्येतावृत्ति का स्वरुप निम्नवत है:

क्र.सं.	मद	अध्येतावृत्ति की संशोधित दर	
		अध्येतावृत्ति की दर	अध्येतावृत्ति की अवधि
1.	अध्येतावृत्ति	प्रथम दो वर्षों के लिए 25,000/- रू. प्रतिमाह की दर से तीसरे वर्ष और उसके पश्चात 30000/- रू. की दर से	5 वर्ष
2.	आकस्मिक	पांच वर्षों के लिए 50000/- रू. प्रतिवर्ष की दर से	
3.	विभागीय सहायता	–	
4.	सहायक/रीडर सहायता	शारीरिक रूप से विकलॉग एवं दृष्टिहीन प्रत्यार्शियों के लिए 2,000/-रू. प्रतिमाह (निर्धारित) की दर से	
5.	आवास किराया भत्ता	विश्वविद्यालय के नियमानुसार	

वित्त वर्ष 2013–14 के दौरान चयनित अभ्यर्थियों की राज्यवार/श्रेणीवार संख्या को दर्शाने वाला विवरण

क्र.सं.	राज्य/संघ क्षेत्र	वित्त वर्ष 2013–14 के दौरान चयनित अभ्यर्थियों की संख्या		
		अ0जा0	अ0ज0जा0	कुल योग
1	आन्ध्र प्रदेश	18	11	29
2	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह			

क्र.सं.	राज्य/संघ क्षेत्र	वित्त वर्ष 2013–14 के दौरान चयनित अभ्यर्थियों की संख्या		
		अ0जा0	अ0ज0जा0	कुल योग
3	अरूणाचल प्रदेश		1	1
4	असम		2	2
5	बिहार	1		1
6	चण्डीगढ़			
7	छत्तीसगढ़			
8	दादरा और नागर हवेली			
9	दमन और द्वीव			
10	दिल्ली	3		3
11	गोवा			
12	गुजरात	1		1
13	हरियाणा			
14	हिमाचल प्रदेश			
15	जम्मू और कश्मीर		1	1
16	झारखण्ड		1	1
17	कर्नाटक	11	5	16
18	केरल	2		2
19	लक्षद्वीप			
20	मध्य प्रदेश	1	1	2
21	महाराष्ट्र	1	2	3
22	मणिपुर		3	3
23	मेघालय			
24	मिजोरम			
25	नागालैण्ड			
26	ओड़ीशा	2		2
27	पुदुचेरी	1		1
28	पंजाब			
29	राजस्थान	4	4	8
30	सिक्किम			
31	तमिलनाडु	13		13
32	त्रिपुरा			

क्र.सं.	राज्य/संघ क्षेत्र	वित्त वर्ष 2013–14 के दौरान चयनित अभ्यर्थियों की संख्या		
		अ0जा0	अ0ज0जा0	कुल योग
33	उत्तर प्रदेश	6		6
34	उत्तरांखण्ड		1	1
35	पश्चिम बंगाल	3	1	4
	कुल	67	33	100

रिपोर्टाधीन वर्ष 2013–14 के दौरान **6,38,57,475**/– रुपये की राशि का व्यय हुआ।

रेखाचित्र 6.8: वर्ष 2013–14 के दौरान पोस्ट–डाक्टोरल अध्येतावृत्ति हेतु चयनित अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों की राज्य–वार/श्रेणी–वार संख्या



6.9 व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए स्नातकोत्तर छात्रवृत्तियां

समाज के वंचित वर्ग की सामाजिक पृष्ठभूमि से जुड़े अभ्यार्थियों के लिए अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के प्रत्याशियों को पेशेवर पाठयक्रमों मे स्नातकोत्तर स्तर के अध्ययन का अवसर प्रदान करने के लिए इस योजना को आरंभ किया गया है। डिग्री पाठ्यक्रम की अवधि के आधार पर इन छात्रवृत्तियों की अवधि 2/3 वर्ष की है। अ.जा./अ.ज.जा. वर्गों के प्रत्याशियों के लिए स्लॉटों की संख्या 1000 प्रति वर्ष है।

व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए स्नातकोत्तर छात्रवृत्ति कार्यक्रम के तहत चयनित अभ्यर्थियों के राज्यवार/श्रेणीवार संख्या को दर्शाने वाला विवरण

क्र0सं0	राज्य/संघ क्षेत्र	वित्त वर्ष 2013–14 के दौरान चयनित अभ्यर्थियों की संख्या		
		अ0जा0	अ0ज0जा0	कुल योग
1	आन्ध्र प्रदेश	197	187	384
2	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह			
3	अरूणाचल प्रदेश	1	11	12
4	असम	10	15	25
5	बिहार	9		9
6	चण्डीगढ़	2		2
7	छत्तीसगढ़		1	1
8	दादरा और नागर हवेली			
9	दमन और द्वीव			
10	दिल्ली	5	1	6
11	गोवा			
12	गुजरात	3	5	8
13	हरियाणा	9	1	10
14	हिमाचल प्रदेश	3	4	7
15	जम्मू और कश्मीर	2	1	3
16	झारखण्ड	3	7	10
17	कर्नाटक	43	17	60
18	केरल	3	1	4
19	लक्षद्वीप			
20	मध्य प्रदेश	8	3	11
21	महाराष्ट्र	20	4	24
22	मणिपुर			
23	मेघालय		35	35
24	मिजोरम			
25	नागालैण्ड		1	1
26	ओड़ीशा	6	1	7
27	पुदुचेरी	4	4	8
28	पंजाब	12	2	14

क्र0सं0	राज्य/संघ क्षेत्र	वित्त वर्ष 2013–14 के दौरान चयनित अभ्यर्थियों की संख्या		
		अ0जा0	अ0ज0जा0	कुल योग
29	राजस्थान	4	6	10
30	सिक्किम		1	1
31	तमिलनाडु	262	11	273
32	त्रिपुरा	1		1
33	उत्तर प्रदेश	37	8	45
34	उत्तरांखण्ड	2		2
35	पश्चिम बंगाल	9	1	10
	कुल	**655**	**328**	**983**

रिपोर्टाधीन वर्ष 2013–14 के दौरान 3,11,37,102/– रुपये की राशि का योजनागत व्यय हुआ।

रेखाचित्र 6.9: वर्ष 2013–14 के दौरान अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए पेशेवर पाठ्यक्रमों में चयनित स्नातकोत्तर छात्रवृत्तियों की योजना के तहत चयनित छात्रों की राज्यवार/श्रेणी–वार संख्या



6.10 शोध वैज्ञानिक (संशोधन–पूर्व)

शोध वैज्ञानिक योजना को मूल रूप से वर्ष 1983 में आरंभ किया गया था तथा इसका लक्ष्य विशिष्ट योग्यता वाले तथा विदेशों में कार्यरत भारतीय वैज्ञानिकों को विज्ञान, अभियांत्रिकी/प्रौद्योगिकी एवं मानविकी तथा समाज विज्ञान के तीन स्तरों पर पर उच्च गुणवत्तायुक्त शोध कार्य को बढ़ावा देने के लिए आरंभ किया गया था:

1. शोध वैज्ञानिक 'क' (व्याख्याता)
2. शोध वैज्ञानिक 'ख' (उपाचार्य)
3. शोध वैज्ञानिक 'ग' (आचार्य)

ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान शोध वैज्ञानिकों को भुगतान करने पर हुए व्यय का ब्यौरा निम्नवत हैं:

वर्ष	कार्यरत शोध वैज्ञानिकों की संख्या	किया गया व्यय (करोड़ रुपये में)
2007-08	74	3.74
2008-09	72	4.81
2009-10	69	3.45
2010-11	69	6.03
2011-12	69	9.72
	कुल	**27.75**

वर्तमान में योजना के तहत विभिन्न संस्थानों में 68 शोध वैज्ञानिक कार्यरत हैं। बारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान इन शोध वैज्ञानिकों को भुगतान करने पर हुए व्यय का ब्यौरा निम्नवत है:

वर्ष	किया गया व्यय (करोड़ रुपये में)
2012-13	5.39
2013-14	4.04
कुल	**9.43**

6.11 महिलाओं के लिए पोस्ट–डॉक्टोरल अध्येतावृत्तियां

इस योजना का उद्देश्य पी.एच.डी उपाधि धारक बेरोजगार महिलाएं, जिनका पूर्णकालीन आधार पर पोस्ट–डाक्टोरल शोध की ओर रूझान है, उन्हें शोध कार्य का अवसर प्रदान करना है। वर्तमान में इस योजना के तहत प्रतिवर्ष 100 स्लॉट उपलब्ध हैं।

ऐसे अभ्यर्थी जिनके पास संगत विषय में डाक्टोरल उपाधि है तथा सामान्य/अनारक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों के मामले में जिनके स्नातकपूर्व स्तर पर 55 प्रतिशत अंक तथा स्नातकोत्तर स्तर पर 60 प्रतिशत अंक हों तथा आरक्षित श्रेणी (अ0जा0/अ0ज0जा0/अपिव/शारीरिक रूप से निशक्त) अभ्यर्थियों के मामले में स्नातकपूर्व स्तर पर 50 प्रतिशत अंक तथा स्नातकोत्तर स्तर पर 55 प्रतिशत अंक हों, वे अभ्यर्थी अध्येतावृत्ति के लिए पात्र हैं। सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थियों के मामले अधिकतम आयु सीमा 55 वर्ष तथा अ0जा0/अ0ज0जा0/अपिव/शारीरिक रूप से निशक्त अभ्यर्थियों के मामले में यह 60 वर्ष है।

योजना के तहत उपलब्ध वित्तीय सहायता निम्नवत है:

अध्येतावृत्ति	25000/- रू. प्रतिमाह की दर से (निर्धारित) दो वर्ष के पश्चात् 30,000/-रू. प्रतिमाह की दर से
आकस्मिक	पांच वर्ष के लिए 50,000/-रू. प्रतिवर्ष की दर से
विभागीय सहायता	मेज़बान संस्थान को पोस्ट–डाक्टोरल अध्येतावृत्ति का 10 प्रतिशत
सहायक/रीडर सहायता	शारीरिक रूप से विकलांग एवं दृष्टिबाधित प्रत्यार्शियों के लिए 2,000/- रू. प्रतिमाह (निर्धारित) की दर से

इस योजना के तहत प्राप्त ऑनलाइन आवेदन की संवीक्षा छानबीन समिति द्वारा की जाती है। तत्पश्चात्, लघुसूचीबद्ध अभ्यर्थियों को वि0अ0आ0 द्वारा गठित चयन समिति के समक्ष साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जाता है। अवार्ड हेतु चयन वि0अ0आ0 द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के आधार पर किया जाता है।

भविष्य में, किसी कदाचार के कारण अथवा शोधकार्य की असंतोषजनक प्रगति अथवा प्रत्याशी के अपात्र पाये जाने की स्थिति में इस शोध अवार्ड को निरस्त किया जा सकता है।

बारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान वि0अ0आ0 तथा केनरा बैंक के बीच दिनांक 12.02.2013 को हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के आधार पर केनरा बैंक के माध्यम से भुगतान किया जा रहा है। वर्ष 2013–14 के दौरान चयनित अभ्यर्थियों को अंतरित करने के लिए केनरा बैंक को 12.00 करोड़ रुपये का आबंटन किया गया था। बारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान अध्येताओं को किए गए भुगतान का ब्यौरा निम्नवत है:

वर्ष	किया गया व्यय (करोड़ रु0 में)
2012–13	5.86
2013–14	4.56 12.00 (ऑनलाइन अंतरण)
कुल	**22.42**

6.12 गेट अर्हता प्राप्त एम.ई/एम.टेक./एम.फार्मा छात्रों के लिए स्नातकोत्तर छात्रवृत्ति

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, गेट/जीपीएटी अर्हता प्राप्त एमई/एम.टेक/एम. फॉर्मा पाठ्यक्रमों और समेकित दोहरी उपाधि पाठ्यक्रमों के लिए स्नातकोत्तर छात्रवृत्ति की योजना को लागू कर रहा है। योजना का उद्देश्य उच्चतर शिक्षा संस्थानों में स्नातकोत्तर स्तर पर तकनीकी शिक्षा को जारी रखने हेतु मेधावी युवा स्नातक उपाधि प्राप्त छात्रों को आकर्षित करने में मदद करना है।

योजना के आरंभ से तकनीकी कार्यक्रमों का संचालन करने वाले विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर छात्रवृत्ति के रूप में वित्तीय सहायता हेतु प्रतिवर्ष 1200 छात्रवृत्तियों के लिये दावा प्रस्तुत करते हैं।

वित्तीय सहायता का स्वरूप:

अध्येतावृत्ति	8000 रू0 प्रतिमाह की दर से
आकस्मिक अनुदान	5000 रू0 प्रतिवर्ष की दर से

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने गेट/जीपीएटी अर्हता प्राप्त एमई/एम.टेक/एम. फार्मा हेतु स्नातकोत्तर छात्रवृत्ति की योजना को बंद कर दिया है। आयोग की 10 मई, 2013 को आयोजित 493वीं बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि वर्ष 2013 से अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई), नई दिल्ली ऐसी योजना का कार्यान्वयन करेगा।

रिपोर्टाधीन वर्ष 2013–14 के दौरान **99,94,242/–** रुपए का व्यय हुआ।

6.13 एकल बालिका हेतु इंदिरा गांधी स्नातकोत्तर छात्रवृत्ति योजना

भारत सरकार द्वारा महिलाओं के स्तर को उठाने के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं जिनमें लड़कियों के लिए निःशुल्क शिक्षा तथा मूलभूत शिक्षा को प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार बनाना शामिल है। इंदिरा गांधी एकल बालिका स्नातकोत्तर छात्रवृत्ति योजना भी एक ऐसी ही योजना है जिसका उद्देश्य सभी स्तरों पर लड़कियों की शिक्षा के लिए किया गया व्यय जो प्रत्यक्ष रूप से व्यय हुआ है उसकी प्रतिपूर्ति की जाये विशेषकर के ऐसी लड़कियों के मामले में जो कि अपने–अपने परिवारों में एकमात्र बालिकाएं हैं।

इस योजना के उद्देश्य गैर–व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में एकमात्र बालिका संतान के लिए स्नातकोत्तर शिक्षा के लिए समर्थन तथा छोटे परिवार के मानदण्ड के महत्व को पहचान प्रदान करना।

यह योजना स्नातकोत्तर शिक्षा सत्र 2005–07 से आरंभ की गयी थी। अपने माता–पिता की एकल बालिका संतान जिससे नियमित पूर्णकालिक, निष्णांत पाठ्यक्रम (गैर–पेशेवर पाठ्यक्रम) के प्रथम वर्ष में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय अथवा किसी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रवेश लिया है, यह छात्रवृत्ति पूर्णकालिक पाठ्यक्रम के लिए उपलब्ध हैं। स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश के समय 30 वर्ष तक की आयु की छात्राएं पात्र हैं। सभी पात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। छात्रवृत्तियों की कोई अधिकतम संख्या नहीं हैं।

वि0अ0आ0 अधिनियम के धारा 2(च) एवं 12(ख) के अन्तर्गत सम्मिलित संस्थानों में छात्राओं द्वारा स्नातकोत्तर उपाधि पाठ्यक्रमों में प्राप्त किये गये दाखिले के लिए कोई शिक्षण शुल्क नहीं वसूल किया जायेगा।

छात्रवृत्ति की राशि 2,000 रू.प्रतिमाह दो वर्षों के लिए ही होगी (एक वर्ष में 10 माह के लिए) अर्थात् स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की सम्पूर्ण अवधि के लिए।

स्नातकोत्तर शैक्षणिक सत्रवार लाभान्वित छात्राओं की संख्या निम्नवत् रही है :

2005-07	1360
2006-08	1067
2007-09	1200
2008-10	1200
2009-11	1538
2010-12	2299
2011-13	1803
2013-15	3746

शिक्षा सत्र 2013–15 के दौरान इंदिरा गांधी एकल बालिका स्नातकोत्तर छात्रवृत्ति योजना के तहत चयनित अभ्यर्थियों की राज्य–वार/वर्ष–वार संख्या को दर्शाने वाला विवरण

क्र.सं.	अभ्यर्थी का मूल राज्य/संघ क्षेत्र	चयनित अभ्यर्थियों की संख्या
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	0
2	आन्ध्र प्रदेश	122
3	अरूणाचल प्रदेश	1
4	असम	74
5	बिहार	63
6	चण्डीगढ़	1
7	छत्तीसगढ़	2
8	दिल्ली	46
9	गोवा	7
10	गुजरात	28
11	हरियाणा	13
12	हिमाचल प्रदेश	1
13	जम्मू और कश्मीर	25
14	झारखण्ड	44
15	कर्नाटक	339
16	केरल	803
17	लक्षद्वीप	0
18	मध्य प्रदेश	17
19	महाराष्ट्र	63
20	मणिपुर	0
21	मेघालय	3
22	मिजोरम	0
23	एनए	0
24	नागालैण्ड	0
25	ओड़ीशा	23
26	पुदुचेरी	13
27	पंजाब	30
28	राजस्थान	7
29	सिक्किम	1
30	तमिलनाडु	671

क्र.सं.	अभ्यर्थी का मूल राज्य/संघ क्षेत्र	चयनित अभ्यर्थियों की संख्या
31	त्रिपुरा	27
32	उत्तर प्रदेश	107
33	उत्तरांखण्ड	5
34	पश्चिम बंगाल	1210
	कुल	**3746**

रेखाचित्र 6.13: शिक्षा सत्र 2013–14 के लिए एकल बालिका हेतु इंदिरा गांधी स्नातकोत्तर छात्रवृत्ति योजना के तहत चयनित छात्राओं की राज्य वार संख्या



रिपोर्टाधीन वर्ष 2013–14 के दौरान **6,28,62,984/–** रुपए का व्यय हुआ।

6.14 स्नातकपूर्व स्तर पर विश्वविद्यालय में रैंक धारकों के लिए स्नातकोत्तर मेरिट छात्रवृत्ति

देश को एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में उभरने के लिए प्रतिभावान छात्र एवं छात्राओं को स्नातकोत्तर शिक्षा पद्धति शिक्षा हेतु आकर्षित किये जाने की आवश्यकता है जिसके लिए उन्हें छात्रवृत्ति के रूप में समुचित प्रोत्साहन उपलब्ध कराया जाये। इसलिये वि0अ0आ0 ने विश्वविद्यालय में स्नातकपूर्व स्तर पर विश्वविद्यालय रैंक धारकों हेतु स्नातकोत्तर मेरिट छात्रवृत्ति को आरंभ और कार्यान्वित किया है।

उस छात्रवृत्ति की अवधि 2 वर्ष होगी ताकि प्रत्येक विश्वविद्यालय में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले स्नातक स्तर के छात्र निष्णात उपाधि को जारी रख सकें। बी.ए., बी.एस.सी. एवं बी.काम इनमें सामान्य एवं ऑनर्स पाठ्यक्रमों में, संपूर्ण विश्वविद्यालय (महाविद्यालय नहीं) में शीर्ष स्थान प्राप्तकर्ताओं को सभी सम्बंद्ध विश्वविद्यालयों/संस्थानों द्वारा रैंक संबंधी प्रमाणपत्र जारी करने होंगे। अवार्डधारक देश के किसी भी उच्चतर अधिगम संस्थान में किसी भी विशिष्टता के क्षेत्र मे अपना स्नातकोत्तर कार्यक्रम जारी रख सकते है।

इस योजना के निम्नवत लक्ष्य हैं :

- प्रतिभा का संवर्धन एवं उसका पोषण करना।
- ऐसे छात्र जिन्होने स्नातक स्तर पर विशिष्ट निष्पादन किया है ऐसे मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया जाये ताकि वे स्नातकोत्तर स्तर पर अध्ययन का अनुसरण कर सके।
- स्नातकोत्तर स्तर पर सामान्य एव ऑनर्स दोनों श्रेणियों में आधारगत विषयों में अध्ययन को बढ़ावा देना।
- समस्त देश में सभी महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में स्नातकोत्तर स्तर पर शैक्षणिक उत्कृष्टता का तैयार करना।

पात्रता :

स्नातक स्तर के ऐसे शीर्ष स्थान प्राप्तकर्ता जो प्रथम या द्वितीय शीर्ष स्थान प्राप्तकर्ता हैं तथा जिन्हें किसी स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त हो चुके हों, वे इस छात्रवृत्ति के लिए पात्र हैं। इस प्रकार के अवार्ड प्राप्तकर्ताओं को ही अपनी योग्यता के परिणाम को स्नातक स्तर पर तथा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के समय प्रस्तुत करना पड़ेगा। तथापि, इस छात्रवृत्ति को स्नातक स्तर पर न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर प्रदान की जाएगी।

योजना ऐसे छात्रों पर लागू हैं जिन्होंने किसी मान्यता प्राप्त राज्य/सम विश्वविद्यालय और स्वायत्त अथवा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पूर्णकालीन निष्णात उपाधि पाठ्यक्रम में दाखिला लिया है। छात्रवृत्ति केवल स्नातकोत्तर डिग्री के छात्रों को ही उपलब्ध है। स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश के समय छात्रों की आयु सीमा 30 वर्ष है। छात्रवृत्ति हेतु दूरस्थ शिक्षा पद्धति पर विचार नहीं किया जाता है।

प्रथम शिक्षा वर्ष के दौरान सामान्य पाठ्यक्रमों के लिए छात्रवृत्तियों की संख्या प्रतिवर्ष 3000 होगी। छात्रवृत्ति की अवधि केवल दो वर्ष की ही होगी। किसी भी स्थिति में इस छात्रवृत्ति की अवधि दो वर्षो से आगे बढ़ाई नहीं जायेगी।

केवल उन सबद्ध विश्वविद्यालयों से रैंक धारकों पर विचार किया जाएगा जहां कम से कम 100 छात्र/और सम विश्वविद्यालयों/स्वायत्त/गैर–संबद्ध महाविद्यालयों में कम से कम 25 छात्र स्नातकपूर्व स्तर पर परीक्षा में बैठें।

इस योजना के अन्तर्गत प्रत्येक अवार्डधारक को रू. 2,000/– प्रतिमाह की दर पर 2 वर्ष की अवधि के लिए (अर्थात् एक वर्ष में 10 माह के लिए) छात्रवृत्ति उपलब्ध कराई जायेगी।

शिक्षा सत्र 2013–15 के दौरान स्नातकपूर्व स्तर पर विश्वविद्यालय में रैंक धारकों के लिए स्नातकोत्तर मेरिट छात्रवृत्ति योजना के तहत चयनित अभ्यर्थियों की राज्य–वार/वर्ष–वार संख्या को दर्शाने वाला विवरण

क्र.सं.	अभ्यर्थी का मूल राज्य/संघ क्षेत्र	चयनित अभ्यर्थियों की संख्या
1.	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	0
2.	आन्ध्र प्रदेश	307
3.	अरूणाचल प्रदेश	3
4.	असम	51
5.	बिहार	12
6.	चण्डीगढ़	0
7.	छत्तीसगढ़	1
8.	दादरा और नगर हवेली	0
9.	दिल्ली	17
10.	गोवा	1
11.	गुजरात	5
12.	हरियाणा	0
13.	हिमाचल प्रदेश	1
14.	जम्मू और कश्मीर	0
15.	झारखण्ड	21
16.	कर्नाटक	15
17.	केरल	56
18.	लक्षद्वीप	0
19.	मध्य प्रदेश	14
20.	महाराष्ट्र	15
21.	मणिपुर	11
22.	मेघालय	11
23.	मिजोरम	0
24.	नागालैण्ड	0
25.	ओड़ीशा	148

क्र.सं.	अभ्यर्थी का मूल राज्य/संघ क्षेत्र	चयनित अभ्यर्थियों की संख्या
26.	पुदुचेरी	5
27.	पंजाब	4
28.	राजस्थान	7
29.	सिक्किम	1
30.	तमिलनाडु	165
31.	त्रिपुरा	9
32.	उत्तर प्रदेश	13
33.	उत्तरांखण्ड	2
34.	पश्चिम बंगाल	75
	कुल	**970**

रेखाचित्र 6.14: शिक्षा सत्र 2013–14 के लिए स्नातकपूर्व स्तर पर विश्वविद्यालय में रैंक धारकों के लिए स्नातकोत्तर मेरिट छात्रवृत्ति योजना के तहत चयनित छात्रों की राज्य वार संख्या



रिपोर्टाधीन वर्ष 2013–14 के दौरान **1,58,71,137/–** रुपए का व्यय हुआ।

6.15 अल्पसंख्यक छात्रों के लिए मौलाना आजाद राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति

अल्पसंख्यक मामले मंत्रालय (एमओएमए) द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को अल्पसंख्यक छात्रों के लिए वर्ष 2009–10 से मौलाना आजाद राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति योजना को लागू करने का कार्य सौपा गया हैं।

इस योजना का उद्धेश्य केन्द्रीय सरकार द्वारा यथा अधिसूचित अल्पसंख्यक छात्रों उच्चतर अध्ययन जैसे एम.फिल. एवं पी.एच.डी. जारी रखने के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना है। इस योजना के तहत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम की धारा 2(च) एवं धारा 3 के अर्न्तगत मान्यता प्राप्त सभी विश्वविद्यालय/संस्थान कवर हैं। इस योजना के अन्तर्गत अध्येतावृत्ति धारकों को एमओएमए शोध अध्येताओं के नाम से जाना जायेगा। इसे अध्येतावृत्ति योजना के तहत प्रतिवर्ष 756 स्लॉट उपलब्ध हैं।

अध्येतावृत्तियां, पी.एच.डी. और एम.फिल. कार्यक्रम के साथ समेकित पंचवर्षीय अध्येतावृत्ति कार्यक्रम हैं अथवा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नियमों के अनुसार प्रवेश प्वाईंट आधार होगा। अध्येतावृत्ति की अवधि निम्नवत होगी :–

पाठ्यक्रम का नाम	अधिकतम समय सीमा	जे.आर.एफ. एवं एस.आर.एफ. की ग्राहयता	
		जे.आर.एफ.	एस.आर.एफ.
पी.एच.डी.	5 वर्ष	2 वर्ष	3 वर्ष
एम.फिल.+पी.एच.डी	2+3वर्ष	2वर्ष	3 वर्ष

इन जे.आर.एफ. एवं एस.आर.एफ. अध्येतावृत्तियों की दरें समय–समय पर यथा संशोधित विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की अध्येतावृत्तियों के समरूप होंगी, वर्तमान में यह दरें निम्नवत हैं :–

अध्येतावृत्ति	प्रारंम्भिक 2 वर्षों के लिए 16,000/- रु0 की दर से (जे.आर.एफ) शेष कालावधि के लिए 18,000/- रु0 की दर (एस.आर.एफ.)
मानविकी, समाज विज्ञान एवं वाणिज्य के लिए आकस्मिक दर	प्रारंम्भिक 2 वर्षों के लिए प्रतिवर्ष 10,000/-रु0 की दर से शेष तीन वर्षों के लिए 20,500/-रु0 प्रतिवर्ष की दर से
विज्ञान के लिए आकस्मिक दर	प्रारंम्भिक 2 वर्षों के लिए 12,000/- रु0 प्रतिवर्ष की दर से शेष तीन वर्षों के लिए 25,000/- रु0 प्रतिवर्ष की दर से
विभागीय सहायता	मेजबान संस्थान के लिए अवसंरचना उपलब्ध कराने हेतु प्रतिवर्ष 3000/- रु0 प्रतिछात्र की दर से
सहायक/रीडर की सहायता	शारीरिक रूप से निःशक्त एवं दृष्टि–बाधित प्रत्याशियों के लिए 2,000/- रु0 प्रतिमाह की दर से
आवास किराया भत्ता	विश्वविद्यालय/संस्थान के नियम के अनुसार

वित्त वर्ष 2013–14 के दौरान वर्ष 2013–14 के लिए अल्पसंख्यक छात्रों हेतु मौलाना आजाद राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति योजना के तहत अब तक चयनित अभ्यर्थियों की राज्य और समुदाय–वार संख्या को दर्शाने वाला विवरण।

मूल राज्य	मारत सरकार के अनुसार–स्लॉटों का आबंटन						वर्ष 2013–14 के दौरान चयनित अभ्यर्थियों की संख्या					
	मुस्लिम	इसाई	सिक्ख	बुद्ध	पारसी	कुल	मुस्लिम	इसाई	सिक्ख	बुद्ध	पारसी	कुल
आन्ध्रप्रदेश	25	6	0	0	0	31	25	6				31
अरूणाचल प्रदेश	X	X	X	X	X	4	1	2		1		4
असम	30	3	0	0	0	33	30	3				33
बिहार	50	0	0	0	0	50	50					50
छत्तीसगढ़	3	3	0	0	0	6	3	1				4
गोवा	X	X	X	X	X	4	1	3				4
गुजरात	17	3	0	0	1	21	17	3			1	21
हरियाणा	0	0	12	0	0	12			12			12
हिमाचल प्रदेश	X	X	X	X	X	4			2	2		4
जम्मू और कश्मीर	27	0	0	0	0	27	34		1	1		36
झारखण्ड	15	6	0	0	0	21	15	6				21
कर्नाटक	25	3	0	3	0	31	25	4		3		32
केरल	28	22	0	0	0	50	28	23				51
मध्य प्रदेश	15	0	0	0	0	15	15					15
महाराष्ट्र	38	6	0	22	1	67	37	6		23	1	67
मणिपुर	X	X	X	X	X	4	1	2		1		4
मेघालय	X	6	0	0	0	6		6				6
मिजोरम	X	X	X	X	X	4		4				4
नागालैण्ड	0	6	0	0	0	6		6				6
ओड़ीशा	3	3	0	0	0	6	3	3				6
पंजाब	3	0	56	0	0	59	3		56			59
राजस्थान	18	0	3	0	0	21	18		3			21
सिक्किम	X	X	X	X	X	4		1		3		4
तमिलनाडु	14	14	0	0	0	28	15	17				32
त्रिपुरा	X	X	X	X	X	4	3	1				4
उत्तर प्रदेश	114	0	3	3	0	120	114		3	3		120
उत्तरांखड	X	X	X	X	X	4	2		2			4
पश्चिम बंगाल	75	3	0	3	0	81	75	3		3		81
अंडमान और निकोबार	X	X	X	X	X	4	1					1
चण्डीगढ़	X	X	X	X	X	4			3	1		4

मूल राज्य	भारत सरकार के अनुसार–स्लॉटों का आबंटन						वर्ष 2013–14 के दौरान चयनित अभ्यर्थियों की संख्या					
	मुस्लिम	इसाई	सिक्ख	बुद्ध	पारसी	कुल	मुस्लिम	इसाई	सिक्ख	बुद्ध	पारसी	कुल
दादरा और नगर हवेली	X	X	X	X	X	4	1					1
दमन और दीव	X	X	X	X	X	4						
दिल्ली	6	3	0	0	0	9	6	2				8
लक्षद्वीप	X	X	X	X	X	4	2					2
पुदुचेरी	X	X	X	X	X	4	1	3				4
कुल योग	**544**	**100**	**74**	**36**	**2**	**756**	**526**	**105**	**82**	**41**	**2**	**756**

X = राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में चार अध्येतावृत्तियों में कोई भी समुदाय–वार विभाजन नहीं होगा। सभी आवेदनों को एक साथ पूल करके निर्णय लिया जाएगा।

रिपोर्टाधीन वर्ष 2013–14 के दौरान **46,43,36,995/–** रुपए का व्यय हुआ।

रेखाचित्र 6.15: वर्ष 2013–14 के लिए अल्पसंख्यक छात्रों हेतु मौलाना आजाद राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति योजना अवार्ड करने हेतु चयनित अभ्यर्थियों की राज्य वार संख्या



6.16 विश्वविद्यालयों में मूलभूत वैज्ञानिक शोध

महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों के विज्ञान विभागों में अवसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए विकास अनुदान

शोध में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए विज्ञान, जीव विज्ञान, कृषि विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विज्ञान के स्नातकोत्तर स्तर के शोध सहित अवसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए अपेक्षित ऊर्जा आपूर्ति, जलापूर्ति, सुरक्षा उपकरणों, प्रयोगशालाओं, कार्य करने हेतु मेज एवं अपेक्षित अन्य अवसरंचना को सुदृढ करने के लिए विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय विभागों को विकास अनुदान उपलब्ध करवाया जाता है।

वर्ष 2013–14 के दौरान एसएपी विभागों, स्वायत्त महाविद्यालयों, उत्कृष्टता की संभाव्यता वाले महाविद्यालयों, गैर–एसएपी विभागों, एनएएसी प्रत्यायित महाविद्यालयों को जारी किए गए अनुदान का ब्यौरा निम्नवत है:

क्र.सं.	योजना का नाम	अनुमानित परिणाम	वास्तविक परिणाम	महाविद्यालय/विभागों की संख्या
1.	एसएपी (सीएएस/डीएसए/डीआरएस) के अंतर्गत अवसंरचना विकास	**डीएएस हेतु** ● प्रथम किस्त: 20 लाख रूपये ● दूसरी और तीसरी किस्त: 20 लाख रूपये **डीएसए/सीएएस हेतु** ● प्रथम किस्त: 20 लाख रूपये ● दूसरी और तीसरी किस्त: 30 लाख रूपये	**डीआरएस हेतु** 0.39 करोड रू0	**डीआरएस हेतु** 02 विभाग
2.	गैर–सैप विभाग	**गैर–सैप** (पी0एच0डी0 प्रस्तुत किए जाने पर) ● **प्रथम किस्त:** **संकाय सदस्यों की संख्या** / **पिछले 5 वर्षों के दौरान प्रदत्त पी0एच0डी0 की संख्या** / **संस्तुत अवसंरचनात्मक अनुदान (राशि रू0 में)** 5 और अधिक / 10 और अधिक / 10 लाख 10 और अधिक / 20 और अधिक / 15 लाख 15 और अधिक / 25 और अधिक / 25 लाख उपयोग प्रमाणपत्र प्रस्तुत किए जाने पर अनुदान की समान राशि द्वितीय किस्त के रूप में संस्वीकृत की जा चुकी है।	**गैर–सैप हेतु** 0.75 करोड रु0	**गैर–सैप हेतु** 06 विभाग
3.	उत्कृष्ता की संभाव्यता वाले महाविद्यालय	**सीपीई हेतु** ● प्रथम किस्त: विज्ञान विभाग हेतु 5.00 लाख रूपये ● दूसरी और तीसरी किस्त: विज्ञान विभाग हेतु 6.00 लाख रूपये	10.18 करोड रूपये	25 महाविद्यालय

क्र.सं.	योजना का नाम	अनुमानित परिणाम	वास्तविक परिणाम	महाविद्यालय/ विभागों की संख्या
4.	स्वायत्त महाविद्यालय	**स्वायत्त महाविद्यालयों हेतु** ● प्रथम किस्तः 10 लाख रूपये ● दूसरी और तीसरी किस्तः 20 लाख रूपये	1.60 करोड़ रूपये	08 महाविद्यालय
5.	एनएएसी महाविद्यालय	प्रयोगशालाओं को सुदृढ करने हेतु 10 लाख रू0 का एकमुश्त अनुदान राशि पुरानी पद्धति के अनुसार न्यूनतम बीबी++स्तर तथा नई पद्धति के अनुसार न्यूनतम बी स्तर के एनएएसी प्रत्यायित स्नातकोत्तर महाविद्यालयों को जारी की गई है। ● 10.00 लाख रुपये का एकमुश्त अनुदानः	0.10 लाख रूपये	01 महाविद्यालय
		कुल	**30.22**	**118**

अवसंरचनात्मक अनुदान

(करोड़ रूपये में)

क्र.सं.	योजना का नाम	2013-2014
1.	डीआरएस	0.39
2.	गैर–सैप	0.75
3.	सीपीई	10.18
4.	स्वायत्त महाविद्यालय	1.60
5.	एनएएसी महाविद्यालय	0.10
	कुल	**13.02**

6.17 नेटवर्किंग शोध केन्द्रः समर–विंटर स्कूल

नेटवर्किंग शोध केन्द्र की स्थापना का उद्धेश्य निम्नवत हैः–

1. समय–समय पर चर्चा, कार्यशाला तथा ग्रीष्मकालीन/शीतकालीन विद्यालयों के माध्यम से संकाय तथा शोध विद्वानों का शोध प्रशिक्षण तथा कौशल विकास।
2. संकाय एवं विभागों को उनके शोध कौशल में वृद्धि करने तथा उन्हें परामर्श प्रदान करने के लिए क्षमता निर्माण।
3. महत्वपूर्ण प्रयोग करने के लिए अन्य संस्थानों/विश्वविद्यालयों से शोधकर्ताओं को आमंत्रित करना तथा उन्हें सुविधा प्रदान करना।
4. अन्य संस्थानों/शोधकर्ताओं को गुणवत्तायुक्त अनुसंधान सूचना उपलब्ध करवाने के लिए विभाग की सूचना संसाधन सुविधा में वृद्धि करना।

5. विभाग के भीतर अत्याधुनिक अनुसंधान अवसंरचना तथा अन्य अनुसंधान सुविधाओं में वृद्धि करना तथा उसका निर्माण करना।

बीएसआर कार्यक्रम के अंतर्गत नेटवर्किंग अनुसंधान केन्द्रों की स्थापना के लिए एसएपी के तहत **5** विभागों को अनुमोदित किया गया है। 12वीं पंचवर्षीय योजना अर्थात् वर्ष 2013–14 के दौरान अब तक 5 विभागों को **7.80 करोड रुपये** की राशि जारी की गई है।

क्र.सं.	योजना का नाम	2013-2014
1.	नेटवर्किंग रिसोर्स केन्द्र	7.80 करोड़ रुपये

6.18 डॉ. डी.एस.कोठारी पोस्ट–डॉक्टोरल अध्येतावृत्तियाँ

प्राक्कथन

पोस्ट–डॉक्टोरल अनुसंधान युवा शोधकर्त्ताओं के अकादमिक/शोध कैरियर को आरंभ करने हेतु उन्हें तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण सक्षमकारी कदम है। यह डॉक्टोरल स्तर पर पर्यवेक्षक द्वारा निदेशित छात्र से विशेष रूप से अकादमिक क्षेत्र में नेतृत्व की स्थिति में एक स्वतंत्र शोधकर्त्ता के रूप में एक **परिवर्तन** का चरण होता है। पोस्ट–डॉक्टोरल के रूप में कार्य करने से उन्हे नए कौशल प्राप्त करने, अपने दृष्टिकोण को व्यापक बनाने का अवसर प्राप्त होता है साथ ही अंतर–विषयगत क्षेत्रों मे कदम रखने का एक माध्यम प्राप्त होता है।

पात्रता

वे प्रत्याशी जिन्होंने या तो पी.एच.डी उपाधि प्राप्त कर ली है अथवा जिन्होंने अपना पी.एच.डी के लिये शोध प्रबंध प्रस्तुत कर दिया है, वे आवेदन करने के लिए पात्र हैं। चयन होने के बाद, ऐसे प्रत्याशी जो पी.एच.डी कर चुके हैं, उन्हें प्रत्यक्ष रूप से पोस्ट–डॉक्टोरल फ़ैलोशिप (पीडीएफ) अवार्ड कर दी जायेगी। ऐसे प्रत्याक्षी जिन्होंने अपना शोध प्रबंध प्रस्तुत किया है उन्हें औपचारिक रूप से उन्हें पी.एच.डी का अवार्ड होने तक एक "ब्रिजिंग अध्येतावृत्ति" (वृत्तिका में बहुत थोड़ी सी कमी) अवार्ड की जायेगी।

वित्तीय सहायता

	नियमित अध्येतावृत्ति	लघु अध्येतावृत्ति
प्रथम वर्ष का अनुदान	28,000 रुपये प्रतिमाह	22,000 रुपये प्रतिमाह
द्वितीय वर्ष का अनुदान	29,000 रुपये प्रतिमाह	
तृतीय वर्ष का अनुदान	30,000 रुपये प्रतिमाह	
आकस्मिक रशि	1,00,000 रुपये प्रतिवर्ष (दिनांक 01.04.2012 से प्रभावी)	
मकान किराया भत्ता	प्रत्येक चयनित पीडीएफ को ग्राह्य मकान किराया भत्ता	

- **आज तक 1242 अभ्यर्थियों को उपाधि प्रदान की जा चुकी है और 550 पीडीएफ नियुक्त हैं। वर्ष 2013–14 के दौरान अब तक 22.80 करोड रू0 की राशि जारी की जा चुकी है।**

क्र.सं.	योजना का नाम	2013–14
1.	पीडीएफ	22.80 करोड़ रुपये

6.19 विज्ञान विषयों में मेधावी छात्रों के लिए अनुसंधान अध्येतावृतियां

प्राक्कथन

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की बीएसआर योजना के तहत विज्ञान विषयों में मेधावी छात्रों के लिए अनुसंधान अध्येतावृतियां ऐसे छात्रों के लिए हैं जो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिसूचना में पहले ही दी गई प्रक्रिया के माध्यम से पी.एच.डी.कार्यक्रम में पंजीकरण हेतु चयनित है। प्रवेश के पश्चात पीएचडी मे पंजीकरण होगा।

उद्देश्य

बीएसआर योजना का उद्देश्य मेद्यावी छात्रों को उच्च अध्ययन तथा अनुसंधान करने के लिए अवसर उपलब्ध कराना है ताकि वे विज्ञान विषयों में पी. एच.डी. की उपाधि प्राप्त कर सकें।

पात्रता

ऐसे अभ्यर्थी, जिन्होंने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा चिह्नित उत्कृष्टता की संभाव्यता वाले विश्वविद्यालयों /उत्कृष्टता की संभाव्यता वाले केन्द्रों अथवा उच्च अध्ययन केन्द्रों तथा विशेष सहायता वाले विभागों में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी की गई अधिसूचना में पहले ही दी गई प्रक्रिया के माध्यम से नियमित प्रवेश प्रक्रिया द्वारा किसी विश्वविद्यालय मे पीएचडी कार्यक्रम में पंजीकरण करवाने हेतु चयनित हैं, वे इस योजना हेतु पात्र हैं। प्रवेश के पश्चात् पीएचडी में पंजीकरण होगा।

वित्तीय सहायता:

गैर–गेट अर्हता प्राप्त अभ्यर्थी	
अध्येतावृत्ति राशि	प्रथम दो वर्षों के लिए 14,000.00 रू. प्रतिमाह की दर से। अगले तीन वर्षों के लिए 16,000.00 रू प्रतिमाह की दर से (01.04.2010 से)।
आकस्मिक	प्रथम दो वर्षों के लिए 12,000.00 रू. प्रतिवर्ष की दर से; और अगले तीन वर्षों के लिए 25,000.00 रू प्रतिवर्ष की दर से (01.04.2010 से)।
मकान किराया भत्ता	मकान किराया भत्ता सभी किस्तों के लिए विश्वविद्यालय के नियमानुसार
गेट अर्हता प्राप्त अभ्यर्थी	
अध्येतावृत्ति राशि	प्रथम दो वर्षों के लिए 16,000.00 रू. प्रतिमाह की दर से। अगले तीन वर्षों के लिए 18,000.00 रू प्रतिमाह की दर से (01.04.2010 से)।
आकस्मिक राशि	प्रथम दो वर्षों के लिए 12,000.00 रू. प्रतिवर्ष की दर से। अगले तीन वर्षों के लिए 25,000.00 रू प्रतिवर्ष की दर से (01.04.2010 से)।
आवास किराया भत्ता:	सभी किस्तों के लिए विश्वविद्यालय नियमों के अनुसार

- **आज तक सैप/गैर–सैप विमागों के 7154 अभ्यर्थियों को उपाधि प्रदान की जा चुकी है और 5694 जेआरएफ नियुक्त हैं। वर्ष 2013–14 के दौरान अब तक 55.00 करोड रू0 की राशि जारी की जा चुकी है।**

क्र.सं.	योजना का नाम	2013–14
1.	आरएफएसएमएस/बीएसआर अध्येतावृत्ति	55.00 करोड़ रुपये

6.20 ऑपरेशन फ़ैकल्टी रीचार्ज

ऑपरेशन फ़ैकल्टी रीचार्ज को आरंभ किया गया है जिसके तहत 1000 संकाय के पदों का सृजन किया जा रहा है जिसे राष्ट्रीय स्तर पर वैश्विक विज्ञापन द्वारा भरा जाएगा। इस योजना के कार्यान्वयन हेतु जेएनयू में एक प्रकोष्ठ की भी स्थापना की जा चुकी है जिसमे प्रो0 आर0पी0गांधी राष्ट्रीय समन्वयक तथा प्रो0 सुदेश नागिया सहायक समन्वयक नियुक्त किये गये हैं। फ़ैकल्टी रीचार्ज कार्यक्रम के वेब–पोर्टल का विमोचन दिनांक 09 जून, 2011 को माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री महोदय द्वारा किया गया। संकाय सदस्यों का चयन प्रकियाधीन है। वष्र 2013–14 के दौरान आज तक 18 संकायों यथा आचार्य, सह–आचार्य तथा सहायक आचार्य हेतु **2.04 करोड़ रुपये** जारी किये जा चुके है।

6.21 विश्वविद्यालय अनुदान आयोग–बीएसआर संकाय अध्येतावृत्ति योजना

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के मेधावी शिक्षक, जो राज्य के विश्वविद्यालयों में सेवानिवृत्ति के समीप है, उन्हें बुनियादी विज्ञान अनुसंधान में शोध जारी रखने का अवसर प्रदान करने के दृष्टिकोण से रिपोर्टाधीन वर्ष में "विश्वविद्यालय अनुदान आयोग–बीएसआर संकाय अध्येतावृत्ति" नामक योजना आरंभ की है। योजना का मुख्य उद्धेश्य सेवानिवृत्ति के समीप विज्ञान और प्रौद्योगिकी के मेधावी शिक्षकों को सेवानिवृत्ति के तीन अतिरिक्त वर्ष बाद तक सार्थक शोध कार्य को जारी रखना तथा युवा शोधकर्ताओं एवं पीएचडी छात्रों के लिए निगरानीकर्ता की भूमिका निभाना है।

पात्रता मानदंड

- विश्वविद्यालयों के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभागों में उपाचार्य/सह–आचार्य/आचार्य के पद पर शिक्षक।
- नामचीन जर्नलों में कम से कम 15 अनुसंधान प्रकाशन होने चाहिए तथा मूलभूत विज्ञान में 15 पीएचडी या अपने कैरियर में इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी में 10 पत्र प्रकाशित होने चाहिये जिसमें से 5 पिछले दस वर्षों में पूरा होना चाहिए।
- पिछले दस वर्षों में राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों द्वारा वित्तपोषित प्रधान अन्वेषक के रूप में अनुसंधान परियोजनाओं को चलाने/प्रायोजित करने का प्रमाण।
- यह योजना संबंधित विश्वविद्यालय द्वारा विनिर्धारित सेवानिवृत्ति की आयु से एक या दो वर्ष पूर्व उन शिक्षकों पर लागू है।
- आवेदक के पास अध्येतावृत्ति की अवधि के दौरान कोई प्रशासनिक जिम्मेदारी नहीं होनी चाहिए जो सेवानिवृत्ति की तारीख से होगी।
- विभाग/स्कूल/विश्वविद्यालय को आवेदन पत्र में वचन देना होगा कि आवेदक को निम्नवत सुविधा प्रदान की जाएगी (i) अध्येतावृत्ति कार्य को करने के लिए आवश्यक प्रयोगशाला अवसंरचना तथा प्रशासनिक सहायता और (ii) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग–बीएसआर संकाय अध्येतावृत्ति अवार्ड के लिए चयनित होने पर अभ्यर्थी को पी.एच.डी. के लिए कम से कम दो वृत्तिका।

वित्तीय सहायता

- अध्येतावृत्ति में 30,000 रूपये प्रतिमाह दिया जाएगा जो पेंशन और/या अन्य सेवानिवृत्ति लाभ के अतिरिक्त है।

- आकस्मिक निधि प्रतिवर्ष 3 लाख रूपये है जिसमें से 50,000 रूपये की धनराशि का उपयोग अनुसंधानकर्ताओं द्वारा किया जाएगा।
- अवार्ड प्राप्तकर्ता को विश्वविद्यालय के साथ अध्येतावृत्ति में शामिल होने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को शपथपत्र देना होगा तथा समय–समय पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के मानकों और दिशानिर्देशों का पालन करना होगा तथा द्विवर्षीय प्रगति रिपोर्ट देनी होगी।

विभिन्न भारतीय विश्वविद्यालयों/संस्थानों में शोध कार्य जारी रखने वाले 49 आचार्यों को 2.90 करोड रूपये की राशि जारी की गई।

क्र.सं.	योजना का नाम	2013–14
1.	विश्वविद्यालय अनुदान आयोग–बीएसआर संकाय अध्येतावृत्ति	2.90 करोड़ रुपये

6.22 बीएसआर कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षकों को "एकमुश्त अनुदान"

शिक्षकों को एकमुश्त अनुदान देने का प्रयोजन अपने विशिष्टता प्राप्त क्षेत्र में शोध जारी रखना है। न्यूनतम पात्रता मानदंड नीचे दिए गए हैं:

- सेवानिवृत्ति की आयु से पूर्व कम से दो वर्ष की सेवा शेष होनी चाहिए।
- आवेदन की तिथि तक सेवावधि के दौरान कम से कम 15 पीएचडी प्रदान की हो और पिछले पांच वर्षों के दौरान 5 पीएचडी प्रदत्त की हो।
- राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों/उद्योग द्वारा निधि प्राप्त कम से कम पांच प्रायोजित शोध परियोजनों को सफलतापूर्वक पूरा किया हो और साथ ही प्राप्त निधि का ब्यौरा प्रस्तुत करें।
- वर्तमान में चलाई जा रही शोध परियोजनाएं और पीएचडी 'उम्मीदवार' का ब्यौरा।
- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग "एकमुश्त अनुदान प्राप्त करने के संबंध में एक पृष्ठ में औचित्य के साथ अनुदान के उपयोग हेतु विशिष्ट योजना प्रस्तुत करेगा।

"एकमुश्त अनुदान" योजना के अंतर्गत एक शिक्षक को शोध कार्य करने के लिए सात लाख रूपये प्रदान किये जाते हैं। अनुदान का उपयोग लघु उपकरणों, रसायनों, आकस्मिकता और क्षेत्र कार्य के लिए किया जा सकता हैं।

विभिन्न भारतीय विश्वविद्यालयों/संस्थानों में शोध कार्य कर रहे 27 शिक्षकों को 1.80 करोड रूपये की राशि जारी की गई।

क्र.सं.	योजना का नाम	2013–14
1.	एकमुश्त अनुदान	1.80 करोड़ रुपये

6.23 भर्ती हुए नये संकाय सदस्यों हेतु 'स्टार्ट–अप' अनुदान

इस योजना के तहत ऐसे सभी शिक्षक योजना हेतु आवेदन करते के लिए पात्र हैं, जो सहायक आचार्य के पद पर नये भर्ती हुए हों और जो पी0एच0डी0 उपाधि धारक हों तथा जिनके अनुमोदित/उद्धत जर्नलों में कम से कम दो शोध प्रकाशन प्रकाशित हो चुके हों। सहायक आचार्य को विश्वविद्यालय की विनिर्दिष्ट प्रक्रिया का पालन करते हुए मूलभूत विज्ञान, अभियांत्रिकी तथा प्रौद्योगिकी संकायों में स्थायी पद के समक्ष विभाग/विश्वविद्यालयों में पद पर कार्यग्रहण करने की तिथि से छह माह के भीतर की अवधि के दौरान आवेदन करना होगा। विश्वविद्यालय की विनिर्दिष्ट प्रक्रिया का पालन करते हुए वह वित्तीय सहायता प्राप्त करने हेतु पात्र होगा। इस योजना के तहत नये भर्ती हुए 221 संकाय सदस्य लाभान्वित हुए हैं।

क्र.सं.	योजना का नाम	2013–14
1.	'स्टार्ट–अप' अनुदान	13.26 करोड़ रुपये

7 लिंग तथा सामाजिक समानता

7.1 भारतीय विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में महिला अध्ययन का विकास

आयोग "भारतीय विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में महिला अध्ययन का विकास" योजना के तहत विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

योजना का उद्धेश्य विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में शिक्षकों, शोधकर्त्ताओं तथा छात्रों को उनके ज्ञान, अनुभव तथा शोध को बांटने के लिए सुविधाएं मुहैया करवाकर उच्च मानकों को बढ़ावा देना है।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, बारहवीं पंचवर्षीय योजना अवधि (2013–14 से 2016–17) के दौरान मौजूदा केन्द्रों के साथ ही नए अनुमोदित केन्द्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। वर्तमान में विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में 156 महिला अध्ययन केन्द्र हैं। वर्ष 2013–14 के दौरान विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों को 1.77 करोड़ रुपये का अनुदान जारी किया है।

उच्चतर शिक्षा क्षेत्र में महिला प्रबंधकों हेतु क्षमता निर्माण योजना को भारतीय विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में महिला अध्ययन के विकास की योजना के साथ आमेलित कर दिया गया है। भारतीय विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में महिला अध्ययनों के विकास की योजना को बृहद बनाया गया है ताकि इसमें आयोग द्वारा दिनांक 10.05.2013 की बैठक में लिए गये निर्णय के अनुसार "उच्चतर शिक्षा क्षेत्र में महिला प्रबंधकों हेतु क्षमता निर्माण योजना" को भी सम्मिलित किया गया है।

7.2 सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशन की नीति के अध्ययन के लिए विश्वविद्यालयों में केन्द्रों की स्थापना

सामाजिक बहिष्करण से केवल तनाव, हिंसा और विघटन ही पैदा नहीं होता है अपितु इससे समाज में असमानता और सुविधावंचन भी पैदा होता हैं। भारत में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और धार्मिक अल्पसंख्यकों जैसे कुछ समुदायों को विकास के लाभ प्राप्त करने के मामले में प्रणालिगत बहिष्करण का सामना करना पड़ता है। सामाजिक बहिष्करण एक एक जटिल और बहु–आयामी संकल्पना है, जिसके सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक प्रभाव होते हैं। गरीबी, बेरोजगारी और स्वेच्छा से प्रवास जैसी आर्थिक–समष्टिभाव कारकों के परिणामतः इस व्यवस्था से पीड़ित लोगों को आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक क्रियाकलापों से वंचित रखा जाता है। बहिष्करण के जिस मुख्य स्थान का अध्ययन किया जा सकता है, उसे भली–भांति समझा जा सकता है और इसका अनुभव किया जा सकता है, वे हैं हमारे विश्वविद्यालय जो समाज के लिए आदर्श होने चाहिए और आदर्श रूप में कार्य कर सकते हैं। अतः विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने सामाजिक बहिष्करण के मुद्दे पर किए जाने वाले अनुसंधानों को सहायता देने का निर्णय लिया है। यह अध्ययन सैद्धांतिक रूप से और नीतिगत महत्त्व के रूप में किया जाएगा। इन योजनाओं के अनुसरण के लिए विश्वविद्यालयों में कई शिक्षण–सह–अनुसंधान केन्द्र स्थापित किए जाने का प्रस्ताव हैं।

उद्देश्य

क) जाति/नृजातीय/धर्म पर आधारित बहिष्करण और समावेशन की भेदभावूर्ण संकल्पना।

ख) भेदभाव और बहिष्करण के स्वरूप और इसके पहलुओं की भली–भांति समझ का विकास करना।

ग) बहिष्करण और समावेशन तथा भेदभाव की संकल्पना और समस्या संबंधी अध्ययन।

घ) अनुभव के स्तर पर भेदभाव की समझ विकसित करना।

ङ) इन समूहों के अधिकारों की रक्षा के लिए नीति बनाना और बहिष्करण तथा भेदभाव की समस्या को समाप्त करना।

कार्यकरण

- एम.ए. और एम.फिल स्तरों पर ऐसे प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित करना, जिनमें सामाजिक बहिष्करण अध्ययन में पूर्ण एम.फिल उपाधि और यहां तक कि एम.ए. कार्यक्रम की उपाधि प्रदान की जा सके।
- एम.फिल और पीएच.डी. संबंधी पर्यवेक्षण करना।
- सैद्धांतिक परिप्रेक्ष्य सहित अनुभव संबंधी अध्ययन करना और तुलनात्मक अध्ययनों और नीति/ कार्यक्रम मूल्यांकन के लिए समय संबद्ध डॉटा बैंक तैयार करना।
- सरकारी एजेंसियों द्वारा तैयार किए गए सामाजिक–आर्थिक आंकड़ों पर आधारित विस्तृत ठोस विश्लेषण करना।
- सामाजिक बहिष्करण की विषयवस्तु पर सम्मेलन, संगोष्ठी और विचार–गोष्ठियां आयोजित करना।
- संकाय और छात्रों के अनुसंधान संबंधी निष्कर्षों को नियमित रूप से प्रकाशित करना।
- प्रतिष्ठित विद्वानों द्वारा इस विषय पर सार्वजनिक व्याख्यान आयोजित करना।
- अतिथि संकाय को आमंत्रित करने के सक्रिय कार्यक्रम के माध्यम से अन्य विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में छात्रों, विशेषतः युवा छात्रों तक पहुंच बनाना।
- सामाजिक बहिष्करण से निपटने में लगे सिविल समाज के संगठनों के साथ संपर्क स्थापित करना।
- राजनेताओं, सांसदों, सरकारी अधिकारियों, मजदूर संघों के कार्यकर्ताओं और मीडिया कर्मियों के लिए अल्पकालिक अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित करना।

लाभार्थी विश्वविद्यालयो की संख्या : 35 विश्वविद्यालय

बारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान प्रदत्त अनुदान (2012–2017)

2012–2013	496.00 लाख रुपये	15 विश्वविद्यालयों के संबंध में अनुदान जारी किया गया
2013–14	शून्य	शून्य

योजना के आरंभ होने से लेकर अब तक आयोग ने विभिन्न विश्वविद्यालयों के **35** केन्द्रों को स्थापित किया है (वर्ष 2006–07 में **13** और 2007–08 में **22**)

7.3 अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों के लिए विशेष प्रकोष्ठों की स्थापना

विश्वविद्यालयों मे आरक्षण नीति के प्रभावी कार्यान्वयन का पर्यवेक्षण करने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा वर्ष 2012 में अ0जा0/अ0ज0जा0 संबंधी एक स्थायी समिति का गठन किया गया था। समिति का प्रतिनिधित्व उच्चतर शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत कुलपति तथा पूर्व–कुलपति द्वारा किया जाता है।

भारतीय समाज में अ0जा0 और अ0ज0जा0 के सर्वाधिक वंचित वर्गों हितों को सुरक्षित करने के उद्देश्य से भारतीय संविधान द्वारा विभिन्न केन्द्रीय तथा राज्य सरकारों की सेवाओं में आरक्षण का प्रावधान किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य यह नहीं है कि उन्हें मात्र नौकरियाँ प्रदान उपलब्ध कराई जाएं ताकि उनका प्रतिनिधित्व बढ़ जाए, बल्कि इसका लक्ष्य यह है कि उनके सामाजिक एवं शैक्षिक स्तर में सुधार हो ताकि वे समाज की मुख्य धारा में अपना उचित स्थान प्राप्त कर सकें। सांविधिक प्रावधानों के अनुसार, राष्ट्रीय स्तर पर अनुसूचित जातियों के लिए 15 प्रतिशत तथा अनुसूचित जनजातियों के लिए 7.5 प्रतिशत आरक्षण उपलब्ध कराया जाता है तथा राज्यों में इस आरक्षण को उस राज्य की जनसंख्या के आधार पर उपलब्ध कराया जाता है।

आयोग ने "विश्वविद्यालयों में अ.जा./अ.ज.जा. प्रकोष्ठों की स्थापना" की योजना वर्ष 1983 में आरंभ की थी :

उद्देश्य

- विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में अ.जा./अ.ज.जा. से संबद्ध आरक्षण नीति एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के कार्यक्रमों का प्रभावी कार्यान्वयन एवं निगरानी सुनिश्चित करना।
- दाखिले और शिक्षण तथा शिक्षणेत्तर पदों पर नियुक्तियों आदि के लिए नीतियों के कार्यान्वयन के संबंध में आँकड़े एकत्र करना; और
- ऐसे अनुवर्ती उपाय किये जाएं जो इस प्रयोजनार्थ निर्धारित किये गये लक्ष्यों की प्राप्ति में मददगार हों।
- विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में आरक्षण नीति के कार्यान्वयन की निरंतर निगरानी और मूल्यांकन करना और भारत सरकार की नीति और कार्यक्रम का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने हेतु योजना उपाय करना।

विशेष प्रकोष्ठ के कार्यकरण

- भारत सरकार और आयोग के निर्णयों को परिचालित करना और निर्धारित तिथि तक नियत प्ररूप में विभिन्न पाठ्यक्रमों हेतु विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों से संबंधित विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम–वार प्रवेश संबंधी जानकारी वार्षिक आधार पर नियमित रूप से एकत्र करना और जहां कभी आवश्यक हो, अनुवर्ती कार्रवाई करना।
- भारत सरकार के आदेशों और आयोग के निर्णयों को परिचालित करना और निर्धारित तिथि तक नियत फार्म में विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में शैक्षणिक और शिक्षणेत्तर पदों में इन समुदायों की नियुक्ति तथा प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी एकत्र करना और जहां कहीं आवश्यक हो अनुवर्ती कार्रवाई करना।

- आयोग द्वारा नई नीतियां तैयार करने अथवा मौजूदा नीति में संशोधन करने हेतु अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों को शिक्षा, प्रशिक्षण और रोजगार के विभिन्न पहलुओं के संबंध में भारत सरकार के आदेशों के संबंध में रिपोर्ट और जानकारी एकत्र करना।
- उपर्युक्त एकत्र की गई जानकारी का विश्लेषण करना और मानव संसाधन विकास विभाग/विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और यथा आवश्यक प्राधिकरण को भेजने के लिए रिपोर्ट और सार संकल्प तैयार करना।
- विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के उम्मीदवारों संबंधी प्रवेश, भर्ती, प्रोन्नति के संबंध में प्राप्त अभ्यावेदनों पर कार्रवाई करना।
- संबद्ध महाविद्यालयों और विश्वविद्यालय में अनुमोदित योजना का उपचारात्मक प्रशिक्षण के कार्यकरण की निगरानी करना।
- विश्वविद्यालय में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों और कर्मचारियों की शिकायतों हेतु जनशिकायत समाधान प्रकोष्ठ के रूप में कार्य करना है और उनकी शैक्षणिक तथा साथ ही प्रशासनिक समस्याओं के समाधान में आवश्यक सहायता प्रदान करना।
- विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में विभिन्न पदों हेतु अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों हेतु रोजगार के संबंध में रजिस्टर का रख–रखाव करना।
- आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक रूप से वंचित इन दो समुदायों को उच्चतर शिक्षा में समय–समय पर सौंपे गए अन्य कार्य।
- अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ रूप से अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से जुड़े मामलों की देखरेख करता हैं और प्रकोष्ठ को कोई अन्य कार्य नहीं सौंपा जाता है।
- यदि निर्धारित तिथि तक आवश्यक आंकड़े प्रस्तुत नहीं किए जाते हैं तो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के आवश्यक जानकारी/आंकड़े प्राप्त होने तक योजनागत अथवा गैर–योजनागत अनुदान को रोकने का अधिकार है। इसलिए विश्वविद्यालय/महाविद्यालयों को यथा अपेक्षित आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने का परामर्श दिया जाता है।

लाभार्थी विश्वविद्यालयों की संख्या : 127 (विश्वविद्यालय/सम विश्वविद्यालय तथा आईयूसी)

पात्रता

योजना के अंतर्गत ऐसे विश्वविद्यालयों और सम विश्वविद्यालयों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी जो धारा 2(च) के अंतर्गत आते हैं और जो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 12(ख) के अंतर्गत केन्द्रीय सहायता और अंतर–विश्वविद्यालय केन्द्रीय सहायता प्राप्त करने हेतु पात्र हैं। यह योजना केवल अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए है।

योजना के अंतर्गत उपलब्ध वित्तीय सहायता का स्वरूप

विशेष प्रकोष्ठ, योजना अवधि के पश्चात् भी उस अवधि के लिए पूर्ण वित्तीय सहायता प्राप्त करने हेतु पात्र हैं जिसके लिए प्रकोष्ठ ने नियमनिष्ठता से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशानिर्देशों के अनुसार कार्य किया है।

बारहवीं योजना के दौरान योजना के अंतर्गत केवल केन्द्र द्वारा वित्तपोषित विश्वविद्यालयों को ही वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी (आयोग की दिनांक 04.05.2013 को हुई 493वीं बैठक में निर्णय लिया गया)

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रदत्त अनुदान की अधिकतम सीमा

	वित्तीय सहायता की मदें	पदों की संख्या	अनदान की राशि
क)	**अनावर्ती**		
	अपेक्षित अनुषगीं उपकरणों के रूप में कम्प्यूटर के साथ प्रिन्टर, प्रोजेक्टर		2,00,000/- रूपये
ख)	**आवर्ती (केवल केन्द्र द्वारा वित्तपोषित विश्वविद्यालय हेतु)**		
i)	उपाचार्य/उप–कुलसचिव के वेतनमान में समन्वयक ग्रेड –1	1	
ii)	अनुभाग अधिकारी	1	
iii)	सांख्यिकीय अधिकारी	1	
iv)	कम्प्यूटर का ज्ञान रखने वाला आशुलिपिक/ डाटा एन्ट्री आपरेटर	1	
v)	चपरासी	1	
	आकस्मिता		1,00,000/-रूपये (प्रति वर्ष)

विश्वविद्यालयों में विशेष अ0जा0/अ0ज0जा0 प्रकोष्ठ की स्थापना संबंधी बारहवीं पंचवर्षीय दिशानिर्देशों को शीघ्र ही अ0जा0/अ0ज0जा0 संबंधी स्थायी समिति के समक्ष रखा जाएगा।

7.4 विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में समान अवसर प्रकोष्ठों की स्थापना

महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों को सामाजिक रूप से वंचित वर्गों की आवश्यकताओं एवं समस्याओं के प्रति अधिक प्रतिक्रियात्मक बनाने के उद्धेश्य से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने वंचित वर्गों के लिए नीतियों व कार्यक्रमों के प्रभावी कार्यान्वयन की देखरेख करने तथा शैक्षणिक, वित्तीय, सामाजिक एवं अन्य मामलों में मार्गदर्शन तथा परामर्श प्रदान करने के लिए समान अवसर प्रकोष्ठ (ई.ओ.सी.) का गठन करने की योजना तैयार की है। समान अवसर प्रकोष्ठ के कार्यालय की स्थापना हेतु 2.00 लाख रुपये का एकमुश्त अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा।

पात्रता

योजना के तहत ऐसे विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों को वित्तीय सहायता उपलब्ध हैं जो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 2(च) के अंतर्गत आते हैं तथा जो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 12 (ख) के तहत केंद्रीय सहायता प्राप्त करने हेतु पात्र हैं।

विश्वविद्यालय हेतु अनुदान की अधिकतम सीमा

2.00 लाख रुपये प्रति योजना

महाविद्यालय हेतु अनुदान की अधिकतम सीमा

स्नातकोत्तर	75,000/–रुपये प्रति वर्ष
स्नातकपूर्व	55,000/–रुपये प्रति वर्ष

7.5 अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/अ.पि.व. (असंपन्न वर्ग) तथा अल्पसंख्यक छात्रों के लिए अनुशिक्षण

अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/अ.पि.व. (असंपन्न वर्ग) अल्पसंख्यक समुदायों के छात्र, जिन्हें शिक्षा में एक स्तर प्राप्त करने अथवा उच्चतर शिक्षा को जारी रखने के लिए तथा उसमें असफल होने और पढाई को बीच में छोड़ने की दर मे कमी लाने के लिए उपचारी/नेट–सेट परीक्षा/सेवा में प्रवेश हेतु अनुशिक्षण की आवश्यकता है उनके लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा नियमित समय–सारिणी से इतर बारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान को विशेष कक्षाएँ चलाने के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। अ.पि.व. तथा सामान्य श्रेणी के छात्र भी इन अनुशिक्षण कक्षाओं के लाभ उठा सकेंगे। सामान्य श्रेणी के छात्र से नाममात्र का शुल्क (मासिक शिक्षण शुल्क से अधिक नहीं) वसूल किया जा सकता है। तथापि, शारीरिक रूप से निःशक्त छात्र तथा गरीबी रेखा हेतु निर्धारित आय से कम आय अर्जित करने वाले परिवारों के सामान्य श्रेणी के छात्रों (राज्य/संघ शासित राज्य/केन्द्र सरकार के यथानिर्णित) से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

7.5(क) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अ.पि.व. (असंपन्न वर्ग) तथा अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों के लिए उपचारी अनुशिक्षण

विभिन्न विषयों में शैक्षणिक तथा भाषा संबंधी कौशल में सुधार करने के उद्देश्य से स्नातकपूर्व/स्नातकोत्तर स्तर पर उपचारी अनुशिक्षण का आयोजन किया जायेगा।

- विषय में छात्रों के ज्ञान, कौशल और अभिवृत्ति को सुदृढ़ करना।

7.5(ख) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अ.पि.व. (असंपन्न वर्ग) तथा अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों के लिए नेट/सेट हेतु अनुशिक्षण

योजना का मुख्य उद्देश्य नेट/सेट परीक्षा में बैठने वाले अ.जा./अ.ज.जा तथा अल्पसंख्यक समुदायों के अभ्यर्थियो को प्रशिक्षित करना है।

7.5(ग) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अ.पि.व. (असंपन्न वर्ग) तथा अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों के लिए सेवाओं में प्रवेश हेतु अनुशिक्षण कक्षाएं

अनुशिक्षण योजना का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अ.पि.व. (असंपन्न वर्ग) तथा अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों को 'क', 'ख', और 'ग' समूह की केन्द्रीय सेवाओं, राज्य सेवाओं अथवा निजी क्षेत्र में समकक्ष स्तर का लाभप्रद रोजगार प्राप्त करने हेतु प्रशिक्षित करना है।

उपरोक्त प्रत्येक योजना हेतु वित्तीय सहायता निम्नवत है :

विश्वविद्यालय हेतु अनुदान की अधिकतम सीमा

अनावर्ती	5.00 लाख रुपये (एकमुश्त)
आवर्ती	7.00 लाख रुपये

महाविद्यालय हेतु अनुदान की अधिकतम सीमा

अनावर्ती	5.00 लाख रुपये (एकमुश्त) (नेट/सेट अनुशिक्षण हेतु 3.50 लाख रुपये (एकमुश्त))
आवर्ती	2.00 लाख रुपये प्रति वर्ष (नेट/सेट अनुशिक्षण हेतु 1.50 लाख रुपये प्रति वर्ष)

अवधि – पांच वर्ष

7.6 निशक्त व्यक्तियों के लिए सुविधाएं

भारत के संविधान में सभी व्यक्तियों के लिये गुणवत्ता, स्वतंत्रता, न्याय एवं सम्मान सुनिश्चित किया गया है तथा संविधान अन्तर्निहित तौर से अधिदेशित करता है कि निशक्त व्यक्तियो सहित समस्त व्यक्तियों के लिए समावेशी समाज बने। पिछले कुछ वर्षों से निशक्त व्यक्तियों के प्रति समाज के दृष्टिकोण में काफी बड़ा एवं सकारात्मक परिवर्तन आया है। ऐसा अनुभव किया गया है कि निशक्तता से ग्रस्त ऐसे अधिकांश व्यक्तियों को समान अवसर प्रदान करने तथा उन्हें प्रभावी पुर्नवास उपाय उपलब्ध कराये जाने पर वे जीवन को बेहतर ढ़ग रूप से निर्वाह कर सकते है।

निशक्त व्यक्ति अधिनियम, 1995 के अनुसार पृथक रूप से शारीरिक क्षमता रखने वाले व्यक्तियों की शिक्षा के सभी स्तरों तक पहुँच होनी चाहिए। उच्चतर शिक्षा के क्षेत्र में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग देश में विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों को सहायता प्रदान कर रहा है तथा उन्हें विशेष शिक्षा संबंधी क्रियाकलापों में शामिल कर निःशक्त व्यक्तियों को सशक्त बना रहा है।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा समय–समय पर समस्त विश्वविद्यालयों और सम–विश्वविद्यालयों को समस्त नीति–विषयक निर्णयों से अवगत कराया जाता रहा है जिनमें कि निशक्तता से ग्रस्त व्यक्तियों के लिए दाखिले एवं रोज़गारों के लिए भारत सरकार द्वारा आरक्षण नीतियाँ भी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, इस विषय में आयोग के स्तर पर जो भी निर्णय लिए गए है तथा जो दिशानिर्देश जारी हुए है, उन्हें भी कार्यान्वयन के लिए समस्त विश्वविद्यालयों को जारी कर दिया गया है। आयोग द्वारा निशक्त व्यक्ति (समान अवसर, अधिकारों की सुरक्षा, सम्पूर्ण भागीदारी) अधिनियम,1995 को भी विश्वविद्यालयों को परिपत्र द्वारा प्रेषित कर दिया गया था तथा उनसे अनुरोध किया था कि वे उनमें शामिल प्रावधानों का कड़ाई के साथ अनुपालन करें।

इसके अलावा, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निशक्तता से ग्रस्त व्यक्तियों के हित के लिए योजनाएं भी क्रियान्वित कर रहा है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष ने 2 समितियों का गठन किया है जो निम्नवत है:

1. निशक्त विद्यार्थियों और शिक्षकों से संबंधित नियमों, योजनाओं और प्रावधानों की समीक्षा और संशोधन करना। 8 अगस्त, 2012, 17 सितम्बर, 2012, 28 अक्तूबर, 2012, 11 दिसम्बर, 2012, 18 जनवरी, 2013 और 9 फरवरी, 2013, 1 अप्रैल, 2013 और 18 जून, 2013 को समिति की 8 बैठकें आयोजित हुई थी।
2. विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में निशक्त व्यक्तियों को रोजगार और प्रवेश हेतु आरक्षण नीति के प्रभावी कार्यान्वयन संबंधी निगरानी करना।

7.6(क) विशेष शिक्षा हेतु शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान करना (टीईपीएसई)

विशेष शिक्षा हेतु शिक्षकों को तैयार करने (टीईपीएसई) की योजना का उद्देश्य विशेष तथा समावेशी परिवेश में निशक्त छात्रों को पढ़ाने के लिए विशेष शिक्षा में विशेष शिक्षकों को प्रशिक्षित करने का कार्यक्रम आरंभ करना है। योजना के अंतर्गत किसी एक निशक्तता के क्षेत्र में विशेषज्ञता के साथ बी0एड0 तथा एम0एड0 उपाधि पाठ्यक्रम की पेशकश करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है।

उद्देश्य

विश्वविद्यालयों को एम0एड0 विशेष शिक्षा पाठ्यक्रम आरंभ करने हेतु प्रोत्साहित करना है ताकि विशेष शिक्षा अध्यापक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम की पेशकश करने वाले उच्चतर शिक्षा संस्थानों में सेवा करने हेतु शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा सके।

अर्हता

बी0एड0 तथा एम0एड0 उपाधि स्तर पर विशेष शिक्षा पाठ्यक्रम की पेशकश करने वाले उच्चतर शिक्षा संस्थानों को निम्नवत शर्तों पर सहायता प्रदान की जायेगी:

1. विश्वविद्यालय विभाग के पास विशेष शिक्षा में संबंधित शिक्षकों को प्रशिक्षित करने के पाठ्यक्रम को आरंभ करने के लिए भारतीय पुर्नवास परिषद् का अनुमोदन होना चाहिए।
2. विश्वविद्यालय में एक आदर्श विद्यालय होना चाहिये जहां निशक्त बच्चों को भर्ती किया जाये। अपना स्वयं का आदर्श विद्यालय न होने पर विश्वविद्यालय को लिखित में यह देना होगा कि वह निकट स्थित एक विशेष/समेकित विद्यालय को आदर्श विद्यालय के रूप में कार्य करने के लिए स्वीकार करेगा।
3. विश्वविद्यालय को बी0एड0 स्तर के शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम को आरंभ करने के लिए कम से कम पांच वर्ष का अनुभव होना चाहिये।
4. विश्वविद्यालय को संकाय से निशक्तता के क्षेत्र में विशेषज्ञ तथा स्वयं निशक्त व्यक्तियों को शामिल करते हुए एक विशेषज्ञ समिति का गठन करना चाहिए। संबंधित योजना(ओं) से संबंधित क्रियाकलापों की समीक्षा करने के लिए समिति की वर्ष में एक बार बैठक आयोजित की जानी चाहिये।
5. योजना के लिए आवेदन करने वाले विश्वविद्यालय को वि0अ0आ0 द्वारा धारा 2(च) और 12(ख) के तहत अनुमोदित किया जाना चाहिये।

वित्तीय सहायता

केवल बी0एड0 विशेष शिक्षा अथवा एम0एड0 विशेष शिक्षा पाठ्यक्रम के लिए 2.00 लाख रुपये (योजनागत अवधि हेतु)।

केवल बी0एड0 तथा एम0एड0 दोनो विशेष शिक्षा पाठ्यक्रम के लिए 4.00 लाख रुपये (योजनागत अवधि हेतु)।

अवधि – पांच वर्ष

7.6(ख) निशक्त व्यक्तियों हेतु उच्चतर शिक्षा (एचईपीएसएन)

एचईपीएसएन योजना का उद्देश्य मूल रूप से उच्चतर शिक्षा के क्षेत्र में एक परिवेश तैयार करना है ताकि निशक्त व्यक्तियों के लिए उच्चतर शिक्षा अधिगम के अनुभव को बेहतर बनाया जा सके। निशक्त व्यक्तियों की सक्षमता के बारे में जागरूकता पैदा करना, विनिर्माण का उद्देश्य पहुंच में सुधार करना, शिक्षण अनुभव को सम्पन्न बनाने के लिए उपस्कर का क्रय करना–इस योजना के तहत सहायता की बृहद श्रेणियां हैं।

पात्रता

योजना के तहत ऐसे विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों को वित्तीय सहायता उपलब्ध है जो वि0अ0आ0 अधिनियम, 1956 के तहत धारा 2 (च) के तहत आते हैं तथा धारा 12(ख) के तहत केन्द्रीय सहायता प्राप्त करने हेतु पात्र हैं।

विश्वविद्यालय हेतु अनुदान की अधिकतम सीमा

घटक–I	1.18 लाख रुपये प्रति वर्ष
घटक–II	10.00 लाख रुपये प्रति योजना
घटक–III	8.00 लाख रुपये प्रति योजना

महाविद्यालय हेतु अनुदान की अधिकतम सीमा

घटक–I	98,000/– रुपये प्रति वर्ष
घटक–II	5.00 लाख रुपये प्रति योजना
घटक–III	1.50 लाख रुपये प्रति योजना

अवधि – पांच वर्ष

7.6(ग) दृष्टिबाधित शिक्षकों के लिये वित्तीय सहायता

योजना को दृष्टिबाधित स्थायी शिक्षकों को रीडर तथा शिक्षण और अधिगम उपकरणों की सहायता से तथा ब्रेल पुस्तकें, रिकार्ड की हुई सामग्री आदि के क्रय हेतु रीडर भत्ते तथा निधियां उपलब्ध करवा कर शिक्षण तथा शोध कार्य जारी रखने के लिए तैयार किया गया है। योजना का उद्देश्य दृष्टिबाधित स्थायी शिक्षकों को शिक्षण, अधिगम तथा शोध हेतु विभिन्न सहायक उपकरणों का उपयोग कर आत्म निर्भर बनने में सहायता प्रदान करने के लिए सुविधा उपलब्ध करवाना है। दृष्टिबाधित स्थायी शिक्षकों को 18,000/– रुपये प्रति वर्ष का भत्ता प्रदान किया जायेगा।

पात्रता

योजना के तहत ऐसे विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों को वित्तीय सहायता उपलब्ध है जो वि0अ0आ0 अधिनियम, 1956 के तहत धारा 2 (च) के तहत आते हैं तथा धारा 12(ख) के तहत केन्द्रीय सहायता प्राप्त करने हेतु पात्र हैं।

विश्वविद्यालय/महाविद्यालय हेतु अनुदान की अधिकतम सीमा

36,000/– रुपये प्रति वर्ष

अवधि – पांच वर्ष

8 प्रासंगिक तथा मूल्य आधारित शिक्षा

8.1 विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में वृत्ति उन्मुखी पाठ्यक्रमों को आरंभ करना

स्नातक स्तर पर व्यवसायिक कार्यक्रम आठवीं योजना (1994–95) के दौरान आरम्भ किए गए थे जिन्हें शिक्षा को वृत्ति उन्मुखी बनाने/जीविकोन्मुखी कार्यक्रम/जीविकोन्मुखी पाठ्यक्रम की संशोधित योजना के अंतर्गत वर्ष (2003–04) में पुनः तैयार किया गया है।

उद्देश्य और मुख्य विशेशताएं

योजना का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि इन पाठ्यक्रमों को पूरा करने वाले स्नातकों के पास ज्ञान, कौशल और सामान्य रूप से पारिश्रमिक क्षेत्र में लाभकारी रोजगार और विशेषकर स्वरोजगार हेतु अभिरूचि हो जिससे कि स्नातकोत्तर कार्यक्रमों हेतु उच्चतर शिक्षा संस्थानों में दबाव को कम किया जा सके। ये पाठ्यक्रम परम्परागत बी.ए., बी.काम और बी.एस.सी. डिग्री के समानान्तर चलाए जाते हैं। पाठ्यक्रम प्रमाणपत्र/डिप्लोमा/उच्च डिप्लोमा के रूप में पढ़ाए जाते हैं जिनका चयन विद्यार्थी परम्परागत बी.ए./बी.कॉम./बी.एस.सी. के समानांतर कर सकते हैं।

प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम : इस पाठ्यक्रम में 20 क्रेडिट होंगे। प्रत्येक क्रेडिट के अन्तर्गत 15 घंटे के कार्यभार होंगे जिसमें से 8 क्रेडिट अनिवार्य रूप से क्षेत्रगत कार्य/ परियोजना कार्य/ प्रशिक्षण को सौपा जाना चाहिए।

डिप्लोमा पाठ्यक्रम : इस पाठ्यक्रम में 40 क्रेडिट होंगे (जिसमें कि 20 ऐसे क्रेडिट सम्मिलित होंगे जो कि प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम के दौरान अर्जित किए गए होंगे) प्रत्येक क्रेडिट के अन्तर्गत 15 घंटे का कार्यभार होगा जिसमें से 8 क्रेडिट अनिवार्य तौर पर क्षेत्रगत कार्य/परियोजना कार्य/प्रशिक्षण के लिए सौंपे जाने चाहिए।

उच्च डिप्लोमा पाठ्यक्रम : यह पाठ्यक्रम 60 क्रेडिट का होगा (जिसमें कि प्रमाणपत्र एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए क्रमशः 40 क्रेडिट होंगे) प्रत्येक क्रेडिट में 15 घंटे का कार्यभार होगा, जिसमें से 8 क्रेडिट अनिवार्य रूप से क्षेत्रगत कार्य/परियोजना कार्य के लिए दिये जायेगें।

इस पाठ्यक्रम के अंतर्गत सफल विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र/डिप्लोमा/उच्च डिप्लोमा प्रदान किए जाते हैं।

अध्ययन कराए जाने वाले पाठ्यक्रम अंतर–विषयक स्वरूप के हैं। विद्यार्थी को न केवल अपनी मुख्य विधा से संबंधित बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में विविधीकरण की स्वतंत्रता होगी अर्थात् कोई विज्ञान का विद्यार्थी अपने अध्ययन के साथ–साथ ईवेन्ट मेनेजमेन्ट कार्यक्रम का अध्ययन कर सकता हैं और कला पृष्ठभूमि के विद्यार्थी को विज्ञान, पत्रकारिता आदि में पाठ्यक्रम अध्ययन करने का विकल्प है।

अवधिः विश्वविद्यालय अनुदान आयोग पांच वर्ष की अवधि के लिए अनुमोदित अतिरिक्त (एड–ऑन) पाठ्यक्रमों हेतु विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

चयन की प्रक्रियाः विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों से प्राप्त प्रस्तावों पर विशेषज्ञ समिति द्वारा विचार किया जाता है। विशेषज्ञ समिति द्वारा संस्तुत तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अनुमोदित अतिरिक्त (एड–ऑन) पाठ्यक्रमों हेतु विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों को अनुदान प्रदान किया जाता है।

बारहवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान वृत्ति उन्मुखी पाठ्यक्रमों को आरंभ करने के लिए पांच वर्ष की अवधि के लिए 522 संस्थानों (516 महाविद्यालयों + 06 विश्वविद्यालयों) के लिए 793 पाठ्यक्रमों को अनुमोदित किया गया था। वृत्ति उन्मुखी पाठ्यक्रमों की योजना अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजातियों, महिलाओं आदि सहित बी0ए0, बी0एस0सी0, बी0काम0 में अध्ययनरत छात्रों की सभी श्रेणियों के लिये है।

बारहवीं पंचवर्षीय योजना अवधि 2012–17 (वर्ष 2013–14) के दौरान प्रदत्त अनुदान

वर्ष 2012–13 के दौरान 13.37 करोड़ रुपये के कुल अनुदान का भुगतान किया गया था। विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों से कतिपय अपेक्षित जानकारियों/दस्तावेजों के मांगे जाने तथा उनसे उक्त जानकारी/दस्तवेज प्राप्त न होने के कारण वर्ष 2013–14 के दौरान अनुदान जारी नहीं किया जा सका।

ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान वृत्ति उन्मुखी पाठ्यक्रमों (सीओसी) को आरंभ करने के लिए पांच वर्ष की अवधि के लिए 522 संस्थानों (516 महाविद्यालयों + 06 विश्वविद्यालयों) के लिए 793 पाठ्यक्रमों को अनुमोदित किया गया था। वर्ष 2012–14 के दौरान 522 संस्थानों में से 91 संस्थानों को पहले ही अनुदान जारी किया जा चुका है। वर्ष 2013–14 के दौरान कोई अनुदान जारी नहीं किया जा सका। वर्ष 2014–15 के दौरान शेष 531 संस्थानों को लक्षित किया गया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि महाविद्यालय से संबंधित बारहवीं पंचवर्षीय मिसिलें जो प्रक्रियाधीन थी उन्हें अनुदान जारी करने के लिए सीओसी ब्यूरो द्वारा संसाधित किया जाए। तत्पश्चात् बारहवीं पंचवर्षीय योजना की शेष अवधि के लिए कार्यवाही करने के लिए मिसिलों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय को भेजा जाए। विश्वविद्यालयों के संबंध में, इन पर लगातार सीओसी ब्यूरो द्वारा कार्यवाही की जाती रहेगी।

8.2 विश्वविद्यालयों में क्षेत्र अध्ययन केन्द्र

प्राक्कथन

आयोग ने वर्ष 1963 में विभिन्न विश्वविद्यालयों में क्षेत्र अध्ययन कार्यक्रमों को आरंभ किया। पिछले पांच दशकों में यह अपनी विशेषताओं तथा कमियों के साथ उभरा है। शीत युद्ध के बाद के समय के संदर्भ में जब वैश्विकरण अंतर्राष्ट्रीय मामलों का एजेन्डा निर्धारित कर रहा है तथा अंतर्राष्ट्रीय संबंधों की शर्तों को निर्धारित कर रहा है, कार्यक्रम को इसके शैक्षिक बल, पद्धति तथा संगठनात्मक प्ररूप पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है।

विश्वविद्यालयों में क्षेत्र अध्ययन केंद्रों को स्थापित करने के मुख्य उद्देश्य इस प्रकार हैं:

- क) क्षेत्रों के सांस्कृतिक, सामाजिक, आर्थिक और नीतिगत विशिष्टियों के संपूर्ण बोध को बढ़ावा देना।
- ख) उपनिवेशवाद के बाद के समाज के परिप्रेक्ष्य में क्षेत्र अध्ययनों के वैकल्पिक प्रतिमानों को बढ़ावा देना।
- ग) क्षेत्र और अन्य मुद्दों के संबंध में भारतीय परिप्रेक्ष्य में योगदान देना।
- घ) विशेषरूप से देश के आर्थिक, रणनीतिक तथा राजनीतिक हितों में नीति निर्माताओं को महत्वपूर्ण जानकारी मुहैया कराना।

ङ) विश्व के क्षेत्रों के ज्ञान को बौद्धिक विधाओं का मुख्य अंग बनाना।

च) अंतर्क्षेत्रीय तुलनात्मक परिप्रेक्ष्य को बढ़ावा देने के लिए शोध करना।

दिनांक 31.03.2014 की स्थिति के अनुसार 52 क्षेत्र अध्ययन कार्यक्रम चल रहे थे।

01.04.02013 से 31.03.2014 की अवधि के दौरान कार्यक्रम के तहत केन्द्र को 2.00 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई थी।

क्षेत्र अध्ययन केन्द्रों की सूची नीचे दी गई है:–

क्र.सं.	स्थापना का वर्ष	विश्वविद्यालय का नाम	केन्द्र का नाम
1.	1963	राजस्थान विश्वविद्यालय	दक्षिण एशिया अध्ययन केन्द्र
2.	1964	दिल्ली विश्वविद्यालय	पूर्व एशियाई अध्ययन केन्द्र (डीईएएस)
3.	1971	मुंबई विश्वविद्यालय	अफ्रीकी अध्ययनों हेतु केन्द्र
4.	1971	मुंबई विश्वविद्यालय	मध्य यूरेशियन अध्ययन हेतु केन्द्र
5.	1976	बोएचयू वाराणसी	नेपाल संबंधी अध्ययन केन्द्र
6.	1976	श्री वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय	दक्षिणपूर्व एशियाई और प्रशान्त अध्ययन केन्द्र
7.	1978	कोलकाता विश्वविद्यालय	दक्षिण और दक्षिण–पूर्वी एशियाई अध्ययन केन्द्र
8.	1978	जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय	पश्चिम एशियाई और अफ्रीकी अध्ययन हेतु खाड़ी अध्ययन कार्यक्रम केन्द्र
9.	1978	जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय	रूसी, मध्य एशियाई तथा पूर्व यूरोपीयन अध्ययनों हेतु केन्द्र
10.	1978	नार्थ बंगाल यूनिवर्सिटी	हिमालय संबंधी अध्ययन हेतु केन्द्र
11.	1983	कश्मीर विश्वविद्यालय	मध्य एशिया संबंधी अध्ययन केन्द्र
12.	1983	ओस्मानिया विश्वविद्यालय	हिन्द महासागर संबंधी अध्ययन हेतु केन्द्र
13.	1987	आंध्र विश्वविद्यालय	सार्क अध्ययन हेतु केन्द्र
14.	1988	गोवा विश्वविद्यालय	लैटिन अमरीकी अध्ययन हेतु केन्द्र
15.	1988	जामिया मिलीया इस्लामिया विश्वविद्यालय	तीसरे विश्व पर अध्ययन संबंधी अकादमी
16.	1989	मणिपुर विश्वविद्यालय	मणिपुर संबंधी अध्ययन केन्द्र
17.	1994	जामिया हमदर्द	संघीय अध्ययन संबंधी केन्द्र
18.	1996	हैदराबाद विश्वविद्यालय	भारतीय डायस्पोरा संबंधी अध्ययन हेतु केन्द्र
19.	1997	मद्रास विश्वविद्यालय	दक्षिण और दक्षिण–पूर्वी एशियाई अध्ययन
20.	2001	जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली	दक्षिण, मध्य, दक्षिण–पूर्वी एशियाई और दक्षिण–पश्चिम प्रशांत अध्ययन तथा मध्य एशियाई अध्ययन कार्यक्रम

क्र.सं.	स्थापना का वर्ष	विश्वविद्यालय का नाम	केन्द्र का नाम
21.	2002	दिल्ली विश्वविद्यालय	कनाडा अध्ययन संबंधी केन्द्र
22.	2002	केरल विश्वविद्यालय	कनाडा अध्ययन संबंधी केन्द्र
23	2002	एमएस बड़ौदा विश्वविद्यालय	कनाडा अध्ययन संबंधी केन्द्र
24.	2002	एसएनडीटी महिला विश्वविद्यालय	कनाडा अध्ययन संबंधी केन्द्र
25.	2005	दिल्ली विश्वविद्यालय	अफ्रीकी अध्ययन संबंधी केन्द्र
26.	2005	जम्मू विश्वविद्यालय	रणनीतिक तथा क्षेत्रीय अध्ययन हेतु केन्द्र
27	2005	जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय,	यूरोपीय अध्ययन केन्द्र
28.	2005	जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय,	फ्रन्को–फोन, सब–सहारा संबंधी अध्ययन
29.	2005	मणिपुर विश्वविद्यालय	म्यांमार संबंधी अध्ययन हेतु केन्द्र
30.	2005	सरदार पटेल विश्वविद्यालय	भारतीय डायस्पोरा हेतु केन्द्र
31.	2005	डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय	बांग्लादेश और म्यांमार संबंधी अध्ययनों हेतु केन्द्र
32.	2005	जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली	पाकिस्तान अध्ययन संबंधी केन्द्र
33.	2005	कोलकाता विश्वविद्यालय	पाकिस्तान और पश्चिम एशियाई अध्ययन हेतु कार्यक्रम
34.	2005	कालीकट विश्वविद्यालय	भारतीय महासागर अध्ययन हेतु कार्यक्रम
35.	2005	हेमचंद्र आचार्य नार्थ गुजरात विश्वविद्यालय	भारतीय डायस्पोरा एवं केन्द्रीय अध्ययन हेतु कार्यक्रम
36.	2005	जीवाजी विश्वविद्यालय	केन्द्रीय एशियाई अध्ययन हेतु कार्यक्रम
37.	2005	पुदुचेरी विश्वविद्यालय	दक्षिण एशियाई अध्ययन हेतु केन्द्र
38.	2006	जामिया मिलीया इस्लामिया विश्वविद्यालय	पाकिस्तान संबंधी अध्ययन हेतु कार्यक्रम
39.	2007	कोलकाता विश्वविद्यालय	चीन और पड़ोसी देशों के अध्ययन हेतु केन्द्र
40.	2007	दिल्ली विश्वविद्यालय	विकासशील देशों का शोध केन्द्र
41.	2007	हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय	आस्ट्रेलियाई और न्यूजीलैण्ड अध्ययन हेतु केन्द्र
42.	2007	जामिया मिलीया इस्लामिया	मध्य एशियाई अध्ययन हेतु केन्द्र
43.	2007	पंजाबी विश्वविद्यालय	दक्षिण पश्चिम मध्य एशिया (पाकिस्तान और अफगानिस्तान) हेतु केन्द्र
44.	2009	जामिया मिलीया इस्लामिया	हिन्द महासागर अध्ययन हेतु केन्द्र
45.	2011	राजस्थान विश्वविद्यालय	यूरोपीय अध्ययन हेतु केन्द्र

क्र.सं.	स्थापना का वर्ष	विश्वविद्यालय का नाम	केन्द्र का नाम
46.	2011	अलीगढ़ विश्वविद्यालय	दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील अध्ययन हेतु केन्द्र
47.	2011	भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय	आईएनडीआईसी तथा एशियाई अध्ययन हेतु केन्द्र
48.	2011	पुदुचेरी विश्वविद्यालय	यूरोपीय अध्ययन हेतु केन्द्र
49.	2011	जामिया मिलीया इस्लामिया	अफगानिस्तान संबंधी अध्ययन हेतु केन्द्र
50.	2011	पुणे विश्वविद्यालय	एशिया अध्ययन हेतु केन्द्र
51.	2011	जामिया मिलीया इस्लामिया	चीन संबंधी अध्ययन केन्द्र
52.	2011	महात्मा गांधी विश्वविद्यालय	समसामयिक चीनी अध्ययनों संबंधी केन्द्र (आईसीसीएस)

8.3 भारतीय युग प्रवर्तक सामाज चिंतकों पर विशेष अध्ययन

भारत में अनेक बुद्धिजीवी और महान नेता हुए हैं जिन्होंने अपने क्रान्तिकारी और उत्कृष्ठ विचारों और कार्यों से न केवल भारत में बल्कि पूरे विश्व में अमिट छाप छोड़ी। उन्होंने स्वदेशी विचार विकसित किए और भारत को सांस्कृतिक और नैतिक पहचान प्रदान की। शिक्षकों और विद्यार्थियों को उनके विचारों और कार्यों और अध्ययन शोध और क्षेत्र आधारित विस्तार सेवा कार्यक्रमों के सृजनात्मक कार्यों से परिचित कराने की आवश्यकता है। भारतीय युग प्रवर्तक सामाजिक चिंतकों पर विशेष अध्ययन योजना को वर्ष 1983 में आरंभ किया गया था तथा यह योजना बारहवीं पंचवर्षीय योजना अवधि में भी जारी है।

उद्देश्य तथा मुख्य विशेशताएं

योजना के अंतर्गत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा शिक्षकों और विद्यार्थियों को महान चिंतकों और सामाजिक नेताओं/सुधारकों के विचारों और दृष्टिकोण से अवगत कराने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय/महाविद्यालयों/संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित करने के लिए विशेष अध्ययन हेतु केन्द्रों की स्थापना के लिए सहायता प्रदान की जाती है।

'भारत के युगप्रवर्तक सामाजिक चिंतकों' संबंधी योजना के अंतर्गत विभिन्न विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में 376 अध्ययन केन्द्रों की स्थापना की गई है। यह योजना सभी लाभार्थियों (विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, शिक्षकों, छात्रों, महिलाओं, अ0जा0/अ0ज0जा0 आदि) के लिए खुली है।

बारहवीं पंचवर्षीय योजना 2012–17 (2013–14)के दौरान 1.84 करोड़ रुपए के अनुदान का भुगतान किया गया।

बारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान वर्ष 2013–14 के लिए **186** विशेष अध्ययन केन्द्रों को जारी रखने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।

8.4 मानवाधिकार शिक्षा (एचआरई)

(i) मानवाधिकार और कर्त्तव्य

जबकि प्रत्येक अधिकार के साथ कर्त्तव्य जुड़ा होता है कतिपय वर्गो में यह सोच व्याप्त थी की जबकि अधिकारों की शिक्षा तो प्रदान की जाती हैं, कर्त्तव्यों के मुद्दे को पर्याप्त रूप से ध्यान नहीं दिया गया है। ऐसे समाज में जहां शताब्दियों से केवल कर्त्तव्यों पर

ही बल दिया गया, अधिकारों की शिक्षा प्रदान किये जाने से ऐतिहासिक विकृतियों का समाधान किया गया है। अधिकारों के उल्लंघन को केवल उस स्थिति में ही ठीक किया जा सकता हैं जब सम्पन्न व्यक्तियों को समाज में हाशिये पर जीवनयापन करने वाले लोगों के प्रति उनके कर्त्तव्यों को स्मरण कराया जाये तथा समाज में हाशिये पर जीवनयापन करने वाले लोगों को अधिकारों की शिक्षा के माध्यम से शनैः–शनैः सशक्त बनाया जाये। इन स्तरों पर मानवाधिकार की शिक्षा लिंग समानता, जाति तथा सामुदायिक संबंधों, बहुसंख्यक–अल्पसंख्यकों के बीच विवाद, 'अगड़ों और पिछड़ों' की समस्या तथा उत्तर–दक्षिण के बीच शक्ति संबंध जैसे क्षेत्रों में प्रदान की जायेगी। संक्षेप में, अधिकारों तथा कर्त्तव्यों के पुनर्गठन के माध्यम से सभी प्रकार के शक्ति संबंध को मानवीय तथा जनतांत्रिक बनाया जाना चाहिये।

(ii) मानवाधिकार और मूल्य

मानवाधिकार की शिक्षा में मूल्यों की शिक्षा पर भी ध्यान केन्द्रीत किया जायेगाः

(क) इसके एक उद्देश्य में, मूल्यों के प्रति जागरूकता तथा प्रतिबद्धता का विकास किया जाना हैं जहां व्यक्ति विशेष के स्वयं के हित का समग्र तथा व्यापक उद्देश्य हेतु एक–दूसरे के साथ सामंजस्य स्थापित किया जाये।

(ख) वैश्विक मूल्यों तथा संस्कृति द्वारा निर्धारित यथार्थवादी मूल्यों के संबंध में एक वाद–विवाद होना चाहिये। वैश्विक परंतु विखंडित विश्व में वैश्विक मूल्यों की खोज, एक अतिरिक्त महत्त्व धारण कर लेता है।

(ग) बहुलवाद, सभी धर्मों के लिए आदर, वैज्ञानिक अभिवृत्ति, खुला मस्तिष्क, जनता द्वारा जवाबदेही, यह सभी लंबे समय से भारतीय परम्परा का भाग रहे हैं, इन्हें संजोकर रखना होगा तथा बढ़ावा देना होगा।

(iv) मानवाधिकार तथा मानव विकास

अधिकार केवल मानक नहीं होते हैं, परंतु समाज के संसाधनों के आवंटन में नागरिकों का भी अधिकार होता है। भारतीय अर्थव्यवस्था तीव्र गति से विकास कर रही है परंतु इसके साथ–साथ आर्थिक विषमता भी बढ़ रही है। इस बात को मानने की आवश्यक है कि विकास संबंधी आवश्यकताओं तथा समानता संबंधी चिंताओं पर एक दृष्टिकोण से विचार किया जाना चाहिए। किसी भी स्तर के भौतिक विकास से मानव संतुष्ट नहीं होगा जबतक कि इसमें मानव जीवन को महत्व न दिया जाये तथा इसमें ऐसी परिस्थितियां न हो जिससे मानव क्षमता का पूर्ण रूप से दोहन हो सके। विकास के केन्द्र मे मानव है। राष्ट्र पर अधिकारों के संवर्धन तथा प्रवर्तन का दायित्व है और अधिकारोन्मुखी विकास को साकार करना होगा। इसमें कोई संदेह नहीं है कि जब इन दायित्वों का निवर्हन किया जायेगा तो संतुलित मानव विकास होगा। मानवाधिकार की शिक्षा में यह सब घटक शामिल होंगे।

